मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी
सहकारी समितियाँ एवं पंचायतें,
उत्तर प्रदेश

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का
वार्षिक प्रतिवेदन

वर्ष 2011–12

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के संदर्भ में

वार्षिक प्रतिवेदन 2011–2012

विषय सूची

प्राक्कथन

अध्याय–1

प्रस्तावना

क्रम0	विवरण	प्रस्तर संख्या	पृष्ठ संख्या
1	इस प्रतिवेदन के संबंध में	1.1	06
2	लेखा परिक्षेत्र इकाइयों की रूपरेखा	1.2	07
3	लेखा परीक्षा का प्राधिकार	1.3	07
4	मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, उ0 प्र0 के कार्यालय के संगठन की संरचना	1.4	08
5	लेखा परीक्षा की योजना एवं संचालन	1.5	09
6	लेखा परीक्षा आपत्तियों के प्रति विभाग का रूझान	1.6	09
7	लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के बाद की कार्यवाही	1.7	10

अध्याय–2

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के कार्य,आय/प्राप्ति के स्रोत, क्रियाकलापों के संदर्भ में संक्षिप्त विवरण

1	सामान्य विवरण	2.1	11
2	जिला पंचायत	2.2	12
3	क्षेत्र पंचायत	2.3	15
4	ग्राम पंचायत	2.4	18

अध्याय–3

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की लेखा परीक्षा प्रगति

1	जिला पंचायत	3.1	27
2	क्षेत्र पंचायत	3.2	27
3	ग्राम पंचायत	3.3	27

अध्याय–4

विशेष लेखा परीक्षा प्रतिवेदन एवं उसमें उद्घाटित महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा आपत्तियां–

1	जिला पंचायत	4.1	29
2	क्षेत्र पंचायत	4.2	172
3	ग्राम पंचायत	4.3	203

अध्याय–5

निर्गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों/विशेष प्रतिवेदनों का अनुपालन, समीक्षा व नास्ति संग्रह का विवरण

1	जिला पंचायत	5.1	626
2	क्षेत्र पंचायत	5.2	626
3	ग्राम पंचायत	5.3	626

अध्याय–6

निष्कर्ष व सुझाव

1	निष्कर्ष	6.1	627
2	सुझाव	6.2	633

प्राक्कथन

केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा अनुदानित प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं, यथा– जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायतों के लेखों की लेखा परीक्षा राज्य सरकार के अधीन मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियॉ एवं पंचायतें, उत्तर प्रदेश द्वारा सम्पन्न कराते हुए इन संस्थाओं की लेखा परीक्षा के आधार पर अनिस्तारित प्रस्तरों को सम्मिलित करते हुए वार्षिक लेखा प्रतिवेदन राज्य विधान मण्डल के पटल पर रखे जाने की व्यवस्था है।

सहकारी और पंचायत लेखा परीक्षा विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की सम्पादित लेखा परीक्षा के आधार पर वर्तमान प्रतिवेदन तैयार किया गया है। इस प्रतिवेदन में वर्ष 2012–13 की अवधि में वित्तीय वर्ष 2011–12 की लेखा परीक्षा में आये प्रकरणों के, जिनकी लेखा परीक्षा वर्ष 2012–13 में सम्पादित की गयी है, को भी सम्मिलित किया गया है।

यह वार्षिक प्रतिवेदन अध्याय 01 से प्रारम्भ होता है जिसमें प्रतिवेदन सम्बन्धी रूपरेखा, लेखा परिक्षेत्र इकाईयों की रूपरेखा, लेखा परीक्षा का प्रधिकार, लेखा परीक्षा विभाग का प्रशासनिक ढांचा व लेखा परीक्षा की योजना एवं लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के बाद की गई कार्यवाही सम्मिलित है। अध्याय 2 में लेखा परिक्षेत्र संस्थाओं के कार्यों, आय स्रोत एवं किया–कलापों के विषय में सामान्य विवरण हैं। अध्याय 3 में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की लेखा परीक्षा की प्रगति की स्थिति, अध्याय–4 में लेखा परीक्षा के उपरान्त प्रकाश में आयी महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा आपत्तियों का विवरण, अध्याय 5 में निर्गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों/विशेष प्रतिवेदनों का अनुपालन, समीक्षा एवं नस्ति संग्रहीत की स्थिति तथा अध्याय–6 में निष्कर्षों एवं सुझावों को आच्छादित किया गया है।

अध्याय–1

प्रस्तावना

1.1– इस प्रतिवेदन के संबंध में रूपरेखा

1. मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियॉ एवं पंचायतें, उत्तर प्रदेश का यह प्रतिवेदन राज्य की त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की यथा जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायतों को सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में दिए गये अनुदान, योजनाओं के क्रियान्वयन व संचालन में हुए व्यय, इन संस्थाओं द्वारा विभिन्न मदों में प्राप्त आय की लेखा परीक्षा से सम्बन्धित है।

2. इस प्रतिवेदन का प्राथमिक उद्देश्य लेखा परीक्षा परिणामों को राज्य विधायिका के संज्ञान में लाना है। यह अपेक्षा की जाती है कि लेखा परीक्षा परिणाम, कार्यपालिका द्वारा सुधारात्मक कार्यवाही, संस्थाओं हेतु नीति निर्धारण व भविष्य की नीति निर्माण में सहायक होगा तथा एक जन उपयोगी भाषण व्यवस्था के निर्माण में सहयोगी होगा।

3. लेखा परीक्षा के अंतर्गत संस्था की प्राप्तियों, व्ययों, परिसम्पत्तियों और दायित्वों की जॉच की जाती है जिसमें यह निश्चित किया जाता है कि संस्था केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न मदों व योजनाओं में अनुदानित धन का उपयोग किस प्रकार कर रही है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी विभिन्न आदेशों, दिशा निर्देशों का पालन किस प्रकार किया गया है। व्ययों, योजना के उद्देश्यों की पूर्ति कहॉ तक हुयी है। किस सीमा तक मितव्ययिता, दक्षता, प्रभावकारिता के साथ संस्था द्वारा योजनाओं का क्रियान्वयन तथा संचालन किया गया है।

4. इस अध्याय में लेखा परिक्षेत्र इकाइयों की रूपरेखा, लेखा परीक्षा का प्राधिकार, लेखा परीक्षा संगठन की संरचना, लेखा परीक्षा की योजना एवं संचालन का उल्लेख किया गया है,

5. इस प्रतिवेदन में वर्ष 2012–13 की अवधि के दौरान लेखा परिक्षेत्र इन संस्थाओं के वित्तीय वर्ष 2011–12 के लेखों की लेखा परीक्षा में, संज्ञान में आये प्रकरणों के साथ–साथ संस्थाओं के विगत वर्षों के प्रकरणों, जिनके लेखो की लेखा परीक्षा वर्ष 2012–13 की अवधि में संपादित की गयी, को भी लिया गया है।

1.2– लेखा परिक्षेत्र इकाईयों की रूपरेखा

उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में जिला स्तर पर कुल 71 जिला पंचायते हैं। जो जिला पंचायत अध्यक्ष के नियंत्रणाधीन है। अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत का कार्यकारी अधिकारी होता है।

विकास खंड स्तर पर राज्य में कुल 811 क्षेत्र पंचायते हैं। जो ब्लाक प्रमुख के नियंत्रणाधीन है। खण्ड विकास अधिकारी क्षेत्र पंचायत का कार्यकारी अधिकारी होता है।

ग्राम पंचायत स्तर पर राज्य में कुल 51755 ग्राम पंचायतें हैं। जो ग्राम प्रधान के नियंत्रणाधीन है। ग्राम्य विकास अधिकारी ग्राम पंचायतों का कार्यकारी अधिकारी होता है।

मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियॉ एवं पंचायतें उत्तर प्रदेश की लेखा परीक्षा की परिधि में उपरोक्त तीनों स्तर के कुल 52834 पंचायती संस्थाये हैं।

1.3– लेखा परीक्षा का प्राधिकार


त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायतों की लेखा परीक्षा हेतु उ0प्र0 जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत अधिनियम 1961 एवं उ0प्र0 जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत (बजट एवं सामान्य लेखा नियमावली) 1965 के नियम– 2 व नियम– 174 से 180 के प्राविधानों के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 एवं उत्तर प्रदेश पंचायती राज नियमावली–1947 के नियम 186 के प्राविधानों के अन्तर्गत मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियॉ एवं पंचायतें उ0प्र0 में ग्राम पंचायतों की लेखा परीक्षा का प्राधिकार निहित है।

1.4– मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, उ0प्र0 के कार्यालय के संगठन की संरचना


उत्तर प्रदेश में सहकारी और पंचायत संस्थाओं की लेखा परीक्षा का कार्य मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा संपादित कराया जाता है।

जनपद स्तर पर जिला लेखा परीक्षा अधिकारी के नियंत्रणाधीन लेखा परीक्षा कार्मिकों (यथा–लेखा परीक्षक, जयेष्ठ लेखा परीक्षक, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी) की नियुक्ति रहती है। जिनके द्वारा जनपद स्तर पर समस्त पंचायती राज संस्थाओं यथा– जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा सम्पादित/निष्पादित की जाती है। मंडल स्तर पर उप मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी की नियुक्ति रहती है। जिसके द्वारा जनपद स्तर पर होने वाले लेखा परीक्षा कार्य की गुणवत्ता नियंत्रण, लेखा परीक्षा कार्य का नियोजन एवं प्रशासनिक नियंत्रण किया जाता है। विभाग का ढाँचा निम्न प्रकार है–


(अ) मुख्यालय स्तरीय



(ब) मंडल स्तरीय



(स) जनपद स्तरीय



1.5– लेखा परीक्षा की योजना एवं संचालन–

लेखा परीक्षा की प्रक्रिया वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में जनपद स्तर पर लेखा परीक्षा कार्मिकों को पूरे वर्ष के लिए लेखा परीक्षा कार्य के आवंटन से होती है। तत्पश्चात सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप निर्मित विभागीय नीति के तहत तद्नुसार वर्ष पर्यन्त लेखा परीक्षा कार्य का संचालन किया जाता है।

अधिनियम व नियमावली में निर्धारित सीमा, प्रशासनिक विभागों द्वारा निर्धारित परिक्षेत्र के तहत संस्था के क्रिया कलाप, उनके द्वारा किये गये व्यय, वित्तीय अधिकारों की सीमा आदि का परीक्षण कर लेखा परीक्षा परिणाम निर्धारित किये जाते है।

प्रत्येक इकाई की लेखा परीक्षा की समाप्ति पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन संस्था के प्रमुख व अन्य संबंधित पक्षों को इस आग्रह के साथ प्रेषित किया जाता है कि लेखा परीक्षा आपत्तियों को अनुपालन प्रतिवेदन की प्राप्ति के पश्चात निर्धारित अवधि के अंदर प्रेषित करें।

लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में निहित मुख्य बिंदु जो अपहरण, दुर्विनियोग एवं गंभीर वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित रहते हैं। उन्हें विशिष्ट लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में सम्मिलित करने की प्रक्रिया अपनायी जाती है तथा अधिभार की कार्यवाही निर्धारित की जाती है।

1.6– निष्पादित लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों के प्रति विभाग का रूझान

लेखा परीक्षा प्रतिवेदन एवं लेखा परीक्षा आपत्तियॉ संबंधित संस्थाओं के प्रमुखों एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारियों को इस आशय से अग्रसारित किया जाता है कि उस पर निर्धारित अवधि (एक माह) के अंदर अनुपालन प्रशासनिक विभाग के माध्यम से लेखा परीक्षा विभाग को प्रेषित कर दिया जाए।

प्रशासनिक विभागों के माध्यम से अनुपालन मॉगे जाने का औचित्य यह है कि लेखा परीक्षा आपत्तियों का समुचित अनुपालन नियमानुसार हुआ अथवा नहीं ?

इसका सम्पूर्ण संज्ञान प्रशासनिक विभाग को रहे तथा संस्था की लेखा परीक्षा में इंगित कमियों का निराकरण प्रभावी रूप से करा कर योजना के उद्देश्यों की प्राप्ति संभव हो सके। इसके साथ ही संगत अधिनियम एवं नियमावली में निहित अधिकारों के तहत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए संबंधित पक्षों पर प्रशासनिक कार्यवाही वसूली आदि करायी जा सके एवं लेखा परीक्षा आपत्तियों में निहित सुधारात्मक पक्ष के साथ–साथ दण्डात्मक पक्ष का भी प्रभावी रूप से पालन सुनिश्चित किया जा सके। जिससे संस्था में वित्तीय अनुशासन बनाये रखा जा सके। जिससे लोक धन पर प्रभावी नियंत्रण द्वारा विभिन्न योजनाओं के उद्देश्यों की प्राप्ति संभव हो सके।

1.7– लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के बाद की कार्यवाही

वर्ष 2010–11 (पूर्ववर्ती वर्षों को सम्मिलित करते हुए) के वार्षिक प्रतिवेदन को चर्चा हेतु सदन के पटल पर रखा जा चुका है। जिस पर विधान मण्डल की उच्च स्तरीय लेखा समिति के समक्ष लेखा परीक्षा आपत्तियों, विशिष्ट लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों एवं अधिभार की कार्यवाही चर्चा के अन्तर्गत हैं।

.....

अध्याय–2

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के कार्यों,आय/प्राप्ति के स्त्रोत, व क्रियाकलापों के संदर्भ में

2.1– सामान्य विवरण– वैदिक काल से ही भारत वर्ष में किसी न किसी रूप में ग्राम पंचायत और ग्राम सभाएं विद्यमान रही है। मगर अंग्रेजों के शासनकाल में ये संस्थाएं लुप्त हो गयीं। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद राज्य सरकारों ने ग्राम पंचायत के विकास को प्रोत्साहित किया गया तथा आजादी के बाद संविधान के अन्तर्गत राज्य के नीति निदेशक तत्वों के अधीन अनुच्छेद 40 के प्राविधान से इनकी गतिविधियों को अधिक बल मिला। उत्तर प्रदेश में पंचायती राज संस्थाएं स्वतंत्रता के पूर्व से ही कार्यरत रही हैं। पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने वाला तिहत्तरवॉ संविधान संशोधन अधिनियम 1992 दिनांक 24.04.1993 से लागू हो जाने पर राज्य सरकारों के लिए यह आवश्यक हो गया था कि राज्यों के पंचायती राज कानूनों को भी एक वर्ष के अन्दर अर्थात् 23 अप्रैल 1994 तक संविधान संशोधन के अनुरूप संशोधित कर दिया जाये। तत्समय उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायतों के लिए उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 तथा क्षेत्र समितियों तथा जिला परिषदों के लिए उत्तर प्रदेश क्षेत्र परिषद समिति एवं जिला परिषद अधिनियम 1961 अस्तित्व में थे, अतः इन दोनों अधिनियमों में संविधान (तिहत्तरवॉ संशोधन) अधिनियम 1992 के अनुरूप संशोधन करने के लिए उत्तर प्रदेश पंचायत विधि (संशोधन) अधिनियम 1994 पारित किया गया, जो संपूर्ण प्रदेश में दिनांक– 22 अप्रैल 1994 से लागू हो गया।

उत्तर प्रदेश विधि (संशोधन) अधिनियम 1994 में मुख्यतः उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 तथा उत्तर प्रदेश क्षेत्र समिति एवं जिला परिषद अधिनियम 1961 के उन्ही प्राविधानों को संशोधित किया गया, जो संविधान (तिहत्तरवॉ संशोधन) अधिनियम 1992 से प्रभावित थे, किन्तु कुछ ऐसे प्राविधानों को भी संशोधित किया गया, जिसे लागू करने में व्यावहारिक कठिनाइयॉ उत्पन्न हो रही थी। संशोधन के पूर्व ग्राम स्तर की संस्थाओं को गॉव सभा तथा गॉव पंचायत कहा

जाता था। जो कि अब ग्राम सभा तथा ग्राम पंचायत कहलायेगा। इसी प्रकार पूर्व में क्षेत्र समिति के नाम से पहचानी जाने वाली मध्य स्तर की संस्था संशोधन के पश्चात् क्षेत्र पंचायत तथा जिला स्तर की संस्था जिला परिषद संशोधन के बाद जिला पंचायत कहलाती है तथा उत्तर प्रदेश क्षेत्र समिति एवं जिला परिषद अधिनियम 1961 का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 हो गया।

भारतीय संविधान के तिहत्तरवे संशोधन में ग्राम पंचायत को न सिर्फ संवैधानिक संस्था का दर्जा दिया है, अपितु विकास का केन्द्र भी बना दिया है। मनरेगा, बारहवॉ/तेरहवॉ वित्त आयोग, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति आदि विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके द्वारा गॉव स्तर पर आधारभूत सुविधाओं के विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीण परिवारों के वयस्क व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराकर आजीविका सुनिश्चित कराने, छात्रवृत्ति एवं पौष्टिक भोजन द्वारा बच्चों में शिक्षा ग्रहण करने की प्रवृत्ति एवं क्षमता विकसित करने, उनमें अच्छी समझ एवं भाईचारे के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की 51755 ग्राम पंचायतों को विभिन्न मदों में अरबो रूपये की धनराशि वित्तीय वर्ष 2011–12 में उपलब्ध करायी गई। जिसमें से कुल 26834 ग्राम पंचायतों की लेखा परीक्षा वित्तीय वर्ष 2012–13 में सम्पन्न करायी गयी।

2.2– जिला पंचायत

त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के अर्न्तगत जिला पंचायत शीर्षस्थ संस्था है। प्रत्येक जिला में एक जिला पंचायत स्थापित है। जिला पंचायत के गठन, इनके अधिकार, कार्य, दायित्व, निधियॉ, कार्य प्रणाली लेखा परीक्षा आदि उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 के अर्न्तगत परिभाषित है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कुल 71 जिला पंचायतों का गठन हुआ हैं। जिला पंचायत के कार्यों का सुचारू रूप से संपादन के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष, तथा जिला पंचायत के सदस्यों का चुनाव पॉच वर्ष के अन्तराल पर किया जाता है। जिला पंचायत के दिन प्रतिदिन के कार्यों के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए अपर मुख्य अधिकारी की तैनाती की जाती है। जिसकी सहायता के लिए वित्तीय परामर्शदाता, कार्याधिकारी, स्टोर इंचार्ज, लेखाकार, अवर अभियन्ता/अभियंता टैक्स आफीसर, लिपिक आदि की नियुक्ति की जाती है।

(क) जिला पंचायत के अधिकार एवं कृत्य– त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं में जिला पंचायत जनपद की शीर्ष संस्था है। जिला पंचायत के गठन, इनके अधिकार, कार्य, दायित्व, निधियाँ, कार्य प्रणाली, लेखा परीक्षा आदि उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961के अर्न्तगत परिभाषित है। अधिनियम के धारा 33 के अनुसार जिला पंचायत के सामान्य अधिकार और कृत्य निम्नवत् होंगे।

1. जिन मेलों तथा उत्सवों का प्रबंध राज्य सरकार करती है या आगे करें, उससे भिन्न मेलों तथा उत्सवों का ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायतों द्वारा प्रबंध और नियंत्रण के प्रयोजन के लिए वर्गीकरण करना।
2. ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों तथा जिला पंचायतों द्वारा प्रबंध के प्रयोजनों के लिए सड़कों का क्रमशः ग्राम सड़कों, अन्तरग्रामित सड़कों तथा जिला सड़कों के रूप में वर्गीकरण।
3. जिले की ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों के कार्यकलापों का तदर्थ बनाये गये नियमों के अनुसार सामान्य रूप से पर्यवेक्षण।
4. तदर्थ बनाये गये नियमों के अधीन रहते हुए एक ओर राज्य सरकार तथा दूसरी ओर क्षेत्र पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों के बीच पत्र व्यवहार के लिए मुख्य माध्यम के रूप में कार्य करना।
5. ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए आधारभूत सुविधाओं का विकास।
6. ऐसे अन्य कृत्यों का सम्पादन करना जो नियत किये जाये।

जिला पंचायत के आय/प्राप्तियों के स्त्रोत–

ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जिला पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका है। उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 के प्राविधानानुसार जिला पंचायत की अनेकों मदों में कर लगाने, कर का निर्धारण करने तथा वसूली का अधिकार है। जिला पंचायतों को अपनी सम्पत्ति से भी किराये आदि के रूप में आय प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, सांसद निधि, विधायक निधि आदि मदों में भी जिला पंचायत को अनुदान प्राप्त होता है। जिसका उपयोग जनपद के ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यो के लिए किया जाता है।

(1) निजी स्त्रोत से आय–

1–उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम की धारा 119–145 में जिला पंचायतों को निम्न कर लगाने का अधिकार दिया गया है। जिनसे उन्हें आय प्राप्त होती है।

1. लाइसेंस शुल्क
2. दुकानों एवं हाट बाजारों में कर लगाना
3. नौका हाउस पर कर
4. कॉजी हाउस पर कर
5. सिनेमा प्रदर्शनियों आदि पर कर

जिला पंचायतों में सामान्तयाः निम्न मदों से आय प्राप्त होती है।

1. सम्पत्ति व विभव कर
2. लाइसेंस शुल्क
3. मृत पशु शव निस्तारण
4. सम्पत्तियों आदि (दुकान,भवन किराया)
5. नौका घाट
6. मेला प्रदर्शनी
7. हाट बाजार एवं तहबाजारी
8. कॉजी हाउस
9. कृषि एवं पशुपालन
10. जिला निधि में उपलब्ध धनराशि पर अर्जित ब्याज
11. अन्य मदों से प्राप्तियॉ

(2) <u>वाह्य स्त्रोत से आय–</u> जिला पंचायतों को निजी स्रोतों से आय के अतिरिक्त अन्य वाह्य स्रोतों से भी धनराशि अनुदान के रूप मे प्राप्त होती है। जिसका उपयोग विभिन्न विकास कार्यों के लिए किया जाता है। जिला पंचायतों को सामान्यतया निम्न मदों में धनराशि प्राप्त होती है।

1. भू–राजस्व अनुदान
2. राज्य वित्त आयोग

3. केन्द्रीय वित्त आयोग
4. डी0आर0डी0ए0 से प्राप्त अनुदान
5. मनरेगा
6. सांसद निधि
7. विधायक निधि
8. आंचलिक निधि
9. एस0जी0आर0वाई0
10. अन्य विभिन्न मदों से

मनरेगा के संदर्भ में जिला पंचायत की भूमिका–

1. जिला योजना एवं श्रमिक बजट (Labour Budget) को अन्तिम रूप देना तथा जनपद के अंदर मनरेगा के कार्यों का पर्यवेक्षण एवं मानीटरिंग (Monitoring) करना जिला पंचायत की जिम्मेदारी है।
2. जिला पंचायत खण्ड विकास वार मनरेगा के अर्न्तगत आगामी वर्षों में कराये जाने वाले कार्यों का अनुमोदन 31 दिसम्बर तक करेगी।

———

2.3– क्षेत्र पंचायत

विकास कार्यों एवं प्रशासनिक कार्यों के निमित्त राज्य सरकार द्वारा जनपद को खण्डों में विभक्त किया गया है। उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम–1961 की विभिन्न धाराओं के तहत एक निगमित निकाय के रूप में 811 क्षेत्र पंचायत का गठन किया गया है। प्रत्येक क्षेत्र पंचायत का कार्यकाल उसकी प्रथम बैठक के लिए नियत तिथि से पॉच वर्ष की अवधि तक के लिए रहेगा। क्षेत्र पंचायत हेतु निर्वाचित सदस्यों द्वारा अपने में से ही चुना हुआ व्यक्ति क्षेत्र पंचायत का प्रमुख होगा। कार्य सम्पादन के लिए प्रति दो मास में कम से कम एक बैठक किये जाने की व्यवस्था दी गयी है। खण्ड विकास अधिकारी को क्षेत्र पंचायत का मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है। अधिनियम की धारा–99 से 101 के तहत प्रत्येक क्षेत्र पंचायत के लिए एक निधि की स्थापना की जायेगी। जिसे क्षेत्र पंचायत निधि कहा जायेगा। क्षेत्र पंचायत निधि में से धन का समस्त आहरण और उसका वितरण प्रमुख एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है।

बैठकों के मध्य दो मास से अधिक का अन्तराल नही होना चाहिए। ग्राम प्रधान की प्रति दिन के कार्यों के सुचारू रूप से चलाने हेतु ग्राम्य विकास अधिकारी की तैनाती शासन द्वारा की गयी है। ग्राम पंचायत के समस्त खातों का संचालन ग्राम प्रधान एवं ग्राम्य विकास अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से संचालन किया जाता है।

ग्राम सभा की बैठक तथा कृत्य

उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम की धारा 11 के अनुसार प्रतिवर्ष ग्राम सभा की दो सामान्य बैठक होगी, (खरीफ की बैठक तथा रवी की बैठक), इसके अतिरिक्त विहित अधिकारी की लिखित मांग अथवा सदस्यों को कुल संख्या का कम से कम 1/5 की मांग पर मांग की दिनांक से 30 दिन के अन्दर प्रधान ग्राम सभा की असाधारण सामान्य बैठक अवश्य बुलाएगा। प्रधान किसी भी समय असाधारण बैठक बुला सकता है, किन्तु ग्राम सभा निम्नलिखित मामलों पर विचार करेगी तथा ग्राम पंचायत की सिफारिश व सुझाव दे सकती है।

1– ग्राम पंचायत के खातो का वार्षिक विवरण, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की प्रशासन को रिपोर्ट और अन्तिम लेखा परीक्षा टिप्पणी और उन पर दिये गये उत्तर यदि कोई हो।

2– पूर्ववर्ती वर्ष से सम्बन्धित ग्राम पंचायत के विकास कार्यक्रमों और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान लिए जाने के लिये प्रस्तावित विकास कार्यों की रिपोर्ट।

3– ग्राम में समाज के सभी वर्गो के बीच एकता और समन्वय की अभिवृद्धि।

4– ग्राम के भीतर प्रौढ शिक्षा का कार्यक्रम।

5– ऐसे अन्य कार्य जो नियम किये जाये।

ग्राम सभा निम्नलिखित कृत्यों का सम्पादन करेगी:–

क– सामुदायिक कल्याण कार्यक्रमों के लिये स्वैच्छिक जन और अंशदान जुटाना।

ख– ग्राम से सम्बन्धित विकास योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये हिताकारी की पहचान।

ग– ग्राम से सम्बन्धित विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सहायता पहुंचाना।

3. केन्द्रीय वित्त आयोग
4. डी0आर0डी0ए0 से प्राप्त अनुदान
5. मनरेगा
6. सांसद निधि
7. विधायक निधि
8. आंचलिक निधि
9. एस0जी0आर0वाई0
10. अन्य विभिन्न मदों से

मनरेगा के संदर्भ में जिला पंचायत की भूमिका–

1. जिला योजना एवं श्रमिक बजट (Labour Budget) को अन्तिम रूप देना तथा जनपद के अंदर मनरेगा के कार्यों का पर्यवेक्षण एवं मानीटरिंग (Monitoring) करना जिला पंचायत की जिम्मेदारी है।
2. जिला पंचायत खण्ड विकास वार मनरेगा के अर्न्तगत आगामी वर्षों में कराये जाने वाले कार्यों का अनुमोदन 31 दिसम्बर तक करेगी।

2.3– क्षेत्र पंचायत

विकास कार्यों एवं प्रशासनिक कार्यों के निमित्त राज्य सरकार द्वारा जनपद को खण्डों में विभक्त किया गया है। उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम–1961 की विभिन्न धाराओं के तहत एक निगमित निकाय के रूप में 811 क्षेत्र पंचायत का गठन किया गया है। प्रत्येक क्षेत्र पंचायत का कार्यकाल उसकी प्रथम बैठक के लिए नियत तिथि से पॉच वर्ष की अवधि तक के लिए रहेगा। क्षेत्र पंचायत हेतु निर्वाचित सदस्यों द्वारा अपने में से ही चुना हुआ व्यक्ति क्षेत्र पंचायत का प्रमुख होगा। कार्य सम्पादन के लिए प्रति दो मास में कम से कम एक बैठक किये जाने की व्यवस्था दी गयी है। खण्ड विकास अधिकारी को क्षेत्र पंचायत का मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है। अधिनियम की धारा–99 से 101 के तहत प्रत्येक क्षेत्र पंचायत के लिए एक निधि की स्थापना की जायेगी। जिसे क्षेत्र पंचायत निधि कहा जायेगा। क्षेत्र पंचायत निधि में से धन का समस्त आहरण और उसका वितरण प्रमुख एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है।

क्षेत्र पंचायत की बैठक एवं कृत्य– अधिनियम की धारा–84 के अनुसार प्रत्येक दो मास में क्षेत्र पंचायत की कम से कम एक बैठक होगी। इसके अतिरिक्त प्रमुख जब कभी भी उचित समझे क्षेत्र पंचायत की बैठक बुला सकता है तथा प्रमुख निर्वाचित सदस्यों के 1/5 के लिखित अधियाचन पर अधियाचन की तारीख या प्राप्ति के दिनांक से एक माह के अंदर बैठक अवश्य बुलायेगा। क्षेत्र पंचायत निम्नलिखित धारा–86 मामलों पर विचार करेगी तथा योजना तैयार करेगी।

1. क्षेत्र पंचायत विकास खंड की ग्राम पंचायतों की विकास योजनाओं को सम्मिलित करने के पश्चात् खण्ड के लिए प्रत्येक वर्ष एक विकास योजना तैयार करेगी।
2. यह योजना खण्ड विकास अधिकारी, कार्यसमिति, वित्त एवं विकास समिति और समता समिति की सहायता से नियत तिथि से तैयार की जाएगी।
3. खण्ड के भीतर शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक विकास, सामुदायिक कल्याण आदि से संबंधित कार्यक्रम।
4. ऐसे अन्य कार्य जो नियमों में उल्लिखित है।

क्षेत्र पंचायत के आय/प्राप्तियों के स्रोत–

ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका है। उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 के प्राविधानानुसार क्षेत्र पंचायत की कुछ मदों में कर लगाने, कर का निर्धारण करने तथा वसूली का अधिकार है। इसके अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, सांसद निधि, विधायक निधि आदि मदों में भी क्षेत्र पंचायत को अनुदान प्राप्त होता है। जिसका उपयोग जनपद के ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए किया जाता है।

(1) निजी स्त्रोत से आय–

1–उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम की धारा 131–क में क्षेत्र पंचायतों को निम्न कर लगाने का अधिकार दिया गया है। जिनसे उन्हें आय प्राप्त होती है।

1.लाइसेंस शुल्क
2.दुकानों एवं हाट बाजारों में कर लगाना
3.सम्पत्ति व विभव कर
4.कॉजी हाउस पर कर
5.अन्य मदों से प्राप्तियॉ

(2) वाह्य स्त्रोतों से आय– क्षेत्र पंचायतों को निजी स्रोतों से आय के अतिरिक्त अन्य वाह्य स्रोतों से भी धनराशि अनुदान के रूप मे प्राप्त होती है। जिसका उपयोग विभिन्न विकास कार्यों के लिए किया जाता है। क्षेत्र पंचायतों को सामान्यतया निम्न मदों में धनराशि प्राप्त होती है।

1.भू–राजस्व अनुदान
2.राज्य वित्त आयोग
3.केन्द्रीय वित्त आयोग
4.डी0आर0डी0ए0 से प्राप्त अनुदान
5.मनरेगा
6.सांसद निधि
7.विधायक निधि
8.आंचलिक निधि
9.एस0जी0आर0वाई0
10.अन्य विभिन्न मदों से

क्षेत्र पंचायत के अधिकार एवं कृत्य– अधिनियम की धारा–35 एवं 79 तथा संलग्न अनुसूची–3 व 6 में क्षेत्र पंचायत के अधिकार तथा कृत्य निर्धारित किये गये हैं।

अधिनियम की धारा–32 के अनुसार ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जैसा राज्य सरकार समय –समय पर विनिर्दिष्ट करें। प्रत्येक क्षेत्र पंचायत उसमें उल्लिखित कृत्यों का सम्पादन करेगी।

2.4 ग्राम पंचायत

ग्राम पंचायत, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की सबसे छोटी इकाई है। एक या अधिक राजस्व गांव को मिलाकर ग्राम का गठन होता है। एक ग्राम पंचायत के गठन को व्यवस्था यथासंम्भव एक हजार या उससे अधिक की जनसंख्या पर की गयी है। उ0प्र0 में वर्तमान में कुल 51944 ग्राम पंचायते कार्यरत है। ग्राम पंचायत के कार्यों का सुचारू रूप से संचालन के लिये प्रत्येक ग्राम सभा हेतु प्रधान व सदस्यों का चुनाव प्रत्येक पांच वर्षों के अन्तराल पर किया जाता है। उ0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1947 के अनुसार ग्राम पंचायत की बैठक सामान्यतः प्रत्येक मास में कम से कम एक बार होनी चाहिए किन्तु दो लगातार

बैठकों के मध्य दो मास से अधिक का अन्तराल नही होना चाहिए। ग्राम प्रधान की प्रति दिन के कार्यों के सुचारू रूप से चलाने हेतु ग्राम्य विकास अधिकारी की तैनाती शासन द्वारा की गयी है। ग्राम पंचायत के समस्त खातों का संचालन ग्राम प्रधान एवं ग्राम्य विकास अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से संचालन किया जाता है।

ग्राम सभा की बैठक तथा कृत्य

उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम की धारा 11 के अनुसार प्रतिवर्ष ग्राम सभा की दो सामान्य बैठक होगी, (खरीफ की बैठक तथा रवी की बैठक), इसके अतिरिक्त विहित अधिकारी की लिखित मांग अथवा सदस्यों को कुल संख्या का कम से कम 1/5 की मांग पर मांग की दिनांक से 30 दिन के अन्दर प्रधान ग्राम सभा की असाधारण सामान्य बैठक अवश्य बुलाएगा। प्रधान किसी भी समय असाधारण बैठक बुला सकता है, किन्तु ग्राम सभा निम्नलिखित मामलों पर विचार करेगी तथा ग्राम पंचायत की सिफारिश व सुझाव दे सकती है।

1– ग्राम पंचायत के खातो का वार्षिक विवरण, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की प्रशासन को रिपोर्ट और अन्तिम लेखा परीक्षा टिप्पणी और उन पर दिये गये उत्तर यदि कोई हो।

2– पूर्ववर्ती वर्ष से सम्बन्धित ग्राम पंचायत के विकास कार्यक्रमों और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान लिए जाने के लिये प्रस्तावित विकास कार्यों की रिपोर्ट।

3– ग्राम में समाज के सभी वर्गो के बीच एकता और समन्वय की अभिवृद्धि।

4– ग्राम के भीतर प्रौढ शिक्षा का कार्यक्रम।

5– ऐसे अन्य कार्य जो नियम किये जाये।

ग्राम सभा निम्नलिखित कृत्यों का सम्पादन करेगी:–

क– सामुदायिक कल्याण कार्यक्रमों के लिये स्वैच्छिक जन और अंशदान जुटाना।

ख– ग्राम से सम्बन्धित विकास योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये हिताकारी की पहचान।

ग– ग्राम से सम्बन्धित विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सहायता पहुंचाना।

ग्राम पंचायतों के अधिकार व कर्तव्य कृत्य

उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 15 के अनुसार ऐसी शर्तो के अधीन रहते हुए, जैसा राज्य सरकार समय–समय पर विनिर्दिष्ट करें। प्रत्येक ग्राम पचायत उसमें उल्लिखित कृत्यों का सम्पादन करेगी।

उक्त के अतिरिक्त ग्राम पंचायत प्रतिवर्ष पंचायत क्षेत्र के लिये एक विकास योजना तैयार करेगी और उसे सम्बन्धित क्षेत्र पंचायत की ऐसे दिनांक के पूर्व और ऐसे प्रारूप और रीति में जैसी नियत की जाये, प्रेषित करेगी तथा राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा निम्नलिखित में से किसी एक या सभी कृत्यों की ग्राम पंचायत को समानुदेशित कर सकती है।

1– पंचायत क्षेत्र में स्थित किसी वन की व्यवस्था तथा अनुरक्षण।

2– पंचायत क्षेत्र के भीतर स्थित सरकार की बंजर भूमि, चारागाह भूमि या खाली पडी भूमि की व्यवस्था।

3–किसी कर या भू राजस्व का संग्रह और संबन्धित अभिलेखों का अनुरक्षण।

कर तथा शुल्क का आरोपणः–

उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 37 के प्राविधानानुसार ग्राम पंचायत निम्नांकित कर लगायेगी

क– उन क्षेत्रों में जहां उ0प्र0 जमीदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 जौनसार वाबर जमीदारी– विनाश तथा भूमि–व्यवस्था अधिनियम 1956 के अधीन मध्यवर्तियों के अधिकार, आगम और स्वत्व अर्जित कर लिये गये हो, भूमि पर उसके लिये देय अथवा देय समझे जाने वाली भू–राजस्व की धनराशि पर प्रति रूपया (कम से कम पच्चीस पैसे किन्तु पचास पैसे से अनधिक) का कर लगा सकती है।

ख– उक्त खण्ड क में अभिदिष्ट क्षेत्रों से भिन्न क्षेत्रों में भौमिक अधिकार से सम्बन्धित प्रवृत्त विधि के अधीन किसी काश्तकार द्वारा, वह कुछ भी कहलाता हो, देय भू–राजस्व की धनराशि पर प्रति रूपया (कम से कम पच्चीस पैसे किन्तु पचास पैसे से अनधिक) कर लगा सकती है।

उक्त के अतिरिक्त ग्राम पंचायत निम्नवत् सभी या कोई कर, फीस और शुल्क लगा सकती है।

ग– प्रेक्षागृह, चलचित्र अथवा इसी प्रकार के मनोरंजन कार्य, जो अस्थायी रूप से ग्राम पंचायत के क्षेत्र में आया हुआ है।

ध– ग्राम पंचायत के क्षेत्र में रखे हुए और किराये पर चलाने जाने वाले यन्त्र चलित वाहनो से भिन्न वाहनों तथा पशुओं पर उसके स्वामियों द्वारा देय कर लगा सकती है।

ड– उन व्यक्तियों से जिन पर खण्ड–ग के अधीन कोई कर लगाया गया हो, भिन्न व्यक्तियों पर लगा सकती है। जो ऐसे बाजारों, हाटों अथवा मेलों में बिक्री के लिये सामान प्रदर्शित करें। जो सम्बन्धित ग्राम पंचायत के स्वामित्व या नियन्त्रण में हो।

च– उन पशुओं की रजिस्ट्री पर शुल्क सभा लगा सकती है, जो ऐसे बाजार अथवा भूमि पर बेचे गये हो, जो ग्राम पंचायत के स्वामित्व में या उसके नियन्त्रण में हो।

छ– वधशालाओ और पडाव की भूमि के लिये शुल्क लगा सकती है।

ज– जल शुल्क– जहां ग्राम सभा द्वारा घर के उपयोग के लिये जल सम्मारित किया जाता है।

झ– यदि सफाई ग्राम पंचायत द्वारा की जाती हो, तो निजी शौचालयों और नालियों को साफ करने के लिये कर लगा सकती है, जो उन मकानों के जिनमें वे निजी शौचालय या नालियां संलग्न हो, स्वामियों अथवा अध्यासियों द्वारा देय होगा।

ञ– सडकों की सफाई और उन पर रोशनी की व्यवस्था के लिये कर।

ट– जहां ग्राम पंचायत द्वारा सिचाई के प्रयोजनार्थ छोटी सिंचाई की परियोजनाओं जल सम्मरण हेतु बनायी गयी या अनुरक्षित की गयी हो, की कोई सिचाई दर।

ठ– कोई ऐसा अन्य कर जिसे राज्य में आरोपित करने का अधिकार राज्य विधान मण्डल को संविधान के अधीन, उनके अनुच्छेद 277 को सम्मिलित करते हुये, हो और जिनका ग्राम पंचायत द्वारा आरोपण राज्य सरकार ने प्राधिकृत किया है।

ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिये ग्राम पंचायतों द्वारा अनेक योजनाओं/ परियोजनाओं का संचालन किया जाता है। विकास के कार्यों के क्रियान्वयन के लिये उ0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1947 के अनुसार कर लगाने व वसूलने का अधिकार है तथा राज्य सरकार /

भारत सरकार द्वारा विकास के कार्यों के लिये धनराशि उपलब्ध करायी जाती है। वर्तमान में ग्राम पंचायत द्वारा मूलतः चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं/परियोजनाओं/ कार्यों का संचालन किया जा रहा है, जिनका विवरण निम्नवत् हैः–

1 –<u>महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम–2005 (मनरेगा)</u>

ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार चाहने वाले प्रत्येक परिवार को वर्ष में न्यूनतम 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत की गयी, इस अधिनियम के अन्तर्गत प्रत्येक गृहस्थी को जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिये स्वेच्छा से आगे आते है। इस अधिनियम के अधीन बनायी गयी स्कीम के अनुसार किसी वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के अन्यून के लिये ऐसा कार्य उपलब्ध करायेगा तथा प्रत्येक व्यक्ति जिसने ऐसा कार्य किया है, प्रत्येक कार्य दिवस के लिये निर्धारित मजदूरी की दर से मजदूरी प्राप्त करने का हकदार होगा तथा ऐसी मजदूरी का भुगतान कार्य करने के पन्द्रह दिन के अन्दर किया जायेगा, अधिनियम के धारा 7(1) के अनुसार यदि स्कीम के अन्तर्गत नियोजन चाहने वाले आवेदक को निर्धारित समय (आवेदन के पन्द्रह दिन) के अन्दर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो वह निर्धारित दर से बेरोजगारी भत्ता पाने का हकदार होता है।

1– <u>मनरेगा का उद्देश्य</u>

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक गृहस्थी को जिसके वयस्क सदस्य अकुशल कार्य करने के लिये उत्सुक है, को एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराकर, जीवन सुरक्षा (livelihood security) को बढाना है।

2– <u>मनरेगा का लक्ष्यः–</u>

1– जहां अन्य रोजगार की सुविधा कम है। ऐसी ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर लोगो को रोजगार मुहैया कराकर मजबूत सामाजिक सुरक्षातन्त्र का निर्माण करना है।

2– ऐसे क्षेत्रों में रोजगार मुहैया कराकर, (जो गरीबी के मूल कारण है) जैसे बाढ, सूखा, जंगलों का कटान, भूमि (soid Erosion) कृषि प्रधान आर्थिक संरचना के विकास के लिये सुविधा प्रदान करना।

3– अधिनियम, ग्रामीण, जीविकोपार्जन, हेतु राष्ट्रीय रिसोर्स आधार को मजबूत करता है, तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत व टिकाऊ सम्पत्ति का निर्माण करता है, मनरेगा में गरीबी के कारणों को पूर्णरूप से बदलने की क्षमता है।

4– ग्रामीण गरीबों को कानूनी अधिकार के अन्तर्गत रोजगार उपलब्ध कराना।

5– सबसे निचले स्तर पर अपने क्षेत्र के समन्वित विकास के लिये स्वयं कार्य का निर्धारण करना तथा पारदर्शिता के साथ इसे पूर्ण करना।

मनरेगा के अन्तर्गत अनुमन्य कार्य

1– जल संचयन व जल प्रबन्धन।

2– वानिकी व वृक्षारोपण।

3–सिंचाई हेतु नहरें, जिसमें छोटे व अति छोटे सिंचाई की व्यवस्था सम्मिलित हो।

4– सिंचाई के साधन की व्यवस्था, वृक्षारोपण, हार्टीकल्चर।

5– अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के परिवारों, भूमि सुधार के अन्तर्गत सहायता प्राप्त परिवार, इन्दिरा आवास योजना/गरीबी रेखा के नीचे के परिवार के भूमि का भूमि विकास।

6– परम्परागत जल सुविधाओं का जीर्णोद्धार, जिसमें टैकों की सफाई भी सम्मिलित है।

7– भूमि सुधार/विकास।

8– बाढ़ नियन्त्रण जिसमें जल भराव क्षेत्रों को संरक्षित करना भी सम्मिलित है।

9– ग्रामीण क्षेत्रों को जोडना, सडक का निर्माण, आवश्यकतानुसार ग्राम क्षेत्र में नाली का निर्माण, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के अन्तर्गत आने वाले सडकों पर मनरेगा के अन्तर्गत कार्य नहीं कराया जाना चाहिये, मनरेगा के अन्तर्गत सीमेन्ट सड़क का निर्माण प्रतिबन्धित है तथा ऐसी सड़कों को प्राथमिकता दी जायेगी जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के निवास से जोड़ती है।

10– कोई अन्य कार्य जो भारत सरकार, राज्य सरकार से विचार विमर्श कर अधिसूचित करे।

11–अन्य योजनाओं के अन्तर्गत निर्मित सम्पत्ति का रख रखाव का कार्य मनरेगा के अर्न्तगत अनुमन्य है।

12– मरनेगा के अन्तर्गत भूमि क्रय अनुमन्य नही है।

2–छात्रवृत्ति योजनाः–

समाज के सभी वर्गों के बच्चों की पढाई के लिये प्रेरित करने तथा उन्हे आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों/ उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों को राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के माध्यम से छात्रवृत्ति उपलब्ध कराया जाता है। विभिन्न वर्गों के छात्रों के लिये अलग– अलग विभागों से छात्रवृत्ति प्राप्त होती है। जैसे विकलांग बच्चों के लिये विकलांग कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक छात्रों के लिये अल्पसंख्यक विकास विभाग आदि से धनराशि ग्राम पंचायत को प्राप्त होती है। जिससे ग्राम पंचायत द्वारा संबन्धित वर्ग के छात्रों को प्राप्त कराया जाता है।

3– राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग/अन्य स्त्रोतों से प्राप्त अनुदानः–

ग्रामीण क्षेत्रों के सम्बन्धित विकास के लिये राज्य वित्त आयोग तथा केन्द्रीय वित्त आयोग से अनुदान प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 तथा उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली 1947 के अनुसार ग्राम पंचायते कर आरोपित कर सकती है उक्त समस्त धनराशि का उपयोग ग्राम पंचायतों द्वारा विभिन्न विकास के कार्यों, वृक्षारोपण, सडक निर्माण, नाली निर्माण, जलाशयें/नलकूपों का निर्माण, पुराने जलाशयों का जीर्णोद्धार, भूमि संरक्षण आदि कार्यो का निर्धारण ग्राम सभा की खुली बैठक में किया जाता है। समिति द्वारा कार्य एवं क्रय की आन्तरिक लेखा परीक्षा की व्यवस्था भी की गयी है।

4– मध्यान्ह भोजन योजना

प्रदेश के राजकीय परिषदीय तथा राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर शिक्षा ग्रहण करने की क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के माध्यम से मध्यान्ह भोजन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजनान्तर्गत प्रत्येक छात्र को सप्ताह में 4 दिन चावल के बने भोज्य पदार्थ तथा दो दिन गेहूँ से बने भोज्य

सचिव, बेसिक शिक्षा को उत्तरदायी बनाया गया है। इसी प्रकार अन्य योजनाओं के लिए संबंधित विभागों के विभिन्न स्तरों के अधिकारी उत्तरदायी हैं।

.....

अध्याय–3

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की लेखा परीक्षा प्रगति

3.1–जिला पंचायतें

वर्ष 2012–13 में राज्य की कुल 71 जिला पंचायतों में से 49 जिला पंचायतों के लेखा परीक्षा सम्पन्न की गयी। लेखा परीक्षित जिला पंचायतों की जनपदवार सूची परिशिष्ट 1 पर संलग्न है।

3.2–क्षेत्र पंचायतें

वर्ष 2012–13 में राज्य की कुल 811 क्षेत्र पंचायतों में से 128 क्षेत्र पंचायतों के लेखा परीक्षा सम्पन्न की गयी। लेखा परीक्षित क्षेत्र पंचायतों की जनपदवार सूची परिशिष्ट 2 पर संलग्न है। क्षेत्र पंचायतों के प्रशासनिक अधिकारी (मुख्य विकास अधिकारी) एवं कार्यकारी अधिकारी (खण्ड विकास अधिकारी) द्वारा लेखा परीक्षा में सहयोग न करने एवं लेखा परीक्षक के समक्ष लेखा परीक्षा हेतु समस्त निर्धारित अभिलेख प्रस्तुत न करने के कारण लेखा परीक्षा में अपेक्षित प्रगति न हो सकी।

3.3–ग्राम पंचायतें

वर्ष 2011–12 में राज्य की कुल 51755 ग्राम पंचायतों में से 26834 ग्राम पंचायतों के लेखा परीक्षा सम्पन्न की गयी। लेखा परीक्षित ग्राम पंचायतों की जनपदवार सूची परिशिष्ट 3 पर संलग्न है। ग्राम पंचायतों के प्रशासनिक अधिकारी (जिला पंचायती राज अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी) एवं कार्यकारी अधिकारी (ग्राम्य विकास अधिकारी) द्वारा लेखा परीक्षा में सहयोग न करने एवं लेखा परीक्षक के समक्ष लेखा परीक्षा हेतु समस्त निर्धारित अभिलेख प्रस्तुत न करने के कारण लेखा परीक्षा में अपेक्षित प्रगति न हो सकी।

11–अन्य योजनाओं के अन्तर्गत निर्मित सम्पत्ति का रख रखाव का कार्य मनरेगा के अर्न्तगत अनुमन्य है।

12– मरनेगा के अन्तर्गत भूमि क्रय अनुमन्य नही है।

2–छात्रवृत्ति योजनाः–

समाज के सभी वर्गों के बच्चों की पढाई के लिये प्रेरित करने तथा उन्हे आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों/ उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों को राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के माध्यम से छात्रवृत्ति उपलब्ध कराया जाता है। विभिन्न वर्गों के छात्रों के लिये अलग– अलग विभागों से छात्रवृत्ति प्राप्त होती है। जैसे विकलांग बच्चों के लिये विकलांग कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक छात्रों के लिये अल्पसंख्यक विकास विभाग आदि से धनराशि ग्राम पंचायत को प्राप्त होती है। जिससे ग्राम पंचायत द्वारा संबन्धित वर्ग के छात्रों को प्राप्त कराया जाता है।

3– राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग/अन्य स्त्रोतों से प्राप्त अनुदानः–

ग्रामीण क्षेत्रों के सम्बन्धित विकास के लिये राज्य वित्त आयोग तथा केन्द्रीय वित्त आयोग से अनुदान प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 तथा उ0प्र0 पंचायती राज नियमावली 1947 के अनुसार ग्राम पंचायते कर आरोपित कर सकती है उक्त समस्त धनराशि का उपयोग ग्राम पंचायतों द्वारा विभिन्न विकास के कार्यों, वृक्षारोपण, सडक निर्माण, नाली निर्माण, जलाशयें/नलकूपों का निर्माण, पुराने जलाशयों का जीर्णोद्धार, भूमि संरक्षण आदि कार्यों का निर्धारण ग्राम सभा की खुली बैठक में किया जाता है। समिति द्वारा कार्य एवं क्रय की आन्तरिक लेखा परीक्षा की व्यवस्था भी की गयी है।

4– मध्यान्ह भोजन योजना

प्रदेश के राजकीय परिषदीय तथा राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर शिक्षा ग्रहण करने की क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के माध्यम से मध्यान्ह भोजन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजनान्तर्गत प्रत्येक छात्र को सप्ताह में 4 दिन चावल के बने भोज्य पदार्थ तथा दो दिन गेहूँ से बने भोज्य

पदार्थ दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। इस योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्राथमिक स्तर पर 100 ग्राम प्रति छात्र प्रति दिवस एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर 150 ग्राम प्रति छात्र प्रति दिवस की दर से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। खाद्यान्न में भोजन पकाने के लिए परिवर्तन लागत की व्यवस्था की गयी है। परिवर्तन लागत में सब्जी, तेल, मसाले एवं अन्य सामग्रियों की व्यवस्था की जाती है। भोजन को तैयार करने एवं अन्य सामग्रियों की व्यवस्था हेतु प्राथमिक स्तर पर 2.69 प्रति छात्र प्रति दिवस तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर 4.30 प्रति छात्र प्रति दिवस परिवर्तन लागत के रूप में उपलब्ध कराया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में मध्यान्ह भोजन योजना के क्रियान्वयन अर्थात भोजन निर्माण कार्य मुख्यतः ग्राम पंचायतों की देख–रेख में किया जाता है। भोजन बनाने हेतु आवश्यक खाद्यान्न निःशुल्क प्रदान किया जाता है। जो अपने देख–रेख में विद्यालय परिसर में बने किचन शेड में भोजन तैयार कराते है। भोजन बनाने हेतु लगने वाली अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करने का दायित्व भी ग्राम प्रधान का ही है। इस हेतु उन्हें परिवर्तन लागत उपलब्ध कराया जाता है।

योजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा किचन शेड हेतु रू0 8500/प्रति विद्यालय तथा किचन उपकरण हेतु रू0 5000/प्रति विद्यालय चरणबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है।

विद्यालयों में पके पकाए भोजन की व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर योजना के अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु मंडलीय सहायक निदेशक (बेसिक शिक्षा) को दायित्व सौपा गया है तथा विकास खण्ड स्तर पर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स गठित की गयी है। जिसमें सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/प्रति उप विद्यालय निरीक्षक को सदस्य सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए निम्नवत् व्यवंस्था की गयी है।

1. मेनू को विद्यालयों की दीवारों पर 6'/ 8' साइज में चस्पा कराया जाएगा ताकि पारदर्शिता बनी रहे एवं परोसा जा रहा भोजन मेनू के अनुरूप है कि नहीं, यह सर्वविदित रह सकै।

2. भोजन वितरण के माह से पूर्व माह में खाद्यान्न को विद्यालय तक पहुॅचाये जाने की व्यवस्था की गयी है।

3. परिवर्तन लागत के मद में प्राप्त धनराशि को ग्राम निधि खाता संख्या–5 (मिड डे मील) में पृथक बैक खाते में रखे जाने की व्यवस्था था। जिसका संचालन सम्प्रति ग्राम प्रधान तथा सचिव ग्राम पंचायत के सयुक्त हस्ताक्षर से किया जाता था। शासनादेश संख्या शिक्षा अनुभाग –4–1233/7976–10 दिनांक– 12 नवम्बर, 2010 द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक विद्यालय स्तर पर मध्यान्ह भोजन योजना हेतु पृथक खोले जाने की व्यवस्था की गयी है। "यह खाता मध्यान्ह भोजन निधि" कहलायेगा। इस खाते में मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत प्राप्त परिवर्तन लागत, रसोईये का मानदेय, किचन उपकरण, किचन शेड निर्माण एम.एम.आई. आदि की धनराशि रखी जायेगी तथा ग्राम निधि में अवशेष परिवर्तन लागत की धनराशि एवं ग्राम शिक्षा समितियों के खाते में उपलब्ध मध्यान्ह भोजन योजना संबंधी धनराशि मध्यान्ह भोजन निधि में तत्काल स्थानान्तरित कर दी जायेगी। मध्यान्ह भोजन योजना के अतिरिक्त अन्य किसी योजना की धनराशि इस खाते में नहीं रखी जायेगी। इस खाते का संचालन संबंधित ग्राम पंचायत के प्रधान तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जाएगा। यह सभी खाते समीपस्थ सी.वी.एस. ब्रान्च में रखे जायेगे। इस खाते में मध्यान्ह भोजन योजना संचालन हेतु रखी जाने वाली विभिन्न मदों की धनराशि का लेखा जोखा पृथक रखा जाएगा।

4. योजना के अनुश्रवण हेतु प्रभावी व्यवस्था के नियंत्रण के लिए परिवर्तन लागत का दैनिक आय–व्यय लेखा विवरण, दैनिक खाद्यान्न स्टाक रजिस्टर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर मासिक सूचना प्रपत्र पर सूचना संकलन की व्यवस्था की गयी है।

मध्यान्ह भोजन योजना की लेखा परीक्षा ग्राम पंचायत की लेखा परीक्षा के साथ संपन्न की जाएगी।

ख– <u>संगठनात्मक ढॉचा</u>– विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव/ग्राम्य विकास अधिकारी उत्तरदायी थे। मनरेगा के क्रियान्वयन के लिए विकास खण्ड स्तर पर एवं खण्ड विकास अधिकारी, जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी व जिलाधिकारी , राज्य स्तर पर निदेशक, ग्राम्य विकास व शासन स्तर पर प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास , बारहवे वित्त आयोग के क्रियान्वयन के लिए ब्लाक स्तर पर सहायक विकास अधिकारी, पंचायती राज व शासन स्तर पर प्रमुख सचिव पंचायती राज, मध्यान्ह भोजन योजना के लिए ब्लाक स्तर पर सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/उप विद्यालय निरीक्षक, जिला स्तर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी, राज्य स्तर पर निदेशक, बेसिक शिक्षा व शासन स्तर पर प्रमुख

सचिव, बेसिक शिक्षा को उत्तरदायी बनाया गया है। इसी प्रकार अन्य योजनाओं के लिए संबंधित विभागों के विभिन्न स्तरों के अधिकारी उत्तरदायी हैं।

.....

अध्याय–3

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की लेखा परीक्षा प्रगति

3.1–जिला पंचायतें

वर्ष 2012–13 में राज्य की कुल 71 जिला पंचायतों में से 49 जिला पंचायतों के लेखा परीक्षा सम्पन्न की गयी। लेखा परीक्षित जिला पंचायतों की जनपदवार सूची परिशिष्ट 1 पर संलग्न है।

3.2–क्षेत्र पंचायतें

वर्ष 2012–13 में राज्य की कुल 811 क्षेत्र पंचायतों में से 128 क्षेत्र पंचायतों के लेखा परीक्षा सम्पन्न की गयी। लेखा परीक्षित क्षेत्र पंचायतों की जनपदवार सूची परिशिष्ट 2 पर संलग्न है। क्षेत्र पंचायतों के प्रशासनिक अधिकारी (मुख्य विकास अधिकारी) एवं कार्यकारी अधिकारी (खण्ड विकास अधिकारी) द्वारा लेखा परीक्षा में सहयोग न करने एवं लेखा परीक्षक के समक्ष लेखा परीक्षा हेतु समस्त निर्धारित अभिलेख प्रस्तुत न करने के कारण लेखा परीक्षा में अपेक्षित प्रगति न हो सकी।

3.3–ग्राम पंचायतें

वर्ष 2011–12 में राज्य की कुल 51755 ग्राम पंचायतों में से 26834 ग्राम पंचायतों के लेखा परीक्षा सम्पन्न की गयी। लेखा परीक्षित ग्राम पंचायतों की जनपदवार सूची परिशिष्ट 3 पर संलग्न है। ग्राम पंचायतों के प्रशासनिक अधिकारी (जिला पंचायती राज अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी) एवं कार्यकारी अधिकारी (ग्राम्य विकास अधिकारी) द्वारा लेखा परीक्षा में सहयोग न करने एवं लेखा परीक्षक के समक्ष लेखा परीक्षा हेतु समस्त निर्धारित अभिलेख प्रस्तुत न करने के कारण लेखा परीक्षा में अपेक्षित प्रगति न हो सकी।

अध्याय–4

लेखा परीक्षा में उद्घाटित महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा आपत्तियों का विवरण

लेखा परीक्षा के उद्देश्य– निष्पादित लेखा परीक्षा का उद्देश्य यह देखना था कि क्या–

1. संस्था द्वारा अपनायी गयी प्रक्रिया नियमावली के किसी नियम अथवा संविधान के किसी अनुच्छेद के विपरीत नहीं है।
2. किये गये व्यय में नियमों/मार्गदर्शी सिद्धान्तों का अनुपालन किया गया है तथा वित्तीय औचित्य के सिद्धान्तों का उल्लंघन नहीं हुआ है।
3. न्यूनतम मूल्य में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का क्रय किया गया है तथा न्यूनतम लागत में अधिकतम हित प्राप्त किया गया है।
4. संस्था द्वारा प्रभावी ढ़ंग से योजना का अनुश्रवण करते हुए भौतिक लक्ष्य को समय से पूरा कर लिया गया है।
5. बैंक खातों का मिलान कर लिया गया है।
6. सृजित परिसम्पत्तियों का लेखांकन किया गया है।
7. निर्धारित समस्त अभिलेखों का लेखांकन, रख रखाव एवं प्रस्तुतिकरण समुचित रूप से किया गया है।

लेखा परीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं कार्यविधि

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय वर्ष 2011–12 तक के अवधि की लेखा परीक्षा अप्रैल 2012 से मार्च 2013 के मध्य की गयी। जिसमें राज्य के सभी जनपदों के 27011 पंचायती राज संस्थाओं के उपलब्ध अभिलेखों की जॉच की गयी। योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी प्रशासनिक विभागों द्वारा निर्धारित किये गए उद्देश्यों, लेखा नियमों, सक्षम प्राधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के आधार पर जनपद के जिला लेखा परीक्षा अधिकारी द्वारा जनपद में तैनात लेखा परीक्षा कर्मियों के माध्यम से लेखा परीक्षा कार्य संपादित कराया गया।

पंचायती राज संस्थाओं की लेखा परीक्षा में उपलबध अभिलेखों का परीक्षणोपरान्त लेखा परीक्षक की टिप्पणियॉ लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के माध्यम से संबंधित पक्षों को निर्गत की गयी।

4.1–जिला पंचायतों के अनिस्तारित आपत्तियों का विवरण

मण्डल – गोरखपुर
जिला पंचायत – गोरखपुर वर्ष 2009–10

प्रस्तर सं0 01–निम्न विवरण के अनुसार कपितय अनुदान की धनराशियों विगत वर्षो से यथावत चली आ रही है। जो राज्य सरकार को वापस किया जाना चाहिये।विवरण इस प्रकार है :–

क्रम	अनुदान का विवरण	31.03.2009 को अवशेष	31.03.2010 को अवशेष
1	राजकीय अनुदान (93–94)	78,038.00	78,038.00
2	राज्य वित्त आयोग (2003–04)	124,700.00	124,700.00
3	राज्य वित्त आयोग (2005–06)	7,659,945.00	7,659,945.00
4	पूर्वांचल विकास निधि (02–03 से 05–06)	16,577.00	16,577.00
5	पूर्वांचल विकास निधि (06–07)	36,722.00	36,722.00
6	डी0 आर0 डी0 ए0 (04–05 से 05–06)	6,124.00	6,124.00
7	हथकरधा (06–07 से 07–08)	171.00	171.00
	योग	7,922,277.00	7,922,277.00

इस प्रकार उपरोक्त धनराशि को राज्य सरकार को वापस किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है।संस्था द्वारा उक्त धन का उपभोग न कर शासनादेशों के विपरित कार्य किया गया है।जो अंनियमित हैं।इसके लिये तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी व अभियन्ता उत्तरदायी है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	7922277.00	7922277.00

प्रस्तर सं0 02–नियमानुसार जिला पंचायत से अपेक्षित था कि वह प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिये विभिन्न करो की निर्धारित दर से मांग का निर्धारण करते हुये उनकी वसूली सुनिश्चित करे जिससे कि संस्था की आर्थिक स्थिति सुदृढ हो सके और क्षेत्रवासियों को मुलभूत अवस्थापना सुविधाये प्राप्त हो सके जिला पंचायत की मांग समाहरण पंजिका एंव अन्य सम्बन्धित अभिलेखों की जांच में पाया गया कि जिला पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2009–10 के लिये करो की मांग के सापेक्ष विभव सम्पत्ति कर की अपेक्षित वसूली न किये जाने के कारण वसूली अत्यन्त कम रही।विवरण निम्नवत है:–

क्रमांक	विकास खण्ड	चालू मांग	31.03.09 को बकाया	योग	वसूली	अवशेष बकाया
1	कैम्पियरगंज	478,407.00	308,155.00	786,562.00	273,421.00	513,141.00
2	जंगल कौडिया	163,766.00	70,670.00	234,436.00	70,030.00	164,406.00
3	खजनी	592,208.00	153,435.00	745,643.00	153,845.00	591,798.00
4	खोराबार	261,606.00	152,180.00	413,786.00	164,170.00	249,616.00
5	पिपरौली	279,123.00	149,530.00	428,653.00	149,730.00	278,923.00

6	चरगांवा	410,115.00	131,768.00	541,883.00	187,838.00	354,045.00
7	गोला	346,528.00	101,240.00	447,768.00	99,490.00	348,278.00
8	बेलधाट	165,778.00	152,410.00	318,188.00	153,670.00	164,518.00
9	उरूवा	275,318.00	177,210.00	452,528.00	182,130.00	270,398.00
10	सरदारनगर	425,894.00	196,913.00	622,807.00	201,216.00	421,591.00
11	कौडीराम	610,981.00	294,723.00	905,704.00	297,025.00	608,679.00
12	पिपराईच	268,191.00	174,460.00	442,651.00	162,390.00	280,261.00
13	बांसगांव	404,160.00	218,586.00	622,746.00	229,137.00	393,609.00
14	ब्रहमपुर	137,138.00	90,990.00	228,128.00	90,990.00	137,138.00
15	बडहलगंज	489,684.00	173,530.00	663,214.00	156,160.00	507,054.00
16	भटहट	290,554.00	92,590.00	383,144.00	81,990.00	301,154.00
17	पाली	230,010.00	125,470.00	355,480.00	115,260.00	240,220.00
18	सहजनवां	400,840.00	65,020.00	465,860.00	65,020.00	400,840.00
19	गगहा	526,675.00	243,645.00	770,320.00	211,677.00	558,643.00
	योग	6,756,976.00	3,072,525.00	9,829,501.00	3,045,189.00	6,784,312.00

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि कुल मांग रू0 9829501.00 के सापेक्ष वसूली मात्र 3045189.00 रहा तथा वसूली हेतु अवशेष रू0 6784312.00 रहा।इस प्रकार कुल मांग के सापेक्ष वसूली का प्रतिशत मात्र 30.98 प्रति शत रहा जो संस्था हित में नही रहा।इस सम्बन्ध में विकासखण्डवार डिमाण्ड रजिस्टर (सम्पत्ति व विभव कर) देखने से स्पष्ट हुआ कि अधिकांश दुकानों एंव सम्पत्तियो पर प्रत्येक वर्ष डिमाण्ड नही लगायी गयी है एंव जो वसूली हुयी है प्रायः उसे ही मांग दर्शित किया गया है। इस ओर प्रभावी कार्यवाही हेतु संस्था के प्रबन्ध तंत्र सहित विभागीय अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट है।इस हेतु कर अधिकारी ,कर निरीक्षक व कर समाहर्ता उत्तरदायी है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	6784312.00	6784312.00

प्रस्तर सं0 03–आलोच्य वर्ष की लेखा परीक्षा में यह पाया गया कि वर्षारम्भ 01.04.2009 को अवशेष अनुदानों में से वर्ष 2009–10 में व्यय की गयी धनराशि की शासन से पूर्व स्वीकृति की पत्रावली लेखा परीक्षा में बार–बार मांग के बावजूद प्रस्तुत नही की गयी जबकि कपितय धनराशियां आलोच्य वर्ष में व्यय की गयी है।विवरण निम्नवत है :–

क्रमांक	मद का नाम	01.04.09 को अवशेष	वर्ष में प्रयुक्त	वर्षान्त में अवशेष
1	राज्य वित्त आयोग (2007–08)	8,353,391.00	8,353,312.00	79.00
2	राज्य वित्त आयोग (2008–09)	21,478,397.00	21,466,913.00	11,484.00
3	ग्यारहवां वित्त आयोग (2000–01)	11,508.00	11,508.00	-

4	ग्यारहवां वित्त आयोग (2003–04)	165,783.00	165,783.00	-
5	बारहवां वित्त आयोग (2005–06)	1,929,534.00	1,929,534.00	-
6	बारहवां वित्त आयोग (2006–07)	8,909,033.00	8,909,033.00	-
7	पूवांचल विकास निधि (2008–09)	1,187.00	1,187.00	-
8	सांसद क्षेत्र विकास निधि (03–04)	25,717.20	25,717.20	-
	योग	40,874,550.20	40,862,987.20	11,563.00

इस प्रकार वर्ष के प्रारम्भ में रू0 40874550.20 अनुदान अवशेष (जो पिछले कई वर्षो से सम्बन्धित था) में रू0 40862987.20 आलोच्य वर्ष में उपयोग किया गया है।किन्तु उसके उपभोग हेतु शासन की पूर्व स्वीकृति लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नही किया गया।शासन की स्वीकृति के उपरान्त ही उक्त धनराशियो को व्यय किया जाना अपेक्षित रहा।बिना स्वीकृत के उक्त धनराशियों का व्यय किया जाना अनियमित है।इस हेतु अपर मुख्य अधिकारी व अभियन्ता उत्तरदायी है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	40862987.20	40862987.20

प्रस्तर सं0 4–आलोच्य वर्ष की अन्त्योदय/स्थानीय विकास व स्पेशल कम्पोनेन्ट योजनार्तन्गत वितरित ऋणों की धनराशि के विवरण के अनुसार 2009–10 के अन्त में दिनांक 31.03.2010 को रू0 93.78 लाख की वसूली बकाया थी।उक्त वसूली विगत वर्षो से नही हो पा रही है।और ना ही इसकी मांग लगायी जा रही है।उक्त धनराशि पर ब्याज भी नही लगाया जा रहा है।उक्त धनराशियो की वसूली की कार्यवाही करने हेतु विभागीय अधिकारियो सहित इकाई के प्रबन्ध तंत्र का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट है।धनराशि का विवरण निम्नवत है :–

क्रमांक	मद का नाम	01.04.09 को बकाया	2009–10 की मांग	कुल मांग	कुल वसूली	31.03.2010 को अवशेष
1	अन्त्योदय योजना	3812397.00	0.00	3812397.00	00.00	3812397.00
2	स्थानीय विकास	5275636.00	0.00	5275636.00	00.00	5275636.00
3	स्पेशल कम्पोनेन्ट	289347.00	0.00	289347.00	00.00	289347.00
	योग	9377380.00	0.00	9377380.00	00.00	9377380.00

यहां उल्लेखनीय है कि उक्त ऋण वितरण की पत्रावलियां भी जिला पंचायत स्तर पर रखी गयी है या नही स्पष्ट किया जा सका।ऋणो का कार्य विवरण पत्र भी बनाकर नही रखा गया है।आवश्यक एंव प्रभावी वसूली की कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियो का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट है।प्रभावी वसूली की कार्यवाही न हाने पर अपर मुख्य अधिकारी ,वित्तीय परामर्शदाता एंव वसूली अधिकारी की जिम्मेदारी है।उक्त वसूली न किये जाने से संस्था को क्षति हुयी है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	9377380.00	9377380.00

प्रस्तर सं0 5–आलोच्य वर्ष में कपितय जिला पंचायत द्वारा स्वीकृत ठेको के सापेक्ष अनुबन्ध शुल्क के रूप में प्राप्त होने वाली स्टैम्प डयूटी की धनराशि को ठेकेदारों द्वारा राजकीय खजाने में जमा नही कराया गया।जिस कारण राजस्व की क्षति ठेकेदारो द्वारा पहुचाई गयी है।जिसका दायित्व निर्धारण कर वसूली करायी जानी अपेक्षित है :–

क्रमांक	तहबाजारी का स्थान	ठेके का जमा मूल्य	निर्धारित स्टैम्प
1	हाटा बाजार पटरी रोड	119,100.00	11,910.00
2	भटौली बाजार पटरी रोड	106,000.00	10,600.00
3	तहबाजारी बोर्डिंग हाउस गोरखपुर	28,800.00	2,880.00
4	बरईपार बाजार	27,500.00	2,750.00
5	माल्हनपार बाजार	94,200.00	9,420.00
6	इमलीडीह रोड पटरी	32,000.00	1,000.00
	योग	407,600.00	38,560.00

उक्त की वसूली तत्कालीन लिपिक श्री प्रदीप श्रीवास्तव से की जानी अपेक्षित है।

	अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
	0.00	38560.00	0.00	38560.00

प्रस्तर सं0 6–दिनांक 05.08.2010 को टेण्डर विवरण पत्र के अनुसार ग्राम सभा डुमरी खास में 165 मीटर लम्बा इन्टरलाकिंग का कार्य 449775.00 में स्वीकृत किया गया था।उक्त कार्य के अन्तिम बिल में कार्य की भौतिक प्रगति 149 मीटर ही दर्शायी गयी है तथा जिला पंचायत द्वारा रू0 444820.00 का भुगतान किया गया है।जब कि लेखा परीक्षा के अनुसार 149 मीटर बनाये जाने की दशा में रू0 406363.00 ही भुगतान किया जाना चाहिये थां।इस प्रकार रू0 38457.00 अधिक भुगतान कर संस्था को क्षति एंव राजकीय धन का अपहरण किया गया है।जिसकी वसूली ठेकेदार /अभियन्ता व अपर मुख्य अधिकारी से किया जाना अपेक्षित हैं।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
38457.00	0.00	0.00	38457.00

प्रस्तर सं0 7–सम्पत्ति व विभव कर की वसूली की जांच में पाया गया कि कपितय विकास खण्डों में वसूली वर्ष 2008–09 की अपेक्षा कम रही है।जो उक्त विकास खण्डो के कर संगाहको की लापरवाही का प्रमाण है विवरण निम्नवत है :–

क्रमांक	विकास खण्ड का नाम	वर्ष 2008–09 में वसूली	वर्ष 2009–10 में वसूली	अन्तर
1	जंगल कौडिया	79780.00	70030.00	9750.00
2	खोराबार	178393.00	164170.00	14223.00
3	पिपरौली	191878.00	149730.00	42148.00
4	गोला	110218.00	99490.00	10728.00
5	सरदारनगर	257176.00	201126.00	56050.00
	योग	817445.00	684546.00	132899.00

उक्त के लिये सम्बन्धित विकास खण्डों में तैनात कर संग्राहक/कर समाहर्ता उत्तरदायी है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	132899.00	132899.00

जिला पंचायत– गोरखपुर, वर्ष–2010–11

प्रस्तर सं0 08–निम्न विवरण के अनुसार कपितय अनुदान की धनराशियों विगत वर्षो से यथावत चली आ जो राज्य सरकार को वापस किया जाना चाहिये।विवरण इस प्रकार है :–

क्रम	अनुदान का विवरण	31.03.2010 को अवशेष	31.03.2011 को अवशेष
1	राजकीय अनुदान (93–94)	78,038.00	78,038.00
2	राज्य वित्त आयोग (2003–04)	124,700.00	124,700.00
3	पूर्वांचल विकास निधि (02–03 से 05–06)	16,577.00	16,577.00
4	पूर्वांचल विकास निधि (06–07)	36,722.00	36,722.00
5	अम्बेडकर ग्राम विकास योजना	1,189,000.00	1,189,000.00
6	डी0 आर0 डी0 ए0 (04–05 से 05–06)	6,124.00	6,124.00
7	हथकरधा (06–07 से 07–08)	171.00	171.00
	योग	1,451,332.00	1,451,332.00

इस प्रकार विभिन्न वर्षो में प्राप्त अनुदान की धनराशि का वर्ष के दौरान ना ही उपयोग किया गया और ना ही उपरोक्त धनराशि को राज्य सरकार को वापस किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की गयी है।संस्था द्वारा उक्त धन का उपभोग न कर शासनादेशों के विपरित कार्य किया गया है।जो अनियमित रहा।जिस हेतु तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी व अभियन्ता उत्तरदायी है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	1451332.00	1451332.00

प्रस्तर सं0 09–लेखा परीक्षा में जिला पंचायत से अपेक्षित था कि वह प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिये विभिन्न करो की निर्धारित दर से मांग का निर्धारण करते हुये उनकी वसूली सुनिश्चित करे जिससे कि संस्था की आर्थिक स्थिति सुदृढ हो सके और क्षेत्रवासियों को मुलभूत अवस्थापना सुविधाये प्राप्त हो सके जिला पंचायत की मांग समाहरण पंजिका एंव अन्य सम्बन्धित अभिलेखों सी0पी0 टैक्स रजिस्टरों की जांच में पाया गया कि जिला पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2010–11 के लिये करो की मांग के सापेक्ष विभव सम्पत्ति कर की अपेक्षित वसूली न किये जाने के कारण वसूली अत्यन्त कम रही।विवरण निम्नवत है:–

क्रमांक	विकास खण्ड	चालू मांग	31.03.10 को बकाया	योग	वसूली	अवशेष बकाया
1	कैम्पियरगंज	260,960.00	513,141.00	774,101.00	281,420.00	492,681.00
2	जंगल कौडिया	53,720.00	164,406.00	218,126.00	53,720.00	164,406.00

3	खजनी	166,390.00	591,798.00	758,188.00	190,053.00	568,135.00
4	खोराबार	226,182.00	249,616.00	475,798.00	217,542.00	258,256.00
5	पिपरौली	162,100.00	278,923.00	441,023.00	157,620.00	283,403.00
6	चरगांवा	114,020.00	417,045.00	531,065.00	87,180.00	443,885.00
7	गोला	112,560.00	348,278.00	460,838.00	112,862.00	347,976.00
8	बेलधाट	130,370.00	164,518.00	294,888.00	131,170.00	163,718.00
9	उरूवा	116,640.00	270,398.00	387,038.00	115,150.00	271,888.00
10	सरदारनगर	205,014.00	421,591.00	626,605.00	199,230.00	427,375.00
11	कौडीराम	210,937.00	608,679.00	819,616.00	226,130.00	593,486.00
12	पिपराईच	194,700.00	280,261.00	474,961.00	212,870.00	262,091.00
13	बांसगांव	323,866.00	393,609.00	717,475.00	320,858.00	396,617.00
14	ब्रहमपुर	70,004.00	137,138.00	207,142.00	70,406.00	136,736.00
15	बडहलगंज	134,410.00	663,336.00	797,746.00	133,560.00	664,186.00
16	भटहट	191,030.00	301,154.00	492,184.00	182,140.00	310,044.00
17	पाली	196,556.00	240,220.00	436,776.00	214,178.00	222,598.00
18	सहजनवां	52,160.00	400,840.00	453,000.00	52,160.00	400,840.00
19	गगहा	176,350.00	558,643.00	734,993.00	167,730.00	567,263.00
	योग	3,097,969.00	7,003,594.00	10,101,563.00	3,125,979.00	6,975,584.00

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि कुल मांग रू0 10101563.00 के सापेक्ष वसूली मात्र 3125979.00 रहा तथा वसूली हेतु अवशेष रू0 6975584.00 रहा।इस प्रकार कुल मांग के सापेक्ष वसूली का प्रतिशत मात्र 30.94 प्रतिशत रहा जो संस्था हित में नही रहा।इस सम्बन्ध में विकासखण्डवार डिमाण्ड रजिस्टर (सम्पत्ति व विभव कर) देखने से स्पष्ट हुआ कि अधिकांश दुकानों एंव सम्पत्तियो पर प्रत्येक वर्ष डिमाण्ड नही लगायी गयी है एंव जो वसूली हुयी है प्रायः उसे ही मांग दर्शित किया गया है।जिससे संस्था की आय प्रभावित रही।जिस हेतु कर अधिकारी व कर समाहर्ता /कर निरीक्षक तथा अपर मुख्य अधिकारी उत्तरदायी है।इस ओर प्रभावी कार्यवाही हेतु संस्था के प्रबन्ध तंत्र सहित विभागीय अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	6975584.00	6975584.00

प्रस्तर सं0 10—संस्था की आलोच्य वर्ष की लेखा परीक्षा में यह तथ्य प्रकाश में आया कि वर्ष के प्रारम्भ में दिनांक 01.04.2010 को अवशेष अनुदानों में से वर्ष 2010–11 में व्यय किया गया है।जिस हेतु नियमानुसार शासन से पूर्व स्वीकृति प्राप्त किया जाना अपेक्षित रहा।वर्ष में व्यय की गयी धनराशि की शासन से पूर्व स्वीकृति की पत्रावली लेखा परीक्षा में बार–बार मांग के बावजूद प्रस्तुत नही की गयी।आलोच्य वर्ष में विगत वर्षो के अनुदानों के व्यय का विवरण निम्नवत है :–

क्रमांक	मद का नाम	01.04.10 को अवशेष	वर्ष में प्रयुक्त	वर्षान्त में अवशेष
1	राज्य वित्त आयोग (2005–06)	7659945.00	4203288.00	3456657.00
2	पिछडा क्षेत्र अनुदान निधि (2008–09)	31400000.00	28612844.00	2787156.00
3	पिछडा क्षेत्र अनुदान निधि (2009–10)	31110000.00	29789000.00	1321000.00
3	पिछडा क्षेत्र अनुदान निधि (क्षे0प0)	11989311.00	11333715.00	655596.00
4	पिछडा क्षेत्र अनुदान निधि (07–08)	3971596.12	2657618.00	1313978.12
5	राज्य वित्त आयोग (2006–07)	5063922.00	4088205.00	975717.00
5	राज्य वित्त आयोग (2009–10)	15979750.00	15773281.00	206469.00
5	बारहवां वित्त आयोग (2008–09)	2522438.00	2522438.00	0.00
6	बारहवां वित्त आयोग (2009–10)	16156389.00	15825199.00	331190.00
7	राष्ट्रीय सम विकास योजना (2009–10)	3357341.00	3089152.00	268189.00
8	राष्ट्रीय सम विकास योजना (2008–09)	3349853.00	3349853.00	0.00
	योग	132560545.12	121244593.00	11315952.12

इस प्रकार वर्ष के प्रारम्भ में रू0 132560545.12 अनुदान अवशेष (जो पिछले कई वर्षो से सम्बन्धित था) में रू0 121244593.00 आलोच्य वर्ष में उपयोग किया गया है।किन्तु उसके उपभोग हेतु शासन की पूर्व स्वीकृति लेखा परीक्षा में बार बार मांगे जाने के बाद भी प्रस्तुत नही किया गया।शासन की स्वीकृति के उपरान्त ही उक्त धनराशियो को व्यय किया जाना चाहिये था।बिना स्वीकृत के उक्त धनराशियों का व्यय किया जाना अनियमित रहा।उक्त प्रकरण में अपर मुख्य अधिकारी व अभियन्ता उत्तरदायी है।

यहां उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष के अनुदान का समायार्न्तगत व्यय न करके वित्तीय वर्ष 2010–11 में व्यय किये जाने से सामग्री की किमत बढ जाने से अत्याधिक व्यय हुआ है।जिससे अनुदान की धनराशि की क्षति तो हुयी है साथ ही साथ समय से राजकीय उददेश्यों की भी पूर्ति नही हुयी है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	121244593.00	121244593.00

प्रस्तर सं0 11–लेखा परीक्षा में प्रस्तुत आलोच्य वर्ष की अन्त्योदय योजना ,स्थानीय विकास व स्पेशल कम्पोनेन्ट योजनार्तन्गत वितरित ऋणों की धनराशि के विवरण पत्र के अनुसार 2010–11 के अन्त में दिनांक 31.03.2011 को उक्त योजनाओं के अर्न्तगत रू0 93.78 लाख की वसूली बकाया थी।उक्त वसूली विगत वर्षो से नही हो पा रही है और ना ही संस्था द्वारा इसकी मांग लगायी जा रही है।साथ ही उक्त धनराशि पर ब्याज भी नही लगाया जा रहा है।उक्त धनराशियो की वसूली की कार्यवाही करने हेतु विभागीय अधिकारियो सहित इकाई के प्रबन्ध तंत्र का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट है।धनराशि का विवरण निम्नवत है :–

क्रमांक	मद का नाम	01.04.09 को बकाया	2009–10 की मांग	कुल मांग	कुल वसूली	31.03.2010 को अवशेष
1	अन्त्योदय	38-12	0-00	38-12	00-00	38-12

	योजना					
2	स्थानीय विकास	52-76	0-00	52-76	00-00	52-76
3	स्पेशल कम्पोनेन्ट	002-90	0-00	002-90	00-00	2.9
	योग	93-78	0-00	93-78	00-00	93-78

यहां उल्लेखनीय है कि उक्त ऋण वितरण की पत्रावलियां भी जिला पंचायत स्तर पर रखी गयी है या नही लेखा परीक्षा में इसे स्पष्ट नही किया जा सका।ऋणो का कार्यविवरण पत्र भी बनाकर नही रखा गया है।आवश्यक एंव प्रभावी वसूली की कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियो का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट है।प्रभावी वसूली की कार्यवाही न होने पर अपर मुख्य अधिकारी ,वित्तीय परामर्शदाता एंव वसूली अधिकारी की उत्तरदायी है।उक्त वसूली न किये जाने से संस्था को क्षति हुयी है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	9378000.00	9378000.00

प्रस्तर सं0 12–सम्पत्ति व विभव कर की वसूली की जांच में पाया गया कि कपितय विकास खण्डों में वसूली वर्ष 2009–10 की अपेक्षा कम रही है।जो उक्त विकास खण्डो के कर संगाहको की लापरवाही का प्रमाण है विवरण निम्नवत है :–

क्रमांक	विकास खण्ड का नाम	वर्ष 2009–10 में वसूली	वर्ष 2010–11 में वसूली	अन्तर
1	जंगल कौडिया	70030.00	53720.00	16310.00
2	चरगांवा	187838.00	87180.00	100658.00
3	उरूवा	182130.00	115150.00	66980.00
4	सरदारनगर	201216.00	199230.00	1986.00
5	कौडीराम	297025.00	226130.00	70895.00
6	ब्रहमपुर	90990.00	70406.00	20584.00
7	सहजनवां	65020.00	52160.00	12860.00
8	गगहा	211677.00	167730.00	43947.00
	योग	1305926.00	971706.00	334220.00

उक्त विकास खण्डो में कम वसूली के हेतु कर निरीक्षक व कर समाहर्ता तथा अपर मुख्य अधिकारी उत्तरदायी हैं।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	334220.00	334220.00

प्रस्तर सं0 13– आलोच्य वर्ष की लेखा परीक्षा में विकास खण्ड खोराबार विभिन्न ग्राम पंचायतों में लाइसेन्स शुल्क वर्ष 2010–11 में वसूल न करके संस्था को क्षति पहुचायी गयी है।जबकि वर्ष 2009–10 में एंव वर्ष 2011–12 में उक्त संस्थाओं से लाइसेन्स शुल्क की वसूली की गयी है।इस प्रकार आलोच्य वर्ष में लाइसेन्स शुल्क की वसूली न करके विकास खण्ड खोराबार में रू0 16268.00 निम्न विवरण के अनुसार क्षति पहुचायी गयी है।

क्रमांक	सम्बन्धित ग्राम पंचायतों का नाम	सम्बद्ध लाईसेन्स शुल्क की धनराशि
1	सूबा बाजार	4047.00
2	मोतीराम अडडा	4567.00

3	गहिरा	515.00
4	झंगहा बाजार /गौरी नं0 1	3149.00
5	अमहिया	412.00
6	मिर्जापुर /धोबही /सनहा	466.00
7	नौवा डुमरी	270.00
8	पक्का कुआ डांगीपार	35.00
9	कुई / प्यासी	754.00
10	सिक्टौर बाई पास	1405.00
11	रायगंज	180.00
12	जं0 गौरी नं0 1	468.00
	योग	16268.00

उक्त से स्पष्ट है कि विकास खण्ड खोराबार में कार्यरत श्री संजय सहाय श्रीवास्तव ,कर समाहर्ता द्वारा लाइसेन्स शुल्क रू0 16268.00 की वर्ष के दौरान वसूली न करके संस्था को क्षति पहुचायी गयी है।जिसके लिये श्री श्रीवास्तव ,कर समाहर्ता ,कर अधिकारी तथा अपर मुख्य अधिकारी पूर्णतया जिम्मेदार है।विभागीय जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	16268.00	16268.00

प्रस्तर सं0 14– आलोच्य वर्ष की लेखा परीक्षा में विकास खण्ड पिपरौली विभिन्न ग्राम पंचायतों में लाइसेन्स शुल्क वर्ष 2010–11 में वसूल न करके संस्था का निम्न विवरण के अनुसार क्षति पहुचायी गयी है।

क्रमांक	सम्बन्धित ग्राम पंचायतों का नाम	सम्बद्व लाईसेन्स शुल्क की धनराशि
1	महाबीर छपरा	2476.00
2	भावापार /सेवई	2911.00
3	भीटी	530.00
4	बरहुआं	160.00
5	नगवा	280.00
6	बरवार / छपिया	805.00
7	खानिमपुर	175.00
8	पिपरौली	690.00
9	जैतपुर	555.00
10	हरैया	215.00
11	छपिया	197.00
	योग	8994.00

उक्त से स्पष्ट है कि विकास खण्ड पिपरौली में कार्यरत श्री अनिरूद्व प्रसाद ,कर समाहर्ता द्वारा लाइसेन्स शुल्क रू0 8994.00 की वर्ष के दौरान वसूली न करके संस्था को क्षति पहुचायी गयी है।जिसके लिये श्री प्रसाद ,कर समाहर्ता ,कर अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी पूर्णतया जिम्मेदार है।श्री प्रसाद के खिलाफ आवश्यक विभागीय कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	8994.00	8994.00

प्रस्तर सं0 15– आलोच्य वर्ष की लेखा परीक्षा में यह तथ्य प्रकाश में आया कि विकास खण्ड पाली के ग्राम पंचायत घघसरा में निर्मित प्राथमिक पाठशाला में स्थित दुकानों का किराया (188 प्रति माह) विगत वर्षो से वसूल न करके संस्था को क्षति पहुंचायी जा रही हैं जिसका विवरण निम्नवत है।

क्रम सं0	कुल दुकानों की सं0	गत वर्ष की मांग	वर्ष की मांग	योग	वसूली	बकाया
1	23	102573.00	51888.00	154461.00	52458.00	102003.00

यहां उल्लेखनीय है कि दुकानों का किराया मात्र रू0 188.00 प्रतिमाह है जिसके सापेक्ष लेखा परीक्षा में प्रस्तुत किराया रजि0 में दुकानों का कार्पेट एरिया व अन्य विवरण अंकित न होने के कारण प्रतिमाह निर्धारित किराये की समीक्षा नही की जा सकी।उक्त के बाद भी रू0 102003.00 दुकान किराया मद में बकाया रहना कर समाहर्ता के धोर निष्क्रियता का परिचायक रहा जिस हेतु श्री अनिरूद्व प्रसाद ,कर अधिकार व अपर मुख्य अधिकारी पुर्णतया जिम्मेदार है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	102003.00	102003.00

प्रस्तर सं0 16– आलोच्य वर्ष की लेखा परीक्षा में यह तथ्य प्रकाश में आया कि पादरी बाजार / चरगांवा में स्थित दुकानों का किराया वर्ष के दौरान व विगत वर्षो से वसूल न करके संस्था को क्षति पहुंचायी जा रही हैं जिसका विवरण निम्नवत है।

क्रम सं0	किरायेदार का नाम व दुकान नं0 एंव किराया प्रतिमाह	गत वर्ष की बकाया	वर्ष की मांग	योग	वर्ष में वसूली	कुल बकाया
1	उषा देवी दुकान नं0 1,2 रू0 375 प्रति माह	4950.00	4500.00	9450.00	3900.00	5550.00
2	सन्तोष कुमार वर्मा दुकान नं0 3 व 4 रू0 375 प्रति माह	2925.00	4500.00	7425.00	4125.00	3300.00
3	माता प्रसाद दु0 नं0 5 रू0 188 प्रति माह	2076.00	2256.00	4332.00	2600.00	1732.00
4	शरीफ खां दुकान नं0 6 रू0 188 प्रति माह	4103.00	2256.00	6359.00	2800.00	3559.00

5	शंकर प्रसाद दुकान नं0 7 व 8 रू0 375 प्रति माह	1575.00	4500.00	6075.00	5625.00	450.00
6	आलोक कुमार वर्मा दुकान नं0 9 रू0 188 प्रति माह	1309.00	2256.00	3565.00	2250.00	1315.00
7	सुखराम यादव दुकान नं0 10 रू0 188 प्रति माह	206.00	2556.00	2762.00	2075.00	687.00
8	सी0 के0 सिंह दुकान नं0 11 रू0 188 प्रति माह	10.00	2256.00	2266.00	2250.00	16.00
9	राजकुमार दुकान नं0 12 रू0 188 प्रति माह	3565.00	2256.00	5821.00	2620.00	3201.00
10	गणेश प्रसाद श्री0 दुकान नं0 13 रू0 188 प्रति माह	10.00	2256.00	2266.00	2250.00	16.00
11	राम सिंगारी दुकान नं0 14 रू0 188 प्रति माह	1905.00	2256.00	4161.00	2200.00	1961.00
12	शकल प्रसाद दुकान नं0 15 रू0 188 प्रति माह	18.00	2256.00	2274.00	2250.00	24.00
13	रामाकान्त चौहान दुकान नं0 16 रू0 200 प्रति माह	2400.00	2400.00	4800.00	2400.00	2400.00
14	विजय कुमार दुकान नं0 17 रू0 100 प्रति माह	900.00	1200.00	2100.00	2100.00	0.00
	योग	25952.00	37704.00	63656.00	39445.00	24211.00

यहां उल्लेखनीय है कि दुकानों का किराया मात्र रू0 188.00 प्रतिमाह व रू0 300.00 प्रतिमाह है जिसके सापेक्ष लेखा परीक्षा में प्रस्तुत किराया रजि0 में दुकानों का कार्पेट एरिया व अन्य विवरण अंकित न होने के कारण प्रतिमाह निर्धारित किराये की समीक्षा नही की जा सकी।उक्त के बाद भी रू0 24211.00 दुकान किराया मद में बकाया रहना कर निरीक्षक के धोर निष्क्रियता का परिचायक रहा जिस हेतु श्री घरीक्षण कर समाहर्ता ,तत्कालीन कर अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी पुर्णतया जिम्मेदार है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	24211.00	24211.00

प्रस्तर सं0 17– आलोच्य वर्ष की लेखा परीक्षा में यह तथ्य प्रकाश में आया कि नगर क्षेत्र में असुरन चौक पर स्थित दुकान जो किराया रजिस्टर के अनुसार अखिल भारतीय बीर बहादुर सिंह जन सेवा संस्थान को मात्र 1500.00 रू0 प्रतिमाह दर पर आंवंटित है ,से सम्बन्धित किराया विवरण पत्रावली लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न होने के कारण आवंटित दुकान के कारपेट एरिया की जानकारी लेखा परीक्षा में नही हो सकी जिसके कारण किराया प्रतिमाह की समीक्षा नहीं की जा सकी।उक्त आवंटित दुकान के सापेक्ष वर्ष के दौरान कुल मांग 22500.00 के सापेक्ष मात्र 18000.00 की वसूली हुयी इस प्रकार रू0 4500.00 की वसूली नही हो पा रही है।जबकि प्रतिमाह किराया वसूल किया जाना अपेक्षित रहा।मांग के सापेक्ष रू0 4500.00 कम वसूली हेतु श्री पंचदेव चतुर्वेदी कर निरीक्षक नगर क्षेत्र ,तत्कालीन कर अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी पूर्णतया जिम्मेदार है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	4500.00	4500.00

प्रस्तर सं0 18– जिला पंचायत गोरखपुर के वर्ष 2010–11 के सम्पत्ति व विभव कर रजिस्टरों की विकास खण्डवार जांच में विकास खण्ड चरगांवा के सम्पत्ति व व विभाव कर से सम्बन्धित विवरण पत्रों की जांच में यह यह तथ्य प्रकाश में आया कि कपितय दुकानो /प्रतिष्ठानों पर सम्पत्ति व विभव कर के मांग व वसूली में गम्भीर अनियमितता बरती गयी है।विकास खण्ड के निम्नलिखित ग्राम पंचायतों में स्थित दुकानो व प्रतिष्ठानों पर वर्ष के दौरान सम्पत्ति व विभव कर की डिमाण्ड न लगाकर संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है।विवरण निम्नवत हैं।

क्रमसं0	ग्राम पंचायत का नाम /स्थान	कर की देय धनराशि	वर्ष के दौरान मांग न लगाकर क्षति
1	पादरी बाजार	50610.00	50610.00
2	सराय गुलरिहा	5100.00	5100.00
3	रजही	13560.00	13560.00
4	जं0 घूसड	14790.00	14790.00
5	तुर्रा बाजार	9060.00	9060.00
6	महराजगंज	43080.00	43080.00
7	बैजनाथपुर	10500.00	10500.00
8	मिर्जापुर	3750.00	3750.00
9	जं0 छत्रधारी	4800.00	4800.00
10	झुंगिया बाजार	55680.00	55680.00
11	बेलवा रामपुर	3900.00	3900.00
12	पकड़ी	1500.00	1500.00
13	जं0 एकला नं0 1	11100.00	11100.00
14	परमेश्वरपुर	5700.00	5700.00
15	नवापार	20130.00	15930.00
16	नौका टोला जं0 धूसड	6930.00	6930.00
17	देवीपुर	2400.00	2400.00
18	जं0 सिक्टौर	52830.00	52830.00
	योग	**315420.00**	**311220.00**

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि विकास खण्ड चरगांवा में स्थित दुकानो /प्रतिष्ठानों पर रू0 315420.00 सी0पी0 टैक्स की वर्ष के दौरान मांग न लगाकर संस्था की आय को प्रभावित किया गया है जिस हेतु सम्बन्धित कर समाहर्ता श्री धरीक्षण ,कर अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी पूर्णतया उत्तरदायी है।उक्त क्षति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुसार आवश्यक विभागीय कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	311220.00	311220.00

प्रस्तर सं0 19– जिला पंचायत गोरखपुर के वर्ष 2010–11 के सम्पत्ति व विभव कर रजिस्टरों की विकास खण्डवार जांच में विकास खण्ड चरगांवा के सम्पत्ति व विभाव कर से सम्बन्धित विवरण पत्रों तथा मांग व उगाही रजि0 की जांच में यह यह तथ्य प्रकाश में आया कि कपितय दुकानो /प्रतिष्ठानों पर सम्पत्ति व विभव कर के मांग व वसूली में गम्भीर अनियमितता बरती गयी है।विकास खण्ड के निम्नलिखित ग्राम पंचायतों में स्थित दुकानो व प्रतिष्ठानों पर वर्ष के दौरान कर की देय धनराशि से कम मांग लगाकर मांग के सापेक्ष कम वसूली कर संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है।विवरण निम्नवत हैं।

क्रमांक	ग्राम पंचायत का नाम /स्थान	कर की धनराशि / कर निर्धारण	वर्ष के दौरान मांग	वर्ष के दौरान वसूली
1	पादरी बाजार	43140.00	29620.00	29620.00
2	एकला नं0 2	1800.00	1100.00	1100.00
3	बैजनाथपुर	1800.00	1100.00	1100.00
4	मिर्जापुर	2550.00	1720.00	1720.00
5	जं0 छत्रधारी	7500.00	4000.00	4000.00
6	तुर्रा बाजार	1200.00	750.00	750.00
7	महराजगंज	2450.00	1570.00	1570.00
8	सराय गुलरिहा	7200.00	4950.00	750.00
9	जं0 धूसड	1860.00	1240.00	1240.00
10	नौका टोला जं0 धूसड	6000.00	600.00	600.00
11	सिकटौर /मानीराम	6300.00	3900.00	3900.00
12	नाहरपुर	2400.00	1560.00	1500.00
	योग	84200.00	52110.00	47850.00

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि विकास खण्ड चरगांवा में कर की देय धनराशि रू0 84200.00 के सापेक्ष वर्ष के दौरान 52110.00 की मांग लगायी गयी जिसके सापेक्ष रू0 47850.00 की वसूली वर्ष के दौरान की गयी है।इस प्रकार कर की देय धनराशि के सापेक्ष रू0 32090.00 कम मांग लगाकर व कुल मांग रू0 52110.00 के सापेक्ष रू0 47850.00 की वसूली कर रू0 4260.00 की कम वसूली कर संस्था को कुल रू0 36350.00 की क्षति पहुचायी गयी है।जिस हेतु श्री धरीक्षण कर समाहर्ता ,कर अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी पूर्णतया जिम्मेदार है।उक्त क्षति किये जाने हेतु कर समाहर्ता पर आवश्यक विभागीय कार्यवाही की जानी अपेक्षित हैं।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	47850.00	47850.00

प्रस्तर सं0 20– जिला पंचायत गोरखपुर के वर्ष 2010–11 के सम्पत्ति व विभव कर रजिस्टरों की विकास खण्डवार जांच में विकास खण्ड चरगांवा के सम्पत्ति व व विभाव कर से सम्बन्धित विवरण पत्रों तथा मांग व उगाही रजिस्टर की जांच में यह यह तथ्य प्रकाश में आया कि कपितय चिमनी ईट भठठो से प्राप्त होने वाले सम्पत्ति व विभव कर के मांग व वसूली में गम्भीर अनियमितता बरती गयी है।विकास खण्ड के निम्नलिखित चिमनी ईट भठठों पर वर्ष के दौरान कर की देय धनराशि से कम मांग लगाकर संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है।विवरण निम्नवत हैं।

क्रमांक	भठठा मालिक का नाम	कर की धनराशि /कर निर्धारण	वर्ष के दौरान मांग	वर्ष के दौरान मांग में कमी
1	श्री महेन्द्र प्रताप सिंह	6000.00	4200.00	1800.00
2	मैं0 अभिषेक इन्टरप्राइजेज	6000.00	4200.00	1800.00
3	मे0 के के ब्रिक्स फिल्ड	6000.00	0.00	6000.00
4	मे0 एस0 ए0 ब्रिक्स फिल्ड	6000.00	4200.00	1800.00
5	साकेत ब्रिक्स फिल्ड	6000.00	4200.00	1800.00
6	मे0 विशाल ब्रिक्स फिल्ड	6000.00	4200.00	1800.00
7	मे0 चांद ब्रिक्स फिल्ड	6000.00	0.00	6000.00
	योग	42000.00	21000.00	21000.00

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि विकास खण्ड चरगांवा में चिमनी ईट भठठो पर कर की देय धनराशि रू0 42000.00 के सापेक्ष वर्ष के दौरान 21000.00 की मांग लगायी गयी है।इस प्रकार कर की देय धनराशि के सापेक्ष रू0 21000.00 कम मांग लगाकर संस्था को रू0 21000.00 की क्षति पहुंचायी गयी है।जिस हेतु श्री धरीक्षण कर समाहर्ता ,कर अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी पूर्णतया जिम्मेदार है।उक्त क्षति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक विभागीय कार्यवाही कर समाहर्ता पर की जानी अपेक्षित हैं।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	21000.00	21000.00

प्रस्तर सं0 21– जिला पंचायत गोरखपुर के वर्ष 2010–11 के सम्पत्ति व विभव कर रजिस्टरों की विकास खण्डवार जांच में विकास खण्ड चरगांवा के सम्पत्ति व विभाव कर से सम्बन्धित विवरण पत्रों तथा मांग व उगाही रजिस्टर की जांच में यह यह तथ्य प्रकाश में आया कि कपितय चिमनी ईट भठठो से प्राप्त होने वाले सम्पत्ति व विभव कर के मांग व वसूली में गम्भीर अनियमितता बरती गयी है।विकास खण्ड के निम्नलिखित चिमनी ईट भठठों पर वर्ष के दौरान कोई मांग लगाकर संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है।विवरण निम्नवत हैं।

क्रमसं0	ग्राम पंचायत का नाम /स्थान	कर की देय धनराशि	वर्ष के दौरान मांग न लगाकर क्षति
1	श्री प्रेम आनन्द सिंह	6000.00	6000.00
2	में ममता टेडर्स	6000.00	6000.00
3	मे0 राज ब्रिक्स फिल्ड	6000.00	6000.00
4	मे0 आशा ब्रिक्स फिल्ड	6000.00	6000.00
5	मे0 ओम प्रकाश ब्रिक्स फिल्ड	6000.00	6000.00
6	मे0 फिलिंग ब्रिक्स फिल्ड	6000.00	6000.00
	योग	**36000.00**	**36000.00**

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि विकास खण्ड चरगांवा में चिमनी ईट भठठो पर कर की देय धनराशि रू0 36000.00 के सापेक्ष वर्ष के दौरान मांग नही लगायी गयी है।इस प्रकार कर की देय धनराशि के सापेक्ष मांग न लगाकर संस्था को रू0 36000.00 की क्षति पहुंचायी गयी है।जिस हेतु श्री धरीक्षण कर समाहर्ता ,कर अधिकारी तथा अपर मुख्य अधिकारी पूर्णतया जिम्मेदार है।उक्त क्षति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित हैं।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	36000.00	36000.00

प्रस्तर सं0 22– जिला पंचायत गोरखपुर के वर्ष 2010–11 के सम्पत्ति व विभव कर से सम्बन्धित विकास खण्ड बडहलगंज के मांग व उगाही रजिस्टर की जांच में पाया गया कि कपितय वाहन मालिको पर सम्पत्ति व विभव कर का निर्धारण व वर्ष की मांग नही अंकित किया गया है।संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के अनुसार वाहन मालिको पर वर्ष 2008–09 से ही कर का निर्धारण व वसूली नही की जा रही है।इस प्रकार वर्ष 2010–11 में विकास खण्ड के 165 वाहन स्वामियों पर रू0 281130.00 की कर की मांग न लगाकर व वर्ष दौरान वसूली न करके संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है।जो अनियमित रहा।जिस हेतु सम्बनिधत विकास खण्ड के कर समाहर्ता /कर निरीक्षक श्री सन्तोष कुमार गौतम पूर्णतया उत्तरदायी है।उदाहरण निम्नवत है :–

क्रमांक	वाहन स्वामी का नाम	वाहन का रजि0 नम्बर	कर की राशि	मांग न लगाकर क्षति
1	श्री अजय कुमार जायसवाल पुत्र श्री राधेश्याम	UP53 T 2689	1800	1800
2	श्री गोरखनाथ त्रिपाठी पुत्र श्री शिवाश्रम त्रिपाठी	UP53 T 3103	1800	1800
3	श्री कृष्णानन्द पाण्डेय पुत्र श्री रामप्रधुमन पाण्डेय	UP53 T 3501	1800	1800
4	श्री संजय तिवारी पत्र श्री प्रेमचन्द्र तिवारी	UP53 T 2162	1800	1800
5	श्री संदीप सिंह पु0 श्री लाल साहब सिंह	UP53 T 1031	1800	1800
6	श्री राजेश कुमार यादव पुत्र श्री मुन्ना यादव	UP53 T 0273	1200	1200

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	281130.00	281130.00

प्रस्तर सं0 23– जिला पंचायत गोरखपुर के वर्ष 2010–11 के सम्पत्ति व विभव कर से सम्बन्धित विकास खण्ड बडहलगंज के मांग व उगाही रजिस्टर की जांच में पाया गया कि ग्राम पंचायतवार राशन की दुकानों /पेट्रोल पम्प /हास्पिटलो तथा निजी प्रतिष्ठानो पर सम्पत्ति व विभव कर के निर्धारण में पारदर्शिता नही बरती गयी है।निम्नलिखित ग्राम पंचायतों में सम्पत्ति व विभव कर का वर्ष के दौरान मांग न लगाकर अंकित धनराशि से संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है।विवरण निम्न है:–

क्रमसं0	ग्राम पंचायत का नाम /स्थान	कर की देय धनराशि /अवधारण	वर्ष के दौरान मांग न लगाकर क्षति
1	बडहलगंज सदर	210600.00	210600.00
2	चिल्लूपार	17220.00	17220.00

3	डेरवा	11790.00	11790.00
4	सेमरा	1200.00	1200.00
5	कुरांव	10710.00	10710.00
6	औझौली	930.00	930.00
7	विशुनपुरा	1800.00	1800.00
8	पोहिला	3000.00	3000.00
9	सिधुआपार	20880.00	20880.00
10	कृतपुरा	6000.00	6000.00
11	सीधेगौर	6430.00	6430.00
12	पिडहनी	6690.00	6690.00
13	झुमिला	21840.00	21840.00
14	रामपुर गढवा	6600.00	6600.00
15	बाक्षेपार	20930.00	20930.00
	योग	346620.00	346620.00

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि विकास खण्ड बडहलगंज में स्थित दुकानो/प्रतिष्ठानों पर रू0 346620.00 सी0पी0 टैक्स की वर्ष के दौरान मांग न लगाकर संस्था की आय को प्रभावित किया गया है जिस हेतु सम्बन्धित कर समाहर्ता/कर निरीक्षक श्री सन्तोष कुमार गौतम ,तत्कालीन कर अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी पूर्णतया उत्तरदायी है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	346620.00	346620.00

प्रस्तर सं0 24– जिला पंचायत गोरखपुर के वर्ष 2010–11 के सम्पत्ति व विभव कर रजिस्टरों की विकास खण्डवार जांच में विकास खण्ड बडहलगंज के सम्पत्ति व विभाव कर से सम्बन्धित विवरण पत्रों तथा मांग व उगाही रजिस्टर की जांच में यह यह तथ्य प्रकाश में आया कि कपितय चिमनी ईट भठठो से प्राप्त होने वाले सम्पत्ति व विभव कर के मांग व वसूली में गम्भीर अनियमितता बरती गयी है।चिमनी ईट भठठा मालिकों द्वारा विगत कई वर्षो से कर का भुगतान नही किया जा रहा है।वर्ष के दौरान विकास खण्ड के कुल 13 चिमनी ईट भठठों कर का निर्धारण किया गया है किन्तु वर्ष के दौरान कर की वसूली न करके संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है विवरण निम्नवत है :–

क्रमांक	प्रतिष्ठान /प्रोपाइटर का नाम	कर की देय धनराशि	मांग न लगाकर क्षति
1	मे0 जनशक्ति ट्रेंडर्स प्रो0 श्री होती चौहान ग्राम – कल्यानपुर	6000.00	6000.00
2	मे0 यादव ईट भठठा ,प्रो0 श्री धर्मसेवक यादव , ग्राम भैसवली	6000.00	6000.00
3	मे0 आदि शक्ति ब्रिक्स फिल्ड ,प्रा0 श्री राम दुलारे , ग्रा0–बरडीहा	6000.00	6000.00
4	मे0 बजरंग ब्रिक्स फिल्ड प्रो0 श्रीमती माया दूबे	6000.00	6000.00
5	मे0 एस0 के ट्रेडिंग कम्पनी प्रो0 श्री श्रीमती सुमित्रा देवी	6000.00	6000.00
6	मे0 जगदम्बा ट्रेडर्स ,प्रो0 श्री रामदुलारे दूबे	6000.00	6000.00
7	श्री मधु यादव	6000.00	6000.00
8	मे0 श्याम ब्रदर्स प्रो0 श्री श्याम लाल यादव	6000.00	6000.00
9	मे0 महाजन ब्रिक्स फिल्ड प्रो0 श्री विजय कुमार	6000.00	6000.00

10	मे0 अम्बे ब्रिक्स फिल्ड प्रो0 श्री राजवंश शाही	6000.00	6000.00
11	मे0 बृजेश ब्रिक्स फिल्ड प्रो0 श्री मती इन्द्रावती देवी	6000.00	6000.00
12	मे0 जनशक्ति ईंट भठठा , प्रो0 श्रीमती उषा देवी	6000.00	6000.00
13	मे0 जय अम्बे ईंट उधोग, प्रो0 श्री पवन सिंह	6000.00	6000.00
14	मे0 जनशक्ति टेंडर्स प्रो0 श्री होती चौहान	6000.00	6000.00
	योग	84000.00	84000.00

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि विकास खण्ड बडहलगंज में स्थित चिमनी ईंट भठठा प्रतिष्ठानों पर रू0 84000.00 सी0पी0 टैक्स की वर्ष के दौरान मांग न लगाकर संस्था की आय को प्रभावित किया गया है जिस हेतु सम्बन्धित कर समाहर्ता/कर निरीक्षक श्री सन्तोष कुमार गौतम ,तत्कालीन कर अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी पूर्णतया उत्तरदायी है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	84000.00	84000.00

प्रस्तर सं0 25– जिला पंचायत गोरखपुर के वर्ष 2010–11 के सम्पत्ति व विभव कर से सम्बन्धित मांग व उगाही रजि0 की जांच में यह यह तथ्य प्रकाश में आया कि कपितय दुकानो /प्रतिष्ठानों पर सम्पत्ति व विभव कर के मांग व वसूली में गम्भीर अनियमितता बरती गयी है।विकास खण्ड बडहलगंज के निम्नलिखित ग्राम पंचायतों में स्थित दुकानो व प्रतिष्ठानों पर वर्ष के दौरान कर की देय धनराशि /कर निर्धारण से कम मांग लगाकर तथा मांग के सापेक्ष कम वसूली कर संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है।विवरण निम्नवत हैं।

क्रमांक	ग्राम पंचायत का नाम /स्थान	कर की धनराशि / कर निर्धारण	वर्ष के दौरान मांग	वर्ष के दौरान वसूली
1	चिल्लूपार	1200.00	900.00	900.00
2	डेरवा	1500.00	1050.00	1050.00
3	झुमिला	6390.00	3190.00	3190.00
	योग	9090.00	5140.00	5140.00

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि विकास खण्ड बडहलगंज में कर निर्धारण की राशि रू0 9090.00 के सापेक्ष वर्ष के दौरान 5140.00 की मांग लगायी गयी जिसके सापेक्ष रू0 5140.00 की वसूली वर्ष के दौरान की गयी है।इस प्रकार कर की देय धनराशि के सापेक्ष रू0 3950.00 कम मांग लगाकर संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है।जिस हेतु श्री सन्तोष कुमार गौतम कर निरीक्षक ,कर अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी पूर्णतया जिम्मेदार है।उक्त क्षति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण कर समाहर्ता से प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित हैं।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	3950.00	3950.00

प्रस्तर सं0 26– जिला पंचायत गोरखपुर के वर्ष 2010–11 के सम्पत्ति व विभव कर से सम्बन्धित विकास खण्ड पिपराईच के मांग व उगाही रजिस्टर की जांच में पाया गया कि कपितय वाहन मालिको पर सम्पत्ति व विभव कर का निर्धारण व वर्ष की मांग नही अंकित किया गया है।संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के अनुसार वाहन मालिको पर वर्ष 2008–09 से ही कर का निर्धारण व वसूली नही की जा रही है।इस प्रकार वर्ष 2010–11 में विकास खण्ड के 41 वाहन स्वामियों पर रू0 66900.00 की कर की मांग न लगाकर व वर्ष दौरान वसूली न करके संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है।जो अनियमित रहा।जिस हेतु सम्बनिधत विकास खण्ड के कर समाहर्ता /कर निरीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह पूर्णतया उत्तरदायी है।उदाहरण निम्नवत है :–

क्रमांक	वाहन स्वामी का नाम	वाहन का रजि0 नम्बर	कर की राशि	मांग न लगाकर क्षति
1	श्री दीनानाथ जायसवाल पुत्र श्री पारसनाथ	UP53 AT 1027	1800	1800

2	श्री धर्म नारायन सिंह पुत्र श्री रामपति सिंह	UP53 T 4909	1800	1800
3	श्री जितेन्द्र सिंह पुत्र श्री गिरीजेश सिंह	UP53 T 1975	1800	1800
4	श्री जाहिद अली पुत्र श्री तहसीलदार	UP53 T 5196	1800	1800
5	श्री प्रेम चन्द्र गुप्ता पु0 श्री भगौती प्रसाद गुप्ता	UP53 AT 1924	1200	1200
6	श्री मनोज कुमार पुत्र श्री शिवमंगल	UP53 AT 4368	1200	1200

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	66900.00	66900.00

प्रस्तर सं0 27– जिला पंचायत गोरखपुर के वर्ष 2010–11 के सम्पत्ति व विभव कर रजिस्टरों की विकास खण्डवार जांच में विकास खण्ड पिपराईच के सम्पत्ति व विभाव कर से सम्बन्धित विवरण पत्रों तथा मांग व उगाही रजिस्टर की जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि कपितय चिमनी ईट भठठो से प्राप्त होने वाले सम्पत्ति व विभव कर के मांग व वसूली में गम्भीर अनियमितता बरती गयी है।वर्ष के दौरान विकास खण्ड के कुल 08 चिमनी ईट भठठों कर का निर्धारण किया गया है किन्तु वर्ष के दौरान कर की वसूली न करके संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है विवरण निम्नवत है :–

क्रमांक	प्रतिष्ठान /प्रोपराइटर का नाम	कर निर्धारण की धनराशि	मांग न लगाकर क्षति
1	मे0 जे0 पी0 ब्रिक्स फिल्ड प्रो0 श्री प्रकाश जायसवाल ग्राम – सिधावल	6000.00	6000.00
2	श्री बृजेश कुमार पाठक व श्री सत्य प्रकाश सिंह , ग्राम बरसैनी	6000.00	6000.00
3	मे0 चाचा ब्रिक्स फिल्ड ,प्रो0 श्री चन्दर सिंह , विजयनगर	6000.00	6000.00
4	श्री रामनरेश पुत्र श्री रामकवल यादव भैसहा गोरखपुर	6000.00	6000.00
5	श्रीमती उषा सिंह पत्नी श्री अमरनाथ सिह ,नथुआ	6000.00	6000.00
6	मे0 खान ईट भठठा ,प्रो0 तुफेल अहमद	6000.00	6000.00
7	मे0 महान ब्रिक्स फिल्ड ,प्रा0 विजय सिंह यादव	6000.00	6000.00
8	मे0 के के ईट उधोग ,प्रो0 श्री कौशल किशोर यादव	6000.00	6000.00
	योग	48000.00	48000.00

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि विकास खण्ड पिपराईच में स्थित चिमनी ईट भठठा प्रतिष्ठानों पर रू0 48000.00 सी0पी0 टैक्स की वर्ष के दौरान मांग न लगाकर संस्था की आय को प्रभावित किया गया है जिस हेतु सम्बन्धित कर समाहर्ता/कर निरीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह ,कर अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी पूर्णतया उत्तरदायी है।स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक विभागीय कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	48000.00	48000.00

प्रस्तर सं0 28– जिला पंचायत गोरखपुर के वर्ष 2010–11 के सम्पत्ति व विभव कर रजिस्टरों की विकास खण्डवार जांच में विकास खण्ड पिपराईच के सम्पत्ति व व विभाव कर से सम्बन्धित विवरण पत्रों तथा मांग व उगाही रजिस्टर की जांच में यह यह तथ्य प्रकाश में आया कि कपितय चिमनी ईट भठठो से प्राप्त होने वाले सम्पत्ति व विभव कर के मांग व वसूली में गम्भीर अनियमितता बरती गयी है।वर्ष के दौरान विकास खण्ड के कुल 08 चिमनी ईट भठठों कर का निर्धारण किया गया है किन्तु वर्ष के दौरान कर की वसूली कम करके संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है विवरण निम्नवत है :–

क्रमांक	प्रतिष्ठान /प्रोपराइटर का नाम	कर निर्धारण की धनराशि	निर्धारण के सापेक्ष वसूली में कमी
1	मे0 अवधेश ईट भठठा उधोग	6000.00	4200.00
2	श्री विधासागर सिंह व श्री गोरख सिंह	6000.00	4200.00
3	श्री शेषनाथ तिवारी पुत्र श्री विश्वनाथ	6000.00	4200.00
4	श्री शंकर पुत्र श्री सुखारी	6000.00	4200.00
5	मेंo डी0 ईट उधोग ,प्रो0 श्रीमती अमरावती देवी	6000.00	4200.00
6	श्री बृज बिहारी पुत्र श्री बुद्वि सागर	6000.00	4200.00
7	श्री विश्वनाथ सिंह पुत्र श्री गोरख सिंह	6000.00	4200.00
8	मे0 पशुपति ब्रिक्स फिल्ड ,प्रो0 श्री शत्रुध्न	6000.00	4200.00
9	मे0 आर0 बी0 ईट उधोग ,प्रो0 श्री रामदयाल	6000.00	4200.00
	योग	54000.00	37800.00

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि विकास खण्ड पिपराईच में स्थित चिमनी ईट भठठा प्रतिष्ठानों पर कुल अवधारित सी0पी0 टैक्स रू0 54000.00 के स्थान रू0 37800.00 की वसूली दर्शित की गयी है।इस प्रकार रू0 16200.00 की कम वसूली कर संस्था की आय को प्रभावित किया गया है जिस हेतु सम्बन्धित कर समाहर्ता/कर निरीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह ,कर अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी पूर्णतया उत्तरदायी है। जांच कर आवश्यक विभागीय कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	16200.00	16200.00

प्रस्तर सं0 29 – जिला पंचायत गोरखपुर के वर्ष 2010–11 के सम्पत्ति व विभव कर रजिस्टरों की विकास खण्डवार जांच में विकास खण्ड पिपराईच के सम्पत्ति व विभाव कर से सम्बन्धित विवरण पत्रों तथा मांग व उगाही रजि0 की जांच में यह यह तथ्य प्रकाश में आया कि कपितय दुकानो /व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सम्पत्ति व विभव कर के मांग व वसूली में गम्भीर अनियमितता बरती गयी है।विकास खण्ड के निम्नलिखित ग्राम पंचायतों में स्थित दुकानो व प्रतिष्ठानों पर वर्ष के दौरान कर की देय धनराशि से कम मांग लगाकर मांग के सापेक्ष कम वसूली कर संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है।विवरण निम्नवत हैं।

क्रमांक	ग्राम पंचायत का नाम /स्थान	कर की धनराशि/ कर निर्धारण	वर्ष के दौरान मांग	वर्ष के दौरान वसूली
1	कुसुम्ही बाजार	41050.00	27110.00	26910.00
2	जगदीशपुर	54900.00	27980.00	27980.00

3	सोनबरसा	18600.00	12140.00	12140.00
4	रामनगर करन्जहां	9000.00	5760.00	5760.00
5	बेलवा खुर्द	1200.00	750.00	750.00
6	रमवापुर	6300.00	1370.00	1370.00
	योग	**131050.00**	**75110.00**	**74910.00**

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि विकास खण्ड पिपराईच में कर की देय धनराशि रू0 131050.00 के सापेक्ष वर्ष के दौरान 75110.00 की मांग लगायी गयी जिसके सापेक्ष रू0 74910.00 की वसूली वर्ष के दौरान की गयी है।इस प्रकार कर की देय धनराशि के सापेक्ष रू0 55940.00 कम मांग लगाकर व कुल मांग रू0 75110.00 के सापेक्ष रू0 74910.00 की वसूली कर रू0 200.00 की कम वसूली कर संस्था को कुल रू0 56140.00 की क्षति पहुंचायी गयी है।जिस हेतु श्री राजेश कुमार सिंह कर निरीक्षक/ कर समाहर्ता ,कर अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी पूर्णतया जिम्मेदार है।उक्त क्षति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर कर समाहर्ता /कर निरीक्षक पर आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित हैं।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	74910.00	74910.00

प्रस्तर सं0 30– जिला पंचायत गोरखपुर के वर्ष 2010–11 के सम्पत्ति व विभव कर से सम्बन्धित विकास खण्ड पिपराईच के मांग व उगाही रजिस्टर की जांच में पाया गया कि ग्राम पंचायतवार राशन की दुकानों /पेट्रोल पम्प /हास्पिटलो तथा निजी व्यवसायिक प्रतिष्ठानो पर सम्पत्ति व विभव कर के निर्धारण में पारदर्शिता नही बरती गयी है।निम्नलिखित ग्राम पंचायतों में सम्पत्ति व विभव कर का वर्ष के दौरान मांग न लगाकर अंकित धनराशि से संस्था को क्षति पहुंचायी गयी है।विवरण निम्न है:–

क्रमसं0	ग्राम पंचायत का नाम /स्थान	कर की देय धनराशि /अवधारण	वर्ष के दौरान मांग न लगाकर क्षति
1	कुसुम्ही बाजार	54303.00	54303.00
2	सोनबरसा	43863.00	43863.00
3	जगदीशपुर	27333.00	27333.00
4	मुडिला खुर्द	3300.00	3300.00
5	भैसहा	4233.00	4233.00
6	रामूडिहा	8400.00	8400.00
7	रामनगर करन्जहां	33705.00	33705.00
8	बेलवा खुर्द	4800.00	4800.00
9	कैथवलिया	3900.00	3900.00
10	रमवापुर	10200.00	10200.00
11	बेलाकांटा	19800.00	19800.00
12	महराजी	4800.00	4800.00
13	सोनवे ,सिधौली, कोनी, पिपरही	10200.00	10200.00

14	जं0 सुभान अली	17700.00	17700.00
15	करमैनी ,माडापार,शिवपुर ,मुण्डेरी	22500.00	22500.00
15	यदवापुर, अगया, बसन्तपुर, अराजी चौरी	15000.00	15000.00
	योग	**284037.00**	**284037.00**

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि विकास खण्ड पिपराईच में स्थित दुकानो /प्रतिष्ठानों पर रू0 284037.00 सी0पी0 टैक्स की वर्ष के दौरान मांग न लगाकर संस्था की आय को प्रभावित किया गया है जिस हेतु सम्बन्धित कर समाहर्ता/कर निरीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह व अपर मुख्य अधिकारी पूर्णतया उत्तरदायी है।आवश्यक विभागीय कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	284037.00	284037.00

प्रस्तर सं0 31– जिला पंचायत गोरखपुर के वर्ष 2010–11 की लेखा परीक्षा में यह तथ्य प्रकाश में आया कि विगत वर्षो से कर्मचारियो को दिये गये अग्रिम के सापेक्ष अग्रिम की वसूली नही कर संस्था को हानि पहुंचायी जा रही है।विवरण निम्न है:–

क्रमांक	कर्मचारी का नाम	पद	धनराशि	मद	भुगतान तिथि
1	स्व0 राजबली गुप्ता	लिपिक शिक्षा	4176.00	भवन अग्रिम	3/29/1972
2	श्री अमीर अली	लिपिक शिक्षा	436.00	भवन अग्रिम	2/25/1972
3	घनश्याम नारायण सिंह	कार्य अधिकारी	22265.00	भवन अग्रिम	5/4/1997
	योग		26877.00		

अपहरण	दुरूपयोग	अनियमितता	कुल धनराशि
0.00	0.00	26877.00	26877.00

मण्डल – बस्ती

जिला पंचायत– बस्ती

प्रस्तर संख्या	आपत्ति का विवरण
प्रस्तर–01	जिला पंचायत, बस्ती के वर्ष 2004–05 में तहबाजारी की नीलामी दो बाजारों की न कर के कुल रू0 16502.00 की हानि श्री वी0 सी0 पन्त अपर मुख्य अधिकारी द्वारा पहुचायी गयी है जिसकी वसूली ब्याज सहित श्री पन्त से अपेक्षित है।
प्रस्तर–02	जिला पंचायत बस्ती के वर्ष 2004–05 में दो बाजारों की नीलामी गत वर्ष की अपेक्षा कम धनराशि की कर के कुल रू0 40200.00 की हानि श्री वी0 सी0 पन्त अपर मुख्य अधिकारी द्वारा पहुचायी गयी है जिसकी वसूली ब्याज सहित श्री पन्त से अपेक्षित है।
प्रस्तर–03	जिला पंचायत बस्ती के वर्ष 2004–05 में कुल रू0 3082451.00 के दुकान किराये की वसूली न करके संस्था को हानि पहुचायी गयी है। उक्त की वसूली संबन्धित से की जानी अपेक्षित है।

जिला पंचायत सिद्धार्थनगर

आपत्तियो का विवरण वर्ष 11–12

प्रस्तर संख्या 1–

1– राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम सभा गायघाट में फत्तेपुर अजगरा बांध से रामनरेश गुप्ता के घर तक इन्टरलाकिंग कार्य कराने का ठीका श्री धर्मराज यादव ठेकेदार को दिया गया था। पत्रावली में संलंग्न स्टीमेट के अनुसार उक्त कार्य की ल0 275मी0 तथा चौ0 3मी0 थी। परन्तु पत्रावली में संलग्न नोट शीट के अनुसार विवाद होने के कारण चौ0 को कम करके तथा ल0 को बढाकर संशोधित प्राकलन (2.5मी0 चौडा तथा 329मी0ल0)तैयार कर जे0ई0श्री संतोष कुमार पाण्डेय द्वारा तकनीकी स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। पूर्व के स्टीमेट के अनुसार अजगरा बांध से रामनरेश गुप्ता के घर की दूरी 275मी0 थी जो बाद में संशोधित स्टीमेट में उक्त दूरी 329मी0 दिखाई गई है जो काल्पनिक है। इसप्रकार ठेकेदार को (329–275मी0)54मी0 अधिक लम्बाई के इन्टर लाकिंग कार्य का अधिक भुगतान रू0155677.00 किया गया हैं। अस्तु अनियमित तरीके से माप दर्शाते हुए रूपये 155677.00 के अधिक भुगतान की वसूली ठेकेदार श्री धर्मराज यादव, जे0ई0 श्री संतोष कुमार पाण्डेय, अपर मुख्य अधि0 श्री के0एन0कन्नौजिया एवं अभि0श्री अनिल कुमार सिंह से किया जाना अपेक्षित हैं। (आपत्ति संख्या–03)

अपहरण	दुरुपयोग	अनियमितता
155677रु	–	–

प्रस्तर संख्या 2–

राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम सभा अजगरा में तालबगहिया छोटकी के घर से प्रा0 वि0 तक इन्टर लाकिंग कार्य कराने का ठेका श्री धर्मराज यादव ठेकेदार को दिया गया था। पत्रावली में संलग्न स्टीमेट के अनुसार उक्त कार्य की ल0320मी0 तथा चौ02.5मी0 बनाया गया है परन्तु बाद में संशोधित स्टीमेट के द्वारा उक्त कार्य की ल0615मी0तथा चौ0 1.5मी0 से 2.00मी0 तक करके ठेकेदार श्री धर्मराज यादव को 295मी0 अधिक ल0 का भुगतान कर जिला पंचायत को रू0478366.00 से आर्थिक क्षति पहुचाई गई है। पूर्व के स्टीमेट में छोटकी के घर से प्रा0 वि0 की दूरी 320मी0 थी जिसे बाद में संशोधित स्टीमेट में 615मी0 कर दी गई जो काल्पनिक है इस प्रकार 295मी0 अधिक लम्बाई दर्शाकर रू0478366.00 के अधिक भुगतान की वसूली ठेकेदार श्री धर्मराज यादव जे0ई0 श्री संतोष कुमार पाण्डेय अपर मुख्य अधि0 श्री के0एन0कन्नौजिया एवं अभि0श्री अनिल कुमार सिंह से किया जाना अपेक्षित हैं। (आपत्ति संख्या–04)

अपहरण	दुरुपयोग	अनियमितता
478366रु	– –	– –

प्रस्तर संख्या 3–

राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत उसका सोहास मार्ग से अमवां गांव में सी0सी0 रोड निर्माण का ठेका रू09.00 लाख में ठेकेदार श्रीमती विमला सिंह को दिया गया थां। पत्रावली मे संलग्न समाचार पत्र में उक्त सडक के छः माह के भीतर ही टूटने का उल्लेख किया गया है जिसके आधार पर अवर अभि0 द्वारा अपने पत्र दि0 19.05.12 द्वारा ठेकेदार को उक्त सी0सी0 रोड के मरम्मत का निर्देश दिया गया है। स्पष्ट है कि अवर अभि0 व अभि0 द्वारा पूर्व मे उक्त सडक की गुणवत्ता की बिना जांच किये ही ठेकेदार को दि022.07.11 तक पूर्ण भुगतान रू0895000.00 कर दिया गया। पत्रावली मे उक्त सडक के मरम्मत कराये जाने का कोई प्रमाण संलग्न नहीं है। अस्तु मानक के प्रतिकूल कराये गये कार्य के भुगतान की धनराशि रू0895000.00 दुरूपयोगित रहा जिसकी वसूली ठेकेदार श्रीमती विमला सिंह, अवर अभि0 श्री संतोष कुमार पाण्डेय,

अपर मुख्य अधि0 श्री के0एन0कन्नौजिया एवं अभि0श्री अनिल कुमार सिंह से किया जाना अपेक्षित हैं।(आपत्ति संख्या–05)

अपहरण	दुरुपयोग	अनियमितता
	– 895000रु	– –

प्रस्तर संख्या 4–

4– राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कलेनिया पी0डब्लू0डी0 मार्ग से मुकीम के घर तक सी0सी0रोड निर्माण का ठेका श्री रामविलास को दिया गया था। पत्रावली में संलग्न स्टीमेट के अनुसार उक्त कार्य की ल0 160मी0 तथा चौ0 3मी0 दर्शित थी। परन्तु पत्रावली में संलग्न नोट शीट के अनुसार विवाद के कारण उक्त कार्य की लम्बाई 200मी0 तथा चौ02.5मी0दर्शाकर संशोधित स्टीमेट प्रस्तुत कर ठेकेदार को 20मी0 अधिक लम्बाई के कार्य का भुगतान किया गया। जिससे जिला पंचा0 को रू098970.00की क्षति हुई। पूर्व स्टीमेट में पी0डब्लू0डी0 मार्ग से मुकीम के घर की दूरी 160मी0थी जो बाद में काल्पनिक रूप से 40मी0 बढाकर 200मी0कर दी गई। अस्तु अनियमित रूप से माप बढाकर ठेकेदार को 40मी0 अधिक लम्बाई का भुगतान रू098970.00अधिक किया गया। जिसकी वसूली ठेकेदार श्री रामविलास, अवर अभि0 श्री हरेन्द्र राव ,अभि0 श्री अनिल कुमार सिंह तथा अपर मुख्य अधि0 श्री के0एन0 कन्नौजिया से किया जाना अपेक्षित है।(आपत्ति संख्या–06)

अपहरण	दुरुपयोग	अनियमितता
–	– –	– 98970रु

प्रस्तर संख्या 5–

राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये गये कार्यो से सम्बंधित प्रस्तुत किये गये कुछ पत्रावलियों के अवलोकन से यह तथ्य प्रकाश में आया कि रू010.00 लाख से ऊपर के कार्य जिनकी तकनीकी स्वीकृति शासन से प्राप्त होनी थी। शासन से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त उन कार्यो का टेन्डर आमंत्रित कर कार्यादेश निर्गत किया जाना चाहिए था। परन्तु शासन से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पूर्व ही टेन्डर आमंत्रित कर कार्यादेश जारी कर दिया गया जो नियम विरूद्ध व अनियमित था। इस अनियमितता हेतु अपर मुख्य अधि0श्री संतोष कुमार सिंह उत्तरदायी है। विवरण निम्न है––

क्र0सं0	कार्य का नाम	टेन्डर की तिथि	स्वी0 धन0	कार्यादेश की तिथि	शासन से प्राप्त तक0 स्वी0की ति0
1	बलराम सिह के खेत से बसहवा घाट तक मिट्टी सोलिंग कार्य	28.5.11	12.00 लाख	2.6.11	14.6.11
2	उसका मठिया मार्ग पर शिव मंदिर के आगे 2X6 मी0 स्पान की पुलिया	30.5.11	24.00 लाख	2.6.11	14.6.11
3	प्रधान मंत्री सडक से मदुआपार जाने वाले मार्ग पर लेपन कार्य	28.5.11	38.00 लाख	8.6.11	14.6.11
4	शाहपुर सिंगारजोत मार्ग पर मठिया से मुबारकपुर का अवशेष लेपन	23.4.11	14.00 लाख	28.5.11	14.6.11
5	सोहना बिजौरा मार्ग पर मुहम्मदपुर से इजरहवा का अवशेष लेपन	23.4.11	15.00 लाख	28.6.11	14.6.11

अस्तु उपरोक्तानुसार रू0 103.00लाख के कार्य बिना शासन से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त किये अनियमित रूप से टेन्डर निकाल कर कार्यादेश जारी किया गया है जिसके लिए विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।उपरोक्त कार्यो में से क्रम सं0 1,2,3 के कार्यो के प्रथम रनिंग बिलों का भुगतान दि014.06.11 को श्री हरेन्द्र राव अवर अभि0 के संस्तुति के आधार पर की गयी है।(आपत्ति संख्या–07)

प्रस्तर संख्या 6–

– राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत पहाडापुर बाईपास के बगल में 2.5मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण हेतु श्री इम्तियाज अहमद ठेकेदार को रू05.00लाख में दि04.5.11 को टेन्डर स्वीकृत हुआ था। जिसके क्रम में ठेकेदार को दि019.7.11 को कार्यादेश जारी कर उक्त निर्माण को दि013.7.11 तक कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था। कार्यादेश तिथि के पूर्व कार्य समाप्त करने का आदेश दिया जाना व्यावहारिक व न्याय संगत नही था। उक्त कार्य के प्रथम रनिंग बिल में एम0 बी0 सं0119 के पृष्ठ सं0 45 पर दि0 22.6.11 को मापन किये जाने का उल्लेख अवर अभि0 श्री हरेन्द्र राव द्वारा करके रू0320000.00 के भुगतान की संस्तुति की गयी है। स्पष्ट है कि अवर अभि0 द्वारा कार्यादेश जारी होने से पूर्व अनियमित रूप से मापन दर्शाकर ठेकेदार को भुगतान कराया गया है। जिसके लिए ठेकेदार श्री इम्तियाज अहमद व अवर अभि0 श्री हरेन्द्र राव, अभि0 श्री अनिल कुमार सिह तथा अपर मुख्य अधि0 श्री के0एन0 कन्नौजिया उत्तरदायी है।(आपत्ति संख्या–08)

प्रस्तर संख्या 7–

– राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्रस्तुत कुछ पत्रावलियो के अवलोकन से यह तथ्य प्रकाश में आया कि कुछ कार्यो का ठेका टेन्डर के बाद अवर अभि0 की आख्या के आधार पर अध्यक्ष द्वारा निरस्त कर उसके स्थान पर नये कार्य को कराने हेतु उसी ठेकेदार को जिला पंचा0 द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया है। टेन्डर निरस्त करने के बाद नये कार्य का टेन्डर आमत्रित किया जाना चाहिए था। इसप्रकार अनियमित रूप से नये कार्य का ठेका दिया जाना नियम विरूद्ध था जिसके लिए अपर मुख्य अधि0 श्री संतोष कुमार सिंह व श्री के0एन0 कन्नौजिया उत्तरदायी है। विवरण निम्न है––

क्र0सं0	पूर्व में स्वी0कार्य का नाम	नये कार्य का नाम	स्वीकृति धन0	कार्यादेश की तिथि	अपर मुख्य अधि0
1	जोगिया अस्पताल के बगल में नहर पर 5मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया	हाटा से कदमहवा के बीच 5 मी0स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया	10.00 लाख	26.7.11	श्री के0एन0 कन्नौजिया
2	पेडारी बुर्जुग में रामचन्द्र मिश्र के खेत के बगल में चकरोड पर 2.5मी0 पुल	पेडारी बुर्जुग में परशुराम पांडे व जोखन कहार के खेत के बीच 2.5मी0 पुलिया	5.00 लाख	19.7.11	श्री के0एन0 कन्नौजिया
3	ग्राम मलपारे में 2.5मी0 स्पान पुलिया	सिरवत में मेन सडक से जोलाहवन डीह वाले रास्ते में 2.5मी0 पुलिया	5.00 लाख	3.8.11	श्री के0एन0 कन्नौजिया
4	जोगिया में लखनापार रोड पर 3मी0 पुलिया	सुरही ताल के पास 3मी0 स्पान की पुलिया	6.00 लाख	14.6.11	श्री संतोष कुमार सिंह

उपरोक्त के अतिरिक्त 14 अन्य स्वीकृत कार्यो को निरस्त कर नये कार्य कराने की स्वीकृति दी गयी है जिनसे संबंधित पत्रावलियॉ लेखा परीक्षा में मागोंपरान्त प्रस्तुत नहीं की गई जिससे उनकी समीक्षा न की जा सकी।(आपत्ति संख्या–09)

प्रस्तर संख्या 8–

राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत उस्का मठिया मार्ग पर शिव मंदिर के आगे 2ग6 मी0 की आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण हेतु श्री बजरंग बहादुर सिंह ठेकेदार को दि030.5.11 को टेन्डर स्वीकृत करते हुए दि08.6.11 को कार्यादेश जारी किया गया तथा शासन स्तर से इसकी स्वीकृति दि014.6.11 को ली गई है। पत्रावली में संलग्न अवर अभि0 के पत्र दि0शून्य के अनुसार पुलिया के डाउन स्ट्रीम में गड्ढा होने के कारण फर्श की लम्बाई अधिक करना पडा तथा उक्त कार्य के विचलन की स्वीकृति की मांग की गई है जिसपर दि01.9.11 को स्वीकृति प्रदान की गयी है जबकि विचलन की स्वीकृति पूर्व में स्वीकृतिकर्ता (शासन स्तर से)से लेनी चाहिए थी। पत्रावली में संलग्न अन्तिम बिल में यह उल्लेख किया गया है कि उपरोक्त कार्य की एम0बी0 दि029.7.11 को की गयी है जिसका भुगतान दि014.6.11 दि024.6.11 तथा दि014.9.11 को क्रमशः रू09. 90लाख, 9.00लाख तथा 5.04 लाख कुल रूपये 23.94 लाख किया गया है। स्पष्ट है कि विचलन की स्वीकृति दि01.9.11 के पूर्व ही कार्य का मापन अवर अभि0 श्री हरेन्द्र राव द्वारा करके ठेकेदार को भुगतान करने की संस्तुति प्रदान की गई है। अस्तु इस अनियमित भुगतान हेतु अवर अभि0 श्री हरेन्द्र राव, अपर मुख्य अधि0 श्री संतोष कुमार सिंह व श्री के0एन0कन्नौजिया उत्तरदायी है। (आपत्ति संख्या–10)

प्रस्तर संख्या 09–

राज्य वित्त आयोग की पत्रावली के अवलोकन से यह विदित हुआ कि शा0सं0 बी–2–2427/दस–2011–12 दि030.11.11 द्वारा तृतीय राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियो के आधार पर जिला पंचा0 सिद्धार्थनगर को रू0303.83 लाख प्रदान की गई है। शासनादेश में वर्णित प्रतिबन्ध के पैरा 1 के अनुसार जिला पंचा0 को स्वीकृत की गई धन0 का आहरण कोषागार से दो बराबर किस्तो में प्रथम 31 जनवरी12 के पूर्व तथा द्वितीय 31 जनवरी12 के बाद करने का आदेश निर्गत था। परन्तु जिला पंचा0 द्वारा दोनो किस्तों की सम्पूर्ण धनराशि का आहरण कोषागार से दि031.3.12 को किया गया जो शासनादेश का स्पष्ट उल्लंघन है। दोनो किस्तो का एक साथ आहरण किये जाने के संदर्भ में लेखा परीक्षा द्वारा आपत्ति निर्गत की गई थी जिसका अनुपालन नहीं किया गया। अस्तु शासनादेश के उल्लंघन की दशा में दोषी अधिकारी/कर्मचारियो के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।(आपत्ति संख्या–13)

प्रस्तर संख्या 10–

राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान के उपभोग से संबंधित शासनादेश में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि जिला पंचा0 को प्राप्त धनराशि में सें 10:अंश सम्पत्तियों के अनुरक्षण पर व्यय किये जाने हेतु निर्देश है तथा जिला पंचा0 द्वारा संक्रमित धनराशि का 10:अंश अनुरक्षण हेतु आरक्षित किया जायेगा। किन्तु जिला पंचा0 द्वारा उक्त निर्देशो का पालन नहीं किया गया है जो आपत्तिजनक है। इस ओर विभागीय अधिकारियो का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।(आपत्ति संख्या–14)

प्रस्तर संख्या 11–

क–वर्ष 11–12 में कार्य कराये गये राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कार्यो की कुछ पत्रावलियों के अवलोकन से यह तथ्य प्रकाश में आया कि निर्धारित अवधि तक कार्य पूर्ण न करने वाले ठेकेदारो से अर्थदण्ड की वसूली में एकरूपता नहीं है। किसी ठेकेदार से 1%से कम अर्थदण्ड वसूला गया है जबकि कुछ से 1%से अधिक अर्थदण्ड वसूला गया है विवरण निम्न है–

क्र0	कार्य का नाम	ठेकेदार का नाम	ठेके की धनराशि	वसूल अर्थ दण्ड की धनराशि	अधिक	कम
1	ग्रा0प्रतापपुर में 2.5मी0 पुल	श्री विपिन कुमार	5लाख	5500.00	500.00	
2	पकडीडिहवा मार्ग पर 2मी0 पुलिया	श्री कल्लू राम	4लाख	2020.00		1980.00
3	ग्रा0बजरहा बुर्जुग में सी0सी0रोड	श्री बृजकिशोर	4.5लाख	1000.00		3500.00
4	सप्तीबेलहरी मार्ग पर शिवसागर के घर से विश्वनाथ के घर तकबबरोड	श्री मलिक जफर	6लाख	500.00		5500.00
5	ग्रा0कुटिया में समयमाई के स्थान के पास 3मी0पुलिया	श्री कल्लू राम	6लाख	500.00		5500.00
6	बभनीअवस्थी से महादेवा मार्ग पर सी0सी0रोड	श्री राघेश्याम	5लाख	1000.00		4000.00
7	उचडिहवा सिकरी नाले पर RCC पुल	श्री मेहताब आलम	5लाख	500.00		4500.00
8	कारेखूट से भोलापुर मार्ग पर 2.5मी0 RCC पुलिया	श्री सुधीर कुमार यादव	5लाख	500.00		4500.00
9	विगौवा से बभनी घाट पर 2.5मी0 RCCपुलिया	श्री बृजकिशोर	5लाख	500.00		4500.00
10	जोगमाया डीह के पोखरे के 5मी0 RCC पुलिया	श्री सुधीर कुमार यादव	10लाख	500.00		9500.00
11	डी0डी0 इटवा मार्ग से फरसाहे बाबा के कुटी से मुडिला तक 2मी0पुलिया	श्री राघेश्याम	4लाख	500.00		3500.00
12	अजगरा ग्रा0पंचा0में तालबगहिया छोटकी के घरसे इन्टरलाकिंग कार्य	श्रीधर्मराज यादव	10लाख	9719.00		281.00
13	कोटिया शिवमंदिर से महन्थ पाण्डे के घर तक सी0सी0 रोड	श्रीमती शान्ती देवी	9लाख	14990.00	5990.00	
14	चन्द्रदीपघाट मार्ग से चौधरी चरण सिहउ0मा0वि0वैयाताल कादिराबाद तक सी0सी0रोड	श्री अवधेश कुमार	9लाख	2021.00		6979.00
15	राजकुमार चौधरी के घर से गिरधर पुर जानें वाली सडक सी0सी0रोड	श्री हरपाल सिंह भटिया	9लाख	500.00		8500.00
16	उसका सोहास मार्ग से अमवा गांव सी0सी0रोड	श्रीमती विमला सिंह	9लाख	500.00		8500.00
17	रामनगर में अवशेष भाग सी0सी0रोड	श्रीपरशुराम यादव	9लाख	1000.00		8000.00

18	बांसी इटवा सम्पक्रमार्ग ग्रा0बरगदवा पूर्वी में डि0कालेज तक सी0सी0रोड	श्री हरपाल सिंह भटिया	8लाख	888.00	——	7112.00
19	साडीखुर्द एकडेंगवा होते हुएछितौनी अम्बेडकर गांव तक लेपन कार्य	श्रीमती संगीता सिह	10लाख	1500.00	——	8500.00
20	शाहपुर सिगांरजोत मार्ग पर मडिया से मुबारकपुर तक अवशेष लेपन	श्री मलिक जफर	14लाख	500.00	——	13500.0
	योग				6490.00	108352.00

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि दो ठेकेदारो से रू06490.00 अधिक वसूल किया गया जबकि शेष ठेकेदारो से रू0108352.00 कम वसूल किया गया है जबकि अधिकांश पत्रावलियो में अपर मुख्य अधि0 द्वारा 1% अर्थदण्ड काटने का निर्देश दिया गया है।अस्तु रू0108352.00की कम वसूली करके जिला पंचा0 को आर्थिक क्षति पहुॅचाई गई है जिसकी वसूली सम्बंधित ठेकेदारो से किया जाय।(आपत्ति संख्या–15)

ख– वित्तीय वर्ष 08–09एवं09–10 मे बी0आर0जी0एफ0 योजना के स्वीकृत कार्यो के पूर्ण करने में विलम्ब की दशा में अर्थदण्ड की वसूली की गई हैं जिसमे कुछ ठेकेदारो से 1%से कम अर्थदण्ड काटा गया है। विवरण निम्न है––

क्र0	नाम कार्य	ठेकेदार का नाम	ठेके की धन0	काटा गया अर्थदण्ड	अधिक	कम
1	बडहोल गाव के पी0डब्लू0डी0 सडक पिच रोड	श्री विपिन कुमार	5.00 लाख	——	——	5000.00
2	विकास खंड शोहरतगढ बांधगंगा चौराहे से ग्राम सभा नीबी तक पिच रोड	श्रीमती संगीता सिंह	5.00 लाख	2890.00	——	2110.00
3	श्री गौतम बुद्ध पब्लिक स्कूल से जिला पंचा0 सदस्य अमवा तक पिच	श्री मलिक जफर	5.00 लाख	500.00	——	4500.00
4	धरनिहवा से पूर्व कोल्हुआ पुलिया	श्रीमती सावित्री देवी	3.00 लाख	500.00	——	2500.00
5	रेवडिया गांव में प्रधानमंत्री सडक से लाल प्रधान तक सी0सी0 रोड	श्री हरिनाथ प्रसाद दुबे	5.00 लाख	500.00	——	4500.00
6	संग्राम वाले रास्ते पर बंधे वाली पुलिया	श्री अवधेश कुमार	6.00 लाख	2000.00	——	4000.00
7	मोगलहा गांव से पूरब बंधे के बीचपुलिया	श्री राधेश्याम	3.00लाख	1943.00	——	1057.00
8	प्रसव केन्द्र रीवानानकार	श्री हीरा प्रसाद	6.50लाख	1300.00	——	5200.00
9	प्रसव केन्द्र रमवापुर खास	श्री हीरा प्रसाद	6.50लाख	2500.00	——	3500.00
7. कोष रजिस्टर अनुसार माह अगस्त 2011 को प्रधान के पास अन्तिम रोकड़ शेष रु0 5743.36 दर्शित थी, जबकि सितम्बर 2011 को नकद रोकड़ कोष 4242.16 दर्शायी गयी है तथा अन्तर 1481/– भू0पू0 प्रधान के पास बतायी गयी, जो वर्तमान प्रधान को चार्ज में नहीं मिली थी। इस सम्बन्ध में ग्राम पंचायत अधिकारी तथा वर्तमान प्रधान द्वारा अभी तक भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी। अतः

अविलम्ब भू0पू0 प्रधान से अंकन 1481.00 की तातारीख वसूली हेतु अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

8. जिला सहकारी बैंक शाखा शाहरपुर के ग्राम निधि की खाता सं0 6420 (जो वर्तमान में बंद हो चुका है) में दिनांक 01.04.11 को 5725.36 जमा थे, जिसको प्रधान व ग्रा0पं0अ0 द्वारा निम्न तिथियों में आहरण कर खाता शून्य कर दिया गया है। तथा आहरण की धनराशि को मनमाने ढंग से काम कर धन का दुरुपयोग किया गयाहै। आवश्यक जांचोपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जावे।

आय पक्ष		**व्यय पक्ष**	
दिनांक 20.04.11 को आहरण	4500.00	15.04.11 को बाउचर नं0 3(ए) माह की एन्ट्री	
दिनांक 16.08.11 को आहरण	1225.36	तथा मरम्मत पर खर्च	4500.00
योग	**5725.36**	20.08.11 को वा0नं0स0 (ए)	
		रेहडा मरम्मत पर खर्च	**5725.36**

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कोष रजिस्टर भी उक्त बाद भी दर्शाये गये है जैसा कि बाउचर्स क्रमांक तथा कोष रजिसटर में कटिंग व अपरलेखन से स्पष्ट है। उक्त ग्राम निधि के खाता को शून्य करने के उद्देश्य से ऐसा किया गया है। अतः प्रधान एवं ग्राम0पं0अधि0 से संयुक्त रूप से 5725.36 की वसूली तातारीख ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

9. कोष रजिस्टर अनुसार दिनांक 21.07.11 व 02.09.11 को बाउचर्स सं0 11, 21 द्वारा हाईकोर्ट में पैरवी पर 3500.00 व 3500.00 कुल 7000.00 का खर्च दर्शित की पुष्टि में कोर्अ का उपस्थिति प्रमाण पत्र तथा खर्चे का विवरण, बिल/बाउचर आलब्ध नहीं थे, यह भी स्पष्ट न हो सका कि ग्राम पंचायत में कौन सा वाद (मुकदमा) चल रहा है। जिसकी पैरवी पर 7000.00 का व्यय किया गया दर्शित था। अतः दर्शित भुगतान काल्पनिक प्रतीत होता है। आवश्यक जांचोपरान्त प्रधान तथा ग्रापं0 अधि0 से संयुक्त रूपसे 7000.00 की वसूली तातारीख ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

10. आलोच्य वर्ष में 2011–12 छात्रवृत्ति बैंकपास बुक अनुसार कुल अंकन 131030.00 की निकासी की गयी थी, पुष्टि में छात्रवृत्ति कोष रजिस्टर, छात्रवृत्ति वितरण रजिस्टर तथा छात्रवृत्ति उपभोग प्रमाण पत्र लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये गये। जिसके अभाव में दर्शित छात्रवृत्ति के धन के निकासी के वितरण की शुद्धता की पुष्टि नहीं होती है। आवश्यक जांचोपरान्त उचित कार्यवाही करते हुए अंकन 1,31,030.00 की वसूली प्रधान तथा ग्रामपं0अधि0 से अवलिम्ब की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत दाहौड़ विकास खण्ड खतौली, मुजफ्फरनगर की वर्ष 2011–12 की विशेष लेखा परीक्षा वर्ष 2010–11 व 2011–12 की प्रमुख आपत्तियाँ–

11. वर्ष 2010–11 व 2011–12 में कैश बुक व बैंक पासबुक अनुसार ग्राम निधि खाता संख्या (33900) से रुपये 343600.00 व 39200.00 का आहरण किया गया जिसके सापेक्ष रु0 343600.00 व 39200.00 का व्यय कोष रजिस्टर में दर्शित है। उक्त व्यय की पुष्टि में कोई व्यय प्रमाणक/बिल मस्टरोल लेखा परीखा में उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिसके कारण उक्त भुगतान की पुष्टि नहीं होती है। जिसके कारण उक्त धन की व्ययापाहरण होने की पूर्ण संभावना बनी हुई है। उक्त के प्रति विभागीय अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है। तथा उक्त जांच उपरान्त रु0 343600.00 व 39200.00 कुल 382800.00 रु0 की वसूली श्री शिव कुमार भूतपूर्व ग्राम प्रधान व श्री योगेन्द्र सिंह वर्तमान ग्राम प्रधान व तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी श्री शिव कुमार से तातारीख मय ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

12. वर्ष 2011–12 में कोष बही व बैंकपास बुक के अनुसार ग्राम निधि खाता संख्या (10000609) से रु0 407500.00 आहरण किये जाने दर्शित थे। जिसके सापेक्ष रु0 407500.00 का व्यय कोष रजिस्टर में दर्शित था। उक्त किये गये व्यय की पुष्टि में कोई व्यय प्रमाणक/बिल/मस्टरोल आदि लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं किराया गया जिसके कारण उक्त भुगतान की पुष्टि नहीं होती है। जिसके कारण उक्त धन की व्ययापहरण होने की पूर्ण संभावना बनी हुई है। उक्त के प्रति विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है। तथा उक्त की जांच उपरान्त अंकन रुपये 407500.00 की वसूली श्री योगेन्द्र सिंह वर्तमान ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी श्री शिव कुमार से तातारीख मय ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

13. वर्ष 2010–2011 में छात्रवृत्ति की बैंक पासबुक खाता संख्या 33890 व कोष रजिस्टर अनुसार रु0 95000.00 आहरण किये जाने दर्शित है। जिसके सापेक्ष रु0 94740.00 का वितरण कोष रजिस्टर अनुसार दर्शित है। उक्त विवरण की पुष्टि में वितरण रजि0 उपभोग प्रमाण पत्र/ लाभान्वित छात्रों की सूची आदि लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं करायी गयी है। जिसके कारण उक्त वितरण की पुष्टि नहीं होती है। जिसके कारण उक्त धनराशि की अपहरण होने की संभावना बनी हुई है। विभागीय अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है। तथा उक्त की जांच उपरान्त रु0 94740.00 की वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्री शिव कुमार व ग्राम पंचायत अधिकारी श्री शिव कुमार से अविलम्ब ब्याज सहित वसूली जानी अपेक्षित है।

14. वर्ष 2010–2011 में मिड–डे–मील के खाता संख्या 37335 बैंक पासबुक अनुसार रुपये 190619.00 आहरण किये जाने दर्शित है। जिसके सापेक्ष रु0 90691.00 मिड–डे–मील पर व्यय व रु0 1,00,000. 00 रु0 सम्बन्धित खातों में 30000.00 व 30000.00 व 40000.00 जमा किया जाना दर्शित है।

मिड–डे–मील पर रु0 90691.00 कोष रजि0 अनुसार व्यय किया जाना दर्शित है। उक्त व्यय की पुष्टि में कोई व्यय प्रमाणक/ खाद्य सामग्री क्रय प्रमाणक/ व बच्चों की उपस्थिति प्रमाण पत्र आदि प्रमाणक लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये गये है। जिसके कारण उक्त व्यय की पुष्टि नहीं होती है। इसलिये उक्त धन की व्ययापहरण की सम्भावना बनी हुई है। उक्त के प्रति विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है तथा उक्त की जांच उपरान्त रुपये 90691.00 की वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्री शिव कुमार व तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी श्री शिव कुमार से अवलिम्ब ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत पुठ्ठा की विकास खण्ड खतौली की विशेष लेखा परीक्षा वर्ष 2010–11 व 2011–12 की प्रमुख आपत्तियाँ–

15. वर्ष 2010–11 में कोष रजिस्टर के अनुसार ग्राम निधि खाता संख्या 33580 यूनियन बैंक खतौली से रु0 199500.00 आहरण किये गये जिसके सापेक्ष रु0 199500.00 का व्यय कोष रजिस्टर में दर्शित है। उक्त व्यय की पुष्टि में कोई बिल/व्यय प्रमांणक/ मस्टरोल लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये गये है। जिसके कारण उक्त भुगतान की पुष्टि नहीं होती है। जिससे उक्त धनराशि के आहरण होने की पूर्ण संभावना बनी है। विभागीय अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है। तथा उक्त धनराशि की जांच उपरान्त रु0 199500.00 की वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्री लक्ष्मीचंद व श्रीमती मुनेश देवी व श्री शिव कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी से तातारीख ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

16. वर्ष 2011–12 में कोष रजिस्टर व बैंक पासबुक के अनुसार ग्राम निधि खाता सं0 00951 से रु0 195000.00 का आहरण किया गया। जिसके सापेक्ष रु0 195000.00 का व्यय कोष रजिस्टर में दर्शित है। उक्त व्यय की पुष्टि में काई व्यय प्रमांणक /बिल/मस्टरोल लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसके कारण उक्त भुगतान की पुष्टि नही होती है। जिसके कारण उक्त धनराशि के अपहरण की पूर्ण संभावना बनी हुई है। उक्त के प्रति विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है। तथा उक्त की जांच उपरान्त अंकन रु0 195000.00 की वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रीमती मुनेश देवी व तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी श्री शिव कुमार से तातारीख मय ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

17. वर्ष 2010–11 व 2011–12 में मिड–डे–मील की बैंक पासबुक खाता संख्या (04362151003726) व कोष रजिस्टर अनुसार रु0 27000.00 व 7500.00 आहरण किये जाने दर्शित है। जिसके सापेक्ष क्रमशः रु0 27000.00 व 7500.00 का व्यय कोष रजिस्टर में दर्शित है। उक्त व्यय की पुष्टि में कोई व्यय प्रमाणंक /बिल/खाद्य सामग्री क्रय का प्रमाणंक/ बच्चों की उपस्थिति प्रमाण पत्र आदि व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये गये। जिसके कारण उक्त व्यय की पुष्टि नहीं होती है।

अतः उक्त व्यय काल्पनिक प्रतीत होता है। जिसके कारण उक्त धन के अपहरण होने की पूर्ण सम्भावना बनी हुई है। विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है। तथा उक्त की जांचोपरान्त रु0 27000.00 व 7500.00 कुल 34500.00 रु0 की वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्री लक्ष्मीचन्द व श्रीमती मुनेश देवी वर्तमान ग्राम प्रधान व श्री शिव कुमार ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से तातारीख मय ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

18. वर्ष 2010–11 व 2011–12 में छात्रनिधि की बैंक पासबुक स्टेट बैंक ऑफ पटियाला खाता संख्या 26421 के अनुसार रु0 32000.00 व 23100.00 रुपये आहरण किये जाने दर्शित है। उक्त के सापेक्ष क्रमशः 31800.00 व 23100.00 रु0 का व्यय कोष रजिस्टर में दर्शित है। उक्त व्यय की पुष्टि में वितरण रजिस्टर व उपभोग प्रमाण पत्र व लाभान्वित छात्रों की सूची लेखा परीखा में उपलब्ध नहीं करायी गयी है। जिसके कारण उक्त व्यय की पुष्टि नही होती है। जिसके कारण उक्त धन की पूर्ण अपहरण होने की सम्भावना बनी हुई है। विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आवश्यक कार्यवाही हेतू ध्यान आकर्षित किया जाता है। तथा उक्त की जांच उपरान्त रु0 31800.00 व 23100.00 कुल 54900.00 रु0 की वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्री लक्ष्मीचन्द व श्रीमती मुनेश देवी वर्तमान ग्राम प्रधान व श्री शिव कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी से तातारीख मय ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

19. वर्ष 2010–11 में छात्रनिधि खाते से दिनांक 31.03.2011 को छात्रवृत्ति के नकद शेष रु0 200.00 दर्शित थे। उक्त धन का वर्ष 2011–12 में ग्राम निधि की मद में व्यय किया जाना दर्शित है। जो गम्भीर अनियमितता का द्योतक है। अतः रु0 200.00 की वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रीमती मुनेश देवी व श्री शिव कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी से संयुक्त रूप से की जानी अपेक्षित है तथा उक्त के प्रति विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है।

ग्राम पंचायत चौरावाला विकास खण्ड मोरना की विशेष लेखा परीक्षा वर्ष 2011–12 की प्रमुख आपत्तियाँ–

20. दिनांक 30.04.2011 को सन्नवर सीमेन्ट ब्रिक फील्ड मोरना से 160 कट्टे सीमेन्ट 260 की दर से 41600.00 रु0 के क्रय किये जाने दर्शित थे। परन्तु स्टॉक रजिस्टर व कार्यपूर्ति निर्माण रजिस्टर अनुसार व 160 कट्टे कहीं भी प्रयुक्त दर्शित नहीं है। तथा वर्षान्त पर दिनांक 31.03.2012 को स्टॉक रजिस्टर में सीमेन्ट का बैलेंस शून्य दर्शित है। जबकि गणना अनुसार 160 कट्टे सीमेन्ट के शेष रहना था। इस प्रकार 160 सीमेन्ट कट्टे को बिना प्रयुक्त किये स्टॉक रजिस्टर से समाप्त कर अंकन रुपये 41600.00 का अपहरण कर लिया गया है। जिसकी वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रीमती सुनीता देवी व ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अनंगपाल सिंह व तातारीख मय ब्याज सहित संयुक्त रूप से की जानी अपेक्षित है। उक्त के प्रति विभागीय अधिकारियों का ध्यान भी आवश्यक कार्यवाही हेतु आकर्षित किया जाता है।

21. वर्ष 2011–12 में पंचायत घर के फर्श मरम्मत हेतू निम्न व्यय किया जाना दर्शित है।

दिनांक	निर्माण सामग्री	दर	धनराशि	अन्य विवरण
31.01.2011	25 बैग सीमेन्ट	रु0 260 प्रति बैग	6500.00	
31.01.2011	5.40घनमी0 रेत	रु0 328प्रति घन	1860.00	गणना अनुसार 1771.00
15.11.2011	पं0घर में मरम्मत का मजदूरी का भुगतान		3510.00	
		योग	**11870.00**	

उक्त विवरण के अनुसार पंचायतघर में रु0 11870.00 का व्यय किया जाना दर्शित है जिसकी निर्माण कार्यपूर्ति तैयार नहीं की गयी है। इससे स्पष्ट है कि उक्त कार्य काल्पनिक रूप से दर्शाकर ग्राम पंचायत का धन अपहरण किया गया है। उक्त की वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रीमती सुनीता देवी व श्री अनंगपाल सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी से तातारीख मय ब्याज सहित संयुक्त रूप से की जानी अपेक्षित है। उक्त के प्रति विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान आवश्यक विशेष रूप से आकर्षित किया जाता है।

22. वर्ष 2011–12 के स्टॉक रजिस्टर अनुसार एवं कोष रजिस्टर अनुसार निम्न तिथियों में ईटों की खरीद दर्शित कर स्टॉक रजिस्टर से खारिज दर्शित है। जबकि निर्माण कार्य पूर्ति रजिस्टर अनुसार दर्शित कार्यो की कोई कार्यपूर्ति नही बनाई गयी है। तथा उक्त कार्य की मजदूरी का भी भुगतान किया गया है। उक्त भुगतान फर्जी प्रतीत होता है। दिनांक 22.11.11 को 10738 ईट 3750 की दर से 40267.00 की खरीदी गयी। जिनका उपयोग सुन्दर प्रधान के घेर के पीछे दिखा रखा है तथा उक्त पर 4400.00 रुपये मजूदरी व्यय दर्शाया गया है। इसी प्रकार दिनांक 28.03.11 को 3500 ईंटे दर 3715 की दर से 13000.00 ईटें खरीद कर श्री धर्म सिंह के मकान से महेन्द्र के मकान तक निर्माण कार्य दिखाया गया है उक्त पर 1100.00 रुपये मजदूरी व्यय की गयी है। उपरोक्त दोनों कार्य व मजदूरी काल्पनिक दर्शाकर ग्राम पंचायत के धन अंकन रु0 58767.00 का व्ययापहरण किया जाना प्रतीत होता है। उक्त की आवश्यक जांच उपरान्त अंकन रु0 58767.00 की वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रीमती सुनीता देवी व ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अनंगपाल सिंह से तातारीख मय ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है। उक्त की प्रति विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान आवश्यक कार्यवाही हेतु आकर्षित किया जाता है।

23. कोष रजिस्टर अनुसार दिनांक 28.11.2011 को बाउचर्स सं0 51 द्वारा पंचायत कार्यालय हेतू फर्नीचर (कुर्सी, मेज, अलमारी आदि) अंकन रु0 25250.00 की खरीद की जानी दर्शित है। जिसकी जांच पर निम्न आपत्तियां पायी गयी। उक्त खरीद से पूर्व रेटस कुटेशन नहीं ली गयी है। उक्त भुगतान चैक द्वारा न करके नकद किया गया है जो आपत्तिजनक है। उक्त व्यय की पुष्टि में प्रस्तुत बाउचर्स सादे कैश मीमो पर बना पाया गया। जबकि उक्त प्रमाणंक अधिकृत फर्म दुकान का होना चाहिये था। उक्त खरीद फर्नीचर की प्रविष्टि स्टॉक रजिस्टर में दर्ज नहीं की गयी है जो अति आवश्यक

है। 30 कुर्सी नील कमल दर 425 धनराशि रु0 12750.00 व 1 सेफ अलमारी दर 7000 रुपये व 1 मेज 5 इंच गुणा 3 इंच दराज 3000/– व 1 कुर्सी बोलपिन वाली 2500/– रुपये कुल 25250.00, उक्त तथ्यों के आधार पर उक्त दर्शित व्यय काल्पनिक प्रतीत होता है जिससे उक्त व्यय का अपहरण किया जाना प्रतीत होता है कि उक्त आवश्यक जांच उपरान्त उक्त वसूली अंकन रु0 25250.00 की तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रीमती सुनीता देवी व श्री अनंगपाल सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी से संयुक्त रूप से की जानी अपेक्षित है। उक्त के प्रति विभागीय अधिकारियों का ध्यान आवश्यक कार्यवाही हेतु आकर्षित किया जाता है।

24. दिनांक 23.09.2011 को ग्राम पंचायत में प्रकाश व्यवस्था हेतू 48 स्ट्रीट लाईट दर 2600.00 प्रति के हिसाब से कुल रु0 124800.00 की क्रय तथा उक्त लाईट लगाई का दिनांक 26.09.11 को 3500.00 रुपये की लाईट लगाई का मजदूरी का भुगतान किया जाना दर्शित है। उक्त व्ययों की पुष्टि में उक्त प्रमाणंक सम्बन्धित फर्म का बिल/ बाउचर उपलब्ध नहीं था। जिसके अभाव में उक्त दर्शित व्यय काल्पनिक प्रतीत होता है। उक्त दर्शित व्यय का अपहरण किये जाने की सम्भावना बनी हुई है। उक्त की आवश्यक जांच उपरान्त तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रीमती सुनीता देवी व श्री अनंगपाल सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी से अंकन रु0 124800.00 व 3500.00 कुल रुपये 128300.00 की वसूली संयुक्त रूप से की जानी अपेक्षित है। उक्त के प्रति विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान आवश्यक कार्यवाही हेतु आकर्षित किया जाता है।

25. वर्ष 2010–11 व 2011–12 में छात्रनिधि बैंक पासबुक खाता संख्या 156 के अनुसार क्रमशः रु0 96000.00 व 833625.00 रु0 का आहरण किये जाने दर्शित है। उक्त व्यय के सापेक्ष में कोष रजिस्टर व छात्रवृत्ति वितरण रजिस्टर/उपभोग प्रमाण पत्रव लाभान्वित छात्रों की सूची लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये है। जिसके कारण उक्त वितरण की पुष्टि नही होती। जिससे स्पष्ट होता है कि वर्ष 2010–11 व 2011–12 में छात्रवृत्ति वितरण में भारी घोटाला होने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। उक्त धन का ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा दुरुपयोग किया जाना प्रतीत होता है। अतः उक्त की आवश्यक जांच उपरान्त रु0 96000.00 व रु0 833635.00 कुल 929635.00 रु0 की वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रीमती शकीला देवी व श्रीमती सुनीता देवी वर्तमान ग्राम प्रधान व श्री अनंगपाल सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी से तातारीख मय ब्याज सहित संयुक्त रूप से वसूली की जानी अपेक्षित है। उक्त के प्रति विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है।

26. वर्ष 2010–11 में मिड–डे–मील की बैंक पासबुक खाता संख्या (पी0एन0बी0 चौरावाला) 90345 के द्वारा निम्न तिथियों में चैक द्वारा धन आहरण किया जाना दर्शित है। दिनांक 06.04.2010 चैक संख्या 64251 श्री मौ0 इस्लाम (प्रधानपति) आहरित धनराशि रुपये 1,75,000.00, दिनांक 06.08.2010 चैक संख्या 64253 श्री मौ0 इस्लाम (प्रधानपति) आहरित धनराशि रुपये 25,000.00, दिनांक 17.08.2010

चैक संख्या 64256 श्री मौ0 इस्लाम (प्रधानपति) आहरित धनराशि रुपये 15,000.00, दिनांक 01.09. 2010 चैक संख्या 64254 शहीद सुशील गैस एजेंसी आहरित धनराशि रुपये 700.00, दिनांक 29.11. 2010 चैक संख्या 64259 श्रीमती शकीला देवी ग्राम प्रधान आहरित धनराशि रुपये 40,000.00 व दिनांक 11.12.2010 चैक संख्या 64260 श्री दल सिंह आहरित धनराशि रुपये 7,000.00 कुल धनराशि 2,67,700.00 आहरित किया गया। उक्त आहरण का इन्द्राज कोष रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया है। उक्त विवरण से स्पष्ट है की भारी धनराशि खाते से आहरित की गयी जो लेखा परीक्षा की दृष्टिकोण से मिडडे मील पर खर्च होना व्यवहारिक नहीं लगता है। लेखा परीक्षा में ज्ञात न हो सका तथा उत के व्यय प्रमांणक/ खाना बनाने वाली के मस्टर रोल/ खाद्य साम्रगी क्रय के प्रमाणक/ उपस्थित बच्चों की सूची आदि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये है। अतः उपरोक्त परिस्थितियों में समस्त धनराशि का ग्राम प्रधान श्रीमती शकीला देवी व ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अनंगपाल सिंह द्वारा दुरुपयोग किया गया है। अतः उक्त की आवश्यक जांच उपरान्त अंकन रुपये 2,67,700.00 की वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रीमती शकीला देवी व श्री अनंगपाल सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी से तातारीख मय ब्याज सहित संयुक्त रूप से की जानी अपेक्षित है। उक्त के प्रति विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है।

27. वर्ष 2010–2011 में कोषबही व ग्राम निधि जिला सहकारी बैंक शाखा खतौली खाता संख्या–(12166)के अनुसार उक्त खाते से रुपये 432500.00 का आहरण किया जाना दर्शित है जिसके सापेक्ष रु0 432500.00 का व्यय कोषबही में दर्शित है। उक्त व्यय की पुष्टि में कोई बिल/ व्यय प्रमाणंक/ मस्टरोल लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये गये। जिसके कारण उक्त भुगतान की पुष्टि नहीं होती है। जिसके कारण उक्त धन के व्ययापहरण किये जाने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। उक्त के प्रति विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से इन्कार नहीं किया जा सकता है। उक्त के प्रति विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आवश्यक कार्यवाही हेतु आकर्षित किया जाता है। तथा उक्त की जांच उपरान्त रु0 432500.00 की वसूली ग्राम प्रधान श्री सुरेश चन्द व श्री महेश कुमार वर्तमान ग्राम प्रधान व श्री शिव कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी से तातारीख मय ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

28. वर्ष 2010–2011 में मिड–डे–मील की बैंक पासबुक (जिला सहकारी बैंक शाखा खतौली) के खाता संख्या 14730 व कैशबुक अनुसार उक्त खाते से रु0 90450.00 का आहरण किया गया। जिसके सापेक्ष रु0 95384.61 का व्यय कोष रजि0 में दर्शित है। उक्त व्यय की पुष्टि में कोई बिल/ व्यय प्रमाणक/खाद्य सामग्री क्रय का प्रमाणंक/ खाना बनाने की मजदूरी का मस्टरोल व बच्चों की उपस्थिति प्रमाण पत्र आदि प्रमाणंक लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये गये। जिसके कारण उक्त व्यय की पुष्टि नहीं होती है। उक्त व्यय काल्पनिक प्रतीत होता है। जिससे उक्त धन का व्ययापहरण होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। जिससे उक्त धन का व्ययापहरण होने की

संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है। तथा उक्त की जांच उपरान्त रुपये 95384.61 की वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्री महेश कुमार व श्री सुरेश चंद ग्राम प्रधान व श्री शिव कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी से तातारीख मय ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

29. वर्ष 2010–2011 में छात्रनिधि खाता संख्या जिला सहकारी बैंक शाखा खतौली के खाता संख्या 12227 व कैश बुक अनुसार रु0 329650.00 का आहरण किया जाना दर्शित है। जिसके सापेक्ष रु0 329950.00 का व्यय कोष रजिस्टर में दर्शित है। उक्त व्यय में रु0 320990.00 का वितरण व रु0 8960.00 रुपये सम्बन्धित संस्था को वापस करना कोष रजिस्टर में दर्शित है। उक्त वितरण की पुष्टि में वितरण रजि0 व उपभोग प्रमाण पत्र तथा लाभान्वित छात्रों की सूची आदि लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये गये है। जिसके कारण उक्त व्यय की पुष्टि नहीं होती है। जिसके कारण उक्त धन के व्ययापहरण की संभावना बनी हुई है। विभागीय अधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है। तथा उक्त की जांच उपरान्त रु0 320990.00 की वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्री महेश कुमार श्री सुरेश चन्द वर्तमान ग्राम प्रधान व श्री शिव कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी से तातारीख ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

30. वर्ष 2011–2012 में ग्राम निधि खाता संख्या 12166 के बैंक पासबुक अनुसार दिनांक 05.05.2011 को रु0 14000.00 आहरण किया जाना दर्शित है जिसके सापेक्ष रु0 14000.00 का व्यय कोष रजि0 में दर्शित है। उक्त व्यय की पुष्टि में कोई भी बिल/व्यय प्रमाणक/ मस्टरोल आदि लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये। जिसके कारण उक्त व्यय की पुष्टि नहीं होती है। तथा उक्त व्यय की पुष्टि नहीं होती है। तथा उक्त व्यय काल्पनिक प्रतीत होता है। जिसके कारण उक्त व्ययापहरण होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। उक्त की आवश्यक जांच उपरान्त सम्बन्धित ग्राम प्रधान श्री सुरेश चन्द व श्री शिव कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी से अंकन रुपये 14000.00 की वसूली मय ब्याज के की जानी अपेक्षित है। उक्त के प्रति विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है।

31. वर्ष 2011–2012 में छात्रवृत्ति से सम्बन्धित कोई भी अभिलेख बार–बार मांग करने के बावजूद भी लेखा परीक्षा में जांच हेतू प्रस्तुत नहीं किये गये। छात्रनिधि की बैंक पासबुक खाता संख्या 12227 के अनुसार वर्ष 2011–2012 में अंकन रुपये 399970.00 का आहरण किया जाना दर्शित था। उक्त से सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने के कारण छात्रवृत्ति वितरण में भारी घोटाला होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। जिसे कारण उक्त धन का व्ययापहरण किये जाने की पूर्ण संभावना है। अतः आवश्यक जांच उपरान्त रु0 309970.00 की वसूली ग्राम प्रधान श्री सुरेश चन्द व श्री शिव कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी से तातारीख मय ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित

है। तथा उक्त के प्रति विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है।

32. वर्ष 2011–2012 में कोष रजिस्टर व ग्राम निधि खाता संख्या 636102010000607 से अंकन रु0 508865.00 आहरण किये जाने दर्शित है। जिसके सापेक्ष रु0 508865.00 का व्यय कोष रजि0 में दर्शित है। उक्त व्यय की पुष्टि में कोई बिल/व्यय प्रमाणंक/ मस्टरोल लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं कराये गये। जिसके कारण उक्त भुगतान की पुष्टि नहीं होती है। जिससे उक्त धन के व्ययापहरण की संभावना बनी हुई है। उक्त के प्रति विभागीय उच्च अधिकारियों का ध्यान आवश्यक कार्यवाही हेतू आकर्षित किया जाता है। तथा उक्त की जांच उपरान्त रुपये 508865.00 की वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान श्री सुरेश चन्द व श्री शिव कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी से तातारीख मय ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।

33. कोष रजिस्टर (मिड–डे–मील) तथा मिड–डे मील की बैंक पासबुक सं0 9593 के अनुसार निम्न तिथियों में मिड–डे मील से सम्बन्धित है निम्न व्यय दर्शित था, जबकि शासन द्वारा मिड डे मील के खातों पर माह फरवरी 2011 से प्रतिबंध लगा था। प्रतिबंध के बाजवूद उक्त खाते से धन आहरित कर मनमाने ढंग से कम दर्शाकर पंचायत के धन का दुरुपयोग किया गया है। दिनांक 29.04.11 को 15,000.00 की निकासी कर ग्राम पंचायत के तीनों विद्यालयों के भी मिड–डे मील पर माह मार्च, अप्रैल का व्यय 16055.90 दर्शित था। दिनांक 03.03.12 को रु0 2890.00 की निकासी कर दिनांक 30.11.11 को 5 सिलेंडरों की रिफिल पर 1750.00 तथा गैस चूल्हों की मरम्मत पर 1184.10 का खर्च दर्शित था। इस प्रकार कुल खर्च 18990.00 का किया गया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त खाते से दिनांक 03.03.12 की निकासी को कोष रजि0 में 29.11.11 का दर्शित कर 30.11.11 को 2934.10 का व्यय (गत रोकड शेष सहित) दर्शाया गया है। यह किस प्रकार सम्भव हुआ? स्पष्टतया उक्त कम मात्र कागजों में दर्शाकर पंचायत के धन का दुरुपयोग किया गया है। अतः 18990.00 की वसूली तातारीख ब्याज सहित प्रधान तथा तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी से संयुक्त रूप से अविलम्ब की जानी अपेक्षित है।

34. कोष रजिस्टर (ग्राम निधि) के अनुसार दिनांक 31.05.11 को व्यय प्रमाणंक सं0 13 द्वारा स्कूल के चूल्हों की मरम्मत कराने पर 515 का खर्च दर्शित था। यह व्यय ग्राम निधि के धन से करने का क्या औचित्य रहा। जबकि मिड डे मील का कोष रजिस्टर बैंक खाता पृथक से था। तथा शासन द्वारा माह फरवरी 2011 से मिड डे मील के खातों से आहरण पर रोक लगी थी। अतः उक्त काल्पनिक व्यय दर्शा कर पंचायत के धन का दुरुपयोग किया गया है। जिसकी वसूली प्रधान तथा ग्राम पंचायत अधिकारी से संयुक्त रूप से की जानी अपेक्षित है।

35. छात्रवृत्ति खाता संख्या जिला सहकारी बैंक शाहपुर 6457 के अनुसार आलोच्य वर्ष भी उक्त खाते से कुल 5,25,500.00 की निकासी की गयी थी, जबकि छात्रवृत्ति वितरण रजि0 के अनुसार ग्राम पंचायत के तीन विद्यालयों के छात्रों को कुल 4,89.230.00 छात्रवृत्ति वितरित की गयी। तथा दिनांक 02.05. 11 को अंकन 19,500.00 समाज कल्याण विभाग मु0नगर को ड्राफ्ट द्वारा वापस किये गये। तथा वर्ष में प्रधान की अमानत (जो 31.03.11 को ली गयी थी) अंकन 910.00 रुपये वापस की गयी। एवं वर्षान्त पर प्रधान के पास 6900.00 छात्रवृत्ति का धन नकद अवशेष रहा। इस प्रकार कुल 5,16,540. 00 का हिसाब तो है शेष 8960.00 का क्या रहा? यह धन न तो बैंक में जमा किया गया और न ही छात्रों को वितरण किया गया। स्पष्टतया 8960.00 छात्रवृत्ति के बचे रहने की व्याहरित कर लिया गया प्रतीत होता है। अतः आवश्यक जांचोपरान्त प्रधान तथा ग्राम पंचायत अधिकारी से रुपये 8960. 00 की वसूली संयुक्त रूप से ब्याज सहित अविलम्ब की जानी अपेक्षित है।

36. स्टॉक रजिस्टर अनुसार दिनांक 31.03.12 की ईंट तथा सीमेंट का निम्न स्टॉक अवशेष दर्शित था। 11089 ईट दर 3700.00 अंकन 41030.00 भट्टे पर मौजूद दर्शित थी, 52 कट्टे सीमेंट दर 280.00 अंकन 14,560.00 कुल योग 55,590.00 उक्त सामान की खरीद माह मार्च 2012 में की गयी थी जब यह सामान 31.03.2012 तक प्रयोग होना ही नहीं था, तो इसकी खरीद करने की क्या आवश्यकता थी, स्पष्टतया ग्राम पंचायत के धन का मनमाने ढंग से दुरुपयोग किया गया है। जिस हेतु प्रधान तथा ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु विभाग का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है।

37. कोष रजिस्टर अनुसार माह मार्च 2012 को दिनांक 31.03.12/31.01.12 को ग्राम निधि के पी0एन0बी0 शाखा शाहपुर के खाता संख्या 2971 से 5690.00 का आहरण किया गया दर्शित था जिसकी पुष्टि सम्बन्धित बैंक पासबुक से होती है। बाद में आम पक्ष का योग करने के बाद अंकन 5690.00 से कम करके प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा व्ययापहरण कर लिया गया। जिसकी वसूली तातारीख ब्याज सहित प्रधान श्रीमती बाला व श्री सोहनवीर तत्कातीन ग्राम पंचायत अधिकारी से संयुक्त रूप से करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

38. कोष रजिस्टर अनुसार दिनांक 22.07.11 को पंचायतघर के रंग रोगन कराने हेतु रंग का सामान रुपये 5500.00 का खरीद दर्शित था, पुष्टि में वा0न0 55 शर्मा पेंट स्टोर शाहपुर का सादी कैश मीमो पर बना पाया गया। जिस पर शर्मा पेन्ट स्टोर शाहपुर की मोहर लगी थी, तथा उक्त पर रफ स्टीमेंट लिखा था, रफ एस्टीमेट वास्तविक खरीद का प्रमाण नहीं है, अतः मूल क्रय प्रमाणकों के अभाव में पेंटस सामग्री का क्रय एवं उपभोग अपुष्ट तथा अप्रमाणित है। व्यय की धनराशि अंकन 5500.00 की वसूली तातारीख ब्याज सहित प्रधान/ ग्राम पंचायत अधिकारी से संयुक्त रूप से की जानी अपेक्षित है।

39. कोष रजिस्टर अनुसार माह दिसम्बर 2011 को दिनांक 07.12.11 की मिड डे मील खाते से रुपये 1145.00 जमा अवशेष धनराशि का आहरण कर ग्राम पंचायत के खर्चो में प्रयुक्त कर लिया गया था। जबकि शासन द्वारा माह फरवरी 2011 में मिड डे मील खाते से आहरण पर प्रतिबंध लगा दियाथा। खाते में जमा अवशेष सम्बन्धित स्कूलों के खाते के ट्रांसफर होना था। इस प्रकार शासन के आदेशों की अवहेलना कर मनमाने ढंग से 1145.00 की निकासी अनियमित रूप से करके धन का दुरुपयोग किया गया दर्शित है। अतः इसकी वसूली प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी (तत्कालीन) से संयुक्त रूप से अविलम्ब की जानी अपेक्षित है।

40. कोष रजिस्टर अनुसार दिनांक 19.05.11 /25.02.12 को प्रा0 विद्यालय कसेरवा हेतु एक गैस कनेक्शन हौट प्लेट लाईट चूल्हे सहित अंकन 5560.00 का ख़रीद दर्शित था। पुष्टि में वा0न0 91 शाहपुर का बिल उपलब्ध था। उक्त व्यय अनाधिकृत रूप से किया गया दर्शित था। क्योंकि मिड डे मील खाते से आहरण तथा खर्च पर शासन द्वारा माह फरवरी 2011 से प्रतिबंध है। इस प्रकार ग्राम प्रधान ने शासन के आदेशों की खुली अवहेलना कर धन का दुरुपयोग किया गया दर्शित था। अतः रुपये 5560.00 की वसूली तातारीख ब्याज सहित प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी (तत्कालीन) से संयुक्त रूप से की जानी अपेक्षित है।

जनपद मुजफ्फरनगर की ग्राम पंचायतों की लेखा परीक्षा में पाई गयी प्रमुख आपत्तियाँ

41. जनपद मुजफ्फरनगर की वर्ष 2011–12 की लेखा परीक्षित 661 ग्राम पंचायतों में छात्रवृत्ति की मद में वर्ष के प्रारम्भ में रु0 383.69 लाख की धनराशि शेष थी। वर्ष दौरान छात्रवृत्ति की मद में प्राप्तियाँ 30 1168.27 लाख व व्यय 30 1230.70 लाख के उपरान्त दिनांक 31.03.2012 को रु0 329.16 लाख की धनराशि अप्रयुक्त शेष रही। शासनादेश संख्या 2507/26–3–99–4 (215)/90 टी0सी0 दिनांक 04.03.1999 में दिये गये निर्देशों के अनुसार इस धनराशि को अनुदान देने वाले सम्बन्धित विभाग को वापस किया जानाआवश्यक था जो नहीं दिया गया। शासनादेशों के इस प्रकार के उल्लंघन से शासकीय अनुदान के धन के अपहरण, दुरुपयोग की प्रबल सम्भावना रहती है। अतः इस प्रति विभाग एवं शासन का ध्यान आवश्यक कार्यवाही हेतु आकृष्ट किया जाता है। ग्राम पंचायतवार विवरण परिशिष्ट 2क संलग्न है।

42. जनपद मुजफ्फरनगर की वर्ष 2011–12 की लेखा परीक्षित 661 ग्राम पंचायतों में राज्य वित्त आयोग तथा 12वें वित्त अयोग से प्राप्त धनराशि में से ग्राम निधि खाते में वर्ष के प्रारम्भ में रु0 1731.07 लाख की धनराशि शेष थी। वर्ष 2011–12 में रु0 6008.06 लाख की प्राप्तियों एवं रु0 6059.31 लाख के व्यय के उपरान्त दिनांक 31.03.2011 को रु0 1679.83 लाख की धनराशि अप्रयुक्त शेष रही। ग्राम पंचायतवार विवरण परिशिष्ट 2–ख पर संलग्न है। उपरोक्त योजनाओं में शासन से प्राप्त अनुदान का शासनादेशों द्वारा निर्धारित समय सीमा में उपभोग किया जाना आवश्यक था। समय से शासकीय अनुदान का उपभोग न जाने से विकास कार्यों की लागत में वृद्धि होने से सम्बन्धित ग्राम पंचायतों/ शासन को हानि होने के साथ साथ जन सामान्य को शासकीय अनुदान से होने वाले

विकास कार्यो का लाभ भी प्राप्त नहीं हो पाता है। अतः शासनादेशों में निर्धारित समय सीमा के अनुदान का उपभोग किया जाना आवश्यक है।

43. जनपद मुजफ्फरनगर की वर्ष 2011–12 की लेखा परीक्षित 661 ग्राम पंचायतों में दिनांक 31.03.12 को अन्य स्रोतों से प्राप्त धनराशि शेष रही। इस धनराशि का ग्राम निधि खाते में ट्रांसफर करते हुए स्वीकृत विकास कार्यो में उसका उपभोग कराया जाना चाहिए। इस प्रति विभाग का ध्यान आकृष्ट किया जाता है। ग्राम पंचायतवार विवरण परिशिष्ट 2–ग पर संलग्न है।

44. जनपद मुजफ्फरनगर की वर्ष 2011–12 की लेखा परीक्षित 661 ग्राम पंचायतों में से 70 ग्राम पंचायतों, जिनकी सूची परिशिष्ट 2–घ पर संलग्न है, के द्वारा मिड–डे–मील से सम्बन्धित वर्ष 2011–12 के अभिलेख ऑडिट के समक्ष जांच हेतु प्रस्तुत नहीं किए गये हैं। ऐसी दशा में सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में मिड–डे–मील योजना से प्राप्त अनुदान की धनराशि के अपहरण/दुरुपयोग अथवा गम्भीर अनियमितताओं की प्रबल संभावना हो सकती है।

45. जनपद की 661 लेखा परीक्षित ग्राम पंचायतों में से 506 ग्राम पंचायतों द्वारा वर्ष 2011–12 की लेखा परीक्षा में मनरेगा योजना से सम्बन्धित कोई अभिलेख, सूचनाएँ अथवा आंकडे जांच हेतु ऑडिट के समक्ष प्रस्तुत नहीं किये गये। ऐसी दशा में ग्राम पंचायतों में शासकीय अनुदान में धन के अपहरण, दुरुपयोग अथवा गम्भीर अनियमितताओं की प्रबल सम्भावना है। ग्राम पंचायतवार विवरण परिशिष्ट 2–ड पर संलग्न है।

46. जनपद की अधिकांश ग्राम पंचायतों द्वारा वित्तीय वर्ष 2011–12 में जिला पंचायत राज अधिकारी मुजफ्फरनगर के पी0एल0ए0 में रु0 1000.00 से रु0 1200.00 तक की धनराशि पंचायत करके 10 प्रतिशत अंशदान के रूप में भुगतान की गई है। जबकि सम्बन्धित अधिकांश ग्राम पंचायतों में पंचायत कर की वसूली शून्य अथवा नगन्य रही है। अतः जनपद की ग्राम पंचायतों में पंचायत कर के वार्षिक निर्धारित वसूली एवं पंचायत राज अधिकारी के पी0एल0ए0 में अंशदान पर प्रभावी विभागीय नियंत्रण की आवश्यकता है। विकास कार्यो से प्राप्त धनराशि में से पंचायत कर के अंशदान के नाम पर भुगतान किया जाना अनियमित रहा।

47. जनपद मुजफ्फरनगर की अधिकांश ग्राम पंचायतों द्वारा हैण्डपम्पों की मरम्मत पर किये गये व्यों की पुष्टि में सम्बन्धित कल पुर्जो की खरीद व मजदूरी से सम्बन्धित प्रमाणक नहीं रखे गये है तथा हैण्ड पम्पों के बदले गये पुराने पुर्जो का कोई स्टॉक नहीं रखा गया है जिसके किये गये व्यय अप्रमाणित रहे।

48. जनपद मुजफ्फरनगर अधिकांश की ग्राम पंचायतों द्वारा शासकीय अनुदान से क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री अपंजीकृत विक्रेताओं से क्रय की गई है तथा निर्माण सामग्री के बिलों में वैट नहीं लगा है। इस प्रकार सम्बन्धित आपूर्तिकर्ताओं वाणिज्य कर (वैट) का अपवंचन किया गयाहै तथा अपंजीकृत फर्मो से निर्माण सामग्री क्रय करके ग्राम पंचायतों द्वारा शासन के निर्देशों का उल्लंघन किया गया है।

मण्डल का नामः— मेरठ।

जनपद का नामः— बुलन्दशहर

ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित आपत्तियां

1.निर्माण/मरम्मत कार्यो में दर्शित व्यय के सापेक्ष सामग्री क्रय प्रमाणक , मजदूरी भुगतान मस्टरोल आदि जॉच में न दिये जाने के कारण अनियमित भुगतान ।

क्रम सं0	विकास खण्ड	ग्राम पंचायत	सम्मिलत धनराशि				अभ्युक्ति
			अपहरण	दुर्विनियोग	गम्भीर अनियमित	आपत्ति सं0	
1	जहॉगीराबाद	ककरई	16000	—	—	2,3	
2	जहॉगीराबाद	खालौर	1701965	—	—	1	
3	जहॉगीराबाद	योग	1717965.00	—	—		

4. क्रय सम्बन्धी प्रक्रिया का पालन न करके अनियमित क्रय कर धनराशि का दुरूपयोग किया जाना

क्रम सं0	विकास खण्ड	ग्राम पंचायत	सम्मिलत धनराशि				अभ्युक्ति
			अपहरण	दुर्विनियोग	गम्भीर अनियमित	आपत्ति सं0	
1	शिकारपुर	डोवला हसनगढ	7875	8720	—	1,2,3	
2	शिकारपुर	भटौला	90085	8220	200	1,2,3,4	
3	शिकारपुर	रसूलपुर	89364	200	—	1,2,3	
4	शिकारपुर	भैसरोली	120819	5680	—	1,2,3,4	
5	शिकारपुर	सरावा	221005	2740	200	1,2,3,4	

4. क्रय सम्बन्धी प्रक्रिया का पालन न करके अनियमित क्रय कर धनराशि का दुरूपयोग किया जाना

क्रम सं0	विकास खण्ड	ग्राम पंचायत	सम्मिलत धनराशि			
			अपहरण	दुर्विनियोग	गम्भीर अनियमितत	आपत्ति सं0
6	शिकारपुर	रसूलपुरनगला बिसर	7285	500	—	1,2
7	शिकारपुर	सुर्खरू	7285	32400	—	1,2,3
8	शिकारपुर	जटपुरा मुकीमपुर	28945	5680	—	1,2,3,4
9	शिकारपुर	जखैता	7285	3240	—	1,2,3
10	शिकारपुर	चित्सौन	72540	—	6680	1,2,3,4,5
11	ऊँचागांव	नगला मदारीपुर	4275	5480	9755	10,11
12	ऊँचागांव	थाना गजरौला	516105	—	—	10,11
13	ऊँचागांव	अमरगढ	4275	—	—	10,11
14	ऊँचागांव	शकरपुर	4000	—	—	10,11
15	ऊँचागांव	ढलना	198655	2740	2565	10,11,12,13
16	ऊँचागांव	मवई	312739	—	—	10,11
17	ऊँचागांव	सफीनगर	403201	5480	2565	10,11,12,13
18	ऊँचागांव	भगवन्तपुर	—	5980	389720	1,2,3
19	ऊँचागांव	भडकाऊ	—	500	123840	1,2,3
20	ऊँचागांव	जरीया आलम	—	5480	296725	1,2,3
21	ऊँचागांव	मंगलपुर रोशन	—	4829	—	1,2,3
22	ऊँचागांव	महुआखेडा	—	—	6840	1,2
23	ऊँचागांव	मौ0 पुर बवराला	6840	—	—	1
24	ऊँचागांव	दुलखेडा	—	5480	2565	1,2
25	ऊँचागांव	कांचरोठ	—	8220	2565	1,2

4. क्रय सम्बन्धी प्रक्रिया का पालन न करके अनियमित क्रय कर धनराशि का दुरूपयोग किया जाना

क्रम सं0	विकास खण्ड	ग्राम पंचायत	सम्मिलत धनराशि			
			अपहरण	दुर्विनियोग	गम्भीर अनिय	आपत्ति सं0
26	ऊँचागांव	औरंगाबाद ताहरपुर	1832500	2740	500	10,11,12,13
27	ऊँचागांव	चौढेरा	6500	40000		10,11,12,13
		योग	729269038	81449	846885	

6. बैंक से आहहरित का कैशबुक में अंकन नही करके धनराशि का अपहरण

क्रम सं0	विकास खण्ड	ग्राम पंचायत	सम्मिलत धनराशि				अभ्युक्ति
			अपहरण	दुर्विनियोग	गम्भीर अनियमित	आपत्ति सं0	
1	जहॉगीराबाद	ढक्का	50000	–	–	3	–
2	जहॉगीराबाद	ककरई	692800	–	–		–
3	अगौता	अख्त्यारपुर	75525	–	–	25	–
4	अगौता	गुठावली टीकरी	815889	–	–	22	–
5	स्याना	खानी कटीरी	293000	–	–	27	–
		योग	2327014	–	–		–

जनपद– बागपत।

1– नाम ग्राम पंचायत– फिरोजपुर

2– नाम विकास खण्ड– खेकड़ा

लेखा परीक्षा वर्ष 2010–11

क्रम सं0	आपत्ति का संक्षिप्त विवरण	दुरूपयोग
1	2	3
1	वर्ष 2010–11 में सामग्री क्रय एवं मजदूरी हेतु भुगतान की गई धनराशि की बिल बाउचर एवं मस्टररोल लेखा परीक्षा के समय प्रस्तुत नहीं किये गये।	528063.00
	योग–	528063.00

आ0 सं0–1 वर्ष 2010–11में कोषबही के अनुसार क्रय की गई सामग्री के बिल वाउचर तथा मजदूरी हेतु भुगतान की गई धनराशि के मस्टररोल, स्टीमेट,

कार्यपूर्ति प्रमाण–पत्र आदि प्रस्तुत नहीं किये गये। व्यय प्रमाणकों के अभाव में व्यय की गई धनराशि रू0 528063.00 का दुरूपयोग किया जाना

प्रतीत होता है।

अतः आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

जनपद का नाम– गाजियाबाद व गौतमबुद्ध नगर

ग्राम पंचायत से सम्बधित आपत्तियॉ :–

क्र0	नाम ग्राम पंचायत	विकास खण्ड / जनपद	आपत्ति का संक्षिप्त विवरण
01	भापखेड़ा	बिसरख गौतमबुद्धनगर	कार्य पर निर्धारित मात्र से अधिक सामग्री व्यय कर रु0 21085/– की अनियमितता
02	खेड़ी	बिसरख गौतमबुद्धनगर	प्रधान के पास अनावश्यक रूप से रोकड़ शेष दर्शा कर ग्राम पंचायत को रु0 36,000/– ब्याज की हानि।
03	गुलिस्तानपुर	बिसरख गौतमबुद्धनगर	पूर्व प्रधान के अधिक व्यय रु0 33036/– का बिना प्रमाणक के के समायोजन कर अनियमितता ।
04	सैनी	बिसरख गौतमबुद्धनगर	खड़ंजा निर्माण पर मानक से अत्यन्त कम दर पर श्रम का भुगतान कर रु0 30800 की अनियमितता।
05	होशियारपुर	बिसरख गौतमबुद्धनगर	श्रम खड़ंजा निर्माण पर मानक से अधिक व्यय कर रु0 12160/– की अनियमितता।
06	शाहपुर गोवर्धनपुर	बिसरख गौतमबुद्धनगर	रोकड़ शेष में त्रुटि कर रु0 43624/– का अपहरण ।
07	खोदनाखुर्द	बिसरख गौतमबुद्धनगर	10 शौचालय लाभार्थियों का भुगतान चैक से न कर नकद किया गया है। अतः रु0 45000/– की अनियमितता।
08	तिलपता करनवास	बिसरख गौतमबुद्धनगर	रोकड़ शेष में त्रुटि कर एवं बैंक से आहरण कर कोष बही में लेखा न कर रु0 6730/– का अपहरण किया गया।
09	पर्थला खंजरपुर	बिसरख गौतमबुद्धनगर	असंचालित खातों की धनराशि को संचालित खातों में हस्तान्तरण न कर रु0 48414.75की अनियमियतता
10	नगली वाजिदपुर	बिसरख गौतमबुद्धनगर मो0नगर	बिना विभागीय अनुमति के अधिक व्यय दर्शाकर रु0 255000/– की अनियमितता

11	इटैरा	बिसरख गौतमबुद्धनगर	माह 5/10 में बैंक द्वारा बिना किसी स्वीकृति के आहरित धनराशि समायोजन के आधार पर /0 26982/– की अनियमितता।
12	गढ़ी चौखण्डी	बिसरख गौतमबुद्धनगर	असंचालित खाते की धनराशि संचालित खातों में हस्तान्तरित न कर रु0 11822.90 की अनियमितता।
13	भनौता	बिसरख गौतमबुद्धनगर	कम ईंट में अधिक कार्य दर्शा कर रु0 45000/– की अनियमितता।
14	सुनपुरा	बिसरख गौतमबुद्धनगर	(क) खड़ंजा निर्माण पर श्रम के रूप में अत्यन्त कम दर से व्ययस कर रु0 102710/– की अनियमितता (ख) असंचालित खातों को बन्द कर जमा धनराशि को संचालित खातों में हस्तान्तरित न कर रु0 21581.74 की अनियमितता।
15	बिसोखर	भोजपुर गाजियाबाद	व्यय प्रमाणक व कोषबही दिनांक 01.04.2010 से 14.09.2010 तक की कोशबही नहीं प्रस्तुत की गई उक्त अवधि में रु0 7,24,300/– का आहरण कर अपहरण ।।
16	मो0पुर सुजानपुर अखाड़ा	भोजपुर गाजियाबाद	कोषबही में प्रविष्टि न कर रु0 108864.00 का अपहरण किया गया।
17	भोजपुर	भोजपुर गाजियाबाद	कोषबही में प्रविष्टि न कर रु0 6945/– का अपहरण
18	कादराबाद	भोजपुर गाजियाबाद	कोषबही के आय पत्र के योग में कम दर्शित कर धन रु0 5000/– का अपहरण
19	अतरौली अवलपुर	भोजपुर गाजियाबाद	बैंक से नकद आहरण कर उसे कोषबही में प्रविष्टि न कर रु0 3000/– का अपहरण।
20	कनकपुर जोया	भोजपुर गाजियाबाद	छात्रवृत्ति की धनराशि की कोषबही में प्रविष्टि न कर रु0 50340/– का अपहरण।

21	नंगौला अमीपुर	भोजपुर गाजियाबाद	बैंक से आहरित धन का कोषबही में प्रविष्टि न कर रु0 47480/— का अपहरण।
22	अमीपुर बड़ायला	भोजपुर गाजियाबाद	बैक से आहरित धन की कोषबही में प्रविष्टि नल कर रु0 38400/— का अपहरण।
23	चचूरा	दनकौर गौतमबुद्धनगर	व्यय प्रमाणक न प्रस्तुत कर रु0 37119. 38 का अपहरण
24	खानपुर	दनकौर गौतमबुद्धनगर	व्यय प्रमाण पत्र व कोषबही उपलब्ध नहीं अतः रु. 431785/— का अपहरण।
25	देवता	दनकौर गौतमबुद्धनगर	व्यय प्रमाणक व कोषबही उपलब्ध नहीं अतः रु0 168000/— के आहरण का अपहरण।
26	लडपुरा	दनकौर गौतमबुद्धनगर	व्यय प्रमाणक व कोषबही उपलब्ध नहीं अतः रु0 786666 का आहरण कर अपहरण।
27	आजमपुरगढ़ी	दनकौर गौतमबुद्धनगर	व्यय प्रमाणक व कोषबही उपलब्ध नहीं अतः रु0 82800/— का अपहरण।
28	अस्तौली	दनकौर गौतमबुद्धनगर	व्यय प्रमाण पत्र व कोषबही उपलब्ध नहीं अतः 240955/— का आहरण कर अपहरण
29	धरबरा	दनकौर गौतमबुद्धनगर	वित्त छात्रवृत्ति की व्यय प्रमाणक व कोषबही उपलब्ध नहीं अतः रु0 शून्य
30	ऐच्छर	दनकौर गौतमबुद्धनगर	वित्त एवं छात्रवृत्ति की कोषबही व व्यय प्रमाणक प्रस्तुत नहीं
31	तुगलकपुर	दनकौर गौतमबुद्धनगर	वित्त एवं छात्रवृत्ति की कोषबही व व्यय प्रमाणक प्रस्तुत नहीं।
32	गुलावठी	दनकौर गौतमबुद्धनगर	वित्त एव छात्रवृत्ति की कोषबही व व्यय प्रमाणक प्रस्तुत नहीं।
33	कासना	दनकौर गौतमबुद्धनगर	वित्त एव छात्रवृत्ति की कोषबही व व्यय प्रमाणक प्रस्तुत नहीं।
34	डाढ़ा	दनकौर गौतमबुद्धनगर	वित्त एव छात्रवृत्ति की कोषबही व व्यय प्रमाणक प्रस्तुत नहीं।

35	गुलावठी खर्दु दादरी	दनकौर गौतमबुद्धनगर	रोकड़ शेष कम दर्शा कर रु0 5048/— का अपहरण।
36	पटादी	दनकौर गौतमबुद्धनगर	रोकड़ शेष कम दर्शा कर रु0 1760/— का अपहरण।
37	जारचा	दनकौर गौतमबुद्धनगर	फर्जी भुगतान कर रु0 33469/— का अपहरण।
38	छौलस	दादरी, गौतमबुद्धनगर	बैंक से आहरित धनराशि की कोषबही में प्रविष्टि न कर रु0 15000/— का अपहरण
39	ऊँचा अमीपुर	दादरी, गौतमबुद्धनगर	बैंक से आहरित धनराशि की कोषबही में प्रविष्टि न कर रु0 35000/— का अपहरण
40	नंगला नयनसुख	दादरी, गौतमबुद्धनगर	नक़द रोकड़ शेष कम दर्शा कर रु0 90 का अपहरण
41	चिटेहरा	दादरी, गौतमबुद्धनगर	दर्शित अवशेष की पुष्टि न होना रु0 22143/— का अपहरण
42	दतावली	दादरी, गौतमबुद्धनगर	बैंक से आहरित कर अपहरण रु0 10,000/—
43	रिडोरी	दादरी, गौतमबुद्धनगर	नकद रोकड़ कम दर्शा कर रु0 100/— का अपहरण।
44	माईचा	दादरी, गौतमबुद्धनगर	फर्जी भुगतान दर्शा कर रु0 34000/— का अपहरण।
45	रामपुरबांगर	दादरी, गौतमबुद्धनगर	बैंक से आहरित कर रु0 5000/— का अपहरण।
46	रामगढ़ चमरावली	दादरी, गौतमबुद्धनगर	रोकड़ शेष कम दर्शा कर रु0 17000/— का अपहरण

मण्डल का नाम :– बरेली
जनपद– बरेली
ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित आपत्तियां

क्र0 सं0	ग्राम पंचायत का नाम	ब्लॉक	आपत्ति का विवरण	धनराशि		
				कुल	अपहरण	ग0अनि0
1	2	3	5	6	7	8
1	भैरपुरा खजुरिया	भोजीपुरा	1.बैंक खाते से आहरित धनराशि का लेखा रोकड़ बही में नहीं करना।	5000.00	5000.00	——
			2.खडंजा उखाड़ने की मजदूरी का अधिक भुगतान करना।	2160.00	2160.00	——
			3.खड़ंजा निर्माण से पूर्व,अधिक मिट्टी डालने का भुगतान करना।	23250.00	23250.00	——
			4.खड़ंजा निर्माण की मजदुरी का मानक से अधिक भुगतान करना।	1006.00	1006.00	——
			योग–	31416.00	31416.00	——
2	कलारा	भोजीपुरा	1.खडंजा निर्माण का निर्धारित दर से अधिक भुगतान करना।	5500.00	5500.00	——
			2.खड़ंजा उखाड़ने हेतु निर्धारित दर से अधिक भुगतान करना।	1620.00	1620.00	——
			3.खडंजा निर्माण का निर्धारित दर से अधिक भुगतान करना।	4738.00	4738.00	——
			4.खडंजा निर्माण का निर्धारित दर से अधिक भुगतान करना।	2655.00	2655.00	——
			5.मनरेगा कार्य के अन्तर्गत मिस्त्री का अधिक दिवसों का भुगतान करना।	1920.00	——	1920.00
			योग–	16433.00	14513.00	1920.00
	घुन्सा	भोजीपुरा	1.नाप के सापेक्ष अधिक मात्रा में मिट्टी डालने का भुगतान करना।	57000.00	57000.00	——
			2.नाप एवं स्थान अंकित किये बिना,केवल खड़ंजे में मिट्टी कार्य लिख कर मिट्टी डालने का भुगतान करना।	72600.00	——	72600.00
			योग–	129600.00	57000.00	72600.00
	बकैनिया स्वाले	दमखोदा	1.बैंक अभिलेख एवं रोकड़ बही में दर्शित शेष में अन्तर होना।	10000.00	——	10000.00
			2.सफाई ठेली क्रय हेतु प्रधान को अग्रिम भुगतान।	6000.00	——	6000.00
			योग–	16000.00	——	16000.00
	बसंतनगर जागीर	दमखोदा	1.प्रारंभिक नकद शेष को समायोजित करने के उद्देश्य से अनियमित रूप से सामग्री क्रय करना।	12800.00	——	12800.00

			2.पर्याप्त विवरण के बिना वाल पेंटिंग का भुगतान करना।	15800.00	———	15800.00
			योग–	28600.00	———	28600.00
	बुखारा	क्यारा	1.कराये गये कार्य की माप एवं स्वीकृति के बिना भुगतान किया गया।	89900.00	———	89900.00
			योग:–	89900.00		

क्र0 सं0	ग्राम पंचायत का नाम	ब्लॉक	आपत्ति का विवरण	धनराशि कुल
7	कमुआ मकरूका	भोजीपुरा	1.विभिन्न तिथियों में निर्माण सामग्री क्रय कर,उसका प्रयोग नहीं कर के स्टॉक का अपहरण करना।	30285.00
			योग–	30285.00
8.	मुड़िया तेली	नवाबगंज	1.बैंक सें आहरित धनराशि का रोकड़ बही में प्रविष्टि नहीं करना।	10000.00
			योग–	10000.00
			कुल योग–	352234.00
			लेखा परीक्षा वर्ष–2010–11	
1	सुरला	भोजीपुरा	1.बैंक से आहरित धनराशि का रोकड़ बही में प्रविष्टि नहीं करना।	5000.00
			योग–	5000.00
2	बोहित	भोजीपुरा	1.बैंक से आहरित धनराशि,रोकड़ बही में कम अंकित करना	9000.00
			2.बैंक कटौती की धनराशि को नकद भुगतान दर्शा कर धन का अपहरण करना।	176.00
			3.बैंक से आहरण न होने पर भी अपहरण दर्शा कर व्यय दर्शाना।	7500.00
			योग–	16676.00
			सर्व योग–	373910.00

जनपद का नाम– शाहजहॉपुर **मण्डल का नाम–बरेली**

ग्राम पंचायत का नाम– हरेलीनेकपुर **वर्ष–2011–12**

सम्बन्धित आपत्तियॉ:–

प्रस्तर–1–

वर्ष 2010–11 के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी श्री श्रीपाल एवं पूर्व ग्राम प्रधान के द्वारा ग्राम निधि प्रथम से दिनांक 01.04.2010 से दिनांक 30.08.2010 तक बैंक अभलेखों के अनुसार रू0 495000.00 संयुक्त रूप से आहरण किया गया जिसका कोई अभिलेख व व्यय प्रमाणक लेखाय परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।

अतः इस समस्त धनराशि को अपहरण मानते हुए ग्रा0 पं0 अ0 री श्रीपाल एवं पूर्व प्रधान को इसका उत्तरदायित्व ठहराया जाता है। इसलिए उपर्युक्त से संयुक्त रूप से रू0

495000.00 वसूल किया जाना अपेक्षित है। उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त अवधि के मनरेगा योजना से सम्बन्धित अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये।

जनपद का नाम– शाहजहॉपुर **मण्डल का नाम–बरेली**

ग्राम पंचायत का नाम– कसरक **वर्ष–2011–12**

सम्बन्धित आपत्तियॉः–

प्रस्तर–1–

ग्राम पंचायत अधिकारी एवं पूर्व प्रधान द्वारा बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार ग्राम निधि प्रथम से संयुक्त रूप से दिनांक 01.04.2010 से 3.08.2010 तक रू0 154532.00 (रू0 एक लाख चौवन हजार पॉच सौ बत्तीस मात्र) नकद आहरण किये गये है।, जिसके सापेक्ष ग्राम पंचायत से सम्बन्धित अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये।

अतःउपर्युक्त धनराशि को अपहरण मानते हुए इसका उत्तरदायित्व ग्रा0 पं0अ0 श्री राम शरण सिंह व पूर्व ग्राम प्रधान को ठहराया जाता है। इसलिए धनराशि रू0 154532.00 तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी से वसूल किया जाना अपेक्षित है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 01.04.09 से 31.03.2010 तक के ग्राम निधि प्रथम व एस0जे0आर0 वाई0/मनरेगा के अभिलेख अथवा बैंक पासबुक लेखा परीक्षा में प्रसतुत नहीं किये इस ओर उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

रू0 154532.00

जनपद का नाम– शाहजहॉपुर **मण्डल का नाम–बरेली**

ग्राम पंचायत का नाम– नवाद ता0पलिया **वर्ष–2011–12**

सम्बन्धित आपत्तियॉः–

प्रस्तर–1–

ग्राम पंचायत अधिकारी ने ग्राम निधि प्रथम बैंक पासबुक एकाउन्ट नं0 200942 एवं कैशबुक वर्ष 2010–11 का अनितम अवशेष रू0 37387.36 को वर्ष 2011–12 की ग्राम निधि प्रथम कैशबुक के प्रारम्भिक अवशेष में अंकन नहीं किया है जबकि उक्त द्वारा रू0 34974.00 का आहरण किया गया है किन्तु कैशबुक में प्रविष्टि पारित नहीं करके उक्त धनराशि का अपहरण किया गया है। अतः महोदय रू0 34974.00 ततारीख मय ब्याज वसूल कर ग्राम निधि कोष में जमा कराने का कष्ट करें।

रू0 34974.00

जनपद का नाम– शाहजहॉपुर **मण्डल का नाम–बरेली**
ग्राम पंचायत का नाम– दिउरास **वर्ष–2011–12**
सम्बन्धित आपत्तियॉः–
प्रस्तर–1–

ग्राम पंचायत अधिकारी एवं पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम निधि प्रथम से बैंक पासबुक के अनुसार संयुक्त रूप से दिनांक 01.04.08 से दिनांक 31.03.11 तक रू0 686305.00 (रूपये छः लाख छियासी हजार तीन सौ पॉच मात्र) आहरण किये गये है जिसके सापेक्ष ग्राम पंचायत से सम्बन्धित अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये।

अतः उपर्युक्त धनराशि को अपहरण मानते हुए इसका उत्तरदायित्व तत्कालीन ग्रा0 पं0 अ0 व ग्राम प्रधान को ठहराया जाता है । इसलिए धनराशि रू0 582555.00 श्री योगेन्द्र पाल व पूर्व ग्राम प्रधान से तथा रू0 103750.00 श्री गिरीश कुमार व वर्तमान ग्राम प्रधान श्री राममुनी से वसूल किया जाना अपेक्षित है। उल्लेखनीय है कि दि0 01.04.08 से 31.3.11 तक के एस0जे0आर0वाई0 व मनरेगा योजना के अभिलेख व बैंक पासबुक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये इस ओर उच्चाधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है।

रू0 582555.00
रू0 103750.00
योग–रू0 34974.00

जनपद का नाम– शाहजहॉपुर **मण्डल का नाम–बरेली**
ग्राम पंचायत का नाम– इश्वरा **वर्ष–2011–12**
सम्बन्धित आपत्तियॉः–
प्रस्तर–1–

ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम निधि प्रथम से बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार संयुक्त रूप से दिनांक 01.04.2010 से 31.3.2011 तक रू0 322400.00 (तीन लाख बाईस हजार चार सौ मात्र) आहरण किये गये है जिसके सापेक्ष ग्राम पंचायत से सम्बन्धित अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये।

अतः उपर्युक्त धनराशि को अपहरण मानते हुए इसका उत्तरदायित्व तत्कालीन ग्रा0पं0अ0 व प्रधान को ढहराया जाता है। इसलिए धनराशि रू0 172500.00 ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अशोक कुमार व पूर्व प्रधान से रू0 149900.00 ग्राम पंचायत अधिकारी श्री गिरीश कुमार व वर्तमान प्रधान श्री छेदा लाल से बराबर–बराबर वसूल किया जाना अपेक्षित है।

रू0 172500.00
रू0 149900.00
योग–रू0 322400.00

प्रस्तर–2–

ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान द्वारा दि0 28.03.2012 व दि031.3.2012 को ग्राम निधि प्रथम में बैंक एकाउन्ट से आहरण की निम्नलिखित प्रविष्टि पारित की गई है। जैसे दि0 28.3.2012 को रू0 10000.00 तथा 31.3.2012 को रू0 39580.00 इस प्रकार उक्त तिथियों में कुल रू0 49580.00 अंकन अंकित है किन्तु बैंक स्टेटमेन्ट में उक्त तिथियों को किसी प्रकार का आहरण नहीं किया गया है।

अतः ग्राम वि0 अ0 द्वारा फर्जी तरीके से आहरण को कैशबुक में अंकन कर खड़न्जा एवं नाली निर्माण कार्य दर्शाया गया है। उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है कि उक्त धन एवं कार्य के विषय में जॉचोपरान्त विभागीय कार्यवाही करने का कष्ट करें।

जनपद का नाम– शाहजहॉपुर **मण्डल का नाम–बरेली**

ग्राम पंचायत का नाम– कोठाखेतल **वर्ष–2011–12**

सम्बन्धित आपत्तियॉः–

प्रस्तर–1–

ग्राम पंचायत अधिकारी एंव ग्राम प्रधान के द्वारा ग्राम निधि प्रथम से बैंक स्टेटमेन्ट के अनुसार संयुक्त रूप से दिनांक 01.04.07 से 31.3.11 तक रू0 1373422.00 (रूपये तेरह लाख तिहत्तर हजार चार सौ बाईस मात्र) आहरण किये गये, जिसके सापेक्ष ग्राम पंचायत से सम्बन्धित अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये।

अतः उपर्युक्त धनराशि का अपहरण मानते हुए रू0 1280572.00 इसका उत्तरदायित्व तत्कालीन ग्रा0पं0 वि0 अ0 व ग्राम प्रधान को ठहराया जाता है, इसलिए धनराशि रू0 1280572.00 पूर्व प्रधान व तत्कालीन ग्राम पं0 अ0 वि0 अधिकारी से तथा रू0 92850.00 वर्तमान ग्राम प्रधान व ग्रा0 पं0अ0 श्री गिरीश कुमार से तत्तारीख मय ब्याज वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर–2–

ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान द्वारा दि0 30.3.2012 को ग्राम निधि प्रथम बैंक एकाउन्ट से आहरण की निम्नलिखित प्रविष्टि पारित की गई हैः–

जैसे– 25000+29176+15000+14600+15000=98776.00 तथा दिनांक 31.3.2012 को भी रू0 5600+20000=25600.00 इस प्रकार उक्त तिथियों में कुल रू0 124376.00 अंकन अंकित है किन्तु बैंक स्टेटमेन्ट में उक्त तिथियों को किसी प्राकर का आहरण नहीं किया गया है।

अतः ग्रा0 वि0 अ0 द्वारा फर्जी तरीके से आहरण को कैशबुक में अंकन कर खरंजा एवं नाली मिर्माण कार्य दर्शाया गया है। उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कि उक्त एवं कार्य के विषय में जॉचोपरान्त विभागीय कार्यवाही करने का कष्ट करें।

जनपद का नाम– शाहजहॉपुर **मण्डल का नाम–बरेली**

ग्राम पंचायत का नाम– इटौवा **वर्ष–2011–12**

सम्बन्धित आपत्तियॉः–

प्रस्तर–1–

ग्राम पंचायत अधिकारी एवं पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम निधि प्रथम से बैंक पासबुक के अनुसार संयुक्त रूप से दिनांक 01.04.08 से दि031.3.11 तक रू0 790850.00 (रू सात लाख नब्बे हजार आठ सौ पचास मात्र) आहरण किये गये है, जिसके सापेक्ष ग्राम पंचायत से सम्बन्धितअभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये।

अतः उपर्युक्त धनराशि को अपहरण मानते हुए इसका उत्तरदायित्व तत्कालीन ग्रम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान को ठहराया जाता है इसलिए धनराशि रू0 567850.00 श्री अशोक कुमार व पूर्व ग्राम प्रधान से तथा रू0 223000.00 श्री गिरीश कुमार व वर्तमान ग्राम प्रधान से वसूल किया जाना अपेक्षित है। उल्लेखनीय है कि दि0 01.04.08 से 31.3.11 तक के एस0जे0आर0वाई0 व मनरेगा योजना के अभिलेख व बैंक पासबुक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये, इस ओर उच्चाधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है।

माह अप्रैल 2011 में प्रारंभिक अवशेष व आहरण के उपरान्त व्यय के सापेक्ष अन्तिम अवशेष रू0 3600.00 (रू0 तीन हजार छःसौ मात्र) कम दर्शित है तथा दि0 8.11.11 को आहरित धनराशि रू0 12200.00 को कैशबुक में अंकित नहीं करके उपर्युक्त धन रू0 12200.00 का अपहरण किया गया है। इसलिए धनराशि रू0 3600.00+12200.00=15800.00 (रूपये पन्द्रह हजार आठ सौ मात्र) ग्राम वि0अ0 गिरीश कुमार से वसूल किया जाना अपेक्षित है।

जनपद का नाम– शाहजहॉपुर **मण्डल का नाम–बरेली**

ग्राम पंचायत का नाम– उमरिया **वर्ष–2009–10 से 2010–11**

सम्बन्धित आपत्तियॉः–

प्रस्तर–1–

ग्राम निधि की कोषवही में दिनांक 1.2.2010 को प्रारंभिक शेष रू01796.00 तथा आय पक्ष का कुल योग रू0 69250.00 होती है एवं व्यय पक्ष का कुल योग रू0 61114.00 घटाने के पश्चात् रू0 8136.00 अन्तिम शेष रहता है किन्तु अन्तिम शेष न दर्शाकर इस धनराशि रू0 8136.00 का अपहरण ग्राम प्रधान श्रीमती रम्पा रानी एवं ग्राम विकास अधिकारी श्री प्रवीण कुमार शाही ने संयुक्त रूप से किया है जिसकी वसूली दण्डनीय ब्याज सहित करके अधिभार की कार्यवाही करते हुए ग्राम प्रधान श्रीमती रम्पा रानी एवं ग्राम विकास अधिकारी श्री प्रवीण कुमार शाही से संयुक्त रूप से की जानी चाहिए।

ग्राम निधि की कोषवही में दिनांक 01.03.2010 को प्रारंभिक शेष शून्य दिनांक 31.3.2010 को आय पक्ष का कुल योग रू 0 152078.00 होता है, व्यय पक्ष की कुल धनराशि रू0 137118.00 को घटाने के पश्चात् दिनांक 31.3.2010 को अन्तिम रोकड़ शेष रू0 14960.00 अंकित न करके इस धनराशि रू0 14960.00 का अपहरण प्रधान श्री रम्पा रानी एवं ग्राम विकास अधिकारी श्री प्रवीण कुमार शाही ने संयुक्त रूप से किया है अधिभार की कार्यवाही करते हुए प्रधान श्रीमती रम्पा रानी व ग्रम विकास अधिकारी श्री प्रवीण कुमार शाही से दण्डनीय ब्याज सहित वसूली संयुक्त रूप से की जानी चाहिए।

12.08.11	ख0 निर्माण की वापसी मजदूरी का पुनः भुगतान	1320.00
07.09.11	तदैव	10920.00
09.01.12	म0रो0 मजदूरी भुगतान व धुवा तालाब खुदाई कार्य	5400.00
02.03.12	चन्द्रमोन फोटो ग्राफर को फोटो मूल्य का भुगतान	7800.00
30.03.12	मे0 नन्दिनी ब्रिक फील्ड को भुगतान ख0 निर्माण	95000.00
	कुल योग–	120440.00

				अतः बिना प्रमाणक के कोषबही में भुगतान लेखांकित कर धन का दुरूपयोग किया गया है जिसकी वसूली ग्राम प्रधान श्रीमती कान्ती देवी व ग्राम पंचायत अधिकारी श्री शरीफुल हसन से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।
			10	दिनांक 28.11.11 में प्र0सं0 1 के अनुसार श्रीमती कान्ती देवी ग्राम प्रधान के नाम मानदेय माह 2/2011 से माह 11/2011 तक कुल 10 माह का रू0 7500.00 भुगतान लेखांकित करके धन खारिज किया गया है किन्तु पुष्टि में संलग्न ग्राम प्रधान की धन प्राप्त रसीद में धन प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर अंकित नहीं है। अतः प्रधान द्वारा धन प्राप्त किये जाने की पुष्टि नहीं होती है। उक्त रसीद पर प्रधान के हस्ताक्षर कराकर धन प्राप्ति की पुष्टि करायी जाये अन्यथास्थिति में अपहरित धन रू0 7500.00 की वसूली श्री शरीफुल हसन ग्राम पं0 अधिकारी से किया जाना अपेति है।
			11	आलोच्य वर्ष में ख0 मरम्मत राम सरन के दरवाजे से महादेव पासी के दरवाजे तक दिनांक 01.03.12 से 16.03.12 तक दर्शित कार्य पर निम्नानुसार कार्य भुगतान कोषबही में लेखांकित है–

				प्र0सं0	दिनांक	विवरण	धनराशि
				11	08.03.12	म0रो0 ख0मरम्मत में मजदूरी भुगतान	11520.00
				12	16.03.12	तदैव	13600.00
				15	19.03.12	मिट्टी ढुलाई भाडा भुगतान	6912.00
				16	22.03.12	मे0 नन्दिनी ब्रिक फील्ड को 11900 सी0ख0 रू0 3800/–प्रति हजार से क्रय हेतु भुगतान	45220.00
				कुल योग–			77252.00
				उपरोक्त व्यय भुगतान के सम्बन्ध में निम्न आपत्तियां है–			
				क	मस्टर रोल पर किसी भी मजदूर के उपस्थिति एवं मजदूरी भुगतान की पुष्टि में हस्ताक्षर/निशानी अंगूठा के निशान नहीं है।		
				ख	उक्त कार्य कराये जाने हेतु स्वीकृत कार्य योजना स्वीकृति स्टीमेट, एम0बी0, स्टॉक पंजिका तथा कायपूर्ति प्रमाण पत्र लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा।		
				अतः उपरोक्त आधार पर कार्य सम्पन्न होनें एवं सामग्री उपयोग की पुष्टि नहीं होती है। अनुचित ढंग से व्यय भुगतान दर्शित करके रू0 77252.00 का दुरूपयोग किया गया जिसकी वसूली श्रीमती कान्ती देवी ग्राम प्रधान तथा श्री शरीफुल हसन ग्राम पंचायत अधिकारी से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।			
			12	दिनांक 16.03.12 में प्र0सं0 14 के अनुसार में शिव ब्रिक एण्ड पाइप उद्योग से 25 नग ह्यूम पाइप रू0 41056.00 में क्रय किये जाने हेतु कोषबही में भुगतान लेखांकित है किन्तु उक्त क्रय स्टाक के स्टाक पंजिका में प्राप्त उपभोग एवं अवशेष की पुष्टि में स्टाफ पंजिका ग्रा0पं0 में तैयार नहीं किया गया है और न ही उक्त ह्यूम पाइप के किसी सं0 मार्ग में लगवाये जाने की मजदूरी भुगतान का कोई प्रमाण कोषबही में अंकित पाया गया। अतः दुरूपयोगित धनारशि रू0 41056.00 श्रीमती कान्ती देवी व श्री शरीफुल हसन ग्राम पंचायत अधिकारी से संयुक्त रूप से वसूल किया जाना अपेक्षित है।			

6	रोहनियां	रायपुर	13	आलोच्य वर्ष में कराये गये कार्यों में अधिकांश का भुगतान बिना एम.वी. के अनियमित तरीके से कोषांकित है जो निम्नवत् है:–			
				क्र0 सं0	कार्य का नाम	एम.वी. की स्थिति	भुगतानित धनराशि
				क	स0मा0 पूरे इन्दारा मेन रोड से रायपुर सीमा तक	एम.वी. नहीं हुई है	म0रो0पर भुगतान रू0 58920
				ख	ख0नि0 नन्द लाल के घर से पक्की सड़क तक	एम.वी. बुक नं. 23355 सादी संलग्न है	ईंट क्रय हेतु भुगतान रू0 134976
				ग	ख0नि0 पूरे कन्हैया ख0 से रामदेव के घर तक	एम.वी. बुक नं. 23444 सादी संलग्न है	म0रो0पर भुगतान रू0 12240
				घ	ख0नि0 श्याम लाल गुप्ता के खेत से जंगल तक	एम.वी. बुक नं. 23463 सादी संलग्न है	म0रो0पर भुगतान रू0 10800
				ड	ख0नि0 जंगल से मेन खडंजा तक	एम.वी. सादी संलग्न रही	ईंट क्रय हेतु रू0 67488.00 (17760 ईंट दर रू0 3800 प्रति हजार)
				च	ख0नि0 रामदेव के घर से श्याम लाल के खेत तक	एम.वी. नहीं हुई है	म0रो0 से भुगतान 17400 ईंट क्रय हेतु 134976 (चेक सं. 518917)
					कुल योग		580896.00
				उपर्युक्त कार्यों पर दर्शाये गये व्यय बिना मापन मूल्यांकन के किये गये जो अनियमित रहा। उक्त धनराशि रू0 580896.00 की वसूली तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी श्री बृजेश कुमार मौर्य एवं ग्राम प्रधान श्री श्यामलाल से बराबर–बराबर किया जाना अपेक्षित है।			

<table>
<tr><td></td><td></td><td></td><td>14</td><td colspan="3">राज्य वित्त खाते से व्यय की गयी धनराशि रू0 308421.00 के सापेक्ष बार–बार मांग किये जाने के बावजूद ग्रा0वि0अ0 एवं ग्राम प्रधान द्वारा कार्यवाही पुस्तिका तकनीकी स्वीकृति से सम्बन्धित पंजिका स्टाक पंजिका परिसम्पत्ति पंजिका, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र व कोई भी व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में नहीं उपलब्ध कराया गया। इस प्रकार वर्ष दौरान किसी भी कार्य के कराये जाने की पुष्टि नहीं हो सकी। स्पष्ट है कि तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान ने उक्त धन का अपहरण दुरूपयोग अथवा अनियमितता किया है जिसकी वूसली दोनों ही उत्तरदायी व्यक्तियों से बराबर–बराबर किया जाना अपेक्षित है।</td></tr>
<tr><td>7</td><td>रोहनियां</td><td>पयागपुर नन्दौरा</td><td>15</td><td colspan="3">स0मा0 निर्माण नहर से वैशन के नन्दौरा में राम प्रताप के नलकूप के पास होकर पक्की सड़क तक में वि0 स्वी 14.02.11/213 रू0 135600.00 की प्राप्त की गयी किन्तु उक्त कार्य में श्रम पर रू0 113856.00 व सामग्री में रू0 39861+3500 की एम.वी. की गयी है। उसके सापेक्ष 918ग120 का म0रो0 भरकर रू0 110160 श्रम पर, 630 घन मीटर दर रू0 63 मूल्य रू0 39816.00 मिट्टी पर व बोर्ड पर रू0 3000.00 का भुगतान किया गया है। इस प्रकार रू0 152976.00 का भुगतान किया गया जबकि वि0स्वी0 रू0 135600 की ही थी अन्तर की धनराशि रू0 17376.00 की अनियमितता की गयी है जिसकी वसूली ग्राम प्रधान एवं तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी से बराबर–बराबर की जानी अपेक्षित है।</td></tr>
<tr><td>8</td><td>हरचन्दपुर</td><td>फरीदपुर</td><td>16</td><td colspan="3">आलोच्य वर्ष में मनरेगा कोषबही में निम्न विवरणानुसार बिना प्रमाणक के भुगतान लेखांकित करके धन का दुरूपयोग किया गया है जिसकी वसूली श्रीमती शान्ती देवी ग्राम प्रधान व श्री सत्य प्रकाश दीक्षित ग्रा0वि0अ0 से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>दिनांक</td><td>विवरण</td><td>धनराशि</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>23.04.11</td><td>मे0 त्रिमूर्ति ब्रिक फील्ड सहजौरा से ईंट क्रय हेतु भुगतान</td><td>150100.00</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>09.04.11</td><td>सिंह इंजीनियरिंग वर्क्स हरचन्दपुर को 6 नग सूचना बोर्ड बनवाई हेतु भुगतान</td><td>15000.00</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>26.04.11</td><td>कल्लू मिस्त्री को तालाब निर्माण हेतु मजदूरी भुगतान</td><td>5600.00</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>12.07.11</td><td>आनन्द प्रताप सिंह ग्रा0रो0से0 को मानदेय भुगतान माह 3/2011</td><td>2500.00</td></tr>
</table>

				17.09.11	तदैव माह 4/11 एवं 5/11	5000.00
				16.11.11	तदैव माह 6/11 एवं 7/11	5000.00
				24.01.12	तदैव माह 8/11 से 10/11	7500.00
				24.02.12	तदैव माह 11/11 से 1/12	7500.00
					कुल योग–	198200.00
9	हरचन्दपुर	लालूपुर खास	17	आलोच्य वर्ष में निम्न विवरणानुसार कोषबही में दर्शित व्ययों की पुष्टि में प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गाय। अतः बिना प्रमाणक के व्यय भुगतान कोषबही में लेखांकित करके रू0 196905.00 का दुरूपयोग किया गया है। जिसकी वसूली श्रीमती ममता ग्राम प्रधान एवं श्री राम सजीवन वर्मा ग्रा0वि0अ0 से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।		
				दिनांक/पृ0सं0	विवरण	धनराशि
				06.04.11/1एवं2	म0रो0 सूरजलाल के खेत का समतलीकरण हेतु मजदूरी भुगतान	8600.00
				06.04.11/3 से 6 तक	म0रो0 राम गुलाम के खेत समतलीकरण हेतु मजदूरी भुगतान	29500.00
				07.04.11/7 से 10तक	म0रो0 पक्की सड़क से नदी तक स0मा0नि0 हेतु मजदूरी भुगतान	53880.00
				13.04.11/7 से 10 तक	उक्त स0मा0नि0 में ह्यूम डलवाने हेतु पाइप क्रय हेतु अमेठी ह्यूम पाइप के भुगतान	12345.00
				19.04.11/12 से 15 तक	म0रो0 हरीलाल के खेत समतलीकरण हेतु मजदूरी भुगतान	14700.00
				04.05.1116 एवं 17	म0रो0 पक्की सड़क से नदी तक स0मा0नि0 में मजदूरी भुगतान	22560.00
				09.05.11/18 से 21 तक	तदैव	53040.00
				02.06.11/29	पुनः मजदूरी भुगतान	2280.00
					कुल योग–	196905.00

			18	दिनांक 26.03.12 में प्र0सं0 64 के अनुसार नाली निर्माण हेतु 25 बैग सीमेन्ट दर 280/–प्रति बैग, 5.70 घ0मी0 बालू दर 750/–प्रति घन मी0 एवं इंडिया मार्का हैण्ड पम्प की सामग्री रू0 1225.00 की क्रय हेतु कुल रू0 23500.00 चौधरी टिम्बर स्टोर को भुगतान किया गया है किन्तु पुष्टि में प्रमाणक लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा। बिना प्रमाणक के व्यय भुगतान लेखांकित करके रू0 23500.00 का दुरूपयोग किया गया है जिसकी वसूली ग्राम प्रधान श्रीमती ममता एवं श्री सुशील कुमार ग्रा0पं0अधि0 से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।
10	रोहनियां	धमौली	19	खण्डंजा निर्माण पक्की सड़क से रामलखन के घर में विश्राम पुत्र राम औतार तथा अशोक कुमार पुत्र बद्री मिस्त्री को क्रमशः रू0 2000.00 व 2000.00 कुल रू0 40000 का भुगतान किया गया है। जबकि मिस्त्री का न तो प्राक्कलन में जिक्र है न ही एम.वी. में बिना इस्टीमेट एवं एम.वी. के किया गया भुगतान अनियमित रहा जिसकी वसूली ग्रा0पं0अ0 श्री सुऐब आलम एवं ग्राम प्रधान श्री गणेश साहू से संयुक्त रूप से की जानी अपेक्षित है। उक्त कार्य में ही ईंट बिछाने की दर रू0 32.40 लगाकर 1245 वर्ग मीटर दर 32.40 = 40338.00 का भुगतान किया गया है जबकि वास्तविक दर 31.50 से 1245 वर्ग मीटर से कुल रू0 39217.50 होता है। इस प्रकार अंतर की धनराशि रू0 40338.00–39217.50 = 1120.50 की अनियमितता की गयी है जिसकी वसूली ग्राम प्रधान श्री गणेश साहू एवं ग्रा0पं0अ0 श्री सुऐब आलम से संयुक्त से की जानी अपेक्षित है।
			20	आलोच्य वर्ष में पटरी भराई ऐहारी टेल से रायपुर बोर्डर तक में चेक सं. 709096/13.12.2011 से रू0 41580.00 का भुगतान ग्राम प्रधान गणेश साहू को मिट्टी ढुलाई हेतु किया गया है। ग्राम प्रधान द्वारा स्वयं सामग्री मद से प्राप्त भुगतान अनियमित रहा जिसकी वसूली ग्राम प्रधान एवं ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।
			21	सिंचाई नाली खुदाई पक्की सड़क से रामराज के खेत तक में वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति 379/22.12.11 को प्राप्त की गयी जबकि मस्टर रोल पर कार्य का होना 3 दिन पूर्व 19.12.11 से ही दर्शाया गया है। स्पष्ट है कि वि0स्वी के पूर्व कार्य प्रारम्भ दिखाना काल्पनिक रूप से म0रो0 भरकर वित्तीय अनियमितता की गयी है। अतएव निम्नानुसार म0रो0 पर दर्शित हाजरी से भुगतानित धनराशि रू0 67320.00 वसूली तत्कालीन ग्रा0पं0अ0 एवं ग्रा0प्र0 से की जानी अपेक्षित है।

				म0रो0 क्रमांक	उपस्थिति सं0
				3852	110
				3853	98
				3854	79
				3855	52
				3856	59
				3857	107
				3858	56
					561X120=67320
			22	वर्ष दौरान निम्नानुसार ग्राम निधि प्रथम से आहरित धनराशियों का कोषबही (राज्यवित्त) में अंकन न करके सीधे अपहरण किया गया है:–	

				तिथि	चेक सं.	आहरण जिसके द्वारा किया गया	धनराशि
				14.07.11	101791	गणेश	10000.00
				21.09.11	101798	सुऐब	9120.00
				08.10.11	101800	गणेश	9000.00
				21.10.11	517463	गणेश	10000.00
				04.11.11	517465	गणेश	9960.00
				09.12.11	517467	गणेश	10000.00
				10.12.11	517468	सुऐब	10000.00
				13.12.11	517469	सुऐब	10000.00
				27.12.11	517471	सुऐब	10000.00
				कुल योग–			88080.00

				उपर्युक्त से स्पष्ट है कि उक्त सभी आहरण या तो ग्राम प्रधान श्री गणेश द्वारा या फिर ग्रा0पं0अ0 श्री सुऐब द्वारा की गयी है एवं सम्बन्धित धनराशियों को कोषबही के आय एवं व्यय दोनों पक्षों में अंकन न करके सीधे अपहरण किया गया है जिसकी वसूली संयुक्त रूप से ग्रा0पं0 श्री गणेश साहू एवं ग्रा0पं0अ0 श्री सुऐब आलम से किया जाना अपेक्षित है।
11	हरचन्दपुर	टांडा	23	आलोच्य वर्ष में मनरेगा कोषबही में दर्शित निम्नानुसार व्ययों की पुष्टि में प्रमाणक/मानदेय भुगतान रजि0 लेखापरीक्षा में अप्राप्त रहा।

				प्र0सं0	दिनांक	विवरण	धनराशि
				–	08.09.11	ग्रा0रो0से0 को मानदेय भुगतान चेक नं. 516720	12500.00

				–	08.11.11	तदैव चेक नं. 518602	5000.00
				23	16.11.11	वाल पेंटिंग का भुगतान चेक नं. 518013	1790.00
				कुल योग–			19290.00
				उपरोक्त विवरणानुसार बिल प्रमाणक के दर्शित भुगतान रू0 19290.00 की वसूली श्रीमती मीरा सिंह ग्राम प्रधान तथा श्री सईद अहमद ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।			
			24	ग्रा0नि0–प्रथम खा0सं0 175 की पास बुक में दिनांक 09.08.2011 में चेक संख्या 657692 की धनराशि रू0 5000.00 तथा चेक सं0 657691 की धनराशि रू0 5000.00 डेबिट (आहरित) लेखांकित है किन्तु कोषबही में उक्त तिथि में निकासी से आय रू0 10000.00 लेखांकित न करके अपहरण किया गया है। अपहरित धनराशि रू0 10000.00 श्रीमती मीरा सिंह ग्राम प्रधान व श्री सईद अहमद ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से वसूल किया जाना अपेक्षित है।			
			25	दि0 20.04.11 में प्र0सं0 5 के अनुसार दो लाभार्थी को रू0 1850.00 प्रति दर से रू0 3700.00 तथा दि0 09.02.12 में पृ0सं0–41 के अनुसार 5 लाभार्थियों को रू0 1850.00 प्रति की दर से रू0 9250.00 का भुगतान लेखांकित है जिसके सम्बन्ध में निम्न आपत्तियां है–			
				क– रू0 3700.00 की संलग्न सूची में धन प्राप्कर्ता के हस्ताक्षर अंकित नहीं है जिससे उक्त लाभार्थियों को धन दिये जाने की पुष्टि नहीं होती है।			
				ख– रू0 9250.00 की संलग्न सूची में धन प्राप्तकर्ता के नाम के सम्मुख भुगतान की धनराशि तथा धन प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर अंकित नहीं है। अतः उक्त लाभार्थियों को धन भुगतान किये जाने की पुष्टि नहीं होती है।			
				ग– उक्त धनराशि के शौचालय में निर्माण में उपभोग किये जाने तथा शौचालय तैयार होने के प्रमाण पत्र लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा।			
				अतः कुल दुरूपयोगित धनराशि रू0 12950.00 की वसूली श्रीमती मीरा सिंह ग्राम प्रधान तथा श्री सईद अहमद ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से वसूल किया जाना अपेक्षित है।			

			26	आलोच्य वर्ष में प्र0सं0 1 के अनुसार दिनांक 08.04.11 में अमेठी ह्यूम पाइप इन्टर प्राइजेज वैष्णव भवन जेल रोड रायबरेली को ह्यूम पाइप क्रय हेतु रू0 34944.00 का भुगतान कोषबही में लेखांकित है। प्रमाणक की जांच में पाया गया कि 20 नग ह्यम पाइप कुल 50 मी लम्बा दर 546.00 प्रति मी0 की दर से कुल रू0 27300.00 पर कार्टेज 23 प्रतिशत की दर से रू0 6279.00 का भुगतान किया गया है जबकि मनरेगा योजनान्तर्गत क्रय ह्यूम पाइप पर 15 प्रतिशत की दर से कार्टेज भुगतान किया गया है। इस प्रकार 23 प्रतिशत–15 प्रतिशत = 8 प्रतिशत से कार्टेज रू0 27300.00 की धनराशि पर रू0 2184.00 अधिक भुगतान किया गया है जिसकी वसूली श्रीमती मीरा सिंह ग्राम प्रधान तथा श्री सईद अहमद ग्रा0पं0अ0 से वसूल किया जाना अपेक्षित है।
			27	दिनांक 24.01.12 में प्र0सं0 39 के अनुसार मिट्टी भराई/ख0नि0 लखनऊ रायबरेली रोड से सचिवालय तक दिनांक 19.01.12 से 23.01.12 तक कार्य हेतु 11 लेबर 5 दिन प्रत्येक तथा 1 लेबर 1 दिन कुल 56 दिन का दर रू0 100.00 प्रति दिन से रू0 5600.00 तथा 1 राजगीर 1 दिन रू0 200.00 कुल धनराशि रू0 5800.00 के स्थान पर रू0 6000.00 की मजदूरी म0रो0 पर अंकित करने तद्नुसार कोषबही से रू0 6000.00 नकद रोकड़ शेष से खारिज किया गया है। इस प्रकार रू0 200.00 से अधिक भुगतान लेखांकित कर धन का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली श्रीमती मीरा सिंह तथा श्री सईद अहमद ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।
12	हरचन्दपुर	दाउदनगर	28	आलोच्य वर्ष में निम्न विवरणानुसार कोषबही में दर्शित व्ययों की पुष्टि में प्रमाणक लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा–

दिनांक	विवरण	धनराशि
06.04.11	म0रो0प्रा0 विद्यालय से राम मिलन के खेत तक मजदूरी भुगतान	27455.00
13.04.11	म0रो0 ईदगाह से बनपुरकार तक कार्य हेतु मजदूरी भुगतान	29160.00
04.05.11	वृन्दावर को मजदूरी का भुगतान	1090.00
13.05.11	म0रो0 ईदगाह से बनपुरवा तक स0मा0 निर्माण की मजदूरी भुगतान	14160.00

				30.05.11	आशापली रमेश सुर्जकुमार को मजदूरी वापसी का पुनः भुगतान	1500.00
				30.05.11	प्रा0वि0 से राम मिलन के खेत तक स0मार्ग में दुबारा चेक भुगतान हेतु प्रेषित	1900.00
				30.05.11	मेन रोड से ईदगाह तक स0मार्ग में दुबारा भुगतान हेतु चेक भेजी गयी	2180.00
				14.07.11	प्रा0वि0 से राम मिलन के खेत तक स0मार्ग का फोटो एवं वीडियोंग्राफी व्यय	1800.00
				14.07.11	मेन रोड से ईदगाह तक स0मार्ग का फोटो एवं वीडियों ग्राफी व्यय	2100
				14.07.11	राम मिलन के खेत से खपरमल के फोटो एवं वीडियोंग्राफी व्यय	1800.00
				14.07.11	मनरेगा के अन्तर्गत श्रमिकों के लिए स्लोगन लिखाई व्यय	1790.00
				23.09.11	कल्लू के घर से सईनदी तक कार्य साइन बोर्ड व्यय	2500.00
				23.09.11	राजेन्द्र के खेत के पास बांध निर्माण का साईन बोर्ड व्यय	2500.00
				24.09.11	ग्रा0रो0 सेवक सावित्री देवी को मानदेय भुगतान	3860.00
				29.09.11	स्टेशनरी क्रय हेतु भुगतान	600.00
				02.11.11	म0रो0 बांध निर्माण	20909.00
				02.11.11	ग्रा0रो0से0 सावित्री देवी को माह अक्टूबर 2011 का मानदेय भुगतान	2500.00
				09.11.11	लल्ला के घर से तिहड्डा तक वृक्षारोपण, कल्लू के घर से सईनदी तक कार्य बांध निर्माण, आरामशीन से पटरी भराई ढुलाई प्रोजेक्ट की फोटोग्राफी	1350.00

				11.11.11	म0रो0 राजेन्द्र प्रताप सिंह के खेत के सामने बांध निर्माण हेतु मजदूरी	15240.00
				29.11.11	म0रो0 राजेन्द्र प्रताप सिंह के खेत के सामने बांध निर्माण हेतु मजदूरी पुनः मजदूरी वापसी का भुगतान	1350.00
				25.01.12 एवं 27.03.12	ग्र0रो0से0 सावित्री देवी को 11 एवं 12/11 तथा 1/12 का मानदेय का भुगतान	10000.00
				29.03.12	कृष्ण होटल से होकर मेन रोड तक स0मा0नि0 का साईन बोर्ड व्यय	2500.00
				कुल योग–		148424.00
				उपरोक्त विवरणानुसार कुल रू0 148424.00 बिना प्रमाणक व्यय भुगतान दर्शित कर धन का अपहरण किया गया है जिसमें से रू0 134394.00 श्री इन्द्र बहादुर यादव ग्राम प्रधान तथा श्रीमती कुसुम लता ग्रापं0अ0 तथा रू0 14030.00 श्री इन्द्र बहादुर यादव ग्रा0प्र0 तथा श्री विक्रम जैन से सुयक्त रूप से वसूल किया जाना अपेक्षित है।		
			29	दिनांक 28.11.11 में ग्रा0नि0–प्रथम की खा0सं0 181 की बैंक पास बुक में रू0 5000 की निकासी (आहरण) लेखाकित है किन्तु ग्रा0पं0 की कोषबही में उक्त निवासी से आय व व्यय भुगतान लेखांकित नहीं है। अतः रू0 5000.00 का अपहरण किया गया है, जिसकी श्री इन्द्र बहादुर यादव ग्राम प्रधान व श्रीमती कुसुमलता ग्राम पंचायत अधिकारी से संयुक्त वसूली किया जाना अपेक्षित है।		
			30	दिनांक 13.04.11 में दिनांक 05.04.11 से 11.04.11 तक हैडपम्प मरम्मत कार्य हेतु रू0 3150.00 की मजदूरी भुगतान लेखांकित है। म0रोल की जांच में पाया गया कि सुन्दर पुत्र मुन्ना कारीगर रायपुर को 7 दिन हेतु रू0 1050.00 का भुगतान अंकित है किन्तु भुगतान प्राप्ति की पुष्टि में उक्त कारीगर के हस्ताक्षर अंकित नहीं है तथा मस्टररोल पर कार्यस्थल का नाम भी अंकित नहीं है। अतः कार्य एवं भुगतान की गयी धनराशि 3150.00 संदिग्ध है। अतः दुरूपयोगित धनराशि रू0 3150.00 की श्री इन्द्र बहादुर व श्रीमती कुसुमलता ग्रा0पं0अ0 से सुयक्त रूप से वसूली किया जाना अपेक्षित है।		

			31	दिनांक 19.11.11 में चन्द्रशेखर के घर से सन्तराम के दरवाजे तक ख0मरम्मत हेतु मजदूरी भुगतान रू0 6050.00 कोषबही में लेखांकित है। म0रोल की जांच में पाया गया कि 20 श्रमिकों के नाम के सम्मुख अंकित उपस्थिति/कार्य दिवसों का कुल योग 57.5 दिन के स्थान पर 60.5 दिन लेखांकित दर रू0 100.00 प्रतिदिन की दर से कुल रू0 6050.00 मजदूरी लेखांकित करके तद्नुसार कोषबही से खारिज किया गया है। इस प्रकार 3 दिन की कुल मजदूरी रू0 300.00 कोषबही में अधिक भुगतान लेखांकित करके धन का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली श्री इन्द्र बहादुर यादव ग्राम प्रधान व श्रीमती कुसुम लता ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।	
			32	दिनांक 10.01.12 में हैडपम्प मरम्मत हेतु कुल रू0 5000.00 की मजदूरी का भुगतान कोषबही में लेखांकित है जिसके सम्बन्ध में निम्न आपत्तियां है–	
				क	प्रथम मस्टररोल में दिनांक 25.012.11 से 31.12.11 तक कार्य हेतु मजदूरी भुगतान रू0 2800.00 में सुन्दर पुत्र मुन्ना कारीगर को 7 दिन कार्य हेतु कुल रू0 1400.00 मजदूरी भुगतान लेखांकित है किन्तु प्राप्ति की पुष्टि में हस्ताक्षर अंकित नहीं है।
				ख	द्वितीय मस्टररोल में दिनांक 01.01.12 से 07.01.12 तक कार्य हेतु कुल मजदूरी भुगतान रू0 2200.00 में सुन्दर पुत्र मन्ना कारीगर को 7 दिन कार्य हेतु कुल रू0 1400.00 मजदूरी भुगतान लेखांकित है किन्तु प्राप्ति की पुष्टि में हस्ताक्षर अंकित नहीं है।
				ग	उक्त हैण्डपम्प मरम्मत का कार्य स्थल मस्टर रोल पर अंकित नहीं होने के कारण कार्य एवं भुगतान संदिग्ध है। अतः उपरोक्त फर्जी मस्टररोल लगाकर कुल रू0 5000.00 का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली श्री इन्द्र बहादुर यादव ग्राम प्रधान व श्री विक्रम जैन ग्राम पंचायत अधिकारी से संयुक्त रूप से वसूल किया जाना अपेक्षित है।
			33	दिनांक 02.03.12 में स्ट्रीट लाईट 20 नग मय लैम्प नटबोल्ट फिटिंग सहित क्रय हेतु विद्युत रायबरेली को रू0 90000.00 का भुगतान कोषबही में लेखांकित है। उक्त भुगतान के सम्बन्ध में निम्न आपत्तियां है–	

				क	उक्त क्रय सामग्री के सेल/कैश मेमो सं0 84/5355 दि0 07.03.12 में 1 नग स्ट्रीट लाईट की कीमत रू0 4500.00 लेखांकित है जबकि विक्रेता से एक स्ट्रीट लाईट की कीमत की जानकारी करने पर रू0 1350.00 प्रति स्ट्रीट लाईट बताया गया। इस प्रकार अन्तर दर रू0 3150.00 से 20 नग स्ट्रीट लाईट का कुल मूल्य रू0 63000.00 ग्राम पंचायत कोष से अधिक भुगतान करके धन का अपहरण किया गया है।
				ख	उक्त क्रय स्ट्रीट लाईट के ग्राम पंचायत मे लगाये जाने अथवा स्टाक अवशेष होने का भी कोई प्रमाण नहीं पाया गया। अतः कुल अपहरित धनराशि रू0 90000.00 को श्री इन्द्र बहादुर यादव ग्राम प्रधान व श्री विक्रम जैन ग्राम पंचायत अधिकारी से संयुक्त रूप से वसूल किया जाना अपेक्षित है।

13	हरचन्दपुर	स्योंठी	34	आलोच्य वर्ष की कोषबही में निम्न विवरणानुसार दर्शित व्ययों की जांच एवं पुष्टि में प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये–		
				भुगतान की तिथि	विवरण	धनराशि
				04.04.2011	मानदेय रोजगार सेवक को भुगतान	8629.00
				02.05.2011	मजदूरी भुगतान	1080.00
				27.04.2011	तदैव	1680.00
				16.05.2011	तदैव	15000.00
				18.05.2011	तदैव	18720.00
				10.08.2011	ह्यूम पाइप क्रय हेतु भुगतान	8230.00
				03.08.2011	मजदूरी भुगतान	36100.00
				06.08.2011	तदैव	9000.00
				10.08.2011	तदैव	8300.00
				10.08.2011	तदैव	10400.00
				25.01.2012	तदैव	15000.00
				कुल योग–		132139.00
				उपरोक्त विवरणानुसार दर्शित धनराशियों की पुष्टि में प्रमाणक प्रस्तुत किया जाये अन्यथा स्थिति में उत्तरदायी व्यक्तियों श्रीमती कमलादेवी ग्राम प्रधान तथा श्री सुशील कुमार ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से दुरूपयोगित धनराशि रू0 132139.00 भी वसूली किया जाना अपेक्षित है।		

35

दिनाक 14.10.11 में शिव ईंट उद्योग से क्रय सी0 खंजड 60000 नग दर रू0 3800.00 प्रति हजार में से 5000 नग सी0ख0 का उपभोग बटन किशुन के घर से गंगा के घर तक ख0 मरम्मत कार्य पर किया जाना कोषबही में लेखांकित है किन्तु उक्त खडंजा मरम्मत कराये जाने एवं मजदूरी भुगतान की पुष्टि में न तो कोई मस्टररोल लेखा परीक्षा में प्राप्त रहा और न ही मजदूरी भुगतान कोषबही में लेखांकित है। अतः 5000 नग सी0ख0मू0 रू0 19000.00 उपभोग दर्शित कर स्टाक का अपहरण किया गया है। अतः अपहरित स्टाक मूल्य रू0 19000.00 श्रीमती कमला देवी ग्राम प्रधान तथा श्री सुशील कुमार ग्राम पं0 अधिकारी से संयुक्त रूप से वसूल किया जाना अपेक्षित है।

36

दिनांक 24.10.11 में प्र0सं0 5 के अनुसार खडंजा मरम्मत बाल किशुन के घर से गंगा के घर तक कार्य में 75 घ0मी0 मिट्टी डलवाये जाने का मूल्य रू0 3600.00 का भुगतान कोषबही में लेखांकित किया गया जबकि उक्त कार्य सम्पन्न ही नहीं कराया गया है। अतः बिना कार्य कराये रू0 3600.00 के मिट्टी मूल्य का भुगतान दर्शित करके धन का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली श्रीमती कमला देवी ग्राम प्रधान व सुशील कुमार ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।

37

आलोच्य वर्ष में निम्न विवरणानुसार ह्यूम पाइप क्रय का भुगतान कोषबही में लेखांकित किया गया है–

दिनांक / पृ0सं0	विवरण	मात्रा	धनराशि
25.10.11 / 6	अमेठी ह्यूम पाइप को भुगतान	8 नग	12134.00
02.01.2012 / 9	शिव ब्रिक एण्ड पाइप उद्योग को भुगतान	7 नग	22784.00
कुल योग–			34918.00

उपरोक्त विवरणानुसार क्रय ह्यूम पाइप के फिक्सिंग का कोई प्रमाण लेखा परीक्षा में प्राप्त नही रहा तथा स्टाक अवशेष की पुष्टि में स्टाक पंजिका भी अप्राप्त रही। अतः 34918.00 के दुरूपयोगित स्टाक मूल्य की वसूली श्रीमती कमला देवी ग्राम प्रधान व श्री सुशील कुमार ग्रा0पं0अ0 से किया जाना अपेक्षित है।

<table>
<tr><td>14</td><td>हरचन्दपुर</td><td>पडेरा</td><td>38</td><td colspan="5">आलोच्य वर्ष 2011–12 में डायरेक्ट्री आफ वर्क्स के अनुसार निम्नांकित परियोजनाओं पर धनराशि व्यय किया गया है। जिसकी जांच एवं पुष्टि हेतु पत्रावली में संलग्न स्वीकृत, स्टीमेट, वित्तीय प्रशासनिक स्वीकृति, मस्टररोल एवं भुगतान हेतु बैंक को प्रेषित श्रमिकवार सूची सामग्री क्रय की पुष्टि एवं भुगतान की पुष्टि में प्रमाणक, एम0बी0 तथा कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा–</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>क्र0 सं0</td><td>परियोजना का नाम</td><td>अनुमानित लागत</td><td>कुल व्यय की धनराशि</td><td>सृजिम मा0दि0/टिप्पणी</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>1</td><td>नेवाज खेडा पुल से सुतीशन के होटल तक ख0नि0 पर व्यय</td><td>–</td><td>4750.00</td><td>–/सामग्री का</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>2</td><td>पड़ेरा नेवाज खेडा पुल से चौहनियां सरहद तक नहर पटरी भराई</td><td>अज्ञात</td><td>299573.00</td><td>3049/कार्य पूर्ण</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>3</td><td>बंधवा तालाब से डिहवा होते हुए नेवाज खेडा स0मा0 तक ख0नि0</td><td>अज्ञात</td><td>344450.00</td><td>396/कार्य पूर्ण</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>4</td><td>पूरे लाल मनमे बन्धा से अयोध्या के खेत तक स0मार्ग निर्माण</td><td>अज्ञात</td><td>25003.00</td><td>–/सामग्री व्यय कार्य अपूर्ण</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>5</td><td>रामदास के घर के बगल से पितम्बर गोडिया के खेत तक ख0निर्माण</td><td>अज्ञात</td><td>135800.00</td><td>–/सामग्री व्यय कार्य अपूर्ण</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td colspan="3">कुल योग–</td><td>809576.00</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td colspan="5">उपरोक्त विवरणानुसार बिना प्रमाणक के व्यय भुगतान दर्शित करके धन का दुरूप्योग किया गया है जिसकी वसूली श्रीमती फूल दुलारी ग्राम प्रधान तथा श्री सत्य प्रकाश दीक्षित ग्रा0वि0अ0 एवं श्री सुशील कुमार ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td>39</td><td colspan="5">आलोच्य वर्ष में निम्न विवरणानुसार विज्ञापन व्यय हेतु कोषबही में भुगतान लेखांकित किया गया है–</td></tr>
</table>

				प्र0सं0	दिनांक	विवरण	धनराशि
				5	11.05.11	हरपाल निगाहे अखबार को भुगतान	2000.00
				–	12.09.11	ग्रामंचल भारत न्यूज मैगजीन को भुगतान	500.00
				–	28.09.11	दैनिक जागरण न्यूज पेपर को भुगतान	1000.00
				कुल योग–			3500.00
				उक्त विवरणानुसार राज्य वित्त की धनराशि रू0 3500.00 विज्ञापन में व्यय करके धनराशि का दुरूप्योग किया गया है जिसकी वसूली श्रीमती फूल दुलारी ग्राम प्रधान व श्री सत्य प्रकाश दीक्षित ग्रा0वि0अ0 से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।			
			40	आलोच्य वर्ष में निम्न विवरणानुसार सामग्री क्रय किया जाना कोषबही में लेखांकित किन्तु सामग्री उपभोग की पुष्टि व कार्य सम्पन्न होने की पुष्टि में स्टाक पंजिका रूप पत्र–25 स्वीकृत कार्य योजना, स्टीमेट, कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र मस्टररोल परिसम्पत्ति पंजिका लेखा परीक्षा में अप्राप्त रही–			
				दिनांक /पृ0सं0	विवरण	क्रय समाग्री की मात्रा	धनराशि
				02.04.11/1	मे0 अमेटी ह्यूम पाइप को भुगतान	–	30976.00
				25.07.11/7	हरिओम ब्रिक फील्ड को भुगतान दर 4000/– हजार	12500 ईंट प्रथम श्रेणी के	50000.00
				26.03.12/27	शिवम् ब्रिक फील्ड रहवां को भुगतान	6250 ईंट प्रथम श्रेणी के	25000.00
				31.03.12/26	शिव ईंट उद्योग को भुगतान	30000 ईंट प्रथम श्रेणी के	120000.00
				31.03.12/27	तदैव	10000 सी0ख0	38000.00
				कुल योग–			263976.00

उपरोक्त विवरणानुसार कुल रू0 263976.00 की धनराशि के उपभोग की पुष्टि न होने से राज्य वित्त के अनुदान राशि का दुरूपयोग हुआ है। जिसमें से रू0 80976.00 श्रीमती फूलदुलारी ग्राम प्रधान तथा श्री सत्य प्रकाश दीक्षित ग्रा0वि0अ0 तथा रू0 183000.00 श्रीमती फूलदुलारी ग्राम प्रधान तथा श्री सुशील कुमार ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त से वसूल किया जाना अपेक्षित है।

41

निम्न विवरणानुसार कोषबही में दर्शित व्यय की पुष्टि में प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहा। अतः बिना प्रमाणक के धन भुगतान लेखांकित करके रू0 20360.00 का अपहरण किया गया है जिसमें रू0 1800.00 की श्रीमती फूलदुलारी ग्रा0प्रधान एवं श्री सुशील कुमार ग्रा0पं0अ0 से तथा रू0 18560.00 श्रीमती फूल दुलारी ग्रा0प्रधान तथा श्री सत्य प्रकाश दीक्षित ग्रा0वि0अ0 से संयुक्त रूप से वसूल किया जाना अपेक्षित है।

दिनांक	विवरण	धनराशि
28.07.11	हैण्डपम्प मरम्मत हेतु सामग्री क्रय	15060.00
30.08.11	हैण्डपम्प मरम्मत हेतु मजदूरी भुगतान	3500.00
23.03.12	स्टेशनरी खरीद	1800.00
कुल योग–		20360.00

42

दिनांक 30.05.11 में पृ0सं0 8 के अनुसार कोषबही में रू0 15800.00 इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मरम्मत पर भुगतान लेखांकित है किन्तु पुष्टि में रू0 13099.00 के सामग्री क्रय का बाउचर प्रमाणक फाइल में संलग्न है तथा शेष रू0 2701.00 का बाउचर मजदूरी भुगतान अथवा सामग्री क्रय की पुष्टि में संलग्न नहीं है। अतः दुरूपयोगित धनराशि रू0 13099.00 एवं अपहरित धनराशि रू0 2701.00 कुल रू0 15800.00 की श्रीमती फूल दुलारी ग्राम प्रधान एवं श्री सत्य प्रकाश दीक्षित ग्रा0वि0अ0 से संयुक्त रूप से वसूल किया जाना अपेक्षित है।

43

दिनांक 06.03.12 में प्रमाणक सं0 16 के अनुसार शौचालय निर्माण हेतु बी0पी0एल0 लाभार्थियों का रू0 14760.00 प्रति लाभार्थी रू0 1845.00 की दर से कोषबही में भुगतान लेखांकित है किन्तु भुगतान की पुष्टि में धन प्राप्ति रसीद व धन के उपभोग की पुष्टि में उपभोग प्रमाण पत्र लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा। अतः दुरूपयोगित धनराशि रू0 14760.00 की श्रीमती फूलदुलारी ग्राम प्रधान व श्री सुशील कुमार ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से वसूल किया जाना अपेक्षित है।

15	हरचन्दपुर	डिघौरा सोममऊ	44	मनरेगा योजनानतर्गत सम्पन्न कार्य की पत्रावलियों से कोषबही में अंकित व्ययों की जांच में कतिपय व्ययों की पुष्टि में प्रमाणक पत्रावली में संलग्न नहीं पाया गया–				
				क्र0 सं0	योजना का नाम	विवरण	धनराशि	टिप्पणी
				1	ख0नि0 राम भरोसे के घर से लक्ष्मन सिंह की बाग तक	कुशल श्रमिक की मजदूरी भुगतान + वीडियोंग्राफी एवं फोटोग्राफी का व्यय	4200+ 1800	प्रमाणक अप्राप्त
				2	नैपाल के खेत से सेमौढा तालाब तक गूल खुदाई	वीडियोंग्राफी एवं फोटोग्राफी का व्यय	1800	प्रमाण अप्राप्त
				3	कोदऊ पुत्र सूरज के खेत का समतलीकरण	फोटो ग्राफी एवं वीडियोंग्राफी का व्यय	1800	प्रमाणक अप्राप्त
				4	सेमौढा तालाब से सई नदी तक नाला खुदाई का कार्य	फोटो ग्राफी एवं वीडियोंग्राफी का व्यय	300	प्रमाणक अप्राप्त
				5	पलही बाजार सरहद से सेमौढा नाला तक स0मार्ग	सदैव	300	प्रमाणक अप्राप्त
				6	पुनवासी सै0 रामदयाल के खेत का समतलीकरण	तदैव	300	प्रमाणक अप्राप्त
				कुल योग–			10500.00	
				उपरोक्त विवरणानुसार बिना प्रमाणक के भुगतान की गयी कुल धनराशी रू0 10500.00 श्री शिव कुमार सिंह ग्राम प्रधान व श्री विनोद कुमार ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से वसूल किया जाना अपेक्षित है।			

			45		आलोच्य वर्ष में सम्पन्न कार्य पलही बाजार सरहद से सेमौढा नाला तक सम्पर्क मार्ग में ह्यूम पाइप डलवाने हेतु क्रय ह्यूम पाइप रू0 18698.00 का भुगतान कोषबही में पृ0सं0 21 के अनुसार दिनांक 25.10.2011 में लेखांकित है जिसका बाउचर भी कार्ययोजना की पत्रावली में संलग्न है, किन्तु उक्त क्रय सामग्री के उपभोग की पुष्टि सम्बन्धित कार्य की एम0वी0 में अंकित नहीं पाया गया। अतः रू0 18698.00 के अपहरित स्टाक मूल्य की वसूली श्री शिव कुमार सिंह ग्राम प्रधान व श्री विनोद कुमार ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त से किया जाना अपेक्षित है।
			46		दिनांक 03.06.2011 में कोषबन्दी में रू0 5000.00 रू0 हैण्डपम्प सामग्री क्रय हेतु भुगतान सूर्यपाल सिंह आयरन स्टोर हरचन्दपुर को भुगतान लेखांकित है, किन्तु पुष्टि में प्रमाणक अप्राप्त रहा। अतः बिना प्रमाणक दर्शित भुगतान की धनराशि रू0 5000.00 श्री शिव कुमार सिंह ग्राम प्रधान एवं श्री विनादे कुमार ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से वसूल किया जाना अपेक्षित है।
			47		दिनांक 20.09.2011 में पृ0सं0 के अनुसार अमेठी ह्यूम पाइप से क्रय 47 नग ह्यूम पाइप की धनराशि रू0 82029.00 का भुगतान कोषबही में लेखांकित है जिसकी जांच में निम्न आपत्तियां प्रकाश में आयी–
				क	उपरोक्त क्रय ह्यूम पाइप के ग्राम पंचायत में उपयोग की पुष्टि में कोई प्रमाण तथा मस्टर रोल (मजदूरी भुगतान) लेखापरीक्षा में अप्राप्त रहा तथा स्टाक अवशेष के प्रमाण में स्टाक पंजिका लेखा परीक्षा में तैयार नहीं पायी गयी।
					अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर रू0 82029.00 को स्टाक मूल्य का अपहरण हुआ है जिसकी वसूली श्री शिव कुमार सिंह ग्राम प्रधान तथा श्री विनोद कुमार ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।
			48		आलोच्य वर्ष में विभिन्न तिथियों में सूर्यपाल सिंह आयरन स्टोर हरचन्दपुर से कैषमेमो सं0 428 दिनांक 01.04.11, 434 दिनांक 03.06.11, 433 दिनांक 24.10.2011, 466 दिनांक 03.03.12, कुल रू0 74954.00 की हैंडपम्प सामग्री क्रय हेतु भुगतान एवं पृ0सं0 2,5,9,12,13 एवं 17 के अनुसार कुल 173 हैडपम्पों की मरम्मत पर कुल मजदूरी रू0 29150.00 का क्रय कोषबही लेखांकित है जिसके सम्बन्ध में निम्न आपत्तियां है–

				क	सामग्री के बाउचर पर टिन नं./व्यापार कर रजि0 नं0 अंकित नहीं है जिससे स्पष्ट है कि सामग्री अधिकृत विक्रेता से क्रय नहीं किये जाने के कारण प्रशासकीय कर की चोरी हुई है। शासन के आदेशों के विपरीत अधिकृत विक्रेता के यहां सामग्री क्रय न किया जाना गम्भीर अनियमितता है।
				ख	हैण्डपम्प मरम्मत 173 के कार्यस्थल का विवरण मजदूरी भुगतान के बाउचर पर अंकित नहीं पाया गया जिससे सम्पन्न कार्य एवं धनराशि के उपभोग की पुष्टि नहीं होती है।
				ग	हैण्डपम्प मरम्मत में बदले गये नये सामानों के स्थान पर पुराने सामग्री का स्टाक पंजिका लेखपरीक्षा में अप्राप्त रही जिससे नयी सामग्री के उपभोग की पुष्टि नहीं होती है।
				घ	जिन स्थानों पर हैण्डपम्प मरम्मत कार्य कराया गया है वहां के निवासियों से प्राप्त उपयोग प्रमाण पत्र लेखापरीक्षा में अप्राप्त रहा।
				अतः उपरोक्त आधार पर कुल दुरूपयोगित धनराशि रू0 104104.00 की वसूली श्री शिव कुमार सिंह ग्राम प्रधान तथा श्री विनोद कुमार ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है।	
16	हरचन्दपुर	कासोखास	49	दिनांक 29.06.2011 में सामग्री खा0सं0 21198 की पासबुक में रू0 20064.00 का निकासी भुगतान लेखांकित है किन्तु ग्राम पंचायत की कोषबही में निकासी से आय एवं व्यय कोषबही में लेखांकित न करके रू0 20064.00 की धनराशि का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली श्री इम्तियाज अहमद ग्राम प्रधान एवं श्री गोकरन नाथ तिवारी ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से वसूली किया जाना अपेक्षित है।	
			50	दिनांक 25.01.12 में श्रम/मेन ख0सं0 14269/3570 की पासबुक में रू0 4560.00 की निकासी भुगतान लेखांकित है किन्तु ग्राम पंचायत की कोशबही में निकासी से आय एवं व्यय भुगतान लेखांकित न करके रू0 4560.00 का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली श्री इम्तियाज अहमद ग्राम प्रधान एवं श्री गोकरन नाथ तिवारी ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से वसूली किया जाना अपेक्षित है।	

			51	आलोच्य वर्ष में निम्न विवरणानुसार कोषबही के व्यय पक्ष में अंकित भुगतान की पुष्टि में प्रमाणक लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा। अतः बिना प्रमाणक के व्यय भुगतान लेखांकित करके रू0 252225.00 धनराशि का अपहरण किया गया है जिसकी वसूली श्री इम्तियाज अहमद ग्राम प्रधान व श्री गोकरन नाथ तिवारी ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से किया जाना अपेक्षित है–			
				भुगतान की तिथि / पृ0सं0	विवरण	क्रय मात्रा	धनराशि
				19.04.11 / –	स्वच्छ शौचालय हेतु 2 लाभार्थी को अनुदान धन भुगतान	–	3690.00
				21.05.11 / 8	8 शरद अर्चना एण्ड क0 चार्टेड एकाउन्ट में भुगतान	–	4000.00
				28.06.11 / –	1 लाभार्थी को स्वच्छशौचालय अनुदान भुगतान	–	1845.00
				09.07.11 / –	8 लाभार्थी को स्वच्छशौचालय अनुदान भुगतान	–	14760.00
				27.08.11 / –	22 लाभार्थी को स्वच्छशौचालय अनुदान भुगतान	–	40590.00
				28.09.11 / –	4 लाभार्थी को स्वच्छशौचालय अनुदान भुगतान	–	7380.00
				13.10.11 / –25	मे0 घनश्याम अटलानी गंगागंज को भुगतान	10000सी0ख0 / 160 प्रथम श्रे0नि0ईट0	38000.00 6400.00
				05.12.11 / –38	–	10000 सी0ख0	38000.00
				13.02.12 / –	8 लाभार्थी को स्वच्छशौचालय अनुदान भुगतान	–	14760.00
				23.03.12 / –51–बी	–	20000–प्रथम श्रेणी ईंट 400 फुट मिट्टी	82800.00
				कुल योग–			252225.00

			52	दिनांक 27.09.2011 में पृ0सं0 23 के अनुसार हुसैनगंज से पुलिया तक ख0 निर्माण दिनांक 01.09.11 से 12.09.11 तक कार्य हेतु कुल रू0 9600.00 मजदूरी भुगतान कोषबही में लेखांकित किया गया है। म0रोल की जांच करने पर पाया कि उक्त कार्य में 6 लेबर को 72 दिन कार्य हेतु रू0 100.00 प्रति की दर से रू0 7200.00 तथा 1 राजगीर को 11 दिन कार्य हेतु रू0 200.00 प्रतिदिन की दर से रू0 2200.00 कुल रू0 9400.00 का भुगतान किया गया है किन्तु मस्टररोल पर कुल भुगतान धनराशि रू0 9600.00 लेखांकित कर कोषबही में नकद रोकड शेष खारिज किया गया है। इस प्रकार रू0 200.00 का भुगतान अधिक दर्शित कर नकद रोकड़ शेष खारिज किया गया है जिसकी श्री इम्तियाज अहमद ग्रा0प्र0 एवं श्री गोकरन नाथ तिवारी ग्रा0पं0अ0 से संयुक्त रूप से वसूली किया जाना अपेक्षित है।
17	लालगंज	बहाई	53	आलोच्य वर्ष में ग्राम सभा के क्षेत्र में स्ट्रीट लाईट लगवाने हेतु वा0सं0 (25) ता0 20.07.2011 तथा वा0सं0–(52) ता0 30.12.2011 द्वारा क्रमशः रू0 90500/–एवं रू0 135750.00 कुल धनराशि रू0 226250/– का व्यय दर्शाया गया है। यह उक्त व्यय पूर्णतः फर्जी है, क्योंकि आलोच्य वर्ष 2011–12 में स्ट्रीट लाईट के मद में अनुदान नहीं आया था एवं स्टाक रजिस्टर में भी खरीदे गये 25 नग स्ट्रीट लाईट की प्रविष्टि नहीं की गयी है। अतः ऐसी स्थिति में सम्पूर्ण धनराशि रू0 226250.00 की वसूली प्रधान श्रीमती अनूपा एवं ग्रा0वि0अ0 अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय से अपेक्षित है।
18	लालगंज	जगतपुर भिचकौरा	54	आलोच्य वर्ष (2011–12) में ग्राम सभा के ग्राम निधि खाते से कुल रू0 278543.00 धनराशि का आहरण किया गया। इस धनराशि के सापेक्ष समस्त व्यय की पुष्टि हेतु बाउचर एवं बिल लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। इससे स्वतः स्पष्ट है कि सम्पूर्ण व्यय फर्जी है, जिसकी वसूली प्रधान श्रीमती अंजूलता एवं ग्रा0वि0अ0 श्री विनय कुमार तिवारी से अपेक्षित है।
19	जगतपुर	मखदुमपुर	55	मनरेगा संबंधी आपत्ति–डोकी ताल से रघुनाथ के खेत तक सिंचाई, नाली खुदाई कार्य की एमबी में ह्यूम पाइप का व्यय अंकित नहीं है जबकि रू0 23158.00 का भुगतान ह्यूम पाइप के लिए कर दिया गया है। इसमें उक्त व्यय की पुष्टि नहीं हो सकी। उक्त व्यय की पुष्टि की जानी अपेक्षित है।

			56	मोनिक के घर से छोपनाला तक संपर्क मार्ग निर्माण कार्य की एमबी में ह्यूम पाइप का व्यय दर्शित नहीं है जबकि कैशबुक में हयूम पाइप हेतु रू0 8230.00 का व्यय अंकित है। उक्त व्यय क्यों किया गया? स्पष्टीकरण अपेक्षित है।
			57	महराजदीन के खेत से दृगराज के खेत तक चक मार्ग निर्माण कार्य में 1500 रू0 का भुगतान टेंट हाउस से लिए किया गया है परन्तु उक्त व्यय के सापेक्ष व्यय प्रमाणक प्रस्तुत नहीं किए गए। व्यय भुगतान प्रमाणक प्रस्तुत कर व्यय की पुष्टि कराया जाना अपेक्षित है।
			58	राजवित्त के अन्तर्गत किए गए निम्न भुगतान के सापेक्ष व्यय प्रमाणक प्रस्तुत नहीं किए गए है। इन व्ययों का विवरण निम्न है–

				दिनांक	व्यय की धनराशि	मद / कार्य	धनराशि आहरण करनें वाले का नाम
				15.04.11	5000.00	हैण्डपम्प मरम्मत	रामनरेश
				17.06.11	20000.00	हैण्डपम्प मरम्मत	रामनरेश
				18.01.11	10000.00	सफाई कर्मियों का सामान क्रय	रामनरेश
				9ध्8ध्2011	10000.00	हैण्डपम्प मरम्मत	धर्मेन्द्र
				16.08.11	10000.00	सीमेन्ट, मोरंग, बालू क्रय	जियालाल
				27.08.11	15000.00	सीमेन्ट, मोरंग, बालू क्रय	रामनरेश
				01.09.11	15000.00	शौचालय सीट क्रय	अज्ञात
				06.09.11	20000.00	हैण्डपम्प मरम्मत	धर्मेन्द्र
				08.09.11	26375.00	सीमेन्ट, मोरंग, बालू क्रय	धर्मेन्द्र
				08.09.11	63900.00	मजदूरी शौचालय हेतु	रामनरेश
				09.09.11	6500.00	शौचालय सीट क्रय	धर्मेन्द्र
				15.09.11	3000.00	शौचालय हेतु दो लाभार्थी को देय	धर्मेन्द्र
				23.12.11	20160.00	हैण्डपम्प मरम्मत	कृष्ण कुमार
				03.03.12	11225.00	हैण्डपम्प मरम्मत	आरती

				23.03.12	15000.00	दस लाभार्थी शौचालय का देय	रामनरेश
				कुल योग–	251160.00		
				उपर्युक्त व्यय की गयी कुल धनराशि रू0 251160.00 के सापेक्ष सभी व्यय प्रमाणक प्रस्तुत कर व्यय की पुष्टि कराया जाना अपेक्षित है।			
			59	आलोच्य वर्ष में कूप मरम्मत हेतु कैश बुक में कुल रू0 40000.00 का भुगतान किया गया है। परन्तु कूप मरम्मत कहा हुआ है इसका विवरण कैशबुक में नहीं दर्ज है। कूप मरम्मत हेतु सीमेन्ट, मोरंग, खरीदने के लिए रू0 1000.00 का भुगतान दिनांक 11.07.11 को हुआ दिखाया गया है परन्तु इस धनराशि का आहरण स्वयं ग्राम प्रधान श्री रामनरेश के द्वारा किया गया है। इन कार्य हेतु समक्ष अधिकारी को अनुमोदन प्राप्त नहीं किया गया है तथा कार्य के समाप्ति पर तकनीकि मापन नहीं कराया गया है जिससे उक्त कार्य हेतु देय धनराशि की उपयुक्तता पुष्टि नहीं की जा सकी। सम्पूर्ण व्यय की धनराशि के सापेक्ष उक्त व्यय प्रमाणक प्रस्तुत कर जांच करायी जानी अपेक्षित है।			
			60	आलोच्य वर्ष में खडंजा मरम्मत का कार्य दो स्थानों पर सम्पन्न किया गया है परन्तु उक्त दोनों कार्यों के लिए कार्य योजना प्रस्तावित नहीं की गई है। उक्त कार्य का तकनीकी मार्गदर्शन तथा अनुमानित लागत तैयार नहीं किया गया तथा इस कार्य हेतु देय मजदूरी के लिए लगे मस्टर रोल पर भी कार्य किया का अंकन नहीं किया गया है जिससे इस कार्य में व्यय धनराशि की युक्तियुक्त होने की पुष्टि नहीं की जा सकी। खडंजा मरम्मत हेतु दोनों कार्यों के कुल मजदूरी रू0 75860.00 का भुगतान किया गया है जबकि ईंट क्रय के लिए कुल रू0 148440.00 का भुगतान किया गया है। इस प्रकार उक्त दोनों कार्यो में कुल रू0 224300.00 का व्यय किया गया है। इस व्यय के सापेक्ष उचित व्यय प्रमाणक प्रस्तुत कर जांच करायी जानी अपेक्षित है इस कार्य के संबंधित कार्यवाही रजिस्टर सक्षम अधिकारी का आदेश पत्र स्टाक रजिस्टर आदि को प्रस्तुत कर जांच करायी गयी अपेक्षित है।			
			61	आलोच्य वर्ष (2011–12) में कैशबुक में हैण्डपम्प मरम्मत हेतु निम्न तिथियों को व्यय दर्शित है–			
				दिनांक	व्यय की राशि	कार्य का नाम	धनराशि आहरण करनें वाले का नाम

				15.04.11	5000.00	हैण्डपम्प मरम्मत	रामनरेश
				17.06.11	20000.00	हैण्डपम्प मरम्मत	अज्ञात
				09.08.11	10000.00	हैण्डपम्प मरम्मत	धर्मेन्द्र
				06.09.11	20000.00	हैण्डपम्प मरम्मत	धर्मेन्द्र
				23.12.11	20160.00	हैण्डपम्प मरम्मत	कृष्ण कुमार
				03.03.12	11225.00	हैण्डपम्प मरम्मत	अनिल कुमार
				कुल योग–	86385.00		
				उपरोक्त व्यय के सापेक्ष कार्य प्रमाणक स्टाक रजिस्टर, कार्यवाही रजिस्टर तकनीकि मार्गदर्शन पत्र तथा सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त आदेश पत्र को प्रस्तुत कर व्यय की पुष्टि करायी जानी अपेक्षित है।			
			62	आलोच्य वर्ष में दिनांक 04.04.2011 को रू0 37632.00 का भुगतान ह्यूम पाइप क्रय हेतु दर्शित है परन्तु इस भुगतान के सापेक्ष जो बाउचर लगाया गया है उस कैशमेमो बिल पर तिथि 20.04.11 अंकित है और मूल बाउचर बिल में ट्रांसर्पोटेशन चार्ज की दर 28 प्रतिशत अंकित है। अर्थात पाइप का क्रय मूल्य 29400.00 रू0 है जबकि ट्रांसर्पोटेशन चार्ज रू0 8332.00 लगाया गया है जोकि सरकारी दर से 8 प्रतिशत अधिक है। अर्थात इस भुगतान में रू0 2452.00 का भुगतान अधिक किया है। साथ ही साथ इस धनराशि का भुगतान इण्डिया सीमेन्ट पाइप फैक्ट्री नामक फर्म को न कर किसी अशोक कुमार नामक व्यक्ति को चेक से भुगतान किया गया है। इस प्रकार क्रय पाइप का अंकन स्टॉक रजिस्टर में नहीं किया गया है। उक्त आपत्तियों का निस्तारण अपेक्षित है।			
20	जगतपुर	मनिहरशर्की	63	मनरेगा के कैशबुक में विभिन्न तिथियों को साइनबोर्ड हेतु भुगतान के रूप में कुल व्यय रू0 45000.00 दर्शित है। परन्तु यह भुगतान किसी रजिस्टर्ड फर्म को नहीं किया गया है बल्कि व्यक्ति विशेष श्रीरामधनी एवं श्री रमाकान्त मिश्रा को किया गया है जोकि मनरेगा एक्ट का उल्लंघन है और सम्पूर्ण व्यय गबन माना जा सकता है। सम्बद्ध पक्ष से स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।			
			64	मनरेगा कैशबुक में दिनांक 23.06.2011 को चार बोर्ड के लिए रू0 10000.00 का भुगतान किया गया है परन्तु कैशबुक में चार कामों का उल्लेख नहीं है तथा बिना वित्तीय स्वीकृति के एक साथ रू0 10000.00 का भुगतान कैसे कर दिया गया? स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।			

			65	मनरेगा के तहत किए गए कार्य 31 नं0 गुलाबन से वासुदेव के खेत तक कच्ची नाली सफाई एंव खुदाई के अंन्तर्गत जो फोटोग्राफ लगाए गए है उससे प्रतीत होता है कि यह नाली पक्की है तथा इस नाली का निर्माण पूर्व में ही किया जा चुका है। अतः उक्त कार्य में व्यय रू0 319020.00 की धनराशि का दुरूपयोग किया गया है। अतः उक्त व्यय संदिग्ध है। साथ ही साथ नाली खुदाई के बाद का जो फोटोग्राफ लगाया गया है उसमें नाली में पानी भरा हुआ है जिससे सम्पूर्ण कार्य की संदिग्धता स्पष्ट होती है? स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।	
			66	मनरेगा के तहत 31 नं0 कुलाबा से वासुदेव के खेत तक नाली निर्माण कार्य में लगे मजदूर तथा राम प्रसाद के घर से बुधई के घर तक खडंजा निर्माण (राज्यवित्त के तहत) में दिनांक 11.06.11 से 14.06.11 तक कुल चार मजदूर चार दिन यानि 16 दिन तक उभय रूप से कार्य करते हुए दिखाए गए है। इन मजदूरों का नाम है–	
				क	राम प्रसाद पुत्र लक्ष्मन
				ख	राजाराम पुत्र सत्ती
				ग	सुबेदार पुत्र श्यामलाल
				घ	जियालाल पुत्र कालीचरन
				इस प्रकार उक्त स्थिति संभव नहीं है। अतः संपूर्ण की जांच की जानी आवश्यक है। 16 मानव दिवस के रूप में रू0 1920.00 का व्यय गलत ढंग से किया गया है। स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।	
			67	राजवित्त कैश बुक के अनुसार दिनांक 15850.00 रू0 व्यय सीमेन्ट, मोरंग, सरिया हेतु श्री फौजी ट्रेडर्स को किया जाना अंकित है परन्तु यह व्यय नगद आहरण के द्वारा किया गया है फर्म को चेक से भुगतान न करके अनियमितता की गयी है। अतः उक्त धनराशि की वसूली सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं सचिव से किया जाना सुनिश्चित किया जाये।	
			68	कैशबुक में दिनांक 26.05.11 को रू0 4700.00 तथा रू0 3300.00 का भुगतान फौजी ट्रेडर्स को किया जाना दर्शित है परन्तु उक्त धनराशि का आहरण त्रिभुवन सिंह तथा श्री धर्मेन्द्र द्वारा किया गया है। उक्त धनराशि का भुगतान सीधे फर्म को न कर व्यक्ति को किया जाना अनियमित रहा। जिसकी वसूली पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान से किया जाना सुनिश्चित किया जाये।	

			69	कैशबुक में दिनांक 23.06.11 को रू0 1692.00 दिनांक 01.07.11 को रू0 4800.00 तथा दिनांक 27.02.2012 को रू0 7122.00 का भुगतान श्री फौजी ट्रेडर्स को किया जाना दर्शित है परन्तु पासबुक के अनुसार उक्त धनराशि का आहरण श्री त्रिभुवन सिंह द्वारा किया गया है जोकि ग्राम प्रधान के साथ सहयोगी के रूप में कार्य करते है। उक्त धनराशि का भुगतान सीधे फर्म को न कर व्यक्ति को किया जाना अनियमित रहा। जिसकी वसूली पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान से किया जाना सुनिश्चित किया जाये।
			70	राजवित्त के तहत आलोच्य वर्ष में ग्राम पंचायत में कूप मरम्मत के लिए कुल रू0 69454.00 का व्यय दर्शित है यह कूप मरम्मत रामनाथ के दरवाजे, रामनरेश के दरवाजे, सुक्खन के दरवाजे तथा छोटीलली के दरवाजे पर किया गया है। परन्तु उक्त कार्य के लिए सक्षम अधिकारी से तथा तकनीकि अधिकारी से कार्य योजना को प्रमाणित नहीं कराया गया है तथा ग्राम पंचायत कार्यवाही रजिस्टर में भी उक्त कार्य का प्रस्ताव पारित नहीं कराया गया है। जिससे सम्पूर्ण धनराशि अनियमित तरीके से व्यय की गयी है। उक्त सम्पूर्ण अनियमित धनराशि की वसूली सम्बन्धित पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान से किया जाना अपेक्षित है।
			71	आलोच्य वर्ष में कैशबुक में हैण्डपम्प मरम्मत निम्न तिथियों में व्यय किया जाना दर्शित है–

दिनांक	धनराशि	व्यय का मद	आहरण किसके द्वारा
05.05.11	4965.00	हैण्डपम्प मरम्मत हेतु भुगतान	सुरेश सिंह
06.06.11	4860.00	हैण्डपम्प मरम्मत हेतु भुगतान	कैश भुगतान
10.06.11	4540.00	हैण्डपम्प मरम्मत हेतु भुगतान	त्रिभुवन सिंह
22.07.11	4870.00	द्विवेदी ट्रेडिंग कां0 को भुगतान	सुरेश सिंह
25.11.11	4680.00	द्विवेदी ट्रेडिंग कां0 को भुगतान	सुरेश सिंह
20.12.11	3875.00	हैण्डपम्प मरम्मत हेतु भुगतान	सुरेश सिंह
27.01.12	4950.00	हैण्डपम्प मरम्मत हेतु भुगतान	सुरेश सिंह
कुल योग–	32740.00		

				उपर्युक्त आकड़ों से स्पष्ट है कि हैण्डपम्प मरम्मत के नाम पर रू0 32740.00 का व्यय फर्जी तरीके से किया गया है? अतः उक्त धनराशि की वसूली सम्बन्धित कार्मिक एवं ग्राम प्रधान से किया जाना सुनिश्चित किया जाये।
			72	राजवित्त कैशबुक में राम अधार के घर से शिवदर्शन के दरवाजे तक खडंजा मरम्मत कार्य में कुल रू0 26720.00 व्यय किए गए है। परन्तु उक्त कार्य की माप कैशबुक में अंकित नहीं है। इसके साथ ही कार्य योजना एवं तकनीकि मार्गदर्शन तथा कार्यमापन भी नहीं कराया गया जिससे संपूर्ण व्यय में अनियमितता प्रदर्शित होती है जिसकी जांचोपरान्त आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाये।
			73	राजवित्त के तहत आलोच्य वर्ष में राम प्रसाद के घर से बुधई के घर तक खडंजा निर्माण, पं0 मदन से अमरनाथ के घर तक खडंजा निमाण तथा रामअधीन के घर से पक्की नाली तक खडंजा निर्माण में कुल रू0 224416.00 खर्च किया गया है। परन्तु उक्त कार्य की कार्य योजना तकनीकि मार्गदर्शन तथा कार्योपरान्त कार्य मापन नहीं कराया गया है जिससे कार्य में व्यय राशि की पुष्टि नहीं हो सकी। उक्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कराकर सम्पूर्ण व्यय की पुष्टि किया जाना सुनिश्चित किया जाये।
			74	सम्पूर्ण आलोच्य वर्ष में कृष्णा ब्रिक फील्ड से ईंट क्रय हेतु जो बाउचर लगाए गए में गंभीर अनियमितता है जो निम्न है–

दिनांक	कैशमेमो नं0	धनराशि
13.04.11	423	15000.00
10.05.11	410	6800.00
20.06.11	449	2000.00
20.06.11	451	5000.00
24.06.11	445	8000.00
13.02.12	444	76000.00
23.02.12	468	23282.00
30.05.12	434	5600.00
कुल योग–		141682.00

				उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि गलत बाउचर लगाकर फर्जी आहरण कर धन का अपहरण किया गया है उक्त क्रय सामग्री का स्टॉक रजिस्टर में पृविष्टि भी नहीं की गयी है जिससे खरीद सामग्री फर्जी प्रतीत होती है। अतः उक्त धनराशि की वसूली सम्बन्धित कार्मिक व ग्राम प्रधान से किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

<table>
<tr><td>21</td><td>जगतपुर</td><td>चिचौली</td><td>75</td><td colspan="4">ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत किए गए कार्य पूरे चौहान तालाब खुदाई तथा प्रा0वि0 गोपियापुर में मिट्टी भराई कार्य में निम्नांकित मजदूरों की उपस्थिति उभयनिष्ठ तिथि 28,29,30,31,1,12 को पाई गई। इनके नाम निम्न है–</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>क्र0 सं0</td><td>श्रमिक का नाम</td><td>श्रमिक का जॉब कार्ड नं0</td><td>दोनों एम0आर0 की संख्या</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>1</td><td>बलराज</td><td>47</td><td rowspan="3">क– एम0आर0नं0 5266, 5268 तालाब खुदाई पूरे चौहानन</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>2</td><td>गुरू प्रसाद</td><td>58</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>3</td><td>रतीपाल</td><td>357</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>4</td><td>गनेश</td><td>489</td><td rowspan="2">ख– एम0आर0नं0 5841, 5842 प्रा0वि0 गोपियापुर मिट्टी भराई</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td>5</td><td>विन्देश्वरी</td><td>547</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td colspan="4">इस प्रकार फर्जी तरीके से मज़दूरों को कार्य करते हुए दिखाकर 20 दिन की मजदूरी 2400.00 का गबन किया गया है। इस गबन के परिप्रेक्ष्य में संपूर्ण कार्य की प्रमाणिकता संदिग्ध हो गयी। अतः पूरे कार्य की जांच सक्षम प्राधिकारी से कराकर गबन की गई समस्त धनराशि की वसूली अपेक्षित है।</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td>76</td><td colspan="4">पूरे चौहान तालाब खुदाई कार्य एवं नाला सफाई एवं खुदाई कार्य गोहन्ना तालाब से नरइन तालाब तक दोनों में एक समान तिथि दिनांक 27.01.12 से 02.02.12 तक दो मजदूर श्री सहदेव जॉब कार्ड नं. 126, एकाउन्ट नं0 23115 तथा श्री रमेश जॉब कार्ड नं. 219 एकाउन्ट नं. सी–120 को कार्य करते हुए दर्शाया गया है।</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td colspan="4">साथ ही साथ उपर्युक्त दोनों कार्यों के एम0आर0 मस्टररोल सं0 5263, 5267 के साथ छेड़छाड़ कर मजदूरों के नामबदले गए तथा ओवर राइटिंग कर उनका जॉब कार्ड संख्या भी बदल दिया गया परन्तु खाता संख्या बदलना छूट गया। इस प्रकार मस्टर रोल के साथ छेड़छाड़ के लिए संबंधित कर्मचारी के ऊपर अपराधिक मुकदमा कायम कर जांच करायी जानी अपेक्षित है।</td></tr>
</table>

			77	प्रा0वि0 गोपियापुर में मिट्टी भराई कार्य से संबंधित लगाए गए फोटोग्राफ से उक्त कार्य किए गए इसकी पुष्टि नहीं हो पायी किसी भी फोटोग्राफ में विद्यालय की चहारदीवारी, विद्यालय की वास्तविक स्थिति एवं भवन तथा विद्यालय का प्रांगण दिखाई नहीं पड़ता है। साथ ही साथ उक्त कार्य से संबंधित कार्य स्थल एवं योजना के बोर्ड का फोटोग्राफ भी उपलब्ध नहीं है। अतः संपूर्ण कार्य पर किया गया व्यय फर्जी है। उक्त कार्य से संबंधित मजदूरों का नाम अन्य कार्य में भी पाया गया है। अतः सम्पूर्ण व्यय रू0 41376.00 का व्यय फर्जी मानते हुए वसूली की जानी अपेक्षित है।
			78	खडंजा मरम्मत पूरे आलम से नहर तक के कार्य में कुल मजदूरी व्यय 70000.00 रू0 दर्शित है। परन्तु उक्त कार्य के सापेक्ष लगाए गए एम0आर0 मस्टर रोल पर तथा कोषबही दोनों पर ही खडंजा मरम्मत की माप अंकित नहीं है। साथ ही साथ उक्त कार्य हेतु सक्षम प्राधिकारी से तकनीकी स्वीकृति भी नहीं की गई है। कार्य निष्पादित होने के बाद एम0वी0 भी नहीं किया गया है। इस कार्य में कुल रू0 51000.00 की ईंट खरीदी गई। इस प्रकार संपूर्ण व्यय 121000.00 रू0 की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः सम्पूर्ण व्यय को फर्जी मानते हुए वसूली की जानी अपेक्षित है।
प्रस्तर संख्या–3 :–दिनांक 11.03.2011 को शौचालय के निर्माण पर व्यय पर रू0 57200.00 किये गये है, परन्तु पुष्टि में सूची नहीं पायी गयी। धन के दुरूपयोग की संभावना प्रतीत होती है। दोषी सचिव/प्रधान के विरूद्व आवश्यक कार्यवाही की जाये। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–3)

प्रस्तर संख्या–4 :–दिनांक 31.03.2011 को मानदेय प्रधान 6/10 से 3/11 कुल 11 माह का रू0 750/– की दर से 8250.00 का भुगतान किया गया है, परन्तु पुष्टि में कोई रसीद/प्राप्ति रसदी अप्राप्त रही, यह धन को आहरित करके गबन कर लिया गया है। वसूली प्रधान/सचिव से करायीं जानी अपेक्षित है। दोषी सचिव/प्रधान के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाये। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–4)

प्रस्तर संख्या–5 दिनांक 28.03.2011 को विद्युतीकरण पर रू0 50,000.00 व्यय किया गया है। यह विद्युतीकरण के व्यय पर धन कहां व किस प्रयोज्य हेतु किया गया है। स्थिति अज्ञात रही है। धन के दुरूपयोग की संभावना बनी है। कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–5)

जनपद का नाम :–अमरोहा **मण्डल का नाम :–मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :– हाकमपुर **विकास खण्ड का नाम –जोया**

वर्ष :– 2011–12

ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–दिनांक 29.04.11 को नल मरम्मत बाउचर पर व्यय रू0 5200–00 व्यय किया है जिसमें लगने वाले सिलेण्डर को रू0 1200.00 प्रति सिलेण्डर दर्शाया है परन्तु दिनांक 29.04.11 को अन्य वाउचर से यह धनराशि रू0 300.00 प्रति सिलेण्डर दर्शायी है। इस प्रकार रू0 900.00 का अतिरिक्त व्यय दर्शाकर अनियमित भुगतान किया गया हैं। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–1)

प्रस्तर संख्या–2 :–दिनांक 11.08.11 को रू0 500.00 के हिसाब से प्रति कुर्सी दर्शाकर 11 कुर्सी का रू0 5500.00 भुगतान किया है, कुर्सी रू0 300.00 प्रतिदर से हिसाब से भुगतान किया जाना चाहिये था, क्योंकि कुर्सी ब्रॉन्डेड न होकर लोकल क्रय की गयी है। अतः रू0 1650.00 का अतिरिक्त भुगतान किया गया है। इस प्रकार रू0 1650.00 के धन का दुरूपयोग किया गया है। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–2)

प्रस्तर संख्या–3 :–दिनांक 30.12.11 को 100 ट्राली मिट्टी दर रू0 200.00 प्रति ट्राली के हिसाब से रू0 20,000.00 के भुगतान की पुष्टि में रसीद/रायॅल्टी रसीद इत्यादि व किस प्रायोज्य हेतु क्रय की गयी है स्थिति अज्ञात रही। भुगतान पूर्णतयः फर्जी प्रतीत होता है। वसूली प्रधान/सैकेट्री से करायी जाये। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–3)

प्रस्तर संख्या–4 :–दिनांक 03.08.11 को एवं दिनांक 16.08.2011 को कुल रू0 54900.00 की ईंट क्रय का भुगतान रू0 3000.00 प्रति हजार के विपरीत रू0 3200.00 प्रति हजार से क्रय करके रू0 3400.00 का अतिरिक्त भुगतान करके धन के व्यय में गंभीर अनियमित्ता की गयी है। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–4)

जनपद का नाम –अमरोहा **मण्डल का नाम :–मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :–पॉयती कला **विकास खण्ड का नाम – जोया**

वर्ष :– 2011–12

ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–वित्तीय वर्ष 2011–12 में 13वें वित्त के विकास खातों से बगैर किसी जिले स्तर के उच्च अधिकारी की स्वीकृति के बगैर कोई कोटेशन प्रक्रिया अपनाये रू0 44500.00 का लैपटाप क्रय किया है, यह लैपटाप कहाँ से क्रय किया गया है, पुष्टि में प्रमाणक अप्राप्त रहा, अतः रू0 44500.00 की धनराशि का भुगतान ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले विकास खाते से किया गया है। बिना किसी प्रमाणक के बगैर कोटेशन प्रक्रिया अपनाये बगैर उच्चाधिकारियों की स्वीकृति के यह धनराशि गंभीर दुरूपयोग के रूप में आँकी जाती है, उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–1)

जनपद का नाम :–अमरोहा **मण्डल का नाम :–मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :–शेखुपुरा माफी **विकास खण्ड का नाम –जोया**

वर्ष :– 2011–12

ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–दिनांक 04.11.11 को पेंटर पर भुगतान रू0 22,426.00 की पुष्टि में कोई रसीद नहीं पायी गयी, यह पेन्टिंग कहाँ व किस उद्देश्य से करायी गयी है, अस्पष्ट रहा ? भुगतान प्रमाणक न होना, उद्देश्य स्पष्ट न होना, कार्य पूर्ति प्रमाणक का न होना भुगतान को गबन दर्शाते है। अतः उक्त धनराशि की वसूली मय ब्याज से संबंधित प्रधान एवं सैकेट्री से करायी जाये। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–1)

प्रस्तर संख्या–2 :–वित्तीय वर्ष 2011–12 में रू0 3000.00 प्रति हजार के विपरित रू0 3300.00 के प्रति हजार से भुगतान करके रू0 1800.00 का अधिक भुगतान किया गया है। यह भुगतान अन्य भटटों की कोटेशन लिये बगैर किया है। अतः धनराशि रू0 1800.00 का दुरूपयोग किया गया है। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–2)

क्र. सं.	दिनांक	ईंट	दर	वास्तविक दर	अन्तर	योग भुगतान	अतिरिक्त
1.	12.07. 2011	3600. 00	3300.00	3000.00	1080. 00		
2.	14.09. 2011	1900. 00	3300.00	3000.00	570.00	1800.00	
3.	07.10. 2011	500.00	3300.00	3000.00	150.00		

इस प्रकार रू0 1800.00 की वसूली प्रधान/सैकेट्री से करायी जाये।

प्रस्तर संख्या–3 :–दिनांक 07.12.2011 का मानदेय प्रधान रू0 9000.00 दिया गया है परन्तु रसीद पर न तो हस्ताक्षर पाये गये और नहीं भुगतान रू0–5000.00 से ऊपर होने पर रसीदी टिकट पाया गया। धन को उचित ढंग से व्यय न दर्शाकर एवं रिकार्ड न पूर्ण करके गंभीर अनियमित्ता की गयी है। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–3)

प्रस्तर संख्या–4 :–दिनांक 30.08.2011 को 698.60 किलोग्राम चैनल रू0 55 प्रति किलो की दर से लगाया गया है, जबकि यह धनराशि रू0 52 प्रति किलो से दर्शानी चाहिए थी। अतः रू0 2096.00 अतिरिक्त भुगतान करके गंभीर अनियमित्ता की गयी है। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–4)

जनपद का नाम :–अमरोहा **मण्डल का नाम :–मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :–जिवाई **विकास खण्ड का नाम – जोया**

वर्ष :– 2011–12

<u>ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–</u>

प्रस्तर संख्या–1 :–वित्तीय वर्ष 2011–12 में 13वें वित्त के विकास खातों से बगैर किसी जिले स्तर के उच्च अधिकारी की स्वीकृति के बगैर कोई कोटेशन प्रक्रिया अपनाये रू0 44,500.00 का लैपटाप क्रय किया है, यह लैपटाप कहाँ से क्रय किया गया है, पुष्टि में प्रमाणक अप्राप्त रहा, रू0 44,500.00 की धनराशि का भुगतान ग्राम पंचायत में करायें जाने वाले विकास खाते से किया गया है।बिना किसी प्रमाणक के बगैर कोटेशन प्रक्रिया अपनाये, बगैर उच्चाधिकारियों की स्वीकृति के यह धनराशि गंभीर दुरूपयोग के रूप में ऑकी जाती है। उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–1)

प्रस्तर संख्या–2 :–निम्न तिथियों को भुगतान 1,66,000.00 की पुष्टि में व्यक्तिगत शौचालय की मरम्मत रंगाईपुताई की सूची एवं प्रमाणक का न होना धन के दुरूपयोग की स्थिति को प्रकट करता है। भुगतान की प्रकृति अस्पष्ट रहने एवं प्रमाणक न होने के कारण संबंधित धन की वसूली हेतु सैकेट्री/प्रधान के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाये। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–2)

दिनांक 27.07.2011	रू0 1,00,000.00
दिनांक 11.11.2011	रू0 66,000.00

योग–रू0 1,66,000.00

जनपद का नाम :–अमरोहा **मण्डल का नाम :–मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :–जगुवा खुर्द **विकास खण्ड का नाम–जोया**

वर्ष :– 2011–12

ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–जुलाई, 2011 में खडंजा निर्माण मजदूरी पर व्यय रू0 5880.00 किया गया है जिस पर मिटटी भराव पर 40 ट्राली का व्यय रू0 8000.00, तथा जाल, नाली क्रय पर भुगतान रू0 8372.00 का भुगतान किया है, परन्तु खडंजा एवं नाली निर्माण कैसे हो गया, जब ईंट, सीमेन्ट आदि ही नहीं क्रय किये गये। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–1)

अतः यह सम्पूर्ण कार्य फर्जी प्रतीत होता है। उच्च स्तरीय जाँच अपेक्षित है। भुगतान फर्जी दर्शाकर गबन कर लिया गया है। वसूली प्रधान श्री सुशील कुमार एंव सैकेट्री नानक चंद से करायी जाये।

दिनांक 24.07.2011 जाल क्रय	रू0 8372.00
दिनांक 26.07.2011 राज मजदूरी	रू0 5880.00
दिनांक 26.07.211मिटटी भराव	रू0 8000.00
योग	**22,252.00**

प्रस्तर संख्या–2 :–दिनांक 27.05.2011 को अमर उजाला विज्ञापन पर व्यय रू0 3440.00 दर्शाया गया है। यह भुगतान किसका है, व कब का है, स्थिति व्यय प्रमाणक के अभाव में अज्ञात रही। अतः भुगतान पूर्णतया फर्जी प्रतीत होता है। जॉच कराकर यह भुगतान वास्तविक है या नहीं की स्थिति स्पष्ट करायी जाये। वरना वसूली प्रधान–सुशील कुमार एवं सैकेट्री नानक चंद से करायी जाये। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–2)

जनपद का नाम :– अमरोहा **मण्डल का नाम :–मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :–नान्दनौर माफी **विकास खण्ड का नाम–धनौरा**

वर्ष :– 2011–12

ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–निम्नलिखित तिथियों में कैश बुक के अनुसार छात्रवृत्ति खाता सं0– 9114 से धन आहरित कर छात्रवृत्ति का वितरण किया जाना दर्शाया गया है।

वितरण की पुष्टि में स्कूलवार छात्रवृत्ति वितरक पंजिका आडिट में अप्राप्त रहने से वितरण अपुष्ट रहा। जो गम्भीर आपत्ति जनक है। (स0 आ0 सं0–14)

26.09.11	26400.00
04.10.11	44700.00
01.11.11	55800.00
28.12.11	19200.00
योग	**146100.00**

जनपद का नाम :– अमरोहा **मण्डल का नाम :–मुरादाबाद**
ग्राम पंचायत का नाम :–कपसुआ **विकास खण्ड का नाम –धनौरा**
वर्ष :– 2011–12

ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–ग्रा0 नि0 खाता सं0–2081 से दिनांक 30.09.2011 को अं0 रू0 1,00,000.00 का बैक से आहरण किया गया, परन्तु कैशबुक में उक्त आहरित धनराशि को कोषांकित न कर धन का अपहरण किया गया है। जिसकी वसूली प्रधान श्री रामकुमार सिंह एवं सचिव श्री ओमप्रकाश से तातारीख ब्याज सहित वसूली की जाये। (स0 आ0 सं0–18)

प्रस्तर संख्या–2 :–दिनांक 07.04.2011 को अं0 2200.00 का भुगतान चैक से श्रीमती सईदन पत्नी श्री शहीद को किया गया है। प्रमाणक पर प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर नहीं है। अतः भुगतान फर्जी किया गया है। जिसकी वसूली प्रधान श्री राम कुमार एवं सचिव श्री शिवेन्द्र पाल सिंह से की जाये। (स0 आ0 सं0–19)

प्रस्तर संख्या 3 :–दिनांक 21.04.2011 को अं0 12600.00 मस्टर रोल द्वारा भुगतान दर्शाया गया हे। मस्टर रोल पर न तो मिस्त्री व मजदूरों के नाम ही अंकित है और न ही भुगतान प्राप्तकर्ता के नि0 अंगूठा अंकित है। अतः भुगतान फर्जी किया गया है। जिसकी वसूली प्रधान श्री रामकुमार सिंह से की जाये। (स0 आ0 सं0–20)

प्रस्तर संख्या 4 :–निम्नलिखित तिथियों में कैश बुक के अनुसार छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाना दर्शित है। छात्रवृत्ति वितरण की पुष्टि में स्कूलवार वितरण पंजिका प्रस्तुत नहीं की गई। अतः वितरण अप्रमाणित रहा, जो गम्भीर आपत्तिजनक है। (स0 आ0 सं0–21)

11.10.11	50 छात्र	15000.00
13.10.11	55 छात्र	16500.00
01.12.11	61 छात्र	29280.00
08.2.12		199320.00
	योग	260100.00

जनपद का नाम :–अमरोहा **मण्डल का नाम :–मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :–कैसरा **विकास खण्ड का नाम – धनौरा**

वर्ष :–2010–11 एवं 2011–12

<u>ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–</u>

प्रस्तर संख्या–1 :–ग्रा0 नि0 खाता सं0 2261 से दिनांक 08.09.10 को चैक सं0 318471 से अं0 5000.00 का बैक से आहरण किया गया, परन्तु कैश बुक में उक्त आहरित धनराशि को कोषांकित न कर धन का अपहरण किया गया है। जिसकी वसूली प्रधान श्री मति रामो देवी एवं सचिव श्री ओमप्रकाश से तातारीख ब्याज सहित वसूली की जाये। (स0 आ0 सं0–14)

प्रस्तर संख्या 2 :–खाता सं0 9141 छात्रवृत्ति से दिनांक 15.9.10 को चैक सं0 343294 द्वारा अं0 रू0 60,000.00 का आहरण किया गया, परन्तु कैश बुक में उक्त आहरित धनराशि को कोषांकित न कर धन का अपहरण किया गया है। जिसकी वसूली प्रधान श्री मति रामो देवी एवं सचिव श्री ओमप्रकाश से तातारीख ब्याज सहित वसूली की जाये। (स0 आ0 सं0–15)

प्रस्तर संख्या 3 :– खाता सं0 12927 M.D.M. खाते से निम्न प्रकार धनराशि का आहरण किया गया, परन्तु कैश बुक में उक्त आहरित धनराशि को कोषांकित न कर धन का अपहरण किया गया है और न ही कोई व्यय प्रमाणक प्रस्तुत किये गये। जिसकी वसूली प्रधान श्री मती रामो देवी श्री मती कमलेश एवं सचिव श्री ओमप्रकाश से तातारीख ब्याज सहित वसूली की जाये। (सा0आ0सं0–16)

चैक नं0	दिनांक	धनराशि
975533	06.09.2010	19900.00
975534	05.10.2010	16300.00
975535	09.11.2010	12700.00
975536	06.01.2011	9181.00
	<u>कुल</u>	**58081.00**

प्रस्तर संख्या 4 :–ग्रा0नि0 खाता सं0 2261 से दि0 05.05.2011 को चैक सं0 367694 से अं0 75000.00 का बैंक से आहरण किया गया है। जिसका लेखा उक्त तिथि को कैश बुक में अं0 7500.00 कोषांकित किया गया है। इस प्रकार अं0 67500.00 कम कोषांकित कर अं0 67500.00 का अपहरण किया गया है। जिसकी वसूली प्रधान श्री कमलेश एवं सचिव श्री ओमप्रकाश से तातारीख ब्याज सहित वसूली की जाये। (स0 आ0 सं0–17)

प्रस्तर संख्या 5 :–दि0 20.12.2011 को अं0 8500.00 मै0 मनजीत साईकिल स्टोर धनौरा से एक ठेली क्रय कर भुगतान किया गया है। जिसको डैड स्टाक मद में न दर्शाकर विविध व्यय में दर्शाया गया है। जबकि डैड स्टाक मद में क्रय दर्शाकर डैड स्टाक पंजिका में अंकित कर रखा जाना चाहिए। यह गम्भीर आपत्तिजनक है। (स0 आ0 सं0–18)

जनपद का नाम :– अमरोहा **मण्डल का नाम :–मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :–चॉदनगर **विकास खण्ड का नाम – जोया**

वर्ष :– 2010–2011 एवं 2011–12

<u>ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–</u>

प्रस्तर संख्या–1 :– वित्तीय वर्ष 2011–12 में 13वें वित्त के विकास खातों से बगैर किसी जिले स्तर के उच्च अधिकारी की स्वीकृति के बगैर कोई कोटेशन प्रक्रिया अपनाये रू0 42500.00 का लैपटाप क्रय किया गया है, यह लैपटाप कहॉ से क्रय किया गया है, पुष्टि में प्रमाणक अप्राप्त रहा, अतः रू0 42500.00 की धनराशि का भुगतान ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले विकास खाते से किया गया है। बिना किसी प्रमाणक के बगैर कोटेशन प्रक्रिया अपनाये बगैर उच्चाधिकारियों की स्वीकृति के यह धनराशि गंभीर दुरूपयोग के रूप में ऑकी जाती है, उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आक्रष्ट किया जाता है। (वि0 प्रति0 आ0 सं0–1)

प्रस्तर संख्या–2 :–13.05.2011 को एमडीएम का रू0 5102.00 के भुगतान की पुष्टि में कोई प्रमाणक नहीं प्राप्त हुआ है। यह भुगतान फर्जी प्रतीत होता है। क्योंकि इस बीच में भुगतान संबंधित स्कूलों द्वारा किया जा रहा है।

अतः पूर्व खाते से आहरण करके सैकेट्री/प्रधान द्वारा धन का गबन कर लिया है। वसूली प्रधान/सैकेट्री से करायी जाये।(वि0 प्रति0 आ0 सं0–2)

जनपद का नाम :– अमरोहा **मण्डल का नाम :– मुरादाबाद**
ग्राम पंचायत का नाम :– धनोरी खुर्द **विकास खण्ड का नाम – धनौरा**
वर्ष :– 2010–11 से 2011–12

ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–ग्राम पंचायत खाता सं0 85842210011334 खाते से निम्न प्रकार धनराशि का आहरण किया गया, परन्तु कैश बुक में उक्त आहरित धनराशि को कोशांकित न कर धन का अपहरण किया गया है और ना ही कोई व्यय प्रमाणक प्रस्तुत किये गये। जिसकी वसूली प्रधान श्रीमती चन्द्रो एवं सचिव श्री ओमप्रकाश से तातारीख ब्याज सहित वसूली की जाये। (स0 आ0 सं0–13)

चैक नं0	दिनांक	धनराशि
175511	18.06.11	13000.00
175512	12.07.11	6000.00
175513	03.08.11	6000.00
	योग	25000.00

प्रस्तर संख्या–2 :–दिनांक 31.07.11 को अंकन 19.00 हस्तगत रोकड़ शेष दर्शित थी। दिनांक 01.08.11 को नई कैश बुक में हस्तगत रोकड़ शून्य दर्शाकर अंकन 19.00 का अपहरण किया गया है। जिसकी वसूली श्री रमेष चन्द्र प्रधान से की जाये।(स0 आ0 सं0–14)

प्रस्तर संख्या–3 :–दिनांक 25.03.11 को अंकन 10442.00 तीन ठेली मरम्मत का भुगतान किया गया है। ठेली खराब होने की रिपोर्ट व मरम्मत कराने की स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई है। भुगतान संदिग्ध प्रतीत होता है। जबकि उक्त धनराशि में नई नई ठेली खरीदी जा सकती थी। अतः अंकन 10442.00 को दुरूपयोग किया गया है। जिसकी वसूली प्रधान श्रीमती चन्द्रो से तातारीख ब्यांज सहित वसूली की जाये।(स0 आ0 सं0–15)

जनपद का नाम :– अमरोहा **मण्डल का नाम :– मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :–कालाखेड़ा **विकास खण्ड का नाम –जोया**

वर्ष :– 2010–11 से 2011–12

ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–वित्तीय वर्ष 2010–11 से 2011–12 में 13वें वित्त विकास खातों से बगैर किसी जिले स्तर के उच्च अधिकारी की स्वीकृति के बगैर कोई कौटेशन प्रक्रिया अपनाये, रू0 40000.00 का लैपटाप क्रय किया है, यह लैपटाप कहॉ से क्रय किया गया है, पुश्टि में प्रमाणक अप्राप्त रहा, अतः रू0 40000.00 की धनराशि का भुगतान ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले विकास खाते से किया गया है। बिना किसी प्रमाणक के बगैर कौटेशन प्रक्रिया अपनाये बगैर उच्चाधिकारियों की स्वीकृति के यह धनराशि दुरूपयोग के रूप में ऑकी जाती है। उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है।(वि0 प्रति0 आ0 सं0–1)

जनपद का नाम :– अमरोहा **मण्डल का नाम :– मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :– सरकड़ा कमाल **विकास खण्ड का नाम – जोया**

वर्ष :– 2010–11 से 2011–12

ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–वित्तीय वर्ष 2011–12 में 13वें वित्त विकास खातों से बगैर किसी जिसे स्तर के उच्च अधिकारी की स्वीकृति के बगैर कोई कोटेशन प्रक्रिया अपनाये, रू0 44500.00 का लैपटाप क्रय किया है, यह लैपटाप कहॉ से क्रय किया गया है, पुश्टि में प्रमाणक अप्राप्त रहा, अतः रू0 44500.00 की धनराशि का भुगतान ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले विकास खाते से किया गया है। बिना किसी प्रमाणक के बगैर कोटेशन प्रक्रिया अपनाये बगैर उच्चाधिकारियों की स्वीकृति के यह धनराशि दुरूपयोग के रूप में ऑकी जाती है। उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है।(वि0 प्रति0 आ0 सं0–1)

जनपद का नाम :– अमरोहा **मण्डल का नाम :– मुरादाबाद**
ग्राम पंचायत का नाम :– काकर सराय **विकास खण्ड का नाम – जोया**
वर्ष :– 2011–12

ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–वित्तीय वर्ष 2011–12 में 13वें वित्त विकास खातों से बगैर किसी जिसे स्तर के उच्च अधिकारी की स्वीकृति के बगैर कोई कौटेशन प्रक्रिया अपनाये, रू0 44500.00 का लैपटाप क्रय किया है, यह लैपटाप कहाँ से क्रय किया गया है, पुष्टि में प्रमाणक अप्राप्त रहा, अतः रू0 44500.00 की धनराशि का भुगतान ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले विकास खाते से किया गया है। बिना किसी प्रमाणक के बगैर कौटेशन प्रक्रिया अपनाये बगैर उच्चाधिकारियों की स्वीकृति के यह धनराशि दुरूपयोग के रूप में ऑकी जाती है। उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है।(वि0 प्रति0 आ0 सं0–1)

जनपद का नाम :– अमरोहा **मण्डल का नाम :– मुरादाबाद**
ग्राम पंचायत का नाम :– इकौन्दा **विकास खण्ड का नाम – जोया**
वर्ष :– 2010–11 से 2011–12

ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–2010–11 में खाता सं0–2133 में (डी0सी0बी0–जोया) रू0 210645.00 आहरित किया जिसकी पुष्टि में कोई कैशबुक, कोई वाउचर पत्रावली, लेखा परीक्षा में प्राप्त नहीं हुई। ऐसा प्रतीत होता है कि उपरोक्त धनराशि को खाते से आहरित करके सम्बन्धित प्रधान/सैकेट्री के द्वारा गबन कर लिया गया है। सम्बन्धित सैकेट्री/प्रधान से वसूली करायी जाये।(वि0 प्रति0 आ0 सं0–1)

प्रस्तर संख्या–2 :–2010–11 में खाता सं0–2015 में (डी0सी0बी0–जोया) में रू0 509950.00 आहरित किया जिसकी पुष्टि में कोई कैशबुक, कोई वाउचर पत्रावली, लेखा परीक्षा में प्राप्त नहीं करायी गयी, ऐसा प्रतीत होता है की उपरोक्त धनराशि को खाते से आहरित करके सम्बन्धित प्रधान/सैकेट्री के द्वारा गबन कर लिया गया है, सम्बन्धित सैकेट्री/प्रधान से वसूली करायी जाये।(वि0 प्रति0 आ0 सं0–2)

प्रस्तर संख्या–3 :–2010–11 में सिंडिकेट बैंक जोया के मनरेगा खाते में से रू0 725980.00 की धनराशि का आहरण किया गया है परन्तु पुष्टि में कोई एम0बी0/रजिस्टर मनरेगा की कैशबुक, मनरेगा की व्यय पत्रावलियॉ इत्यादि लेखा परीक्षा में बार–बार कहने पर भी अप्राप्त रही। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रधान/सैकेट्री के द्वारा धन का आहरण करके फर्जी तरीके से गबन कर लिया गया है। सम्बन्धित प्रधान/सैकेट्री से वसूली करायी जाये।(वि0 प्रति0 आ0 सं0–3)

प्रस्तर संख्या–4 :–2010–11 में एम0डी0एम0 के खाता सं0–5251 की बैंक पासबुक प्रपत्र/व्यय धनराशि के वाउचर लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहे। जिसके कारण वर्ष 2010–11 में आहरित समस्त धनराशियों का भुगतान अनियमितता एवं सन्तोशजनक नहीं कहा जा सकता।(वि0 प्रति0 आ0 सं0–4)

जनपद का नाम :– अमरोहा **मण्डल का नाम :– मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :– वीबड़ा कला **विकास खण्ड का नाम – अमरोहा**

वर्ष :– 2011–12

ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–दिनांक 19.03.2012 को मजदूरी का भुगतान रू0 2640.00 दर्शाया है, परन्तु कैषबुक के व्यय में पुष्टि हेतु मस्टररोल अप्राप्त रहा। धन का गबन करके फर्जी भुगतान दर्शाया गया है।कार्यवाही अपेक्षित है।(वि0 प्रति0 आ0 सं0–1)

प्रस्तर संख्या–2 :–दिनांक 20.03.2012 को मिट्टी कार्य पर मिट्टी डलाई पर रू0 7000.00 का भुगतान किया गया है परन्तु पुष्टि में कोई रसीद लेखा परीक्षा में नहीं पायी गयी। मिट्टी भुगतान का भुगतान फर्जी दर्शाकर धन का गबन कर लिया गया है।कार्यवाही अपेक्षित है।(वि0 प्रति0 आ0 सं0–2)

प्रस्तर संख्या–3 :–वर्ष 2011–12 में रू0 3000.00 के विपरित रू0 3200.00 प्रति हजार की दर से ईट क्रय करके रू0 1386.00 की धनराशि का दुरूपयोग किया गया है। अतः रू0 1386.00 के दुरूपयोग भुगतान की वसूली प्रधान/सचिव से करायी जाये।(वि0 प्रति0 आ0 सं0–3)

प्रस्तर संख्या–4 :–निम्न तिथियों में किये गये व्यय के वाउचर/व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहने के कारण भुगतान फर्जी प्रतीत होते है, जिसकी वसूली प्रधान/सचिव से करायी जाये।(वि0 प्रति0 आ0 सं0–4)

दिनांक 11.05.2011 ठेली मरम्मत	रू0 550.00
दिनांक 10.06.2011 ईट क्रय	रू0 35100.00
दिनांक 02.07.2011 लोहा क्रय	रू0 4000.00
दिनांक 02.07.2011 सीमेंट	रू0 4500.00
दिनांक 14.09.2011 ईट	रू0 4950.00
दिनांक 31.10.2011 हैण्डपम्प मरम्मत	रू0 881.00
दिनांक 16.11.2011 ईट क्रय	रू0 21900.00
दिनांक 19.11.2011 छात्रवृत्ति	रू0 12600.00
दिनांक 27.12.2011 आरबीएन आदर्श विद्यालय छात्रवृत्ति	रू0 34500.00 **रू0 118981.00– योग**

जनपद का नाम :– मुरादाबाद **मण्डल का नाम :– मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :– आलियाबाद **विकास खण्ड का नाम – डिलारी**

वर्ष :– 2010–11 एवं 2011–12

ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–छात्रवृत्ति खाता सं0–7973 में निम्न तिथियों में धनराशि आहरित करके छात्रवृत्ति वितरण दिखाया गया है। इसकी पुष्टि में छात्रवार वितरित छात्रवृत्ति वितरण रजिस्टर एवं समाज कल्याण द्वारा छात्रों की अनुमोदित सूची उपलब्ध नहीं करायी गयी। अतः इसकी पुष्टि नहीं की जा सकी।(वि0प्रति0सं0–1)

विवरण निम्न प्रकार है :–

दिनांक	खाता सं0	आहरित धनराशि	उत्तरदायी व्यक्ति
03.04.10	7973	60000.00	श्री सुरेन्द्र भारती ग्राम विकास अधिकारी एवं प्रधान श्री दौलत सिंह
06.04.10	"	140000.00	
	योग	200000.00	

उक्त धनराशि की वसूली हेतु जाँच एवं आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।

जनपद का नाम :–मुरादाबाद **मण्डल का नाम :–मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :–अक्का भीकनपुर विकास खण्ड का नाम – मुरादाबाद

वर्ष :– 2011–12

ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–कैश बुक के अनुसार दिनांक 07.01.2012 को अं0 12000.00 भुगतान किया गया है। लेखा परीक्षा में सी0ए0 द्वारा तैयार किये गये अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये और ना ही पुष्टि करायी गयी यदि अभिलेख ग्राम पंचायत को प्राप्त ना हुए हो तो उसकी वसूली सी0ए0 से की जाये। इस प्रकार धन का दुरूपयोग किया गया है। (आपत्ति सं0–13)

प्रस्तर संख्या 2 :–लेखा परीक्षा में कैश बुक के अनुसार निम्न प्रकार अं0 129049.00 व्यय किया गया है। जिसकी पुष्टि में कोई भी व्यय प्रमाणक, मस्टर रौल, वाउचर/बिल आदि प्रसतु नही किये गये है। जिसके अभाव में व्ययों की पुष्टि नहीं की जा सकी। इस प्रकार धन का अपहरण किया गया जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रधान एवं सचिव की है। (आपत्ति सं0–14)

माह अप्रैल 2011	3055.00	माह दिसम्बर 2011	30591.00
माह सितम्बर 2011	9540.00	माह जनवरी 2012	38350.00
माह अक्टूबर 2011	19513.00	माह फरवरी 2012	1000.00
योग –	**102049.00**		

प्रस्तर संख्या 3 :–कैश बुक के अनुसार दिनांक 17.10.2011 को छात्रवृत्ति खाते से अं0 57300.00 धनराशि का आहरण कर का भुगतान किया जाना दर्शित है। छात्रवृत्ति वितरण पंजिका प्रस्तुत नहीं की गई अतः विवरण अप्रमाणित रहा, जो गम्भीर आपत्तिजनक है। जिसे आगामी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कर पुष्टि करायी जाये। (आपत्ति सं0–15)

जनपद का नाम :– सम्भल **मण्डल का नाम :– मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :–मऊ भूड़ **विकास खण्ड का नाम–पवासा**

वर्ष :– 2010–2011 से 2011–12

ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–आलोच्य वर्षो में मनरेगा योजना के अन्तर्गत क्रय निर्माण सामग्री का लेखा नही रख गया है। क्रय सामग्री का स्टाक रजिस्टर बनाकर निम्नलिखित निर्माण सामग्री की स्थिति दर्शायी जानी अपेक्षित है। जिसके अभाव में क्रय सामग्री के उपभोग व अवशेष की स्थिति नहीं जानी जा सकी। (आपत्ति सं0–07 व 08)

दिनांक	क्रय सामग्री	धनराशि	अभ्युचित
21.05.10	नाला निर्माण पर सामग्री का भुगतान	28000.00	क्रय सामग्री का विवरण कैशबुक में भी नहीं है।
08.05.10	ईटं क्रय	24750.00	भट्टे का चालान नहीं है।
09.04.11	ईटं क्रय	280000.00	भट्टे का चालान नहीं है।
	योग	332750.00	

निर्माण सामग्री का स्टाक रजिस्टर न बनाने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी उत्तरदायी है। क्रय सामग्री का स्टाक रजिस्टर बनाकर उक्त की स्थिति दर्शायी जानी अपेक्षित है। क्रय सामग्री के दुरूपयोग की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्व समुचित कार्यवाही भी की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर संख्या 2 :–मनरेगा की कैशबुक में निम्नलिखित व्यय विवरण नहीं दिया गया है:–

दिनांक	धनराशि	कैशबुक में केवल अंकित विवरण
19.04.2011	2880.00	कैशबुक में केवल "भुगतान" अंकित है।
24.08.2011	4480.00	कैशबुक में "मनरेगा" भुगतान अंकित है।
योग	7360.00	

उक्त से सम्बन्धित प्रमाणक भी नही हैं। अतः दर्शित व्यय फर्जी है, जिसके लिए ग्राम पंचायत अधिकारी श्री मौ0 इरफान व ग्राम प्रधान श्री सुबहान शाह उत्तरदायी है। उनसे 18 प्रतिशत ब्याज सहित रू0 7360.00 की वसूली व इस प्रति उनके विरूद्व उचित कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।(आपत्ति सं0–11)

प्रस्तर संख्या 3 :–कैशबुक में मनरेगा श्रमिकों को भुगतान मिलक कब्रिस्तान में मिट्टी कार्य हेतु दिनांक 26.07.2011 को रू0 37800.00 दिनांक 13.01.2012 को रू0 46560.00 तथा दिनांक 18.01.2012 को रू0 40500.00 एवं दि0 24.03.2012 को रू0 7560.00 किया दिखाया है। इस प्रकार एक ही कार्य हेतु चार बार अलग–अलग तिथियों में कार्य दिखाया गया है। इससे सम्बन्धित एस्टीमेट, स्कैच प्लान व मस्टर रोल नहीं पाया गया। कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र भी नहीं पाया गया। दिनांक 24.03.2012 को किया भुगतान " मिलक कब्रिस्तान में मिट्टी भराव व तारबन्दी" खर्च मस्टर रोल के आधार पर किया दिखाया गया है। तारबन्दी हेतु तार खरीद खर्च कैशबुक में नहीं दर्शित है। इससे सम्बन्धित मस्टर रोल भी नहीं है। अतः यह रू0 7560.00 मिट्टी भराव व तारबन्दी खर्च सन्देहात्मक है। विस्तृत जांच के बाद इस प्रति उत्तरदायी ग्राम पंचायत अधिकारी श्री जितेन्द्र प्रसाद व ग्राम प्रधान श्री सुबहान शाह के विरूद्व उचित कार्यवाही व दर्शित व्यय की ब्याज सहित प्रतिपूर्ति अपेक्षित है। इससे पूर्व में इसी मिट्टी कार्य को तीन बार फर्जी दिखाकर रू0 37800.0046560.00+40500.00त्र1,24,860.00 का अपहरण किया गया है। जिसके लिए श्री मौ0 इरफान ग्राम पंचायत अधिकारी व श्री सुबहान शाह ग्राम प्रधान उत्तरदायी हैं। उनसे 18 प्रतिशत ब्याज सहित रू0 1,24,800.00 की वसूली व इस प्रति उनके विरूद्व उचित कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।(आपत्ति सं0–12)

प्रस्तर संख्या –4 :–राज्य वित्त/तेरहवां वित्त आयोग के अन्तर्गत कैशबुक में दिनांक 17.04.2010 को रू0 13900.00 का सीमेन्ट तथा दिनांक 27.04.2010 को रू0 11088.00, दिनांक 04.09.2010 को रू0 9702.00, दिनांक 18.01.2011 को रू0 64428.00, कुल रू0 85218.00 की ईटें क्रय खर्च दिखाया है। क्रय निर्माण सामग्री का स्टॉक लेखा नहीं रखा गया। वर्ष 2010–11 में पक्का कार्य कैशबुक के अनुसार केवल तालाब की सुरक्षा दीवार बनवाने का ही हुआ है। जिससे सम्बन्धित एस्टीमेट, नक्शा, ईट आमद के चालान आदि नहीं पाये गये। कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र भी नहीं प्रस्तुत किया गया। अतः विस्तृत जांचोपरान्त रू0 13900.0085218.00=99118.00 के क्रय खर्च के सम्बन्ध में तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान के विरूद्व समुचित कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। दिनांक 18.01.2011 को रू0 66428.00

क्रय ईट के लिए ग्राम प्रधान श्री सुबहान शाह व मौ0 इरफान, ग्राम पंचायत अधिकारी तथा इससे पूर्व सीमेन्ट व ईट क्रय पर दिखाये खर्च रू0 34690.00 के लिए श्री लईक अहमद ग्राम प्रधान व मौ0 इरफान ग्राम पंचायत अधिकारी उत्तरदायी है।(आपत्ति सं0–13)

प्रस्तर संख्या 5 :–वर्ष 2011–12 तेरहवां वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कैशबुक में दिनांक 20.03.2012 को वर्षान्त में तसले,परात, फावड़े, कुदाल, बाल्टी आदि क्रय हेतु रू0 9000.00 का भुगतान किया दिखाया है। यही वस्तुएं लगभग एक माह पूर्व दिनांक 22.02.2012 को मनरेगा योजना के अन्तर्गत भी कैशबुक में रू0 9800.00 की क्रय की गयी दिखायी है। इन वस्तुओं को क्रय करने से पूर्व कोटेशन नहीं लिये गये थे। विक्रेता के अधिकृत बाउचर्स भी नहीं है। ग्राम पंचायत में डैड स्टॉक रजिस्टर नहीं बनाया गया है। अतः उक्त दर्शित क्रय खर्च रू0 9000.009800.00=18,800.00 फर्जी है। रू0 9000.00 व्यय के लिए तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी श्री जितेन्द्र प्रसाद एवं ग्राम प्रधान श्री सुबहान शाह तथा रू0 9800.00 व्यय के लिए मौ0 इरफान ग्राम पंचायत अधिकारी एवं श्री सुबहान शाह ग्राम प्रधान उत्तरदायी है। उनसे रू0 18800.00 की वसूली 18 प्रतिशत ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।(आपत्ति सं0–14)

प्रस्तर संख्या– 6 :–वर्ष 2010–11 में निम्नलिखित व्यय मिड–डे–मील बनवाने पर हुआ दिखाया है। कैशबुक में व्यय का विवरण, क्रय सामान के वाउचर्स व खाद्यान्न का स्टाक रजिस्टर नहीं पाया गया। रसोईये को मानदेय का भुगतान भी नहीं किया गया है। अतः निम्नलिखित खर्च संदिग्ध हैः–

दिनांक	**धनराशि**
08.04.2010	3000.00
07.05.2010	5000.00
02.06.2010	2500.00
14.08.2010	1400.00
18.09.2010	3700.00
03.11.2010	2000.00
	योग 17600.00

इसके प्रति तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान उत्तरदायी है। उनके विरूद्व कार्यवाही एवं उनसे रू017600.00 की 18 प्रतिशत ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।(आपत्ति सं0–15)

प्रस्तर संख्या– 7 :–राज्य वित्त आयोग/तेरहवां वित्त आयोग से सम्बन्धित कैशबुक में स्कूल शौचालयों रंगाई पुताई पर व्यय रू0 7500.00 दिखाया है। पुताई हेतु उपयोग में लाई गई सामग्री क्रय व मजदूरी भुगतान का कोई प्रमाणक नहीं है। पुताई हेतु कार्य का व्यय अनुमान (एस्टीमेट) नहीं बनवाया गया था। इस कार्य हेतु विधिवत ठेका नहीं दिया गया था और न ही नियमानुसार दैनिक मजदूरी पर कार्य कराया गया था। केवल शौचालय रंगाई रंगाई पुताई पर रू0 7500.00 का खर्च मनमाना व आडिट के आंकलन के अनुसार अधिक है। किसी सक्षम अधिकारी से मूल्यांकन कराकर अधिक दर्शित व्यय की तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी श्री मौ0 इरफान व ग्राम प्रधान श्री सुबहान शाह से वसूली की जानी अपेक्षित है। (आपत्ति सं0–17)

जनपद का नाम :– मुरादाबाद **मण्डल का नाम :– मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :–सदरपुर **विकास खण्ड का नाम –डिलारी**

वर्ष :– 2011–12

<u>ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित आपत्तियाँ</u> :–

प्रस्तर संख्या–1 :–ग्राम निधि खाता सं0–31595899133 से निम्न तिथियों में आहरित धनराशि की कैश बुक में प्रविष्टि नहीं की गयी है और न ही व्यय किया गया है। इस धनराशि का अपहरण श्री हरी सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम प्रधान श्रीमती शकुन्तला द्वारा किया गया है:–

दिनांक	खाता सं0	आहरित धनराशि	कैशबुक में नहीं दर्ज धनराशि	उत्तरदायी व्यक्ति
20.03.2012	31595899133	4000.00	4000.00	श्री हरी सिंह ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान श्रीमती शकुन्तला
22.03.2012	—	13000.00	13000.00	
27.03.2012	——	95000.00	95000.00	
	योग	112000.00	112000.00	

उक्त धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।(वि0प्रति0सं0–1)

जनपद का नाम :– मुरादाबाद **मण्डल का नाम :–मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :–सिहाली **विकास खण्ड का नाम –मुरादाबाद**

वर्ष :– 2011–12

ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–कैश बुक के अनुसार दिनांक 12.09.2011 को मै0 कपिल कुमार सी0ए0 को अं0 12000.00 का भुगतान किया गया है। लेखा परीक्षा में सी0ए0 द्वारा तैयार किये गये अभिलेख प्रस्तुत नही किये गये और न ही पुष्टि करायी गयी यदि अभिलेख ग्राम पंचायत को प्राप्त न हुए होतो उसकी वसूली सी0ए0 से की जाये। इस प्रकार धन का दुरूपयोग किया गया है। (सा0आ0सं0 14)

प्रस्तर संख्या–2 :–लेखा परीक्षा वर्ष में कैशबुक के अनुसार निम्न प्रकार अंकन रू0 159547.00 व्यय किया गया है, जिसकी पुष्टि में कोई भी व्यय प्रमाणक, मस्टररोल, बिल/वाउचर प्रस्तुत नहीं किये गये है। जिसके अभाव में व्यये की पुष्टि नहीं की जा सकी। इस प्रकार धन का अपहरण किया गया है। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रधान/सचिव की है। (सा0आं0 सं0 15)

माह अप्रैल 2011	9800.00
माह जून 2011	63513.00
माह जुलाई 2011	20029.00
माह अगस्त 2011	10339.00
माह अक्टूबर 2011	10260.00
माह नवम्बर 2011	19846.00
माह जनवरी 2012	2000.00
माह फरवरी 2012	19200.00
माह मार्च 2012	4560.00
योग	**159547.00**

प्रस्तर संख्या–3 :–निम्नलिखित तिथियों में कैशबुक के अनुसारछात्रवृत्ति खाते से धनराशि का आहरण कर भुगतान किया जाना दर्शित है। छात्रवृत्ति वितरण की पुष्टि में स्कूलवार वितरण पंजिका प्रस्तुत नहीं की गयी। अतः वितरण अप्रमाणित रहा जो गम्भीर आपत्तिजनक है, जिसे आगामी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कर पुष्टि करायी जाये। (सा0आं0सं0 16)

दिनांक 01.11.11	17400.00
दिनांक 02.11.11	18900.00
दिनांक 22.11.11	45360.00
दिनांक 04.02.12	78180.00
योग	**159840.00**

जनपद का नाम :– मुरादाबाद मण्डल का नाम :–मुरादाबाद
ग्राम पंचायत का नाम :–शाहपुरमुस्तहकम **विकास खण्ड का नाम –मुरादाबाद**
वर्ष :– 2011–12

ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–कैश बुक के अनुसार दिनांक 02.09.2011 को मै0 कपिल कुमार सी0ए0 को अं0 12000.00 का भुगतान किया है। लेखा परीक्षा में सी0ए0 द्वारा तैयार किये गये अभिलेख प्रस्तुत नही किये गये और न ही पुष्टि करायी गयी यदि अभिलेख ग्राम पंचायत को प्राप्त न हुए हो तो उसकी वसूली सी0ए0 से की जाये। इस प्रकार धन का दुरूपयोग किया गया है। (सा0आ0सं0 16)

प्रस्तर संख्या–2 :– दिनांक 23.06.2011 को अं0 15000.00 का भुगतान चैक द्वारा ह्यूम पाईप व ठेली क्रय के सम्बन्ध में किया गया है। लेखा परीक्षा में प्रमाणक अप्राप्त रहने के कारण कितनी धन राशि की ठेली एवं कितने का ह्यूम पाईप क्रय किया गया है, अप्रमाणित रहा। ठेली क्रय को डैड स्टाक पंजिका में अंकित किया जाना चाहिए। इस प्रकार गम्भीर अनियमितता की गई है। (सा0आ0सं0 17)

प्रस्तर संख्या–3 :–दिनांक 08.04.2011 को अं0 8100.00 ईट क्रय नकद भुगतान दर्शाया गया है। जिसका व्यय प्रमाणक लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा है। अतः धन का अपहरण किया गया है।(सा0आ0सं0 18)

प्रस्तर संख्या–4 :–छात्रवृत्ति कैश बुक के अनुसार दिनांक 28.10.2011 को अं0 9300.00 छात्रवृत्ति की धनराशि प्रधान द्वारा हस्तगत रखी गयी । जिसे दिनांक 31. 03.2012 तक न तो वितरित किया गया और ना ही बैंक में वापस जमा किया गया। उक्त धनराशि को दिनांक 23.11.2012 को बैंक के छात्रवृत्ति खाते में जमा किया गया है। इस प्रकार लगभग 13 माह तक निजी प्रयोग में कर अं0 9300.00 दुरूपयोग किया गया है। इस प्रकार प्रधान से नियमानुसार तातारीख ब्याज की वसूली की जाये। *(सा0आं0सं0 19)*

जनपद का नाम :–सम्भल **मण्डल का नाम :– मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :–पवांसा **विकास खण्ड का नाम – पवांसा**

वर्ष :–2010–11 से 2011–12

ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–वर्ष 2010–11 व 2011–12 में कोषबही में हैण्डपम्प मरम्मत पर निम्नलिखित विवरणनुसार व्यय दिखाया है जिसकी पुष्टि में कोई प्रमाणक नहीं है। किस स्थान पर लगे हुये हैण्डपम्प की मरम्मत करायी गयी है। उसका लोकेशन नहीं दर्शाया गया है। अतः हैण्डपम्प मरम्मत दर्शित व्यय फर्जी है–

वर्ष 2010–11

दिनांक	धनराशि	अभ्युक्ति
22.04.2010	670.00	–
27.04.2010	650.00	–
03.07.2010	1000.00	–
12.07.2010	1050.00	कोष बही में अपर लेखन करके 1000.00 को रू0 1050.00 बनाया गया है।
12.07.2010	750.00	–
20.07.2010	400.00	–
24.07.2010	920.00	कोष बही में अपर लेखन करके रू0 720.00 को रू0 920.00 बनाया गया है।
योग	**5440.00**	
वर्ष 2011–12		
11.04.2011	2250.00	–
13.06.2011	23012.00	–
17.06.2011	1900.00	–
09.09.2011	1440.00	–
योग	**28602.00**	–
कुल योग	**34042.00**	–

उक्त दर्शित व्यय रू0 34042.00 हैण्डपम्प मरम्मत पर फर्जी दिखाकर तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी तथा ग्राम प्रधान द्वारा धन का अपहरण किया गया है, जिनके दायित्व का निर्धारण कर 18 प्रतिशत ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है। (सा0आं0सं0 19)

प्रस्तर संख्या–2 :–दिनांक 13.05.2010 को रू0 1550.00 तथा दिनांक 28.03.2011 रू0 1550.00 कुल रू0 3100.00 ग्राम पंचायत पत्रिका पर धनराशि व्यय दिखायी है। जिससे सम्बन्धित कोई प्रमाणक नहीं पाया गया। कोष बही में अंकित व्ययके भुगतान का उद्देश्य स्पष्ट नहीं है। लेखा परीक्षा में पत्रिका की सम्बन्धित प्रतियां भी नहीं देखने को मिलीं। अतः उक्त दर्शित रू0 3100.00 का व्यय संदिग्ध है। जिसके लिए तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी तथा ग्राम प्रधान उत्तरदायित्व है। जांचोपरान्त उनसे इस संदिग्ध व्यय की ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है।(सा0आं0सं0 20)

प्रस्तर संख्या–3 :–दिनांक 10.06.2010 को कोषबही में रू0 8000.00 ग्राम पंचायत नारे पेन्टिग पर व्यय दिखाया हैं जिससे सम्बन्धित कोटेशन पेन्टर से नहीं लिये गये थे। पेन्टिग कराया दिखाये गये व्ययकी पुष्टि में प्रमाणक नहीं पाया गया। इस सम्बन्ध में नारे व उनके पेन्ट कराये जाने हेतु विभागीय आदेश अथवा निर्देश भी नहीं देखने को मिले। नारे किन–किन स्थानों पर पेन्ट करवाये गये थे उसका विवरण अथवा दीवारों पर पेन्ट कराये जाने के प्रमाण में उनके फोटोग्राफी भी नहीं पाये गये। अतः दर्शित व्यय संदिग्ध है जिसके लिए तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान उत्तरदायी है। जांचोपरान्त उनसे इस धनराशि की ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है। (सा0आं0सं0 21)

प्रस्तर संख्या–4 :–कोषबही में दिनांक 22.06.2010 को स्टेशनरी/फोटोस्टेट पर व्यय" रू0 800.00 दिखाया है। उक्त व्यय की पुष्टि में कोई वाउचर नहीं है तथा स्टेशनरी क्रय व फोटोस्टेट करायी खर्च का विवरण भी अलग–अलग नहीं दिखाया गया है। ग्राम पंचायत वित्त एवं लेखा मैनुअल के अध्याय–8 'क' के अनुसार प्रमाणक रहित व्यय अपहरण के अन्तर्गत आते है। अतः उक्त दिखाये व्यय रू0 800.00 की वसूली तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी तथा ग्राम प्रधान से 18 प्रतिशत ब्याज के साथ की जानी अपेक्षित है। इस प्रति उनके विरूद्व समुचित कार्यवाही भी की जानी अपेक्षित है।(सा0आं0सं0 22)

प्रस्तर संख्या–5 :–कोष बही में रू0 950.00 दिनांक 05.07.2010 को ग्राम पंचायत सफाई रिक्शा मरम्मत पर व्यय दिखाया है। मरम्मत खर्च की पुष्टि में अधिकृत प्रमाणक नहीं है। अन्य मरम्मत कर्ताओं से दरें भी नहीं ली गयीं थीं। अतः प्रमाणक के अभाव में दर्शित व्यय काल्पनिक है। जिसकी वसूली उत्तरदायित्व ग्राम पंचायत अधिकारी तथा ग्राम प्रधान से ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है। (सा0आं0सं0 23)

प्रस्तर संख्या–6 :–निम्नलिखित व्यय मिड –डे–मील बनाने पर किया गया कोषबही में दिखाया है:–

दिनांक	धनराशि
26.04.2010	7,600.00
04.05.2010	12,800.00
08.06.2010	13,500.00
12.07.2010	2700.00
03.08.2010	14,000.00
06.09.2010	18,300.00
15.10.2010	13,600.00
12.11.2010	10,500.00
योग	**93,000.00**

उक्त दर्शित व्यय का अलग–अलग विवरण नहीं है और न ही व्यय की पुष्टि में प्रमाणक है। मिड–डे–मील की क्रय सामाग्री का स्टॉक रजिस्टर भी नहीं रखा गया है। कोष बही में केवल मिड–डे–मील बनाने पर खर्च लिखा है। जिससे सम्बन्धित कोई भी प्रमाणक न होना धन का गोलमाल किया जाना प्रकट

करता है। इस सम्बन्ध में उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्व उचित कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। साथ ही विस्तृत जांच के पश्चात् उत्तरदायी ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान से 18 प्रतिशत ब्याज सहित रू0 93000.00 की वसूली की जानी अपेक्षित है।(सा0आं0सं0 24)

प्रस्तर संख्या–7 :–वर्ष 2011–12 में दिनांक 31.05.2011 को कोषबही में "ग्राम पंचायत कार्य हेतु फावड़ा आदि पर व्यय" रू0 2423.00 दिखाया है। क्रय समान की पुष्टि में प्रमाणक नहीं पाया गया। ग्राम पंचायत में डैड स्टॉक रजिस्टर नहीं बनाया गया है। क्या–क्या सामान क्रय किया गया था इसका कोई विवरण कोशबही में नहीं अंकित किया गया है। पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ है कि मजदूर फावड़ा आदि अपने साथ निजी का लाते हैं। आडिट के समय क्रय सामान का प्रमाणक व अन्य कोई विवरण न उपलब्ध कराये जाने के कारण उक्त रू0 2423.00 का दिखाया व्यय फर्जी है। जिसके लिए श्री मौ0इरफान ग्राम पंचायत अधिकारी व श्रीमती राजबाला ग्राम प्रधान दोषी है। उनके विरूद्व उचित कार्यवाही एवं ब्याज सहित इस धनराशि की वसूली की जानी अपेक्षित है।(सा0आं0सं0 25)

प्रस्तर संख्या–8 :–दिनांक 05.11.2011 को कोषबही में रू0 5500.00 हैण्डपम्प/ग्राम पंचायत सफाई रिक्शा मरम्मत पर व्यय दिखाया है। कोषबही में इस व्यय का पहले कुछ और विवरण लिखा गया था। जिसे बाद में काटकर उक्त मरम्मत व्यय लिखा गया है। हैण्डपम्प व सफाई रिक्शा मरम्मत व्यय का वाउचर नहीं है। दोनों के मरम्मतकर्ता अलग–अलग होते है। दोनों मरम्मत खर्च एक साथ दिखाया जाना पहले व्यय की मद कुछ और तथा बाद में कुछ और दिखाया जाना तथा व्यय का वाउचर न होना, खर्च मनमाना व फर्जी होना प्रकट करता है। जिसके लिए श्री मौ0 इरफान ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान श्रीमती राजबाला दोषी है। उनके विरूद्व इस प्रति उचित कार्यवाही एवं उनसे 18 प्रतिशत ब्याज सहित रू0 5500.00 की वसूली अपेक्षित है।(सा0आं0सं0 26)

प्रस्तर संख्या–9 :–कैशबुक में दिनांक 12.11.2011 को रू0 10000.00 एस्टीमेट बनवाने पर व्यय किया दिखाया है तथा इसका भुगतान चैक द्वारा श्री रामसरन यादव टी0ए0 को किया गया है। लेखा परीक्षा में धन प्राप्ति स्वीकृति रसीद नहीं पायी गयी। एस्टीमेट बनवायी खर्च रू0 10000.00 का भुगतान मनमाने तरीके से किया गया है। यह भुगतान किस आधार पर किया गया, यह स्पष्ट नहीं है। ग्राम पंचायत स्तर पर इस सम्बन्ध में कोई निर्देश नहीं पाये गये। जांचोपरान्त इस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही एवं धन प्राप्ति स्वीकृति रसीद के अभाव में इस धनराशि की तातारीख 18 प्रतिशत ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है। चैक एकाउन्ट पेई था बियरर इस तथ्य की बैंक से छानबीन की जानी भी आवश्यक हैं। इसके पश्चात् ही ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी का दायित्व निर्धारित किया जाये तथा इस प्रति कार्यवाही की जाये। (सा0आं0सं0 27)

प्रस्तर संख्या–10 :–वर्ष 2011–12 में निम्नलिखित भुगतान ट्रेक्टर ट्राली द्वारा मिट्टी ढुलाई खर्च हेतु किया दिखाया हैं जबकि मोटर चालित यंत्र द्वारा कार्य कराया जाना वर्जित है। यह कार्य यदि बैलगाड़ी से कराया जाता तब क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त रोजगार मिलता:–

दिनांक	ट्रेक्टर ट्राली द्वारा ढुलाई पर व्यय
माह मई 2011	19,200.00
माह मई 2011	5,500.00

माह अगस्त 2011	10,800.00
माह अगस्त 2011	22,400.00
माह नवम्बर 2011	28,800.00
योग	**86,700.00**

यह भुगतान नकद किया गया है। पुष्टि हेतु ट्रेक्टर की पंजीकरण संख्या का कहीं उल्लेख नहीं पाया गया। धनप्राप्ति रसीद भी ट्रेक्टर मालिक की नहीं पायी गयी। अतः दर्शित व्यय फर्जी भी है। इस प्रति ग्राम पंचायत अधिकारी श्री मौ0 इरफान एवं ग्राम प्रधान श्रीमती राजबाला उत्तरदायी है। इस धनराशि की 18 प्रतिशत ब्याज सहित उनसे वसूली की जानी अपेक्षित है।(सा0आं0सं0 28)

प्रस्तर संख्या–11 :–दिनांक 30.05.2011 को कैशबुक में रू0 2160.00 ग्राम पंचायत की खुली बैठक पर व्यय दिखाया है। व्यय का न तो विवरण दिया गया है और न ही व्यय से सम्बन्धित वाउचर्स पाये गये। कैशबुक में खुली बैठक में हुये व्यय की मदें न दर्शाया जाना व्यय का अनुचित होना प्रकट करता है। तथा बाउचर्स के अभाव में यह व्यय फर्जी है जिसके लिए तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान उत्तरदायी है। इस प्रति उचित कार्यवाही व उनसे धन की प्रतिपूर्ति की जानी अपेक्षित है।(सा0आं0सं0 29)

जनपद का नाम :– सम्भल **मण्डल का नाम :–मुरादाबाद**

ग्राम पंचायत का नाम :–चिरौली भगवन्तपुर **विकास खण्ड का नाम –पवांसा**

वर्ष :–2010–11 व 2011–12

<u>ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–</u>

प्रस्तर संख्या–1 (क):–ग्राम निधि–1 की कैशबुक में दिनांक 18.10.2011 को मिट्टी कार्य हीरा लाल के मकान से रामफल के मकान तक कराने का खर्च रू0 7080.00 दिखाया है। पुनः यही खर्च दिनांक 02.11.2011 को रू0 2,250.00 तथा दिनांक 14.11.2011 को रू0 4290.00 व दिनांक 25.11.2011 को रू0 2450.00 दिखाया है। इस प्रकार एक ही कार्य को लगभग 5 सप्ताह की अवधि में 4 बार किया गया दिखाया है। मास्टर रोल किसी भी भुगतान से सम्बन्धित नही है। एक ही कराये कार्य को तीनबार दिखाकर रू0 2250.00, 4290.00, 2450.00=8990.00 का अपहरण किया गया है, जिसके लिये उत्तरदायी तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान है। उनके विरूद्व कार्यवाही एवं उनसे रू0 8990.00 की 18 प्रतिशत ब्याज सहित वसूली की जानी अपेक्षित है। (सा0आं0सं0–20)

(ख) दिनांक 18.10.2011 को उक्त मिट्टी कार्य पर दर्शित व्यय रू0 7080.00 की पुष्टि में खर्च का एस्टीमेट,स्कैच प्लान व मस्टर रोल न होने के कारण सन्दिग्ध है। इस सम्बन्ध में जांचोपरान्त श्री प्रमोद कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी व श्री कैलाश ग्राम प्रधान के विरूद्व उचित कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।(सा0आं0सं0–20)

प्रस्तर संख्या–2:–ग्राम निधि–1 की कैशबुक में दिनांक 18.10.2011 को स्कूल से यादराम के मकान तक मिट्टी कार्य करायी खर्च रू0 7080.00 दिखाया है। पुनः इसी कार्य हेतु दिनांक 14.11.2011 को भी रू0 7080.00 भुगतान दिखाकर ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान द्वारा अपहरण किया गया है। उक्त खर्च से सम्बन्धित एस्टीमेट, मस्टर रोल व कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र नहीं पाया गया। अतः दिनांक 18.11.2011 को दर्शित व्यय की विस्तृत जॉच कर उचित कार्यवाही एवं दिनांक 14.11.11 को पुनः दर्शित व्यय रू0 7080.00

की तातारीख 18 प्रतिशत ब्याज सहित तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान से वसूली व उनके विरूद्व उचित कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।(सा0आं0सं0–21)

प्रस्तर संख्या–3:–वर्ष 2011–12 में निम्नलिखित विवरणानुसार हैण्डपम्प मरम्मत व उसके सामान पर खर्च कैशबुक में दिखाया हैं:–

दिनांक	धनराशि	अभ्युक्ति	उत्तरदायी व्यक्ति
01.10.2011	9,500.00	हैण्डपम्प सामग्री क्रय	श्री प्रमोद कुमार ग्रा0पं0अ0 व श्री कैलाश ग्राम प्रधान
08.10.2011	5000.00	हैण्डपम्प सामग्री मरम्मत	"
01.12.2011	1,4600.00	हैण्डपम्प सामग्री क्रय	श्री जितेन्द्र प्रसाद ग्रा0पं0अ0 व श्रीमतीसन्तोष कुमारी ग्राम प्रधान
28.12.2011	600.00	हैण्डपम्प मरम्मत लेबर	"
28.02.2012	9,110.00	हैण्डपम्प सामग्री क्रय	"
31.03.2012	2,800.00	हैण्डपम्प मिस्त्री भुगतान कैशबुक में पहले रू0 2500.00 लिखा था बाद में ओवर राइटिंग करके 2800.00 बनाया गया हैं।	"
योग	41,610.00		

हैण्डपम्प सामग्री क्रय व मरम्मत खर्च के प्रमाणक नहीं है। जिन हैण्ड पम्प की मरम्मत पर खर्च किया गया है उनकी लोकेशन, वास्तव में नल खराब होने के प्रमाण, व्यय का एस्टीमेट आदि भी नही पाया गया। दिनांक 31.03.2012 के दिखाये व्यय पर तो कैशबुक में धनराशि पर ओवर राइटिंग करके दर्शित खर्च को और बढ़ाकर दिखाया है।इन तथ्यों से स्पष्ट है कि नल मरम्मत खर्च रू0 41610.00 फर्जी दिखाकर तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान द्वारा धन का अपहरण किया गया है जिस प्रति उनके विरूद्व आवश्यक कार्यवाही व उनसे 18 प्रतिशत ब्याज सहित रू0 41610.00 की वसूली की जानी अपेक्षित है।(सा0आं0सं0–22)

प्रस्तर संख्या–4:–कैशबुक में दिनांक 05.10.2011 को ठेली मरम्मत व्यय रू0 4000.00 दिखाया है। दिनांक 21.10.2011 को पुनः 15 दिन बाद ठेली मरम्मत खर्च रू0 1850.00 दिखाया है। ठेली मरम्मत कराने से पहले मरम्मत कर्ताओं से कोटेशन नहीं लिये गये थे। उक्त दर्शित व्यय के वाउचर्स भी नहीं पाये गये। एकबार रू0 4000.00 खर्च करने के बाद 15 दिन बाद पुनः रू0 1850.00 खर्च फर्जी दिखाया गया है। जिसकी वसूली ग्राम पंचायत अधिकारी श्री जितेन्द्र प्रसाद व तत्कालीन ग्राम प्रधान से की जानी अपेक्षित है। तथा रू0 4000.00 प्रमाणक विहीन दर्शित व्यय के सम्बन्ध में भी जांचोपरान्त समुचित कार्यवाही की जानी अपेक्षित है।(सा0आं0सं0–23)

प्रस्तर संख्या–5:–कैश बुक में दिनांक 01.10.2011 को रू0 13500.00 कुर्सी, मेज आदि क्रय तथा दिनांक 08.10.2011 को रू0 5000.00 का फावड़े, कुदाल, परात आदि क्रय खर्च दिखाया है। उक्त सामान क्रय कराने से पहले कोटेशन नहीं लिये गये थे। लेखा परीक्षा में प्रमाणक भी नहीं प्रस्तुत किये गये। डैड स्टॉक रजिस्टर में क्रय किये गये सामान की प्रविष्टियॉ भी नहीं की गई हैं।क्रय किये गये उक्त सामान का पूर्ण विवरण भी कैशबुक में दर्ज नहीं किया गया। अतः रू0 13500+5000=18500.00 का व्यय फर्जी दर्शाया गया है, जिसकी वसूली उत्तरदायी ग्राम पंचायत अधिकारी श्री प्रमोद कुमार व श्री कैलाश ग्राम प्रधान से 18 प्रतिशत ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।(सा0आं0सं0–24)

प्रस्तर संख्या–6:– दिनांक 31.03.2012 को कैशबुक में मिड–डे–मील हेतु रू0 2780.00 के बर्तन क्रय खर्च दिखाया है। मिड–डे–मील योजना का संचालन ग्राम पंचायत द्वारा नहीं अपितु माह दिसम्बर, 2012 में विद्यालय प्रधान अध्यापक व ग्राम प्रधान द्वारा किया गया है। उक्त खर्च का वाउचर भी नहीं है। क्रय किये दिखाये बर्तनों का विवरण कैशबुक में नहीं दिया गया है। ग्राम पंचायत में डैड स्टॉक रजिस्टर भी नहीं रखा गया है। स्पष्ट है कि फर्जी बर्तन खरीद खर्च दिखाकर श्री जितेन्द्र प्रसाद ग्राम पंचायत अधिकारी व श्रीमती सन्तोष कुमारी ग्राम प्रधान द्वारा रू0 2780.00 का अपहरण किया गया है। जिसकी उनसे 18 प्रतिशत ब्याज सहित वसूली व इस प्रति उनके विरूद्व वैधानिक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। (सा0आं0सं0–25)

प्रस्तर संख्या–7:–दिनांक 18.03.2011 को कैशबुक में रू0 1550.00 "साक्षी टुडे" हिन्दी मासिक पत्रिका में शुभकामना सन्देश प्रकाशित कराने का खर्च दिखाया है। जिससे सम्बन्धित बिल नम्बर 1069 दिनांक 28.03.2011 का है जबकि कैशबुक में व्यय दिनांक 18.03.2011 को 10 दिन पूर्व में खर्च दिखाया हुआ है। ग्राम पंचायत में भुगतान प्राप्ती स्वीकृति रसीद नहीं पायी गयी और न ही विज्ञापन हेतु ग्राम पंचायत द्वारा दिया गया आर्डर/आवेदन ही पाया गया। बिल के साथ जिस पत्रिका में विज्ञापन प्रकाशित हुआ उसकी प्रति संलग्न नहीं है। बरेली नगर से प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका में ग्राम पंचायत चिरौली भगवन्तपुर का शुभकामना सन्देश प्रकाशित कराने का कोई औचित्य नहीं था। अतः यह ग्राम पंचायत के धन का दुरूपयोग हुआ है। जिसकी प्रतिपूर्ति तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी श्री प्रमोद कुमार व तत्कालीन प्रधान से की जानी अपेक्षित है।(सा0आं0सं0–26)

प्रस्तर संख्या–8:–ओलोच्य वर्ष 2010–11में कैशबुक में मिड–डे–मील बनवाने पर निम्नलिखित व्यय किया दिखाया गया है। व्यय का तो विवरण दिया गया है और न ही व्यय की पुष्टि में सम्बन्धित प्रमाणक पाया गया –

दिनांक	धनराशि	अभ्युचित
03.04.2010	12000.00	–
31.05.2010	28000.00	प्राइमरी स्कूल चिरौली
10.08.2010	14000.00	–
06.09.2010	13400.00	–
योग	**67400.00**	

उक्त मिड–डे–मील बनवाने हेतु व्यय का मदवार विवरण न होने, ईधन खर्च व रसोइये के मानदेय भुगतान का प्रमाण न होने, क्रय खाद्यान्न का स्टॉक लेखा न होने, जिन बच्चों ने भोजन किया उनका कोई हिसाब न होने तथा व्यय के वाउचर्स न होने के कारण उक्त दर्शित व्यय फर्जी हैं। जिसकी वसूली सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी श्री प्रमोद कुमार व ग्राम प्रधान श्री कैलाश से तातारीख ब्याज सहित की जानी व इस प्रति उनके विरूद्व समुचित कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत वित्त एवं लेखा मैनुअल के अध्याय–8 'क' के अनुसार प्रमाणक रहित व्यय अपहरण के अन्तर्गत आते है। (सा0आं0सं0–27)

जनपद का नाम :– सम्भल मण्डल का नाम :– मुरादाबाद

ग्राम पंचायत का नाम :–महोरा लखूपुरा विकास खण्ड का नाम – पवांसा

वर्ष :– 2010–2011, 2011–12

ग्राम पंचायत से सम्बन्धित आपत्तियाँ :–

प्रस्तर संख्या–1 :–दिनांक 31.07.2010 को कैशबुक में रू0 3000.00 हैण्डपम्प मरम्मत पर व्यय दर्शित है। कैशबुक में मरम्मत कराये गये हैण्ड पम्प का स्थान अंकित नहीं है। जिससे यह ज्ञात नहीं हो सकता कि किस स्थान पर लगे हैण्ड पम्प की मरम्मत पर खर्च किया गया है। मरम्मत खर्च का कोई एस्टीमेट नहीं पाया गया तथा मरम्मतकर्ताओं से कुटेशन भी नहीं लिया गया। उक्त व्यय से सम्बन्धित कोई प्रमाणक नहीं है। अतः उक्त व्यय फर्जी दिखाकर रू0 3000.00 का श्री प्रमोद कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी एवं श्री ओमकार सिंह ग्राम प्रधान द्वारा अपहरण किया गया है। जिसकी उनसे तातारीख 18 प्रतिशत ब्याज सहित वसूली व इस इस प्रति उनके विरूद्व आवश्यक कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। (सा0आ0सं0–23)

प्रस्तर संख्या–2:–अलोच्य वर्ष 2010–11 के कैशबुक में मिड–डे–मिल बनवाने पर निम्नलिखित व्यय किया दिखाया है।

दिनांक	धनराशि
03.04.2010	4000.00
02.05.2010	5000.00
04.06.2010	5000.00
03.08.2010	5000.00
07.09.2010	4000.00
01.10.2010	4000.00
02.11.2010	3100.00
योग	**30100.00**

उक्त व्यय का न तो विवरण दिया गया है और न ही व्यय की पुष्टि में सम्बन्धित प्रमाणक पाया गया। मिड–डे–मील बनवाने हेतु व्यय का मदवार विवरण न होने, ईधन खर्च व रसोईये के मानदेय भुगतान का प्रमाण न होने, क्रय खाद्यान्न का लेखा न होने,जिन छात्र ने भोजन किया उनका कोई हिसाब न होने तथा व्यय के वाउचर्स न होने के कारण उक्त दर्शित व्यय फर्जी है। जिसकी वसूली सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी श्री प्रमोद कुमार व ग्राम प्रधान श्री ओमकार सिंह से तातारीख 18 प्रतिशत ब्याज सहित की जानी व उनके विरूद्व समुचित कार्यवाही की जानी अपेक्षित है। (सा0आ0सं0–24)

प्रस्तर संख्या–3:–कैशबुक में दिनांक 01.07.2010 को रू0 8000.00 तथा दिनांक 07.09.2010 को रू0 12000.00 का सी0ए0 को आडिट का भुगतान दिखाया है। इस प्रकार कुल रू0 20000.00 सी0ए0 को भुगतान किये गये। भुगतान का विवरण कैशबुक में नहीं दिया गया है और न हीजिस अवधि से यह भुगतान सम्बन्धित है, उसका कोई विवरण दिया है। रू0 20,000.00 के भुगतान का कोई औचित्य स्पष्ट नहीं है। उक्त भुगतान की पुष्टि में सी0ए0 की धन प्राप्ती स्वीकृति रसीद भी आडिट में अप्राप्त रही। अतः यह

जनपद का नाम :– मुरादाबाद **मण्डल का नाम :– मुरादाबाद**
ग्राम पंचायत का नाम :–कूरी रवाना **विकास खण्ड का नाम – छजलैट**
वर्ष :– 2010–2011, 2011–12

06.12.07 से 31.03.10	तक कुल	आहरित		796700.00	
13.04.06 से 31.03.07	1936(मनरेगा)	–	86520.00	61428.00	25092.00
2007–08	1936(मनरेगा)	25092	450000.00	355400.00	119692.00
2008–09	1936 (मनरेगा)	119692	870812.00	314600.00	675904.00
2009–10	1936(मनरेगा)	675904	952000.00	1247201.00	380703.00
13.04.06 से 31.03.10	तक कुल आहरित			1978629.00	
2004–05	804 (ग्रा.नि.–3)	9660	102300.00	110340.00	1620.00
2005–06	804 (ग्रा.नि.–3)	1620	147695.00	121260.00	28055.00
2006–07	804 (ग्रा.नि.–3)	28055	96660.00	100420.00	24295.00
2007–08	804 (ग्रा.नि.–3)	24295	122880.00	55980.00	91195.00
2008–09	804 (ग्रा.नि.–3)	91195	133220.00	165440.00	58975.00
2009–10	804 (ग्रा.नि.–3)	58975	89280.00	88500.00	59755.00
2004–05 से 2009–10 तक कुल आहरित				641940.00	

उपरोक्त समस्त आहरित राशि 3417269 में एस.जी.आर.वाई. खाते एवं मिड–डे–मील अन्तर्गत

आहरित राशि सम्मिलित करते हुये ग्राम पंचायत विकास अधिकारी (तत्काल में) एवं ग्राम प्रधान श्रीमती कमला देवी एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) से वसूली आपेक्षित है।

16. ग्राम पंचायत चिनहट विकास खण्ड–पहाड़ी की लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कैशबुक में वर्ष 2011–12 में मेन रोड से यादव पुरवा तक खण्ड़ंजा निर्माण में रूपया 2,53,000.00 निम्न विवरण अनुसार किया व्यय दर्शित है।

दिनांक–08.11.2011 में क्रय सामग्री के परिपेक्ष्य में किया भुगतान 2.00 अधिक किया गया है। इसकी वसूली ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री संदीप सिंह आपेक्षित है।

17. ग्राम पंचायत चिनहट विकास खण्ड–पहाड़ी की लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कैशबुक एवं पासबुक संख्या–50045076690 के अधीन दिनांक–31.03.2012 को रूपया 7170.00 अन्तिम अवशेष दर्शित था। जबकि दिनांक–23.09.2011 को उक्त खाता अन्तर्गत शौचालय अनुदान रूपया 20000.00 एवं 31.03.2011 तथा 29.02.2012 को उक्त खाता अधीन जमा राशि पर प्राप्त व्याज क्रमशः 3199 तथा 1723 भी प्राप्त था। बिना शौचालय निर्माण कराये शौचालय मद का रूपया 17752 अन्य मद पर व्यय कर प्राप्त अनुदान के उददेश्य एवं वास्तविक विकास कार्य प्रभावित किया गया। अतः रूपया 17752.00 अन्य मद पर किये व्यय की वसूली ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री संदीप सिंह एवं ग्राम प्रधान से आपेक्षित है।

18. ग्राम पंचायत बरद्वारा विकास खण्ड–पहाड़ी की लेखा परीक्षा में प्रस्तुत मनरेगा अन्तर्गत किये गये लेखों की कोष बही में दिनांक–31.03.2012 को निम्न सामग्री क्रय कर लेखा किया गया दर्शित का विवरण पुष्टि में प्रस्तुत प्रमाणक से निम्न है।

उपरोक्त पर निम्न बिन्दु रहे–

1. वित्तीय वर्ष समाप्त के अन्तिम दिन क्रय सामग्री की प्राप्ति या भौतिक सत्यापन ग्राम पंचायत में

कार्य स्थल पर ग्राम पंचायत में गठित निर्माण समिति के सदस्य या ग्राम पंचायत विकास अधिकारी या कार्यरत मेठ (श्रमिक) द्वारा नहीं किया गया।

2. क्रय सामग्री स्टाक रजिस्टर में बिना दर्शाये प्रयोग में लेना।

3. उपरोक्त क्रम 2 व 4 पर दर्शित बालू एक ही फार्म एक ही दिन खरीदे जाने पर दर में भिन्नता रहना।

4. ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा क्रय सामग्री की ई.एम.आई.एस. फीडिंग माह दिसम्बर 2012 तक न कराना।

5. उपरोक्त समस्त भुगतान संचालित मनरेगा अन्तर्गत सामग्री खाता संख्या–19043 से किये गये हैं।

6. सामग्री खाता में भुगतान हेतु पर्याप्त राशि न रहने पर दिनांक–12.06.2012 श्रम खाता संख्या–3805 से रूपया 539960.00 का स्थानान्तरण खाता संख्या–19043 में किया गया।

7. उपरोक्त क्रय सामग्री के सम्बन्ध में न टेण्डर आमंत्रित किये गये न कुटेशन लिये गये। उल्लिखित बिन्दुओं से स्पष्ट है कि रूपया 604806.00 व्यय में अनियमितता बरती गयी है। जिसके लिये ग्राम प्रधान श्री राजकुमार सिंह एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री संजय विश्वकर्मा जिम्मेदार रहे। विभागीय जाँचोपरान्त आवश्यक कार्यवाही आपेक्षित है।

19. ग्राम पंचायत बरद्वारा विकास खण्ड–पहाड़ी की लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कैशबुक में खडण्जा निर्माण दर्शाकर निम्न व्यय किया गया दर्शित है।

उपरोक्त पर निम्न बिन्दु रहे–

1. उक्त के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत का प्रस्ताव एवं स्वीकृति लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रहा।

2. स्टाक रजिस्टर के अभाव में क्रय सामग्री की उपयोगिता एवं अवशेष की स्थिति अज्ञात रही। वर्तमान ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि क्रय सामग्री का उपभोग कर दिया

गया है। सामग्री शेष नहीं है।

3. दिनांक–01.07.2011 से 30.10.2011 तक आहरित 425000.00 खाता संख्या–50045079931 में प्राप्त राज्य वित्त एवं तेरहवां वित्त से है। अनुदान रजिस्टर के अभाव में अज्ञात रहा। कि उक्त आहरण राज्य वित्त से है या तेरहवां वित्त से है।

4. खडण्जा निर्माण में श्रम का 22.55: एवं सामग्री का 77.45: अंश होना चाहिये। इस प्रकार श्रम का 3.434 गुना सामग्री पर व्यय होगा। इस प्रकार उपरोक्त खण्ड़ंजा निर्माण पर सामग्री मद पर 198866.00 अधिक व्यय दर्शाकर धन का अपहरण किया गया।

5. उक्त कार्य सम्पादन में ग्राम पंचायत में गठित निर्माण सामिति का योगदान शून्य रहा।

6. उक्त कार्य की पुष्टि में कार्ययोजना माप पुस्तिका निर्माण रजिस्टर एवं कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र अनुपलब्ध रहा।

उक्त बिन्दुओं से स्पष्ट है कि खण्ड़ंजा निर्माण में अधिक सामग्री दर्शाकर रूपया 198866.00 का अपहरण ग्राम प्रधान एवं पंचायत विकास अधिकारी श्री संजय विश्वकर्मा द्वारा किया गया। अतः अधिक भुगतानित राशि रूपया 198866.00 की वसूली ग्राम प्रधान श्री राजकुमार सिंह एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री संजय विश्वकर्मा से आपेक्षित है।

20. ग्राम पंचायत बरद्वारा विकास खण्ड–पहाड़ी की लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कोष बही में हैण्डपंप मरम्मत मद पर सामग्री एवं श्रम पर निम्न भुगतान किया गया दर्शित है।

हैण्डपम्प मरम्मत पर निम्न बिन्दु रहे–

1. स्टाक रजिस्टर के अभाव में क्रय सामग्री की प्रयुक्त होने की स्थिति अज्ञात रही एवं बदले गये हैण्डपंप से प्राप्त खराब अप्रयुक्त सामग्री का विवरण बनाकर मैकेनिक से हस्ताक्षरित कराकर नहीं रखा गया।

2. मरम्मत किये हैण्डपंप का स्थान बोर की गहराई बोर में जल स्तर पाइपों की संख्या हैण्डपंप में लगी सामग्री का विवरण आदि बनाकर मैकेनिक के हस्ताक्षर कराकर तथा मरम्मत हैण्डपंप के स्थान

के निवासियों के हस्ताक्षर के साथ नहीं रखा गया। दिनांक–09.07.2010 से 04.11.2011 में क्रय सामग्री परिपेक्ष्य में श्रम पर व्यय कैशबुक में दर्शित है। शेष क्रय सामग्री पर श्रम नहीं है।

4. श्रमिकों को भुगतानित राशि कितने हैण्डपंप मरम्मत कराकर दिया गया का विवरण अंकित नहीं है।

उपरोक्त बिन्दुओं से स्पष्ट है कि वर्ष 2010–11 में रूपया 55000.00 एवं वर्ष 2011–12 में 136200.00 के फर्जी प्रमाणक क्रय कर ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा धन का अपहरण किया गया। विभागीय जांचोपरांत वर्ष 2010–11 में रूपया 20000.00 की वसूली भूतपूर्व ग्राम प्रधान श्री दिनेश सिंह एवं श्री सोहन लाल ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से एवं शेष 35000.00 तथा वर्ष 2011–12 में 136200.00 की वसूली वर्तमान ग्राम प्रधान श्री राजकुमार सिंह एवं श्री संजय विश्वकर्मा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से आपेक्षित है।

21. ग्राम पंचायत बरद्वारा विकास खण्ड–पहाड़ी की लेखा परीक्षा में प्रस्तुत कैशबुक में खडण्जा एवं नाली निर्माण एवं मरम्मत पर निम्न सामग्री एवं श्रम दर्शित है।

सामग्री पर			श्रम पर		
दिनांक	राशि	विवरण	दिनांक	राशि	विवरण
09.08.2011	50000.00	अज्ञात	25.11.2011	16920.00	अज्ञात
17.08.2011	28000.00	अज्ञात			
09.11.2011	100000.00	अज्ञात			
11.11.2011	50000.00	अज्ञात			
25.11.2011	153000.00	अज्ञात			
योग– 381000.00			**योग– 16920.00**		

उपरोक्त पर निम्न बिन्दु रहे–

1. उपरोक्त भुगतानित राशि की पुष्टि में पक्ष में कोई प्रमाणक ग्राम पंचायत स्तर पर नहीं रखा

गया था।

2. उपरोक्त व्यय ग्राम पंचायत को प्राप्त किस अनुदान से रहा। अनुदान रजिस्टर के अभाव में अज्ञात रहा।

3. व्यय से पूर्व विभागीय अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त कर ग्राम पंचायत नहीं रखी गयी थी।

4. स्टाक रजिस्टर के अभाव में क्रय सामग्री उपयोगित रही यह स्टाक में अज्ञात है।

उपरोक्त से स्पष्ट है कि बिना स्वीकृति एवं प्रमाणक के ग्राम पंचायत में धन 397920.00 का अपहरण ग्राम प्रधान श्री राजकुमार सिंह एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री संजय विश्वकर्मा द्वारा किया गया है। उपरोक्त की वसूली ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से आपेक्षित है।

22. ग्राम पंचायत बरद्वारा विकास खण्ड–पहाड़ी की लेखा परीक्षा में जनवरी 2011 में खोले गये नया बैंक खाता संख्या– 50045079931 में ग्राम पंचायत को प्राप्त अनुदान वर्ष 2010–11 में 555193 पर 1139 व्याज देय एवं 22 रूपये चेक बुक काटकर 31.03.2011 को उक्त खाता अधीन 556310 अवशेष था। जिसमें वर्ष 2011–12 में 403875 राज्य वित्त एवं तेरहवां वित्त से 20000 शौचालय मद हेतु प्राप्त एवं जमा राशि पर 17230 व्याज प्राप्त में से व्यय पश्चात 31.03.2012 उक्त खाता में अवशेष रूपया 20295 दर्शित है। वर्ष 2011–12 में ग्राम पंचायत द्वारा किसी भी विद्यालय में शौचालय निर्माण नहीं कराया गया। न ही सामग्री क्रय कर स्टाक में रखी गयी। स्पष्ट है 2011–12 में विद्यालय शौचालय में अनुदान प्राप्त का उपभोग अन्य मद पर व्यय कर, कर लिया गया। क्योंकि खाता अधीन अवशेष 31.03.2012 में 18369 व्याज भी सम्मिलित है। शौचालय मद का अनुदान अन्य मद पर व्यय किये जाने हेतु ग्राम पंचायत विकास अधिकारी जिम्मेदार रहे। जिनसे रूपया 18077.00 की वसूली किया जाना आपेक्षित है।

जनपद का नाम– महोबा
ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित आपत्तियॉं :–

प्रस्तर संख्या –1 ग्राम पंचायत–पहरेथा, विकास खण्ड– चरखारी, जनपद–महोबा

लेखा परीक्षा दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत पहरेथा की तत्कालीन प्रधान श्रीमती शान्ति देवी ने अपना प्रधान पद का मानदेय रू0 750.00 की मासिक दर माह अगस्त 2007 से सितम्बर 2008 तक 14 माह का मानदेय कुल रू0 10,500.00 चैक सं0– 759260 दिनांक 25.10.2008 द्वारा खाता संख्या– 5714 से दिनांक 25.10.2008 को प्राप्त किया गया है। जबकि दिनांक 30.04.2008 को तत्कालीन प्रधान श्रीमती शान्ति देवी द्वारा चैक सं0– 594537 दिनांक 30.04.2008 खाता सं0– 5714 से माह अगस्त 2007 से जनवरी 2008 तक 6 माह दर रू0 750.00 मासिक दर से रू0 4500.00 प्रधान पद का मानदेय दिनांक 30.04.2008 को प्राप्त करने के उपरान्त पुनः दिनांक 25.10.2008 में 6 माह का रू0 45000.00 मानदेय का भुगतान कैशबुक के अनुसार प्राप्त किया गया है। जिस हेतु तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी एवं तत्कालीन ग्राम प्रधान अनियमित रूप से भुगतान हेतु लेखा परीक्षा अनुसार उत्तरदायी हैं। जिसकी विभागीय अधिकारियों से भुगतान प्राप्त किये माहों की अवधि की अभिलेखों की जॉचोरान्त नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जानी आपेक्षित है। (मू0अ0सं0 22)

प्रस्तर संख्या –2 ग्राम पंचायत–पहरेथा, विकास खण्ड– चरखारी, जनपद–महोबा
लेखा परीक्षा दौरान पाया गया कि आलोच्य वर्ष में श्री शैलेन्द्र कुमार पंचायत मित्र ग्राम पंचायत पहरेथा को पंचायत मित्र का मानदेय माह अक्टूबर 2007 से मार्च 2008 तक का दर 2000/– रू0 प्रति माह से 6 माह का चैक सं0 594550 दिनांक 09.06.2008 द्वारा रू0 12000/– दिनांक 09.06.2008 को खाता सं0 5714 से प्राप्त किया गया है। जबकि श्री शैलेन्द्र कुमार पंचायत मित्र ने दिनांक 03.10.2008 को चैक सं0 759257 द्वारा रू0 10000/– माह नवम्बर 2007 से मार्च 2008 तक का 5 माह का मानदेय पुनः 5 माह का उसी अवधि का दिनांक 03.10.2008 को मानदेय का भुगतान चैक द्वारा कैसबुक के अनुसार प्राप्त किया गया है। जिस हेतु लेखा परीक्षा अनुसार माह नवम्बर 2007 से मार्च 2008 तक (5 माह का) दोबारा भुगतान प्राप्त किये जाने हेतु तत्कालीन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पहरेथा, एवं तत्कालीन ग्राम प्रधान पहरेथा उत्तरदायी है। अधिक भुगतान रू0 10000/– रू0 हेतु जॉचोपरान्त नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु उच्चाधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया जाता है। (मू0अ0सं0–23)

जनपद का नाम– हमीरपुर

ग्राम पंचायतो से सम्बन्धित आपत्तियां :–

प्रस्तर सं0–1	ग्राम पंचायत निक्दा	विकास खण्ड मुस्करा	अवशेष स्टाक स्टाक रजि0 तैयार कर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया फलतः स्टाक की स्थिति अज्ञात रही– इसमें किसी भी प्रकार की स्टाक की अनियमितता के लिए सचिव/ग्राम प्रधान संयुक्त रूप से उत्तर दायी होगे। अवशेष स्टाक रू0 1,97,590=00 का रहा। जिसमें सीमेन्ट रू0 28350(105ग270) 40उउ गिट्टी 12ड3ग130=13560रू0, 20उउ गिट्टी 3ड3ग400=4200रू0 सरिया 1.4ग4200=5880, ईटा 2200ग4900 प्रति हजार =107800, बालू 54ग700=37800 (मूल आपत्ति सं0 भाग–1 ग(2))
प्रस्तर सं0–2	छेड़ीबसाय क	मुस्करा	वर्ष 2011–12 में रू0 34,380=00 कोषवही के अनुसार व्यक्तिगत शौचालय बनवाने हेतु लाभार्थियों को भुगतान किया गया था। भुगतान की पुष्टि में प्रस्तुत लाभार्थियों की सूची में लाभार्थियों के हस्ताक्षर नहीं है। भुगतान की पुष्टि में लाभार्थियों के हस्ताक्षर कराये जाने अपेक्षित है। (मूल आ0सं0–26)
प्रस्तर सं0–3	गौरा	मुस्करा	वर्ष 2011–12 में रू0 1,01,940=00 कोषवही के अनुसार व्यक्तिगत शौचालय बनवाने हेतु लाभार्थियों को भुगतान किया गया था। भुगतान की पुष्टि में प्रस्तुत लाभार्थियों की सूची में लाभार्थियों के हस्ताक्षर नहीं है। भुगतान की पुष्टि में लाभार्थियों के हस्ताक्षर कराये जाने अपेक्षित है। (मूल आपत्ति सं0–25)
प्रस्तर सं0–4	धनौरी	गोहाण्ड	दिनांक 31.03.2012 को खाता सं0–590 छात्रवृत्ति अवशेष रोकड़ रू0 72,000=00 नगद शेष थी। जिसे विभाग को वापस नही किया था। अतः छात्रवृत्ति को शीघ्रातिशीघ्र विभाग को वापस किया जाना चाहिये। इस ओर विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया जाता है।

प्रस्तर सं0–5	आमूद	गोहाण्ड	दिनांक 31.03.2012 को खाता सं0–557 छात्रवृत्ति अवशेष रोकड़ रू0 87145=00 नगद शेष थी। जिसे विभाग को वापस नही किया गया है। उक्त छात्रवृत्ति को शीघातिशीघ्र विभाग को वापस किया जाना चाहिये। इस ओर विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है। (मूल आ0सं0–12)
प्रस्तर सं0–6	अमगांव	गोहाण्ड	दिनांक 31.03.2012 को नगद अवशेष छात्रवृत्ति मु0 20100=00 रू0 शेष थी। जिसे जल्द से जल्द विभाग को वापस किया जाना चाहिए। इस ओर विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है। (मूल आ0सं0–16)
प्रस्तर सं0–7	पहाड़ी गढ़ी	राठ	वर्ष आलोच्य दशम् वित्त/राज्य वित्त योजना से सामग्री क्रय रू0 45051=00 की गयी थी। जिसमें से सोलर लाइट ऋण रू0 23351=00 दरी, मेज, कुर्सी, क्रय रू0 21700=00 परन्तु उक्त की स्टोर इन्ट्री करके लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया ह। जिससे स्टाक के दरूपयोग की सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस प्रति किसी भी प्रकार के स्टाक दुरूपयोग की स्थिति का दायित्व सचिव/प्रधान का संयुक्त रूप से होगा। (मूल आ0सं0–28)
प्रस्तर सं0–8	बिलस्ख	राठ	वर्ष आलोच्य में छात्रवृत्ति खाते की रोकड अवशेष दिनांक 31.03.2012 को रु0 30660–00 रोकड बही में दर्शित है। जो वर्ष के प्रारम्भ में भी रु0 24660–00 थी। इस प्रकार उक्त अनुदान धनराशि को सचिव/प्रधान द्वारा रोक जाना नितान्त आपत्तिजनक है। लेखा प्ररीक्षा के उपरान्त सचिव/प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि अवशेष रोकड रु0 30060–00 को छात्रवृत्ति खाते में बैंक शाखा में जमा कर दिया गया है।

जनपद का नाम– बाँदा

ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित आपत्तियों का विवरण

प्रस्तर संख्या

1– ग्राम पंचायत शिव विकास खण्ड–बबेरु की लेखा परीक्षा वर्ष 2011–12 में निम्न विवरण के अनुसार छात्रवृत्ति का धन अध्यापकों द्वारा प्राप्त किया गया परन्तु छात्रवृत्ति वितरण रजिस्टर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न किये जाने के कारण जांच न की जा सकी।

अभिलेख जांच में प्रस्तुत न करना एक दण्डनीय अपराध है। अतः उक्त संदर्भ में जांचोपरांत वैधानिक कार्यवाही हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय बांदा व अन्य उच्चाधिकारियों का ध्यान विशेष रूप से आकृष्ट किया जाता है।

दिनांक	धनराशि	धनराशि प्राप्तकर्ता
15.10.2011	68160.00	श्री ब्रजभूषण सिंह जू.वि.
18.10.2011	39900.00	श्री सत्येन्द्र सिंह प्रा.वि. ;पपद्ध
18.10.2011	74700.00	श्री ज्ञानेन्द्र मणि प्रा.वि. ;पद्ध
18.10.2011	14700.00	श्री धर्मराज प्रा.वि. मवई
03.11.2011	32100.00	सत्येन्द्र सिंह प्रा.वि. ;पपद्ध
03.01.2012	2400.00	श्री ब्रजभूषण सिंह जू.वि.
योग– 231960.00		

2. ग्राम पंचायत बरौलीआजम विकास खण्ड–बबेरु की लेखा परीक्षा में मिड–डे–मील योजना के प्राइमरी विद्यालय बरौली आजम की जांच करते समय पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2011–12 में रूपया 34600.00 व्यय

किये गये। परन्तु उक्त विद्यालय मिड–डे–मील कैशबुक व प्रमाणक नहीं पाये गये। जो धन की दुरूपयोगिता सिद्ध करता है। जांचोपरांत वैधानिक कार्यवाही हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय बांदा व उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

बैंक खाता संख्या	प्रा. शेष	प्राप्त	आहरित धन	शेष
इ.बैं.शाखा बबेरू, 59000937509	7503.00	35641.00	34600.00	85444.00

3. ग्राम पंचायत बरौली आजम विकास खण्ड–बबेरु की लेखा परीक्षा में पू0मा0वि0 बरौली आजम कैशबुक मिड–डे–मील की जांच करते समय पाया गया कि दिनांक–27.04.2011 को चेक संख्या–00753 द्वारा रूपये 9700.00 का आहरण किया गया। इलाहाबाद बैंक शाखा बबेरू खाता संख्या–59000941393 कैशबुक दर्शित राशि 9700.00 की पुष्टि व्यय प्रमाणक के अभाव में न की जा सकी पुष्टि करायी जाये। अन्यथा की स्थिति में रूपये 9700.00 की वसूली प्राथमिक अध्यापक श्री संतराम व ग्राम प्रधान से की जाने आपेक्षित है।

4. ग्राम पंचायत बरौली आजम की लेखा परीक्षा में वर्ष 2011–12 में निम्न विवरण के अनुसार छात्रवृत्ति राशि प्राथमिक अध्यापक द्वारा प्राप्त की गयी है। छात्रवृत्ति वितरण रजिस्टर व उपभोग प्रमाण पत्र के अभाव में पुष्टि न की जा सकी। अस्तु पुष्टि करायी जाये। अन्यथा की स्थिति में प्राथमिक अध्यापक उत्तरदायी है।

दिनांक	प्राप्त राशि	प्राथमिक अध्यापक
14.07.2011	8700.00	श्री सत्यप्रकाश प्रा.वि.बरौली आजम
17.11.2011	33000.00	श्री सत्यप्रकाश प्रा.वि.बरौली आजम
01.03.2012	1200.00	श्री सत्यप्रकाश प्रा.वि.बरौली आजम
योग– 42900.00		

5. ग्राम पंचायत जसपुरा विकास खण्ड–जसपुरा की लेखा परीक्षा में वर्ष 2008–09 से 2011–12 तक छात्रवृत्ति वितरण सम्बन्धी रजिस्टर लेखा परीक्षा में उपलब्ध न रहने के कारण रूपया 502580.00 की पुष्टि न की जा सकी। ऐसी दशा में प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक की जिम्मेदारी आपेक्षित है जांचोपरांत बेसिक शिक्षा अधिकारी बांदा एवं उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है।

6. ग्राम पंचायत सिंधनकलां विकास खण्ड–जसपुरा की लेखा परीक्षा में सी0ए0 को व्यय द्वारा तैयार अभिलेख उपलब्ध न होने के कारण धनराशि 20000.00 का भुगतान सी0ए0 ऑडिट में कराकर दर्शाया जाना अपुष्ट रहा। इसकी जांचोपरांत वसूली तत्कालीन ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के ऊपर सुनिश्चित की जाये।

7. ग्राम पंचायत सिंधनकलां विकास खण्ड–जसपुरा की लेखापरीक्षा में मनरेगा मद की राशि 500000.00 ग्राम पंचायत परेडी के ट्रांस्फर के सम्बन्ध में आदेश उपलब्ध नहीं रहा। बिना आदेश के हस्तान्तरण किया जाना पंचायती नियमावली के विरूद्ध है। ऐसी दशा में नियमों का पालन अवश्य किया जाना चाहिये।

8. ग्राम पंचायत सिंधनकलां विकास खण्ड–जसपुरा की लेखा परीक्षा में हैण्डपंप सामग्री क्रय एवं मरम्मत का रजिस्टर उपलब्ध नहीं रहा। जिससे रूपये 204110.00 इस मद में व्यय किया जाना संदेहास्पद रहा। इस वजह से सम्बन्धित ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान से वसूली आपेक्षित है।

9. ग्राम पंचायत कानाखेड़ा विकास खण्ड–जसपुरा की लेखा परीक्षा में स्कूल शौचालय की सामग्री व्यय न कर स्टाक रजिस्टर प्रस्तुत न करना जिससे धनराशि 70000.00 की पुष्टि न हो सकी। ऐसी दशा में ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से वसूली आपेक्षित है।

10. ग्राम पंचायत कानाखेड़ा विकास खण्ड–जसपुरा की लेखा परीक्षा में मियां रानी मेला की सफाई व व्यवस्था के लिये व्यय रूपया 20000.00 अनुदान राशि से किया गया है। जबकि इस राशि को विकास कार्य में नहीं किया गया है अन्य मद में किया गया है। जो कि अनुचित है इसको विकास कार्य में ही किया जाना चाहिये था।

11. ग्राम पंचायत कानाखेड़ा विकास खण्ड–जसपुरा की लेखा परीक्षा में रु0 177600.00 छात्रवृत्ति वितरण अभिलेख उपलब्ध नहीं रहे और न ही पृथक–पृथक विवरण दर्ज किया गया। यह एक साथ दर्ज कर भारी त्रुटि की गयी इसे विभाग वार मद वार दर्शाया जाना चाहिये। इसकी जांच कर उचित कार्यवाही किया जाना आपेक्षित है।

12. ग्राम पंचायत कानाखेड़ा विकास खण्ड–जसपुरा की लेखा परीक्षा में बनीकरण के मद पर रूपया 3600.00 व्यय किया गया है। जिसके व्यय प्रमाणक उपलब्ध नहीं रहे। ऐसी दशा में व्यय की पुष्टि नहीं की जा सकी। इसके लिये ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान दोनों जिम्मेदार हैं जांचोपरांत उचित कार्यवाही आपेक्षित है।

अध्याय–5

निर्गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों/विशेष प्रतिवेदनों का अनुपालन, समीक्षा व नस्ति संग्रह का विवरण

5.1–<u>जिला पंचायत–</u> जिला पंचायतों में लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों में अनुपालन की स्थिति अत्यन्त शोचनीय रही, किसी भी जिला पंचायत द्वारा सामान्य प्रतिवेदन अथवा विशेष प्रतिवेदन का अनुपालन लेखा परीक्षक के समक्ष समीक्षा हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया है। सम्बन्धित प्रशासनिक विभाग द्वारा भी इस विषय पर कोई रूचि नहीं ली गयी, जोकि लेखा परीक्षा एवं उसके अनुपालन के प्रति संस्था एवं प्रशासनिक विभाग की उपेक्षा एवं उदासीनता को दर्शाता है। जिला पंचायतों का लेखा परीक्षा प्रगति, सामान्य प्रतिवेदनों का निर्गमन व अनुपालन तथा विशेष प्रतिवेदनों का निर्गमन एवं अनुपालन की स्थिति परिशिष्ट 1 पर संलग्न है।

5.2–<u>क्षेत्र पंचायत–</u> क्षेत्र पंचायतों में लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों में अनुपालन की स्थिति अत्यन्त सोचनीय रही, किसी भी क्षेत्र पंचायत द्वारा सामान्य प्रतिवेदन अथवा विशेष प्रतिवेदन का अनुपालन लेखा परीक्षक के समक्ष समीक्षा हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया है। सम्बन्धित प्रशासनिक विभाग द्वारा भी इस विषय पर कोई रूचि नहीं ली गयी, जोकि लेखा परीक्षा एवं उसके अनुपालन के प्रति संस्था एवं प्रशासनिक विभाग की उपेक्षा एवं उदासीनता को दर्शाता है। क्षेत्र पंचायतों की लेखा परीक्षा प्रगति, सामान्य प्रतिवेदनों का निर्गमन व अनुपालन तथा विशेष प्रतिवेदनों का निर्गमन एवं अनुपालन की स्थिति परिशिष्ट 2 पर संलग्न है।

5.3–<u>ग्राम पंचायत–</u> ग्राम पंचायतों में लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों में अनुपालन की स्थिति अत्यन्त शोचनीय रही, मात्र 63 ग्राम पंचायत द्वारा सामान्य प्रतिवेदन अथवा विशेष प्रतिवेदन का अनुपालन लेखा परीक्षक के समक्ष समीक्षा हेतु प्रस्तुत किया गया है। सम्बन्धित प्रशासनिक विभाग द्वारा भी इस विषय पर कोई रूचि नहीं ली गयी, जोकि लेखा परीक्षा एवं उसके अनुपालन के प्रति संस्था एवं प्रशासनिक विभाग की उपेक्षा एवं उदासीनता को दर्शाता है। ग्राम पंचायतों की लेखा परीक्षा प्रगति, सामान्य प्रतिवेदनों का निर्गमन व अनुपालन तथा विशेष प्रतिवेदनों का निर्गमन एवं अनुपालन की स्थिति परिशिष्ट 3 पर संलग्न है।

अध्याय–6

निष्कर्ष व सुझाव

6.1–निष्कर्ष

वाह्य सम्प्रेषण के प्रति उदासीनता–

मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा पूरे राज्य में कुल 811 क्षेत्र पंचायतों के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2011–12 की अवधि के दौरान मात्र 128 क्षेत्र पंचायतों की लेखा परीक्षा कराई जा सकी जो कि कुल क्षेत्र पंचायतों का मात्र 15.78 प्रतिशत है। जबकि प्रत्येक क्षेत्र पंचायत का सम्प्रेक्षण अनिवार्य रूप से प्रतिवर्ष किये जाने की व्यवस्था है। किसी क्षेत्र पंचायत द्वारा सम्प्रेक्षण कराने से मना करने की दशा में उस क्षेत्र पंचायत को राज्य सरकार अथवा भारत सरकार द्वारा प्राप्त होने वाले अनुदान आडिट कराने तक अवमुक्त नहीं किया जाना चाहिये और साथ ही कार्यकारी अधिकारी. खण्ड विकास अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी की जानी चाहिये। परन्तु व्यवहार में सम्पूर्ण राज्य में इस प्रकार का कोई उदाहरण प्राप्त नहीं हुआ।

इसी प्रकार मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा पूरे राज्य में कुल 51755 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2011–12 की अवधि के दौरान मात्र 26834 ग्राम पंचायतों की लेखा परीक्षा कराई जा सकी जो कि कुल ग्राम पंचायतों का मात्र 51.85 प्रतिशत है। ग्राम सभाओं की जनपदवार प्रगति परिशिष्ट–3 में उल्लिखित है। लेखा परीक्षा न होने का मुख्य कारण ग्राम प्रधान व ग्राम्य विकास अधिकारी द्वारा अभिलेख न उपलब्ध कराना है। प्रशासनिक विभागों के निचले स्तर के अधिकारियों (विकास खण्ड स्तर एवं जिला स्तर) द्वारा अभिलेखों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए अपेक्षित सहयोग प्रदान नहीं किया गया। लेखा परीक्षा न कराने वाली ग्राम पंचायतों के विरूद्ध सामयिक व कड़ी कार्यवाही न किए जाने से इस प्रकार की अराजकता को बल मिला। अध्याय–8 के पैरा–3 में यह व्यवस्था दी गयी है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत का सम्प्रेक्षण अनिवार्य रूप से प्रतिवर्ष किया जायेगा। किसी ग्राम पंचायत द्वारा सम्प्रेक्षण कराने से मना करने की दशा में उस ग्राम पंचायत को राज्य सरकार अथवा भारत सरकार द्वारा प्राप्त होने वाले अनुदान आडिट कराने तक अवमुक्त नहीं किया जाएगा और साथ ही ग्राम प्रधान तथा ग्राम्य विकास अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार

कार्यवाही भी की जाएगी। परन्तु व्यवहार में सम्पूर्ण राज्य में इस प्रकार का कोई उदाहरण प्राप्त नहीं हुआ।

<u>निर्धारित अभिलेख प्रस्तुत न करना–</u> त्रिस्तरीय पंचायती संस्थाओं की लेखा परीक्षा में अधिकांश संस्थाओं द्वारा निर्धारित अभिलेख प्रस्तुत न करने के कारण समग्र व वास्तविक मूल्यांकन सम्भव नहीं हो सका जिसका लेखा परीक्षा परिणामों पर विपरीत प्रभाव पड़ा तथा अधोलिखित विषयों पर स्पष्ट व सारगर्भित विवेचना नहीं की जा सकी।

1. कार्य की पंचायत , तकनीकी, सक्षम स्तर की स्वीकृति।
2. खर्च की गयी धनराशि के सापेक्ष सरकार की योजनाओं में सन्निहित उद्देश्य की प्राप्ति किस सीमा तक हुयी।
3. इच्छित लाभ लोगों तक पहुँचा है। विशिष्ट कार्यक्रमों/विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में कार्यकारी अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी सेवाओं/कार्य में सुधार होने वाली त्रुटि के निवारण हेतु कार्यवाही की गयी है।
4. कार्यकारी अधिकारियों द्वारा निर्धारित जॉच न करने के फलस्वरूप कपटपूर्ण कार्य, अपहरण आदि सुसाध्य हुआ।
5. अकुशल वित्तीय प्रबंधन, कार्यक्रमों का अकुशल क्रियान्वयन, अपूर्ण कार्य व कमजोर अनुश्रवण के कारण अपेक्षित लाभों को प्राप्त नहीं किया जा सकना।
6. श्रमिकों के भुगतान में विलंब।
7. नियमों व नियमन का अनुपालन न करना।
8. असावधानी/नियंत्रण की कमी/पर्याप्त औचित्य के बिना व्यय।
9. सतत व व्यापक अनियमितता,धोखे, अपहरण को चिन्हित करना।
10. अनुदान की धनराशि का उपयोग न करना। वापस न करना।
11. अभिलेखों के अंकन व रख रखाव का मूल्यांकन।

इसी प्रकार ग्राम पंचायतों की लेखा परीक्षा में निर्धारित अभिलेखों को प्रस्तुत न करने के कारण अधिकांश ग्राम पंचायतों की लेखा परीक्षा में समग्र व वास्तविक मूल्यांकन संभव न हो सका जिसके परिणाम स्वरूप अधोलिखित तथ्यों का परीक्षण व मूल्यांकन नहीं किया जा सका।

1– परियोजनाओं के क्रियान्वयन में ग्राम पंचायत द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया नियम अथवा संविधान के किसी अनुच्छेद के विपरीत थी अथवा नहीं ?

2– किये गये व्यय से वित्तीय औचित्य के सिद्धान्त का पालन किया गया अथवा नहीं ?

3– न्यूनतम लागत में अधिकतम हित प्राप्त किया गया अथवा नहीं ?

4– न्यूनतम मूल्य में उच्च गुणवत्ता का क्रय किया गया अथवा नहीं ?

5– ग्राम पंचायत द्वारा प्रभावी ढ़ंग से योजना का अनुश्रवण करते हुए भौतिक लक्ष्य को समय से पूर्ण किया गया अथवा नहीं ?

भौतिक उपलब्धियों का परीक्षण–

परियोजनाओं के भौतिक लक्ष्य के पूर्ण होने व समय से पूर्ण होने के सम्बन्ध में स्थिति संदिग्ध रही। अधोलिखित तथ्यों के परिणाम स्वरूप का परीक्षण व मूल्यांकन नहीं किया जा सका।

1– लेखा परीक्षा में तकनीकी स्वीकृति प्रस्तुत न करने।

2– परियोजना के पूर्ण होने की स्थिति (कार्यपूर्ती प्रमाण पत्र) प्रस्तुत न करने।

3– परियोजना में कृत कार्य वास्तविक था अथवा अवास्तविक इस तथ्य की पुष्टि का कोई अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत न करने के कारण।

4– लेखा परीक्षा में परियोजनाओं के भौतिक उपलब्धियों को परीक्षण के लिये सक्षम अधिकारियों (यथा जिला पंचायत का कोई पदाधिकारी अथवा राज्य सरकार द्वारा अधिकृत अधिकारी) द्वारा किये गये निरीक्षणों की रिपोर्ट लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं की गई। जिससे सक्षम अधिकारियों द्वारा उनके रिपोर्ट में इंगित कमियों एवं उसके निराकरण हेतु पंचायत स्तर पर की गयी कार्यवाही एवं उससे हुये सुधार का आंकलन लेखा परीक्षा में नहीं किया जा सका।

ग्राम पंचायत का कार्यवाही रजिस्टर

इस पंजिका में ग्राम पंचायत की खुली बैठक में हुयी कार्यवाही का विवरण प्राप्त होता है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत ग्राम पंचायत की खुली बैठक में ग्राम को विकास सम्बन्धी योजना पर विचार विमर्श एवं अनुमोदन हुआ अथवा नहीं ? कृत कार्य पंचायत द्वारा अनुमोदित योजना के अनुरूप था अथवा नहीं ? वर्ष पर्यन्त हुये विकास कार्य ग्राम पंचायत सदस्यों की जानकारी में थे अथवा नहीं? महज कागजी खानापूर्ति द्वारा कार्य को अंजाम दिया गया अथवा वास्तविक रूप से कार्य का निस्तारण हुआ। ग्राम पंचायत की लोकतान्त्रिक व्यवस्था का सम्मान करते हुये ग्राम पंचायत की खुली बैठक में वर्ष पर्यन्त होने वाले ग्राम के विकास सम्बन्धी योजनाओं पर विचार विमर्श के उपरान्त उनका अनुमोदन किया गया अथवा नहीं ?

नियोजन एवं विकास समिति का गठन हुआ अथवा नही ? समिति द्वारा योजना सम्बन्धी कार्य का समय समय पर परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट ग्राम पंचायत की बैठक में रखी गयी अथवा नहीं ?

इन सभी तथ्यों का परीक्षण लेखा परीक्षक ग्राम पंचायत की बैठक की कार्यवृति पंजिका के अवलोकन से ही कर सकता है।लेखा परीक्षण के समय ग्राम पंचायत के बैठक की कार्यवाही पंजिका को प्रस्तुत करना अनिवार्य है। वर्ष पर्यन्त हुये विकास कार्यों के अनुमोदन विषय में ग्राम पंचायत द्वारा कृत कार्यवाही का ब्योरा इसी के अवलोकन से सम्भव है। लेखा परीक्षा में कार्यवाही पंजिका प्रस्तुत न होने से उक्त तथ्यों एवं प्रक्रिया का परीक्षण नहीं किया जा सका। जिससे ग्राम स्वराज की परिकल्पना के तहत ग्राम की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का लाभ सभी ग्रामीणों तक पहुंचने सम्बन्धी मूल उद्देश्य का परीक्षण नहीं किया जा सका।

मनरेगा– ग्राम पंचायत द्वारा विकास सम्बन्धी योजनाओं के अनुमोदन के पश्चात सक्षम तकनीकी स्तर से ब्योरेवार नक्शे व अनुमान तैयार कर उसकी स्वीकृति प्राप्त किये जाने का प्राविधान है। तदोपरान्त योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त किये जाने की व्यवस्था दी गयी है। यथा मनरेगा में योजनाओं की क्षेत्र पंचायत स्तर से स्वीकृति की व्यवस्था दी गयी है।

अधिकांश पंचायत सेक्रेटरी द्वारा लेखा परीक्षा में उक्त स्वीकृतियां प्रस्तुत न करने से इसका परीक्षण सम्भव न हो सका।

महात्मा गांधी रोजगार अधिनियम के अन्तर्गत संचालित योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर अकुशल श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराना है। इस उद्देश्य से ग्राम के कितने व्यक्ति/परिवार का जॉब कार्ड बना? कितने जॉब कार्ड धारकों का बैंक में खाता खोला गया ? कितने जॉब कार्ड धारकों द्वारा आलोच्य वर्ष में रोजगार की मांग की गयी ? कितने जॉब कार्ड धारकों को कार्य उपलब्ध कराया गया ? प्रत्येक जॉब कार्ड धारक को वर्ष में औसतन कितने दिवसों का रोजगार उपलब्ध कराया गया ? रोजगार प्राप्त करने वाले जॉब कार्ड धारकों को समय से मजदूरी का भुगतान किया गया अथवा नही ?

इन तथ्यों से सम्बन्धित रिकार्ड को लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे मनरेगा के प्रमुख उद्देश्य की पूर्ति किस सीमा तक की गयी ? इस तथ्य का परीक्षण लेखा परीक्षा में नहीं किया जा सका। आगामी लेखा परीक्षा में उपर्युक्त रिकार्ड निर्धारित प्रारूप पर तैयार कर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत किया जाये जिससे मनरेगा के उद्देश्यों एव उपयोगिता का सही आंकलन लेखा परीक्षा में प्रस्तुत किया जाना सम्भव हो सके।

आंतरिक लेखा परीक्षा

आंतरिक लेखा परीक्षा व्यवस्था का एक अभिन्न अंग है, जो कार्यक्रमों/योजनाओं को प्रभावी व कुशलता से चलाने, व्यय की विश्वसनीयता लागू नियमों एवं नियमनों का पालन करने का उचित आश्वासन प्रदान करता है जो योजना के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।

पंचायती राज विभाग द्वारा आंतरिक लेखा परीक्षा की निर्देशिका तथा शिड्यूल/कैलेन्डर बनाया गया। जिसके अनुसार ग्राम पंचायत की नियोजन एवं विकास समिति त्रैमासिक आधार पर माह जून, सितम्बर, दिसम्बर तथा मार्च में ग्राम पंचायत के लेखों का सम्प्रेक्षण करेगी और सम्प्रेक्षण पूरा होने के तीसरे दिन तक अपनी रिपोर्ट ग्राम प्रधान को देगी। नियोजन एवं विकास समिति द्वारा निम्नांकित बिन्दुओं को विशेष रूप से देखा जाएगा।

1. प्रत्येक व्यय के लिए नियमानुसार बाउचर उपलब्ध है अथवा नहीं?
2. प्रत्येक भुगतान के लिए सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की गयी है अथवा नहीं?

3. व्यय की धनराशि के संबंध में नियमों/मार्गदर्शी सिद्धान्तों का अनुपालन किया गया है अथवा नहीं?
4. बैंक खातों का मिलान किया गया है अथवा नहीं?
5. व्यय के संबंध में वित्तीय औचित्य के सिद्धान्त का अनुपालन किया गया है अथवा नही?
6. व्यय के अनुरूप भौतिक उपलब्धियॉ प्राप्त की गयी है अथवा नहीं?

ग्राम प्रधान द्वारा आन्तरिक सम्प्रेषण रिपोर्ट ग्राम पंचायत की बैठक में प्रस्तुत की जायेगी। जहॉ ग्राम पंचायत द्वारा उस पर विचार किया जाएगा तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु ग्राम प्रधान तथा ऐडेटरी ग्राम पंचायत को निर्देश दिए जायेंगे।

आन्तरिक सम्प्रेक्षण की रिपोर्ट एक रजिस्टर में अभिलिखित की जाएगी। रिपोर्ट के अनुपालन में की गयी कार्यवाही का उल्लेख उसी रजिस्टर रिपोर्ट के सम्मुख किया जाएगा। यह एक स्थाई रजिस्टर होगा, जो 12 वर्ष तक अभिरक्षित किया जाएगा। जिसका रख रखाव सेक्रेटरी ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा।

<u>लेखा परीक्षा में आन्तरिक लेखा परीक्षा में उठाये गए प्रस्तरों एवं उसके निस्तारण की कार्यवाही को उपलब्ध नहीं कराया गया। अधिकांश ग्राम पंचायतों में इस पर उचित ध्यान न दिये जाने के कारण यह अप्रभावी रहा। प्रशासनिक विभाग द्वारा भी प्रत्येक ग्राम सभा स्तर पर इसे प्रभावी रूप से लागू करानेकी इच्छाशक्ति नहीं दिखायी गयी।</u>

ग्राम स्तर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत सामान्य जन को ग्राम के विकास से जोड़ने उसके अनुश्रवण व सम्प्रेक्षण द्वारा योजना को प्रभावी व कुशलता से चलाने, उसकी संस्तुति को प्राप्त करने के लिए आन्तरिक सम्प्रेक्षण को क्रियाशील व प्रभावी बनाना अपरिहार्य है।

<u>अनुपालन</u> जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों का अनुपालन शून्य रहा। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों का अनुपालन मात्र 0.25 प्रतिशत जो कुल लेखा परीक्षित ग्राम पंचायतों का मात्र 0.25 प्रतिशत है। प्राप्त अनुपालन भी अत्यन्त सरसरी तौर पर मात्र औपचारिकता पूर्ति के लिए किये गये। जो लेखा परीक्षा के प्रति अपर्याप्त अनुश्रवण व कमजोर प्रतिक्रिया को प्रदर्शित करता है। सम्यक व समुचित अनुपालन की कार्यवाही का न होना लेखा परीक्षा के सम्पूर्ण उद्देश्य को खंडित कर देता है। अतः इस विषय पर पटल का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया जाता है।

6.2–<u>संस्तुतियां–</u> पंचायती राज संस्थाओं की लेखा परीक्षा में सबसे अधिक कठिनाई लेखा परीक्षा हेतु निर्धारित सभी अभिलेखों का प्रस्तुत न हो पाना रहा, जिससे लेखा परीक्षा की प्रगति एवं गुणवत्ता प्रभावित हुई। ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायतों के कार्यकारी अधिकारियों द्वारा लेखा परीक्षार्थ अभिलेखों को प्रस्तुत करने में निरन्तर शिथिलता बरती जा रही है। जिसके कारण प्रभावित प्रगति का अवलोकन परिशिष्ट–2 एवं 3 में किया जा सकता है। अधिनियम व नियमावलियों में निर्धारित सभी अभिलेखों को लेखा परीक्षार्थ न प्रस्तुत करने पर कोई दण्डात्मक विधान न होने के कारण प्रशासनिक प्रस्तर पर इस कार्य में निरन्तर शिथिलता बरती जा रही है। इस समस्या के निराकरण के लिए अधोलिखित संस्तुतियां की जाती है–

1– लेखा परीक्षा कार्य की गुणवत्ता के लिये सभी ग्राम पंचायत के अभिलेख निर्धारित प्रारूप पर लेखांकित होने चाहिये और लेखा परीक्षा में लेखा परीक्षक के समक्ष प्रस्तुत होने चाहिये जिससे लेखा परीक्षा में गहन व परिपूर्ण मूल्यांकन सम्भव हो सके।

2– सभी क्षेत्र पंचायतों व ग्राम पंचायतों के अभिलेख प्रतिवर्ष लेखा परीक्षा हेतु लेखा परीक्षक के समक्ष प्रस्तुत कराये जाने के प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जानी चाहिए।

3– निर्धारित अभिलेख प्रस्तुत न होने की दशा में संस्था के कार्यकारी अधिकारी यथा (क्षेत्र पंचायत की दशा में खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत की दशा में ग्राम्य विकास अधिकारी) के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही का प्रावधान किया जाना चाहिए।

4– लेखा परीक्षा हेतु अभिलेख प्रस्तुत कराये जाने के लिये जनपद स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी/नोडल अधिकारी यथा (मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला पंचायती राज अधिकारी) का दायित्व भी निर्धारित किया जाना चाहिए।

5– यदि कराये गये कार्य को कम से कम 20 प्रतिशत का भौतिक परीक्षण लेखा परीक्षक के स्तर से भी किया जाना चाहिए। जिससे प्रस्तुत अभिलेख एवं कृत कार्य का सर्वांगीण परीक्षण कर वस्तुस्थिति का स्पष्ट चिट्ठा प्रस्तुत किया जा सकता है।

6– पंचायती राज संस्थाओं के लेखा परीक्षा हेतु विभाग के लिए एक लेखा परीक्षा अधिनियम बनाया जाना चाहिए जिसमें लेखा परीक्षक के समक्ष निर्धारित अवधि में समस्त निर्धारित अभिलेखों को प्रस्तुत न कर पाने की दशा में यथोचित अर्थदण्ड एवं अन्य दण्डात्मक प्रावधान होना चाहिए।

अनुपालन-- पंचायती राज संस्थाओं में निर्गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों के अनुपालन की स्थिति अत्यन्त दयनीय है। अनुपालन का न होना अपर्याप्त अनुश्रवण व कमजोर प्रतिक्रिया को प्रदर्शित करता है। इससे जहां लेखा परीक्षा का सम्पूर्ण उद्देश्य खण्डित होता है वहीं विकास कार्यों के लिए भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आवंटित अरबों रूपये की धनराशि के उचित उपयोग पर प्रश्नचिन्ह लगता है। विधान मण्डल व माननीय सदस्यों की समिति उपर्युक्त तथ्यों का संज्ञान लेते हुए अनुपालन की समयबद्धता एवं गुणवत्ता के विषय में उचित कार्यवाही करना चाहे।

19.2.16

(शारदा प्रसाद)
मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी
सहकारी समितियां एवं पंचायतें
लखनऊ।

19.2.16 19/2/16 19.2.16

परिशिष्ट–1 वर्ष 2011–12

जिला पंचायतों की लेखा परीक्षा प्रगति, निर्गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों एवं प्राप्त अनुपालनों का विवरण

क्र0सं0	जनपद	लेखा परीक्षा प्रगति			सामान्य प्रतिवेदन			विशेष प्रतिवेदन		
		कुल जिला पंचायतें	लेखा परीक्षित	बकाया	कुल निर्गत	प्राप्त अनुपालन की संख्या	अनुपालन हेतु बकाया प्रतिवेदन	कुल निर्गत	प्राप्त अनुपालन की संख्या	अनुपालन हेतु बकाया प्रतिवेदनों की संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	झांसी	1	1	0	1	0	1	0	0	0
2	जालौन	1	1	0	1	0	1	0	0	0
3	ललितपुर	1	1	0	1	0	1	0	0	0
4	बांदा	1	1	0	1	0	1	1	0	1
5	चित्रकूट	1	0	1	1	0	1	0	0	0
6	महोबा	1	1	0	2	0	2	0	0	0
7	हमीरपुर	1	0	1	2	0	2	0	0	0
8	गोरखपुर	1	0	1	0	0	0	0	0	0
9	महाराजगंज	1	0	1	0	0	0	0	0	0
10	देवरिया	1	0	1	0	0	0	0	0	0
11	कुशीनगर	1	1	0	1	0	1	0	0	0
12	फैजाबाद	1	0	1	0	0	0	0	0	0
13	बहराइच	1	0	1	0	0	0	0	0	0
14	गोण्डा	1	1	0	0	0	0	0	0	0
15	बलरामपुर	1	1	0	0	0	0	0	0	0
16	सुल्तानपुर	1	1	0	1	0	1	0	0	0
17	अमेठी	1	1	0	1	0	1	0	0	0
18	बाराबंकी	1	1	0	1	0	1	1	0	1
19	अम्बेडकर नगर	1	1	0	0	0	0	0	0	0
20	श्रावस्ती	1	0	1	0	0	0	0	0	0
21	आजमगढ़	1	1	0	1	0	1	1	0	1
22	बलिया	1	1	0	1	0	1	1	0	1
23	मऊ	1	1	0	1	0	1	1	0	1
24	मेरठ	1	1	0	0	0	0	0	0	0
25	बुलन्दशहर	1	1	0	0	0	0	0	0	0
26	गाजियाबाद	1	1	0	0	0	0	0	0	0
27	गौतमबुद्ध नगर	1	1	0	0	0	0	0	0	0
28	बागपत	1	1	0	1	0	1	2	0	2
29	सहारनपुर	1	1	0	1	0	1	0	0	0
30	मुजफ्फरनगर	1	1	0	1	0	1	0	0	0
31	मुरादाबाद	1	1	0	1	0	1	0	0	0
32	जे0पी0 नगर	1	1	0	1	0	1	1	0	1
33	बिजनौर	1	0	1	2	0	2	2	0	2
34	रामपुर	1	0	1	1	0	1	0	0	0

35	इलाहाबाद	1	1	0	1	0	1	1	0	1
36	कौशाम्बी	1	1	0	0	0	0	0	0	0
37	फतेहपुर	1	1	0	1	0	1	0	0	0
38	प्रतापगढ़	1	1	0	1	0	1	0	0	0
39	आगरा	1	1	0	0	0	0	0	0	0
40	मथुरा	1	1	0	1	0	1	0	0	0
41	फिरोजाबाद	1	0	1		0	0	0	0	0
42	अलीगढ़	1	1	0	1	0	1	0	0	0
43	मैनपुरी	1	1	0	4	0	4	0	0	0
44	एटा	1	1	0	13	0	13	0	0	0
45	हाथरस	1	1	0	1	0	1	0	0	0
46	चन्दौली	1	1	0	1	0	1	0	0	0
47	गाजीपुर	1	1	0	1	0	1	1	0	1
48	जौनपुर	1	1	0	1	0	1	1	0	1
49	वाराणसी	1	1	0	1	0	1	1	0	1
50	भदोही	1	1	0	1	0	1	1	0	1
51	मिर्जापुर	1	0	1	1	0	1	1	0	1
52	सोनभद्र	1	0	1	0	0	0	0	0	0
53	बस्ती	1	0	1	0	0	0	0	0	0
54	संतकबीरनगर	1	0	1	0	0	0	0	0	0
55	सिद्धार्थनगर	1	1	0	1	0	1	1	0	1
56	इटावा	2	0	2		0	0	0	0	0
57	फर्रूखाबाद	1	0	1	5	0	5	0	0	0
58	रमाबाईनगर	1	1	0	1	0	1	0	0	0
59	कानपुर नगर	1	1	0	1	0	1	0	0	0
60	कन्नौज	1	1	0	6	0	6	0	0	0
61	बरेली	1	0	1	0	0	0	0	0	0
62	बदायूँ	1	1	0	0	0	0	0	0	0
63	पीलीभीत	1	0	1	0	0	0	0	0	0
64	शाहजहाँपुर	1	0	1	0	0	0	0	0	0
65	हरदोई	1	1	0	0	0	0	0	0	0
66	लखीमपुर	1	1	0	1	0	1	1	0	1
67	लखनऊ	1	1	0	0	0	0	0	0	0
68	रायबरेली	1	1	0	0	0	0	1	0	1
69	सीतापुर	1	0	1	0	0	0	0	0	0
70	उन्नाव	1	1	0	1	0	1	0	0	0
कुल योग		71	49	22	69	0	69	19	0	19

परिशिष्ट–2 वर्ष 2011–12

क्षेत्र पंचायतों की लेखा परीक्षा प्रगति, निर्गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों एवं प्राप्त अनुपालनों का विवरण

क्र0सं0	जनपद	लेखा परीक्षा प्रगति			सामान्य प्रतिवेदन			विशेष प्रतिवेदन		
		कुल क्षेत्र पंचायतें	लेखा परीक्षित	बकाया	कुल निर्गत	प्राप्त अनुपालन की संख्या	अनुपालन हेतु बकाया प्रतिवेदन	कुल निर्गत	प्राप्त अनुपालन की संख्या	अनुपालन हेतु बकाया प्रतिवेदनों की संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	झांसी	8	0	8	0	0	0	0	0	0
2	जालौन	9	0	9	0	0	0	0	0	0
3	ललितपुर	6	6	0	6	0	6	0	0	0
4	बांदा	8	0	8	0	0	0	0	0	0
5	चित्रकूट	5	0	5	0	0	0	0	0	0
6	महोबा	4	0	4	0	0	0	0	0	0
7	हमीरपुर	7	0	7	0	0	0	0	0	0
8	गोरखपुर	19	0	19	0	0	0	0	0	0
9	महाराजगंज	12	2	10	2	0	2	0	0	0
10	देवरिया	16	0	16	0	0	0	0	0	0
11	कुशीनगर	14	1	13	1	0	1	0	0	0
12	फैजाबाद	11	4	7	0	0	0	0	0	0
13	बहराइच	14	0	14	0	0	0	0	0	0
14	गोण्डा	16	0	16	0	0	0	0	0	0
15	बलरामपुर	9	0	9	0	0	0	0	0	0
16	सुल्तानपुर	14	10	4	10	0	10	1	0	1
17	अमेठी	16	6	10	6	0	6	0	0	0
18	बाराबंकी	15	1	14	2	0	2	2	0	2
19	अम्बेडकर नगर	9	6	3	4	0	4	2	0	2
20	श्रावस्ती	5	0	5	0	0	0	0	0	0
21	आजमगढ़	22	0	22	0	0	0	0	0	0
22	बलिया	17	1	16	1	0	1	1	0	1
23	मऊ	9	1	8	1	0	1	1	0	1
24	मेरठ	12	6	6	6	0	6	1	0	1
25	बुलन्दशहर	16	0	16	0	0	0	0	0	0
26	गाजियाबाद	8	0	8	0	0	0	0	0	0
27	गौतमबुद्ध नगर	4	1	3	1	0	1	0	0	0
28	बागपत	6	4	2	3	0	3	1	0	1
29	सहारनपुर	11	0	11	0	0	0	0	0	0
30	मुजफ्फरनगर	14	1	13	1	0	1	0	0	0
31	मुरादाबाद	13	0	13	0	0	0	0	0	0
32	जे0पी0 नगर	6	0	6	0	0	0	0	0	0
33	बिजनौर	11	0	11	0	0	0	0	0	0
34	रामपुर	6	0	6	0	0	0	0	0	0

35	इलाहाबाद	20	0	20	0	0	0	0	0	0
36	कौशाम्बी	8	1	7	1	0	1	1	0	1
37	फतेहपुर	13	8	5	8	0	8	1	0	1
38	प्रतापगढ़	17	9	8	9	0	9	9	0	9
39	आगरा	15	9	6	9	0	9	0	0	0
40	मथुरा	10	4	6	3	0	3	0	0	0
41	फिरोजाबाद	9	2	7	0	0	0	0	0	0
42	अलीगढ़	12	1	11	1	0	1	0	0	0
43	मैनपुरी	9	8	1	8	0	8	0	0	0
44	एटा	15	1	14	1	0	1	0	0	0
45	हाथरस	7	0	7	0	0	0	0	0	0
46	चन्दौली	9	2	7	2	0	2	0	0	0
47	गाजीपुर	16	2	14	2	0	2	2	0	2
48	जौनपुर	21	13	8	13	0	13	0	0	0
49	वाराणसी	8	1	7	1	0	1	0	0	0
50	भदोही	6	6	0	6	0	6	0	0	0
51	मिर्जापुर	12	1	11	1	0	1	0	0	0
52	सोनभद्र	8	1	7	1	0	1	1	0	1
53	बस्ती	14	0	14	0	0	0	0	0	0
54	संतकबीरनगर	9	0	9	0	0	0	0	0	0
55	सिद्धार्थनगर	14	0	14	0	0	0	0	0	0
56	इटावा	15	0	15	0	0	0	0	0	0
57	फर्रूखाबाद	7	0	7	0	0	0	0	0	0
58	रमाबाईनगर	10	0	10	0	0	0	0	0	0
59	कानपुर नगर	10	4	6	4	0	4	0	0	0
60	कन्नौज	7	0	7	0	0	0	0	0	0
61	बरेली	15	0	15	0	0	0	0	0	0
62	बदायूँ	18	0	18	0	0	0	0	0	0
63	पीलीभीत	7	0	7	0	0	0	0	0	0
64	शाहजहॉपुर	6	0	6	0	0	0	0	0	0
65	हरदोई	19	5	14	5	0	5	0	0	0
66	लखीमपुर	15	0	15	0	0	0	0	0	0
67	लखनऊ	8	0	8	0	0	0	0	0	0
68	रायबरेली	15	0	15	0	0	0	0	0	0
69	सीतापुर	19	0	19	0	0	0	0	0	0
70	उन्नाव	16	0	16	0	0	0	0	0	0
कुल योग		**811**	**128**	**683**	**119**	**0**	**119**	**23**	**0**	**23**

परिशिष्ट–3 वर्ष 2011–12

ग्राम पंचायतों की लेखा परीक्षा प्रगति, निर्गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों एवं प्राप्त अनुपालनों का विवरण

क्र0सं0	जनपद	लेखा परीक्षा प्रगति			सामान्य प्रतिवेदन			विशेष प्रतिवेदन		
		कुल जिला ग्राम पंचायतें	लेखा परीक्षित	बकाया	कुल निर्गत	प्राप्त अनुपालन की संख्या	अनुपालन हेतु बकाया प्रतिवेदन	कुल निर्गत	प्राप्त अनुपालन की संख्या	अनुपालन हेतु बकाया प्रतिवेदनों की संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	झांसी	437	221	216	227	0	227	2	0	2
2	जालौन	564	164	400	164	0	164	14	0	14
3	ललितपुर	340	33	307	310	0	310	14	0	14
4	बांदा	437	157	280	157	0	157	0	0	0
5	चित्रकूट	330	262	68	262	0	262	7	0	7
6	महोबा	247	1	246	1	0	1	1	0	1
7	हमीरपुर	314	54	260	54	0	54	0	0	0
8	गोरखपुर	1233	829	404	829	0	829	83	0	83
9	महाराजगंज	777	622	155	622	0	622	38	0	38
10	देवरिया	1017	589	428	589	0	589	18	0	18
11	कुशीनगर	956	342	614	342	0	342	11	0	11
12	फैजाबाद	729	662	67	594	63	531	68	0	68
13	बहराइच	903	620	283	0	0	0	0	0	0
14	गोण्डा	1054	22	1032	22	0	22	0	0	0
15	बलरामपुर	667	0	667	0	0	0	0	0	0
16	सुल्तानपुर	805	691	114	691	0	691	1	0	1
17	अमेठी	725	628	97	627	0	627	1	0	1
18	बाराबंकी	1002	879	123	879	0	879	6	0	6
19	अम्बेडकर नगर	786	498	288	498	0	498	5	0	5
20	श्रावस्ती	334	287	47	0	0	0	0	0	0
21	आजमगढ़	1617	479	1138	479	0	479	13	0	13
22	बलिया	835	270	565	253	0	253	15	0	15
23	मऊ	598	361	237	337	0	337	17	0	17
24	मेरठ	459	453	6	453	0	453	0	0	0
25	बुलन्दशहर	889	732	157	0	0	0	0	0	0
26	गाजियाबाद	408	388	20	283	0	283	0	0	0
27	गौतमबुद्ध नगर	243	226	17	226	0	226	0	0	0
28	बागपत	237	232	5	232	0	232	0	0	0
29	सहारनपुर	782	431	351	431	0	431	0	0	0
30	मुजफ्फरनगर	687	661	26	661	0	661	8	0	8
31	मुरादाबाद	960	499	461	499	0	499	19	4	15
32	जे0पी0 नगर	484	250	234	250	0	250	23	0	23
33	बिजनौर	959	390	569	390	0	390	9	1	8
34	रामपुर	580	78	502	78	0	78	0	0	0

35	इलाहाबाद	1425	1369	56	1369	0	1369	11	0	11
36	कौशाम्बी	440	432	8	432	0	432	4	0	4
37	फतेहपुर	788	506	282	506	0	506	15	0	15
38	प्रतापगढ़	1105	711	394	711	0	711	40	0	40
39	आगरा	637	337	300	337	0	337	0	0	0
40	मथुरा	479	220	259	220	0	220	0	0	0
41	फिरोजाबाद	510	135	375	0	0	0	0	0	0
42	अलीगढ़	853	125	728	125	0	125	0	0	0
43	मैनपुरी	503	151	352	151	0	151	0	0	0
44	एटा	898	3	895	3	0	3	0	0	0
45	हाथरस	430	72	358	72	0	72	0	0	0
46	चन्दौली	622	584	38	584	0	584	0	0	0
47	गाजीपुर	1050	398	652	398	0	398	4	0	4
48	जौनपुर	1514	1064	450	1064	0	1064	20	0	20
49	वाराणसी	698	562	136	562	0	562	0	0	0
50	भदोही	481	366	115	366	0	366	0	0	0
51	मिर्जापुर	758	698	60	698	0	698	31	0	31
52	सोनभद्र	501	284	217	284	0	284	2	0	2
53	बस्ती	1047	340	707	340	0	340	5	0	5
54	संतकबीरनगर	648	431	217	431	0	431	0	0	0
55	सिद्धार्थनगर	999	130	869	130	0	130	17	0	17
56	इटावा	861	36	825	33	0	33	0	0	0
57	फर्रूखाबाद	512	0	512	2	0	2	0	0	0
58	रमाबाईनगर	613	295	318	262	0	262	0	0	0
59	कानपुर नगर	557	57	500	50	0	50	0	0	0
60	कन्नौज	441	0	441	0	0	0	0	0	0
61	बरेली	1007	748	259	505	0	505	8	0	8
62	बदायूँ	885	121	764	66	0	66	0	0	0
63	पीलीभीत	599	55	544	56	0	56	0	0	0
64	शाहजहॉपुर	922	348	574	348	0	348	17	0	17
65	हरदोई	1101	760	341	760	0	760	0	0	0
66	लखीमपुर	995	753	242	753	0	753	0	0	0
67	लखनऊ	498	70	428	78	0	78	0	0	0
68	रायबरेली	700	578	122	553	0	553	22	0	22
69	सीतापुर	1329	490	839	490	0	490	10	0	10
70	उन्नाव	954	594	360	594	0	594	0	0	0
कुल योग		**51755**	**26834**	**24921**	**24773**	**63**	**24710**	**579**	**5**	**574**